सूर्योदय : 6:35
सूर्यास्त : 5:12
अधिकतम तापमान : 25.0
न्यूनतम : 12.0

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्याः
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-18 अंक-158 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, शुक्रवार, 29 नवम्बर 2024
26 जमादियुल-अव्वल 1446 हिजरी

हिन्दी दैनिक
# अवधनामा
www.avadhnama.com



### यूपी पुलिस को सुप्रीम कोर्ट ने दी संवेदनशील बनने की नसीहत

# डीजीपी को बता दीजिए ऐसा आदेश पारित करेंगे जीवन भर याद रहेगा...

**सख्ती**

- यूपी पुलिस कर रही है पावर एंजॉय
- कोर्ट ने अनुराग दुबे मामले में सुनवाई करते हुए की टिप्पणी



**नई दिल्ली।** गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट ने उत्तर प्रदेश पुलिस को फटकार लगाई। सुप्रीम कोर्ट ने यूपी पुलिस की कार्यशैली पर टिप्पणी करते हुए कहा कि आप पवार एंजॉय कर रहे हैं, जबकि आपको संवेदनशील होने की जरूरत है। दरअसल सुप्रीम कोर्ट में गैंगस्टर अनुराग दुबे की अग्रिम जमानत अर्जी पर सुनवाई चल रही थी। इसी दौरान जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस उज्ज्वल भुइयां की खंडपीठ ने यह टिप्पणी की। लाइव लॉ की रिपोर्ट के अनुसार, सुप्रीम कोर्ट ने उत्तर प्रदेश पुलिस को चेतावनी दी। कोर्ट ने कहा कि आप अपने डीजीपी को बता दें कि अगर याचिकाकर्ता को छुआ गया तो हम ऐसा कठोर आदेश दे देंगे, जिसे आप सारी जिंदगी याद रखेंगे। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति उज्जवल भुइयां की पीठ गैंगस्टर अनुराग दुबे के मामले को देख रही थी। पीठ ने पाया कि याचिकाकर्ता के खिलाफ यूपी पुलिस ने कई एफआईआर दर्ज की हैं। आरोपी को डर है कि अगर वह जांच के लिए कोर्ट में आया तो उसके खिलाफ और भी नए केस दर्ज किए जा सकते हैं।

**झूठा मामला दर्ज....**

वरिष्ठ अधिवक्ता राणा मुखर्जी (यूपी राज्य के लिए) ने बताया कि न्यायालय के पिछले आदेश के बाद याचिकाकर्ता को नोटिस भेजा गया था, लेकिन वह जांच अधिकारी के समक्ष उपस्थित नहीं हुआ और इसके बजाय उसने एक हलफनामा भेजा। यह सुनते हुए न्यायमूर्ति कांत ने टिप्पणी की कि याचिकाकर्ता शायद इस डर में जी रहा है कि यूपी पुलिस उसके खिलाफ एक और झूठा मामला दर्ज कर देगी। कोर्ट ने कहा कि उसे पेश नहीं होना चाहिए क्योंकि उसे पता है कि आप एक और झूठा मामला दर्ज करेंगे और उसे वहां गिरफ्तार कर लेंगे।

# जेपीसी का कार्यकाल बढ़ाने का प्रस्ताव सदन में पास

- अब बजट सत्र के अंतिम दिन रिपोर्ट देगी समिति
- समिति में कल की बैठक में ही कार्यकाल बढ़ाने पर बन गई थी सहमति



**नई दिल्ली।** वक्फ विधेयक पर गठित संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) के कार्यकाल को बजट सत्र तक बढ़ाने की मंजूरी दिए जाने से वक्फ संशोधन विधेयक को शीतकालीन सत्र में पारित कराने की तैयारी में बैठी केंद्र सरकार को बड़ा झटका लगा है। उसे अब विधेयक पारित कराने के लिए मानसून सत्र तक इंतजार करना होगा।

समिति अब अपनी रिपोर्ट बजट सत्र के अंतिम दिन पेश करेगी। वक्फ पर गठित समिति के कार्यकाल को बढ़ाने पर सहमति वैसे तो बुधवार को समिति की बैठक के दौरान बन गई थी, लेकिन इस पर अंतिम मुहर गुरुवार को लगी। दोपहर बाद लोकसभा की कार्यवाही शुरू होते ही समिति के अध्यक्ष जगदंबिका पाल ने सदन में जेसीपी का कार्यकाल बढ़ाने का प्रस्ताव पेश किया, जिसे ध्वनिमत से पारित कर दिया गया। हालांकि, जब यह पेश किया जा रहा था, उस समय भी विपक्ष नारेबाजी कर रहा था। इस पर संसदीय कार्यमंत्री किरण रिजिजू ने कहा कि विपक्षी सदस्यों को आड़े हाथ लिया और कहा कि उनकी मांग पर वक्फ पर गठित जेपीसी का कार्यकाल बढ़ाया गया है, लेकिन वह इसके बाद भी हंगामा कर रहे हैं। समिति के अध्यक्ष पाल ने बताया कि समिति के पास अभी काफी काम है।

**न्यूज डायरी**

### चौथी बार झारखंड के मुख्यमंत्री बने सोरेन



**रांची।** झारखंड में राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने आज रांची के मोरहाबादी मैदान में आयोजित एक भव्य कार्यक्रम में शाम चार बजे हेमंत सोरेन को मुख्यमंत्री के रूप में पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। हेमंत सोरेन राज्य के 14वें मुख्यमंत्री के रूप में पद और गोपनीयता की शपथ ली। झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के 49 वर्षीय नेता का मुख्यमंत्री के रूप में यह चौथा कार्यकाल होगा।

### यासीन को नोटिस

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने दो मामलों की सुनवाई जम्मू से नयी दिल्ली स्थानांतरित करने की केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) की याचिका पर बृहस्पतिवार को जम्मू-कश्मीर के अलगाववादी नेता यासीन मलिक और दूसरे आरोपियों से जवाब मांगा। न्यायमूर्ति अभय एस. ओका और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने मलिक और दूसरे आरोपियों को नोटिस जारी करते हुए 18 दिसंबर तक जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया।

### दो दिसंबर तक लागू रहेंगी ग्रैप-4 की पाबंदियां

**नई दिल्ली।** देश की राजधानी दिल्ली में एयर पल्यूशन की रोकथाम को लेकर सरकार की ओर से हरसंभव कदम उठाए गए, लेकिन पल्यूशन का कहर लगातार बढ़ रहा है। सुप्रीम कोर्ट ने पल्यूशन को देखते गुरुवार को बड़ा फैसला सुनाया है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि दिल्ली में प्रदूषण की रोकथाम को लेकर ग्रैप-4 की पाबंदियां सोमवार 2 दिसंबर तक लागू रहेंगी।

### हरदोई के सड़क निर्माण के घोटाले का मामला

# एक एसई, दो एक्सईएन समेत 16 अभियंता सस्पेंड

- सीएम योगी ने की कार्रवाई

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हरदोई में सड़कों का घटिया निर्माण होने पर कड़ी कार्रवाई की है। इसके लिए जिम्मेदार मिले एक अधीक्षण अभियंता और दो अधिशासी अभियंता समेत 16 अभियंता निलंबित कर दिए गए हैं।

हाल ही में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हरदोई समेत 10 जिलों की सड़कों की जांच के आदेश दिए थे। हरदोई में सड़कों की जांच के लिए प्रमुख सचिव अजय चौहान की अध्यक्षता में एक टीम गए थे। इस टीम में पीडब्ल्यूडी सलाहकार वीके सिंह और पीडब्ल्यूडी विभागाध्यक्ष योगेश पंवार भी शामिल थे। हरदोई में चार नवनिर्मित सड़कों के नमूने लिए गए। लैब में इन नमूनों की जांच कराई गई तो ये सभी नमूने फेल हो गए। तारकोल की मात्रा कम मिली। गिट्टी समेत अन्य सामग्री भी मानक से कम मिली। इन मामलों में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर तत्कालीन अधीक्षण अभियंता सुभाष चंद्र, अधिशासी अभियंता सुमंत कुमार व शरद कुमार मिश्रा को सस्पेंड कर दिया गया है। इसके अलावा निर्माण खंड-1 के सहायक अभियंता राजवीर सिंह, संतोष कुमार पांडे व जीएन सिंह और प्रांतीय खंड के सहायक अभियंता रितेश कटियार व कृष्णकांत मिश्रा को भी सस्पेंड कर दिया गया है। इन्हीं मामलों में 8 अवर अभियंता मोहम्मद शोएब, राजीव कुमार, अमर सिंह, रुचि गुप्ता, सत्येंद्र कुमार, अवधेश कुमार गुप्ता, मकरंद सिंह यादव और वीरेंद्र प्रताप सिंह को भी निलंबित किया गया है।

# प्रियंका गांधी ने सांसद के रूप में शपथ ली

**शपथ ग्रहण**

- कार्यक्रम में प्रियंका गांधी ने केरल की मशहूर कसावु साड़ी पहनी
- हाथ में संविधान की कॉपी लेकर शपथ ली



**नई दिल्ली।** केरल के वायनाड से जीतने वाली कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने गुरुवार को लोकसभा सांसद के रूप में शपथ ली और केरल कसावु साड़ी पहनी, जो मलयाली उत्सवों में आम तौर पर सुनहरे बॉर्डर वाली एक प्रमुख ऑफ-व्हाइट साड़ी होती है। उनकी पोशाक वायनाड में सक्रिय रूप से काम करने का एक सूक्ष्म संकेत लग रही थी।

हाथ में संविधान की किताब लिए 52 वर्षीय प्रियंका गांधी वाड्रा ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला और संसद में बैठे सांसदों की मौजूदगी में शपथ ली। उनके पति रॉबर्ट वाड्रा और उनके बच्चे, और कांग्रेस प्रमुख मल्लिकार्जुन खड़गे निचले सदन की गैलरी में मौजूद थे। प्रियंका गांधी वाड्रा के लोकसभा में प्रवेश के साथ, संसद में अब दशकों में पहली बार गांधी परिवार के तीन सदस्य हैं। प्रियंका गांधी वाड्रा और राहुल गांधी जहां लोकसभा में बैठेंगे, वहीं उनकी मां सोनिया गांधी 2024 के लोकसभा चुनावों में रायबरेली से चुनाव नहीं लड़ने का विकल्प चुनने के बाद राज्यसभा में हैं। वायनाड और रायबरेली दोनों से जीतने वाले राहुल गांधी ने अपने पारिवारिक गढ़ को बरकरार रखने का फैसला किया और वायनाड को खाली कर दिया, जिसके बाद प्रियंका गांधी वाड्रा को वहां से मैदान में उतारा गया। उन्हें 6.22 लाख वोट मिले और उन्होंने अपने निकटतम सीपीएम प्रतिद्वंद्वी सत्यन मोकेरी को चार लाख से अधिक वोटों से हराया, जो 2024 के चुनावों में राहुल गांधी को मिले वोटों से अधिक है। अपनी जीत के बाद, प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा कि वह संसद में लोगों की आवाज बनने के लिए उत्सुक हैं। उन्होंने ट्वीट किया, आपने मुझ पर जो भरोसा जताया है, उसके लिए मैं आपका बहुत आभारी हूं।

### बांग्लादेश इस्कॉन ने चिन्मय प्रभु को सभी पदों से हटाया

**ढाका।** देशद्रोह के आरोप में चिन्मय कृष्ण दास की गिरफ्तारी पर बड़े विवाद के बीच, इस्कॉन बांग्लादेश ने गुरुवार को चिन्मय कृष्ण दास से खुद को अलग कर लिया है। इस्कॉन की ओर से कहा गया है कि उनके कार्य धार्मिक संस्था के प्रतिनिधित्व नहीं करते हैं।

इस्कॉन बांग्लादेश के महासचिव चारु चंद्र दास ब्रह्मचारी ने कहा कि चिन्मय प्रभु को अनुशासन भंग करने के कारण संगठन के सभी पदों से हटा दिया गया है उनके द्वारा की गई गतिविधियां इस्कॉन की गतिविधियां नहीं हैं। चारुचंद्र दास ब्रह्मचारी ब्रह्मचारी ने कहा कि हाल ही में, इस्कॉन बांग्लादेश के बारे में झूठा और मनगढ़ंत प्रचार करने का निरंतर प्रयास देखा गया है, जिसका ध्यान बांग्लादेश संयुक्त सनातनी जागरण जोत के आंदोलन पर केंद्रित है।

# सुप्रीम कोर्ट पहुंचा मस्जिद पक्ष सर्वे आदेश के खिलाफ दी याचिका

**संभल हिंसा मामला**

- सीजेआई जस्टिस संजीव खन्ना की पीठ याचिका पर आज करेगी सुनवाई



**संभल।** संभल जिले स्थित जामा मस्जिद बनाम हरिहर मंदिर विवाद मामले में मस्जिद पक्ष सुप्रीम कोर्ट पहुंच चुका है। मस्जिद पक्ष को ओर से जामा मस्जिद संभल प्रबंध कमेटी ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दी है।

याचिका में मस्जिद पक्ष ने स्थानीय अदालत द्वारा दिए गए 19 नवंबर को सर्वे के आदेश को चुनौती दी गई है। जानकारी के मुताबिक, शुक्रवार को सीजेआई जस्टिस संजीव खन्ना की पीठ याचिका पर सुनवाई करेगी। बता दें कि संभल जिले की जामा मस्जिद में हरिहर मंदिर होने के दावे पर स्थानीय अदालत ने 19 नवंबर को सर्वे के आदेश दिए। पहले दिन सर्वे करने पहुंची टीम ने विरोध के कारण सर्वे कार्य को स्थगित कर दिया था। 19 नवंबर को मस्जिद की इंतजामिया कमेटी के सदर जफर अली के अलावा वादी और प्रतिवादी पक्ष के लोगों की उपस्थिति में एडवोकेट कमिश्नर रमेश सिंह राघव को अपनी टीम के साथ सर्वे का कार्य करना था। जिला प्रशासन ने दोनों पक्षों के साथ बातचीत कर निश्चित संख्या में लोगों को मस्जिद के अंदर प्रवेश दिया। इस दौरान डीएम और एसपी के अलावा प्रशासनिक सभी लोगों को बाहर रखा गया। इसी बीच कुछ जनप्रतिनिधि और उनके समर्थक आ गए और मस्जिद का गेट खुलवाकर अंदर घुस गए।

# महाकुंभ की करें तैयारी, चित्रकूट का हर मठ-मंदिर हो स्वच्छ और सुंदर : योगी

- मुख्यमंत्री ने चित्रकूट में विकास कार्यों और कानून व्यवस्था की समीक्षा की



**चित्रकूट/लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को चित्रकूट के एक दिवसीय दौरे के दौरान जिले के कलेक्ट्रेट सभागार में विकास कार्यों, कानून व्यवस्था और अन्य प्रमुख योजनाओं की समीक्षा की।

बैठक में सीएम योगी ने मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण और शहरी), राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, जल जीवन मिशन, पशुपालन, चिकित्सा और स्वास्थ्य सेवाएं, पर्यटन विकास, औद्योगिक कॉरिडोर, लिंक एक्सप्रेसवे और अन्य परियोजनाओं की स्थिति पर विस्तृत चर्चा की। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी योजनाओं को समयबद्ध तरीके से और उच्च गुणवत्ता के साथ पूरा करें। वहीं उन्होंने महाकुम्भ को लेकर विशेष तैयारी करने के निर्देश दिये। साथ ही मठ-मंदिरों की स्वच्छता और सौंदर्यीकरण को लेकर भी निर्देशित किया। इससे पहले मुख्यमंत्री ने कलेक्ट्रेट परिसर में चन्दन का पौधा भी लगाया।

मुख्यमंत्री ने अपराध और भ्रष्टाचार के प्रति जीरो टालरेंस की नीति अपनाने पर जोर दिया। कहा अपराध पर पूर्ण लगाम लगाया जाए। ऐसे अराजकतत्वों, जिनसे समाज में भय उत्पन्न होने की संभावना हो, उनको चिन्हित कर जेल भेजा जाए। अपराधियों में भय तथा भयमुक्त समाज की स्थापना हमारा संकल्प है। उन्होंने कहा कि जो पेशेवर पशु, वन, खनन और भूमाफिया है, उनपर प्रभावी कार्रवाई होनी चाहिए। ट्रैफिक की स्थिति ठीक रहे इसके लिए अतिरिक्त पुलिस बल लगाया जाए। मुख्यमंत्री ने मिशन शक्ति अभियान के अन्तर्गत महिलाओं, बालिकाओं को सरकार की योजनाओं की जानकारी गांव-गांव तक देने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि चित्रकूट धार्मिक स्थल होने के नाते यहां पर अवैध गांजा, कच्ची शराब आदि नशों पर प्रभावी कार्रवाई होना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि 13 जनवरी 2025 से 26 फरवरी 2025 तक महाकुम्भ का आयोजन प्रयागराज में हो रहा है। धर्मनगरी चित्रकूट में भी काफी श्रद्धालु आएंगे। उनको अच्छी सुरक्षा मिलनी चाहिए और श्रद्धालु जनपद के बारे में अच्छी धारणा ले कर जाएं इस पर सभी अधिकारी कार्य करें। महाकुम्भ की तैयारी चल रही है, ट्रैफिक के लिए पुलिस प्रशासन कार्य कर रहा है, किसी प्रकार की घटना नहीं होनी चाहिए।

**संसद सत्र**

### प्रमोद तिवारी की जगदीप धनखड़ से बहस

# आपके बिना पत्ता भी नहीं हिलता: प्रमोद

**प्रतिक्रिया**

- प्रमोद तिवारी को जगदीप धनखड़ ने दी सलाह



**नई दिल्ली।** संसद के चल रहे शीतकालीन सत्र के बीच राज्यसभा की कार्यवाही के लगातार स्थगित होने के बाद, उच्च सदन के सभापति जगदीप धनखड़ ने गुरुवार को हंगामा करने और सार्थक बातचीत का अवसर चूकने पर सांसदों को समझाया।

विभिन्न मुद्दों पर विपक्षी सांसदों के हंगामे के बाद गुरुवार को राज्यसभा की कार्यवाही स्थगित कर दी गई। शुक्रवार को सुबह 11 बजे सदन की बैठक दोबारा होगी। शीतकालीन सत्र के चौथे दिन सदन के अंदर हुए हंगामे पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए जगदीप धनखड़ ने कहा कि सदन उस रचनात्मक भागीदारी से चूक गया जो लोगों की सामूहिक आकांक्षा को प्रतिध्वनित करती। कांग्रेस सांसद जयराम रमेश के एक सवाल पर हम आसन को कैसे मना सकते हैं? इसके जवाब में जगदीप धनखड़ ने ने कहा कि हम ऐतिहासिक रूप से नियमों के अनुपालन के उच्चतम मानक का प्रदर्शन करके ही अध्यक्ष को राजी करते हैं और जैसा कि मैंने कल संकेत दिया था, अध्यक्ष के फैसले से सम्मान पैदा होना चाहिए न कि चुनौती। सदन के महत्व और राष्ट्र निर्माण में इसकी भूमिका पर जोर देते हुए सभापति ने कहा, यह सदन सिर्फ बहस के सदन से कहीं अधिक है। हमारी राष्ट्रीय भावना यहीं से गूंजनी है। संसदीय व्यवधान कोई उपाय नहीं है, यह एक राग है, यह हमारी नींव को कमजोर करता है... हमें आपकी प्रासंगिकता बरकरार रखनी चाहिए। उन्होंने सांसदों से राष्ट्रवाद को बढ़ावा देने के लिए अर्थ संवाद में शामिल होने का भी आग्रह किया। उन्होंने आगे कहा कि माननीय सदस्यों, जब हम इस प्रकार के आचरण में संलग्न होते हैं, तो हम संवैधानिक नियमों से भटक जाते हैं। हम अपने कर्तव्यों से मुंह मोड़ते हैं। राष्ट्रवाद को पोषित करना हमारा कर्तव्य है। मैं आप सभी से सार्थक संवाद की भावना को अपनाने का आग्रह करता हूं। उन्होंने कहा कि हमें संविधान की भावना का अपमान नहीं करना चाहिए।

> प्रमोद तिवारी ने चेयरमैन की ओर इशारा करते हुए कहा कि सर आपके बिना तो पत्ता भी नहीं हिल सकता है। इस पर जगदीप धनखड़ ने टोकते हुए कहा कि यह बात आप जयराम रमेश जी को भी बताइए। वो मेरे बहुत अच्छे दोस्त हैं। मैं वह सहमति देने के लिए तत्पर हूं। मगर कुछ नियम हैं। इसके तत्काल बाद कांग्रेस के प्रमोद तिवारी ने नोटिस खारिज किए जाने के बाद व्यवस्था का प्रश्न उठाया और अदाणी मुद्दे पर चर्चा की मांग दोहराई। उन्होंने कहा कि यह बेहद गंभीर मुद्दा है और देश की अर्थव्यवस्था से जुड़ा हुआ है। सभापति धनखड़ ने तिवारी से कहा कि उनकी कोई भी बात रिकार्ड में नहीं जाएगी।

# अल्पसंख्यकों के जीवन की रक्षा करना बांग्लादेश की जिम्मेदारी

**शीतकालीन सत्र**

- संसद में विदेश मंत्रालय का बड़ा बयान



**नई दिल्ली।** विदेश मंत्रालय ने गुरुवार को बांग्लादेश में हिंदू मंदिरों और देवताओं के अपमान और क्षति की घटनाओं पर चिंता व्यक्त की और सरकार से हिंदुओं और अन्य अल्पसंख्यकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने का आह्वान किया।

संसद में विदेश मंत्रालय का बयान बांग्लादेश में एक हिंदू नेता की गिरफ्तारी और कट्टरपंथी इस्लामी संगठनों द्वारा इस्कॉन और अन्य मंदिरों को निशाना बनाए जाने को लेकर अशांति की ताजा लहर के बीच आया है। राज्यसभा में एक जवाब में, विदेश राज्य मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह ने कहा कि भारत सरकार ने ऐसी घटनाओं पर अपनी चिंता व्यक्त की है, जिसमें ढाका के तांतीबाजार में एक पूजा मंडप पर हमला और दुर्गा पूजा 2024 के दौरान सतखिरा में जेशोरेश्वरी काली मंदिर में चोरी शामिल है। पिछले महीने ढाका के तांतीबाजार इलाके में एक दुर्गा पूजा मंडप पर देसी बम फेंका गया था। हालाँकि, कोई चोट नहीं आई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 2021 में अपनी यात्रा के दौरान उपहार में दिया गया देवी काली का मुकुट जेशोरेश्वरी मंदिर से चोरी हो गया। 5 अगस्त को शेख हसीना की अवामी लीग सरकार के पतन के बाद हिंदू मंदिरों को निशाना बनाने की ऐसी ही घटनाएं तेज हो गई हैं। मंत्री ने कहा कि बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों के जीवन और स्वतंत्रता की रक्षा करना मुहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार की जिम्मेदारी थी।

उन्होंने कहा कि सरकार ने बांग्लादेश से हिंदुओं और सभी अल्पसंख्यकों और उनके पूजा स्थलों की सुरक्षा सुनिश्चित करने का भी आह्वान किया है। अल्पसंख्यकों सहित बांग्लादेश के सभी नागरिकों के जीवन और स्वतंत्रता की सुरक्षा की प्राथमिक जिम्मेदारी बांग्लादेश सरकार की है।

# शिव विवाह की शानदार प्रस्तुति, कलाकारों ने पेश किया शिव तांडव




*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी।** जिला प्रशासन एवं जिला पर्यटन एवं संस्कृति परिषद की ओर से डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल की पहल पर आयोजित ÷तराई की मिट्टी का उत्सव लखीमपुर महोत्सव 2024 के शिव नगरी छोटी काशी इवेंट में संस्कृति विभाग के नामचीन कलाकारों ने शिव-पार्वती विवाह प्रस्तुत कर सबको भाव विभोर कर दिया। कलाकारों ने अपनी यादगार प्रस्तुति से जमकर धमाल मचाया। उन्हें देखने व सुनने के लिए दर्शकों व श्रोताओं की भीड़ उमड़ पड़ी। श्रोताओं व दर्शकों ने कार्यक्रम का भरपूर आनंद उठाया जिले की कला और संस्कृति के प्रति आमजन को जागरूक करने का अभूतपूर्व प्रकल्प है। महोत्सव का बेहतर ढंग से पांच अलग-अलग स्थानों पर आयोजन हो रहा। यह महोत्सव प्रतिभाओं की कला को प्रदर्शित करने का मंच है डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने कहा कि जिले की सांस्कृतिक, प्राकृतिक और ऐतिहासिक विरासत को वृहद स्तर पर उजागर करने के लिए जिले में पहली बार लखीमपुर महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। यह महोत्सव निश्चित रूप से पर्यटन को नया आयाम मिलेगा। 30 स्थानीय प्रतिभाओं को अपनी कला का प्रदर्शन करने का मौका लखीमपुर महोत्सव में प्रदान किया गया। एक ही स्थान पर महोत्सव आयोजन कराने की परंपरा से हटकर लखीमपुर खीरी जिले में सांस्कृतिक, ऐतिहासिक और प्राकृतिक विरासत से जुड़े स्थलों को पर्यटन के लिहाज से विकसित करने के उद्देश्य से पांच अलग-अलग स्थानो पर आयोजित किया जा रहा है लखीमपुर महोत्सव के मुक्ताकाशीय मंच पर विधायक गोला अमन गिरी, डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल, एसपी गणेश प्रसाद साहा, सीडीओ अभिषेक कुमार, अध्यक्ष नगर पालिका परिषद विजय शुक्ला रिंकू ने कलाकारों का उत्साहवर्धन किया। अतिथियों ने कलाकारों एवं महोत्सव में अपना योगदान देने वाले 05 युवाओं को सम्मानित किया। लखीमपुर महोत्सव का लोगो (प्रतीक चिन्ह) डिजाइन करने वाले लखीमपुर के सोशलिस्ट कंपनी के संचालक प्रथम शुक्ला पुत्र धर्मेश शुक्ला, महोत्सव को जन-जन तक पहुंचने में सोशल मीडिया के माध्यम से अपना अप्रतिम योगदान देने के लिए Lmpians Page ke सोशल मीडिया एक्टिविस्ट अंकित श्रीवास्तव, गोला के स्थानीय तीन सोशल मीडिया एक्टिविस्ट विनायक श्रीवास्तव व सत्यम कनोजिया - गोला टूरिज्म, सूरज दिवाकर गोला - गोकर्णनाथ फिल्म्स को भी पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया छोटी काशी में गीत-संगीत से सजी लखीमपुर महोत्सव की महफिल में गोला के उप जिलाधिकारी विनोद कुमार गुप्ता ने प्रेम पुजारी फिल्म का फूलों के रंग से, दिल की कलम से, तेरा मेरा प्यार ....गीत गाकर समां बांध दिया। छोटी काशी गोला शिव मंदिर पर महेन्द्र सिंह ने आध्यात्मिक प्रस्तुति देकर सभी को मंत्र मुक्त कर दिया। वही चंद्रकान्त भारद्वाज ने साथी कलाकारों के साथ शिव तांडव नृत्य, रामपाल निषाद ने भजन संध्या, सचिन अवस्थी ने मयूर नृत्य, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ पर जिले के नामचीन कलाकार उमेश तिवारी ने साथी कलाकारों के साथ नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर माहौल में रंग भर दिया। रवि एंड शंकर पार्टी ने देश भक्ति (गायन एवं नृत्य ) लखीमपुर महोत्सव के गोला इवेंट में शिव शक्ति और शिव महिमा से जुड़ी प्रस्तुतियां छाई रहीं। महोत्सव में चंद्रकांत भारद्वाज और साथी कलाकारों ने भगवान शिव पर आधारित कथक और तांडव नृत्य प्रस्तुत किया, तो दर्शक मंत्रमुग्ध हो गए। कलाकारों ने शिव-शक्ति नृत्य नाटिका के माध्यम से कथक में शिव की लीलाओं का भावपूर्ण मंचन किया। इसके पहले सेजल साहू ने शिव विवाह की जीवंत प्रस्तुतियां दीं। कलाकारों ने शिव शक्ति की उपासना को नृत्य प्रस्तुतियों में पिरोया महोत्सव के गोला इवेंट के मंच पर गंगा के अवतरण की कथा को नृत्य के जरिए कलाकारों ने पेश किया। उर्मिला पांडे की अगुवाई में कलाकार अपर्णा विजय, आशी शुक्ला, पिंकी सरोज, हिमानी सिंह, उपासना भास्कर, मल्खान सिंह, अनुभव श्रीवास्तव, लवकुश कुमार ने नृत्य नाटिका में कथक नृत्य द्वारा माँ गंगा के महत्व व उनके धरा अवतरण पर प्रस्तुतियां दी।

## टूटे पुल से जान जोखिम में डालकर निकल रहे हैं सैकड़ों छात्र-छात्राएं और ग्रामीण

*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी।** जिले में एक पुल ऐसा भी है, जहां से लोग जान जोखिम में डालकर निकल रहे हैं। यह वर्षों से टूटा पड़ा है। सैकड़ों छात्र-छात्राएं और ग्रामीण साइकिल कंधे पर रखकर टूटे पुल के बचे हुए हिस्से से निकलते हैं। चार दिन पहले ही बदायूं में अधूरे पुल के चलते हुए हादसे के बाद भी जिम्मेदारों का गंभीर न होना चिंता का विषय है ब्लॉक फूलबेहड़ इलाके के बड़ागांव बसहा के पास स्थित पुल काफी समय से जर्जर है। दो दर्जन गांव के सैकड़ों ग्रामीणों का आवागमन इधर से होता है। ग्रामीणों का कहना है कि दर्जनों बार शासन-प्रशासन से गुहार लगाई गई, लेकिन सुनने वाला कोई नहीं है। अगर इस रास्ते को ग्रामीण नहीं चुनते हैं तो दूसरे रास्तों से कई घंटों का सफर तय करना पड़ता है मझगईं क्षेत्र के छेदुई गांव से सिसवारा मार्ग पर स्थित टूटी पुलिया पर ग्रामीणों ने मिट्टी डालकर खुद ही रास्ता बनाया है। ग्रामीणों को छेदुई गांव से सिसवारा मार्ग पर आने-जाने में परेशानी हो रही है। मुन्नापुरवा से दौलतपुरा जाने वाले मार्ग पर रपटा पुलिया बाढ़ से क्षतिग्रस्त हो गई है, इसका हाल भी नहीं लिया गया यहां कई बार ग्रामीणों के साथ दुर्घटना हो चुकी है। इस रास्ते से मोतीपुरवा, मुन्नापुरवा, सेमरिया, भानपुरवा, हक्कलपुर, बोटनपुरवा, छेदुई, कोरियाना, सुरजी पुरवा आदि गांवों के लोग निकलते हैं। ग्रामीण अवधेश कुमार ने बताया कि वर्ष 2019 में ग्राम प्रधान निधि से पुलिया निर्माण कराया गया था। ग्रामीण महावीर गौतम का कहना है कि काफी अर्से से यह रपटा पुल जर्जर है बड़ागांव बसहा के ग्रामीण राजेश वर्मा, अजय पटेल, कल्लू, रानी देवी, मुन्नन खान, चेतराम पासी, रमेश, राम खिलावन आदि लोगों ने बताया कि 1986 में यह पुल बना था। बाढ़ की वजह से टूट गया। इन लोगों ने बताया कि अभिभावक अपने बच्चों को सुबह इस पुल से साइकिल टांग कर निकाल देते हैं। छुट्टी के वक्त फिर यहां आ जाते हैं बच्चों को सुरक्षित घर ले जाते हैं धौरहरा और सुजईकुंडा के बीच बना पुल 27 वर्षों से अधूरा है। ग्रामीणों ने कारसेवा कर पुल के किनारे पाटकर रास्ता बनाया, लेकिन यह रास्ता भी बाढ़ में बह गया। अधूरे पुल के पास नाले से सुजईकुंडा, पंडित पुरवा, बिंजहा, भटपुरवा सहित करीब 25 गांवों के हजारों लोग गुजरते हैं। पुल न बनने से इस जगह पर कई हादसे हो चुके हैं। सुजईकुंड़ा गांव निवासी शशांक शुक्ला, सभ्रांत शुक्ला, राजेश कुमार, अमन, गुड्डू, इस्माइल, जाबिर अली आदि बताते हैं कि नेता हर चुनाव में वादे करते हैं, लेकिन बाद में मुकर जाते हैं। विधायक धौरहरा विनोद शंकर अवस्थी ने बताया कि जो पुल अधूरा पड़ा है, वह निष्प्रयोज्य है नया पुल बनाने का प्रस्ताव भेजा गया है। स्वीकृति मिलने पर नवनिर्माण होगा कस्ता-सीतापुर रोड से पचदेवरा जाने वाले लिंक मार्ग पर लखीमपुर-सीतापुर रजबहा की एक साल से टूटी पड़ी पुलिया किसानों के लिए मुसीबत बन गई है। इसी पुलिया से होकर क्षेत्र के ओड़हरा, धनपुर, पचदेवरा, दतेली आदि कई गांव के किसान ट्रॉली भर गन्ना लेकर निकलते थे, लेकिन पुलिया टूटी होने की वजह से दो से तीन किमी का फेर करना पड़ रहा है। कई बार किसानों ने नहर विभाग, अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों से पुलिया बनवाने की मांग की, लेकिन हुआ कुछ नहीं।

## कैरियर गाइडेंस मेले का किया गया आयोजन



*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर-खीरी।** राजकीय हाई स्कूल अजान विकास क्षेत्र कुंभी गोला लखीमपुर में कैरियर गाइडेंस मेले का आयोजन किया गया जिसका शुभारंभ मुख्य अतिथि के रूप मे खंड विकास अधिकारी कुंभी श्रारीम द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया तथा कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि के रूप में बाल विकास परियोजना अधिकारी सुभाष सिंह जी, सी एच ओ अजान संजय सिंह चौकी प्रभारी अजान जयप्रकाश यादव, रानी लक्ष्मी बाई इंटर कॉलेज शहाबुद्दीनपुर के प्रधानाचार्य सर्वेश वर्मा तथा ग्राम प्रधान अजान आदि अतिथिगण मौजूद रहे इस कार्यक्रम का समापन विद्यालय की प्रधानाचार्या बंदना वर्मा ने किया इस मौके पर विद्यालय स्टाफ अर्चना वर्मा सहायक अध्यापक हिंदी, रूपाली वर्मा सहायक अध्यापक जीव विज्ञान,तस्नीम कैसर सहायक अध्यापक सामाजिक विज्ञान, प्रेमचंद जी एवं अभिभावक गण तथा समस्त छात्र /छात्राएं उपस्थित रहे।

## छात्राओं को विभिन्न हैल्प लाईन नम्बरों व साईबर क्राइम के प्रति किया जागरूक

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** कोतवाली सदर बाजार पुलिस एंटी रोमियो दस्ता व मां भारती सांस्कृतिक क्लब जेवी जैन महाविद्यालय के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित मिशन शक्ति कार्यक्रम में छात्राओं को विभिन्न हैल्प नम्बरों की जानकारी देते हुए जागरूक किया गया।

जेवी जैन महाविद्यालय में मिशन शक्ति योजना के अंतर्गत आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर हरिओम गुप्ता और उप प्राचार्य प्रोफेसर ममता सिंघल ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर किया। थाना सदर बाजार प्रभारी सूबे सिंह, महिला उपनिरीक्षक श्रीमती श्वेता शर्मा, अंजू सिंह, सरिता देवी व पुष्पा देवी आदि ने छात्राओं को मिशन शक्ति के बारे में बताया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए थाना प्रभारी सूबे सिंह ने कहा कि यदि कोई आपको परेशान करें और कोई कॉल पर ओटीपी मांगे, तो उसको कोई भी अपना ओटीपी न दे। यदि किसी ने अपना ओटीपी बताया, तो साइबर क्राइम वाले उसके अकाउंट को खाली कर देंगे। उन्होंने कहा कि यदि ऐसी घटना किसी के साथ होती है, तो वह तत्काल हेल्पलाइन नंबर 1090 वूमेन पावर लाइन, 101 अग्निशमन सेवा, 108 एंबुलेंस सेवा, 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 102 गर्भवती महिलाएं एवं नवजात शिशुओं के लिए एंबुलेंस हेल्पलाइन 1098 चाइल्डलाइन, 130 साइबर हेल्पलाइन पर कॉल करें।

प्राचार्य हरिओम गुप्ता व उप प्राचार्य प्रोफेसर ममता सिंघल ने इस समय साइबर क्राइम बहुत तेजी से फैल रहा है इसलिए अपने साथ-साथ अपने अन्य परिवार जनों का भी ध्यान रखें उन्हें भी इसके बारे में अवगत करायें, ताकि भविष्य में इस प्रकार की कोई घटना घटित ना हो। उप निरीक्षक श्वेता शर्मा ने नवदुर्गा की नौ देवियों की विशेष व्याख्या करते हुए सभी छात्राओं को नौ देवियों का रूप बताया। साथ ही नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वावलंबन के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस दौरान मेघा अग्रवाल, अरु शर्मा, साक्षी आहूजा, कीर्ति अरोड़ा, नारायण शर्मा, एकांत कौशिक, विनोद कुमार आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन प्रोफेसर ममता सिंघल ने किया।

## पेपर मिल रोड पर अतिक्रमण न होने दें थाना पुलिस

**सहारनपुर।** नगरायुक्त संजय चौहान के निर्देश पर नगर निगम अधिकारियों ने थाना सदर पुलिस को पत्र भेजकर विश्वकर्मा चौक से पेपर मिल रोड तक दोनों साइड से अतिक्रमण हटवाने के बाद उक्त क्षेत्र को अतिक्रमण मुक्त रखने को कहा है। नगरायुक्त संजय चौहान के निर्देश पर नगर निगम के अतिक्रमण प्रभारी सुधीर शर्मा ने थाना सदर पुलिस को पत्र लिखकर कहा है कि विश्वकर्मा चौक के निकट पेपर मिल रोड पर आये दिन अतिक्रमण समस्या सम्बंधी शिकायत आईजीआरएस पोर्टल पर तथा क्षेत्रीय पार्षद द्वारा पत्र प्राप्त होते रहते हैं। इन शिकायतों के क्रम में महापौर व नगरायुक्त के निर्देश पर पेपर मिल की दोनों साइडो से दुकानदारों द्वारा किया गया अतिक्रमण हटा दिया जाता है लेकिन कुछ समय पश्चात दुकानदारों एवं अन्य व्यक्तियों द्वारा फ्रि से अतिक्रमण कर लिया जाता है। प्राय यह देखने में आ रहा है कि उक्त मार्ग पर बड़े वाहनों के बहुत अधिक आवागमन और अतिक्रमण व जाम के कारण ही पेपर मिल रोड पर आये दिन दुर्घटनाएं होती रहती हैं। थाना पुलिस को लिखे पत्र में मुख्य सचिव उप्र. शासन के 14 दिसम्बर 2012 के आदेश का हवाला देते हुए कहा गया है कि अतिक्रमण हटाये जाने के उपरान्त पुनः अतिक्रमण की स्थिति उत्पन्न न हो, यह व्यवस्था आपके स्तर से सुनिश्चित की जानी है। उक्त स्थल पर पुनः अतिक्रमण या कब्जा न हो, इसके लिए आवश्यक कार्रवाई करने की अपेक्षा पत्र में की गयी है।

## वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

लखीमपुर-खीरी। थाना पलिया पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 382/24 धारा 109 बीएनएस में वांछित अभियुक्त बलविन्दर सिंह पुत्र श्री सुखदेव सिंह निवासी कबीरगंज थाना हजारा जनपद पीलीभीत को गिरफ्तार कर अग्रिम विधिक कार्यवाही हेतु न्याया0 के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है।

## 29 नवम्बर को जिले में आ रही हैं नोडल अधिकारी

लखीमपुर-खीरी। शासन से नामित जिले की नोडल अधिकारी मिनस्ती एस दो दिवसीय निरीक्षण पर 29 नवम्बर को जिले में आ रही हैं। वह शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं की समीक्षा करेंगी। इसके अलावा गांवों में जाकर विकास योजनाओं की हकीकत का भी स्थलीय सत्यापन करेंगी। विकास कार्यों की समीक्षा करेंगी। थारू बाहुल्य गांव का भी निरीक्षण करेंगी। इसकी भनक लगते ही अधिकारी व्यवस्थाएं चाक चौबंद करने में लगा है। नोडल अधिकारी 29 नवम्बर को जिले में आ रही हैं। वह कलक्ट्रेट सभागार में विकास कार्यों, शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं की समीक्षा करेंगी। इसके बाद जिला अस्पताल, ट्रांजिट हास्टल का निरीक्षण करेंगी। इसके बाद रात्रि विश्राम करेंगी। अगले दिन धान खरीद केन्द्रों का निरीक्षण करने के साथ ही गांव के विकास कार्यों का स्थलीय निरीक्षण करेंगी। इसके अलावा थारू बाहुल्य गांव जाकर वहां चल रही योजनाओं को देखेंगी। गोआश्रय स्थल का भी निरीक्षण कर सकती हैं। नोडल अधिकारी के दो दिवसीय दौरे की जानकारी मिलते ही अधिकारी व्यवस्थाएं चाक चौबंद करने में जुट गए हैं।

## निरीक्षक के पद पर पदोन्नति होने पर एसएसपी ने दी बधाई, वर्दी पर लगाए स्टार



**बदायूं। (अवधनामा संवाददाता)** उप निरीक्षक को निरीक्षक पद पर पदोन्नति होने पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ बृजेश कुमार सिंह द्वारा उनकी वर्दी पर स्टार लगाकर बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा उनका उत्साहवर्धन करते हुए उनके उत्तम स्वास्थ्य की कामना के साथ-साथ नए दायित्व को पूरी लगन में निष्ठा के साथ निर्वहन करने के निर्देश भी उन्हें दिए गए।बता दें की उप निरीक्षक अशोक कुमार जिले के थाना जरीफनगर की चौकी नाधा पर तैनात हैं। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक नगर अमित किशोर श्रीवास्तव, क्षेत्राधिकारी नगर/लाइन संजीव कुमार व क्षेत्राधिकारी उझानी शक्ति सिंह व क्षेत्राधिकारी कार्यालय/अपराध आकांक्षा अवस्थी एवं अन्य पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

## टैक्स जनसुनवाई में आयी सभी शिकायतों का निस्तारण

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** नगर निगम में टैक्स जनसुनवाई दिवस पर आज आयी सभी चार शिकायतों का तत्काल



निस्तारण किया गया। सुनवाई के दौरान आगणन करने पर तीन शिकायतकर्ताओं का टैक्स कम पाया गया, जिसमें आगणन अनुसार वृद्धि की गयी।

नगरायुक्त संजय चौहान के निर्देश पर आज अपर नगरायुक्त राजेश यादव व राजस्व विभाग के अधिकारियों ने टैक्स शिकायतों की जनसुनवाई की। चार शिकायतकर्ता अपनी टैक्स सम्बंधी शिकायत लेकर पहुंचे। चारों शिकायतों का तत्काल निस्तारण कराया गया। तीन शिकायतकर्ताओं ने निगम द्वारा अपने भवनों पर लगाए टैक्स को अधिक बताते हुए आपत्ति की थी लेकिन जब उनका मानक के अनुसार आगणन किया गया तो पाया गया कि उनके भवनों पर टैक्स कम लगाया गया है। आगणन के अनुसार तीनों शिकायतकर्ताओं के टैक्स में बढ़ोत्तरी की गयी है। वार्ड संख्या 25 में भवन संख्या एएन/183 अभिषेक नगर निवासी मेघराज सिंह पुत्र सुल्तान सिंह के प्रार्थना पत्र पर सुनवाई करते हुए आगणन कर पाया गया कि उनके भवन का वार्षिक मूल्यांकन रुपये 1515 कम है, आगणन के मुताबिक उसे बढ़ाकर 2644 रूपये किया गया। वार्ड संख्या 25 में भवन संख्या जीएन/19 गणेश नगर निवासी अजय गुप्ता पुत्र राधेश्याम के भवन का वार्षिक मूल्यांकन 2187 रूपये था, आगणन के बाद इसे बढ़ाकर 2881 रूपये किया गया। इसी वार्ड के गांधी नगर में भवन संख्या जीएन/8ए की भवन स्वामी मंजू पाठक पत्नी राजकुमार पाठक के भवन का वार्षिक मूल्यांकन रुपये 5832 था, आगणन में यह कम पाया गया। जिसे आगणन के बाद बढ़ाकर रुपये 8812 किया गया।

इसके अतिरिक्त वार्ड संख्या 03 में भवन संख्या 1/6575 न्यू नवीन नगर निवासी बलवंती पत्नी मेघराज के भवन का वार्षिक मूल्यांकन रुपये 6415 था। आगणन के बाद इसे घटाकर रुपये 5949 किया गया।

## दुष्कर्म के मामले में वांछित आरोपी दबोचा

**सहारनपुर।** थाना सरसावा पुलिस ने दुष्कर्म के मामलें में वांछित चल रहे एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसका चालान काटकर जेल भेज दिया।

थाना सरसावा प्रभारी नरेन्द्र कुमार शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि विगत् 20 अक्टूबर को वादी की तहरीर पर आरोपी सलमान खान पुत्र मुर्सलीन निवासी ग्राम बीबीपुर थाना बुढिया जिला यमुनानगर हरियाणा के खिलाफ वादी की पत्नी से दुष्कर्म करने की सूचना के आधार पर थाना सरसावा पर मुकदमा पंजीकृत किया गया था। श्री शर्मा ने बताया कि आज उनके व उपनिरीक्षक रामबीर सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर चिलकाना तिराहे स्थित शुलभ शौचालय से दुष्कर्म के मामलें में वाछित आरोपी सलमान खान को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी का चालान काटकर जेल भेज दिया।


## जर्जर विद्युत पोलो को बदलवाने की मांग को सौंपा ज्ञापन



*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** जर्जर विद्युत पोलो और नीचे लटकी तारो को ठीक कराये जाने की मांग को लेकर सहारनपुर उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल से जुड़े व्यापारी आज अध्यक्ष विवेक मनोचा व महामंत्री स.सुरेन्द्र मोहन सिंह चावला के नेतृत्व में चीफ इंजीनियर पावर कारपोरेशन पश्चिमांचल एस.के.अग्रवाल से मिले और ज्ञापन सौंपते हुए समस्याओं का निदान करने की बात कही। दिल्ली रोड स्थित चीफ इंजीनियर पावर कारपोरेशन पश्चिमांचल के कार्यालय पर पहुंचे व्यापारियों ने विद्युत अधिकारी एसके अग्रवाल को निर्बाध विद्युत आपूर्ति व अच्छी वोल्टेज मिलने पर आभार जताया। अध्यक्ष विवेक मनोचा व महामंत्री स.सुरेन्द्र मोहन सिंह चावला ने कहा कि बैनर्जी मार्किट, दाल मण्डी तथा सर्राफा बाजार में विद्युत तारें नीचे लटकी है तथा जर्जर अवस्था में है, यहां तक विद्युत पोल भी झुके हुए हैं और टूटे हुए हैं, जिस कारण् बाजारों में हमेशा एक भय का माहौल बना रहता है। विद्युत तारों को अविलम्ब बदलवाया जाये तथा झुके हुए खंभों को ठीक करवाया जाये। इसके अलावा सोलर के बिलों में भी काफी दिक्कतें आ रही है। जांच करवाकर इन्हें ठीक करवाया जाये, ताकि आम लोगों को विद्युत की इन समस्याओं से निजात मिल सकें।

## पुलिस लाइन में आयोजित की गई मासिक पंचायत तथा सैनिक सम्मेलन



**बदायूं। (अवधनामा संवाददाता)** पुलिस लाइन में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ बृजेश कुमार सिंह की अध्यक्षता में सैनिक सम्मेलन तथा मासिक अपराध गोष्ठी का आयोजन किया गया।सम्मेलन में उन्होंने पुलिसकर्मियों की समस्याओं को सुनकर उनके निस्तारण के संबंध में संबंधित को निर्देशित किया गया। मासिक बैठक में उनके द्वारा जनपद की कानून व्यवस्था की समीक्षा की गई।

बुधवार को रिजर्व पुलिस लाइन में आयोजित सम्मेलन में एसएसपी द्वारा पुलिस कर्मियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना गया। सम्मेलन के बाद एसएसपी की अध्यक्षता में राजपत्रित अधिकारी, जेल अधीक्षक, जिला आबकारी अधिकारी, एआरटीओ, अभियोजन अधिकारी, प्रभारी जीआरपी और थाना प्रभारियों/शाखा प्रभारियो के साथ की मासिक अपराध समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा ककोड़ा मेला एवं यातायात माह मे सराहनीय कार्य करने वाले पुलिस कर्मियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया भी किया गया।

## बरेली गोलीकांडः भूमाफिया राजीव राना समेत 33 लोगों पर बड़ी कार्रवाई, गैंगस्टर एक्ट के तहत केस दर्ज



*अवधनामा संवाददाता*

**बरेली।** बरेली में भूमाफिया घोषित राजीव राना और उसके गैंग के लोगों पर इज्जतनगर थाने में गैंगस्टर एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज हुई है। ये सभी पीलीभीत बाइपास गोलीकांड में आरोपी हैं। बरेली के पीलीभीत बाइपास गोलीकांड मामले में इज्जतनगर थाना पुलिस ने भूमाफिया राजीव राना समेत 33 लोगों के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत की नई रिपोर्ट दर्ज की है। नामजद आरोपियों में राजीव राना के परिवार के लोग और केपी यादव समेत कई गुर्गे भी शामिल हैं। भविष्य में प्रशासन की मदद से आरोपियों की संपत्ति का चिन्हिकरण भी हो सकता है। 22 जून को पीलीभीत बाइपास पर बेशकीमती प्लॉट को लेकर प्रॉपर्टी डीलर राजीव राना और आदित्य उपाध्याय के गुटों के बीच फायरिंग हुई थी। अंधाधुंध फायरिंग के वीडियो देशभर में वायरल हुए थे। इस मामले में कई आरोपी जेल भेजे गए। हाईकोर्ट से जमानत मिलने के बाद राजीव और उसके कई गुर्गे भी जेल से बाहर आ गए थे। जेल से बाहर आते ही पुलिस सक्रिय हो गई। एसएसपी अनुराग आर्य के निर्देश पर इज्जतनगर थाना पुलिस ने राजीव राना गिरोह को 33 सदस्यों के साथ पंजीकृत किया है। पीलीभीत बाइपास पर जिस बेशकीमती प्लॉट को लेकर 22 जून को गोलीकांड हुआ था, उस प्लॉट को लेकर भविष्य में विवाद की गुंजाइश खत्म करने के लिए पुलिस उसे गैंगस्टर एक्ट के तहत जब्त करने की कार्रवाई कर सकती है।

**राजीव राना के गैंग में हैं ये आरोपी**

सजंय राना, रोहित, ओमकार राठौर, शिवओम कुमार, विशाल, अर्जुन कश्यप, शैलेश प्रताप, अनिल उर्फ सनी, संजीव, रविंद्र यादव, मुनाजिर, मनोज कटियार, नमन गोस्वामी, हर्ष शर्मा, सनोज, पंकज गुप्ता, संदेश, हरिओम, राधेश्याम, आशीष, राजन, दिनेश, सुभाष लोधी, धनुष यादव, मोहम्मद हुसैन उर्फ गोला, संजू उर्फ संजय, गौरीशंकर राना, अलीम कालिया, रवि वाल्मीकि, ललित सक्सेना और कृष्णपाल उर्फ केपी यादव। इनमें केपी व ललित हिस्ट्रीशीटर हैं। गैंगस्टर एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज होने के बाद इन सभी की मुश्किलें बढ़ गई हैं।

## बरेलवी उलमा बोले- अजमेर दरगाह में शिव मंदिर होने का दावा झूठा

*अवधनामा संवाददाता*

**बरेली।** ऑल इंडिया मुस्लिम जमात के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना शहाबुद्दीन रजवी ने अजमेर दरगाह शरीफ के अंदर शिव मंदिर होने के दावे को सरासर गलत और झूठ करार दिया। मौलाना ने कहा कि कुछ लोग देश का माहौल खराब करना चाहते हैं।

ऑल इंडिया मुस्लिम जमात के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना शहाबुद्दीन रजवी ने कहा कि संभल की जामा मस्जिद का मामला अभी शांत भी नहीं हुआ था कि दरगाह ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती अजमेरी का मामला सामने आ गया है। कोर्ट में अर्जी दाखिल करने वाले ने दरगाह शरीफ के अंदर शिव मंदिर होने का दावा किया है, जो सरासर गलत और झूठ है।

मौलाना ने कहा कि चंद सांप्रदायिक ताकतें देश के माहौल को खराब करना चाहती हैं। देश में जब से सरकारों के बनने का चलन शुरू हुआ, चाहे मुस्लिम हो या गैर मुस्लिम, सभी ने दरगाह अजमेर शरीफ पर चादरें चढ़ाकर अपनी



कामयाबी के लिए दुआएं की हैं। मुस्लिम बादशाहों, राजा व महाराजाओं ने दरगाह शरीफ के भवन बनवाए। 2015 से खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हर साल उर्स के मौके पर केंद्र सरकार की तरफ से चादर भेजकर अकीदत का नजराना पेश करते हैं।

**सूफी विचारधारा एकता की प्रतीक**

शहाबुद्दीन रजवी ने कहा कि ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती की दी हुई शिक्षा का नाम सूफी विचारधारा है, यही वो विचारधारा है जो एकता और अखंडता को कामय रख सकती है। ये दरगाह हिंदू-मुस्लिम एकता का प्रतीक है। लोगों को ये बात समझ में आना चाहिए कि यहां पर हाजरी देने वाले मुसलमानों में 40 फीसद हिंदू भाइयों की भागीदारी है। शिव मंदिर का दावा करने वाले लोग मुसलमानों के साथ हिंदुओं को भी आहत कर रहे हैं।

मौलाना ने आगे कहा कि दरगाह के लोगों के साथ विश्वभर के सुन्नी सूफी बरेलवी मुसलमान दरगाह के जिम्मेदारों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े हैं। इस मुश्किल घड़ी में बरेलवी मुस्लिम का मुकम्मल समर्थन दरगाह अजमेर शरीफ के साथ रहेगा।

मौलाना बरेलवी ने कहा कि केंद्र सरकार ने सोमनाथ मंदिर ट्रस्ट विरावल गुजरात और दरगाह ख्वाजा साहब अजमेर ट्रस्ट का गठन वर्षों पहले किया था। इन दोनों जगहों का संचालन केंद्र सरकार द्वारा नामित व्यक्ति करते हैं। तमाम लेखा जोखा भी केंद्र सरकार को सालाना उपलब्ध कराया जाता है।

# पूर्वांचल के इंडस्ट्रियल हब बनने की ओर बढ़े गोरखपुर के कदम

अवधनामा संवाददाता

- गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे के दोनों तरफ 800 एकड़ में औद्योगिक गलियारा विकसित कर रहा गीडा
- कई बड़े उद्योगों को औद्योगिक गलियारे में आवंटित किए गए हैं भूखंड
- औद्योगिक गलियारे में 88 एकड़ में बन रहा है प्लास्टिक पार्क, लगेंगी 92 यूनिट्स

**गोरखपुर।** बमुश्किल सात-आठ पहले तक औद्योगिक पहचान के संकट से जूझ रहे गोरखपुर ने अब पूर्वांचल के इंडस्ट्रियल हब बनने की ओर कदम बढ़ा दिए हैं। बीते कुछ सालों से गीडा को केंद्र में रखकर गोरखपुर निवेशकों के पसंदीदा गंतव्य के रूप में उभर रहा है।

इंडस्ट्री लगाने के लिए उद्यमियों की तरफ से बढ़ रही मांग के मद्देनजर गीडा (गोरखपुर औद्योगिक विकास प्राधिकरण) द्वारा गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे के दोनों तरफ 800 एकड़ में औद्योगिक गलियारा (इंडस्ट्रियल कॉरिडोर) विकसित किया जा रहा है। इसके साथ ही धुरियापार में भी 5500 एकड़ में इंडस्ट्रियल कॉरिडोर बनाने की कार्ययोजना मूर्त रूप ले रही है। 30 नवंबर को गीडा का 35वां स्थापना दिवस मनाया जाएगा। 35 वर्षों के सफर में करीब 28 वर्ष गीडा की चाल काफी सुस्त रही। उद्यमियों के लिए ढांचागत सुविधाओं का अभाव, कानून व्यवस्था, निवेशकों के प्रोत्साहन के लिए कारगर नीतियों के न होने के कारण निवेशक गीडा क्षेत्र के प्रति उस गति से उत्साहित नहीं हो रहे थे जिसकी अपेक्षा गीडा की स्थापना के वक्त 1989 में की गई थी। पर, योगी आदित्यनाथ के मुख्यमंत्री बनने के बाद 2017 से हालात पूरी तरह से बदलते गए हैं। निवेशकों और उद्यमियों को सरकार की तरफ से काम लायक माहौल और प्रोत्साहन मिला तो उनका रुझान भी गीडा के प्रति तेजी से बढ़ा। निवेशकों के रुझान को देखते हुए सीएम योगी की मंशा के अनुरूप गीडा गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे के दोनों तरफ इंडस्ट्रियल कॉरिडोर विकसित कर रहा है। इस औद्योगिक गलियारा को 800 एकड़ में बसाया जा रहा है। इंडस्ट्रियल कॉरिडोर में उद्योग लगने भी लगे हैं। मसलन मल्टीनेशनल ब्रांड पेप्सिको की फ्रेंचाइजी वरुण बेवरेजेज ने 1100 करोड़ रुपये के निवेश व 3 बॉटलिंग प्लांट लगाया है। औद्योगिक गलियारा में गीडा की तरफ से 88 एकड़ में प्लास्टिक पार्क विकसित किया जा रहा है। यहां प्लास्टिक उद्योग की 92 इकाइयों के लिये स्थान एवं समस्त आवश्यक अवस्थापना सुविधाएं उपलब्ध होंगी। इससे लगभग 5000 व्यक्तियों को रोजगार मिल सकेगा। गीडा द्वारा प्लास्टिक पार्क में कई उद्यमियों को भूखण्ड आवंटन की कार्यवाही की जा चुकी है। यही नहीं, प्लास्टिक पार्क में यूनिट लगाने वाले उद्यमियों को कच्चे माल की कोई चिंता नहीं रहेगी। प्लास्टिक पार्क की यूनिट्स को परियोजना स्थल पर ही गेल (गैस ऑथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड) की तरफ से कच्चा माल सुलभ होगा। इसके लिए गीडा और गेल के बीच गीडा के पिछले स्थापना दिवस पर सीएम योगी के समक्ष एमओयू हो चुका है। प्लास्टिक पार्क में गीडा द्वारा परियोजना स्थल पर सेंट्रल इंस्टिट्यूट ऑफ प्लास्टिक इंजीनियरिंगएंड टेक्नोलॉजी (सीपेट) के सेंटर के लिए भी 5 एकड़ निशुल्क भूमि उपलब्ध कराये जाने की व्यवस्था की गयी है। सीपेट का सेंटर खुलने से प्लास्टिक पार्क में स्थापित होने वाली इकाइयों को कुशल कारीगरों की उपलब्धता सुनिश्चित होने के साथ उनके द्वारा बनाये जा रहे उत्पादों की गुणवत्ता भी सुनिश्चित हो सकेगी।

> मुख्यमंत्री जी की मंशा के अनुरूप गीडा को उत्कृष्ट औद्योगिक क्षेत्र के रूप में विकसित किया जा रहा है। लैंड बैंक का विस्तार कर निवेशकों को उनकी पसंद के मुताबिक भूखंड उपलब्ध कराए जा रहे हैं। गीडा के 35वें स्थापना दिवस समारोह में मुख्यमंत्री के समक्ष 85 निवेशकों को भूखंड आवंटन का पत्र सौंपा जाएगा। आने वाले दिनों में प्लास्टिक पार्क, रेडीमेड गारमेंट पार्क और रेडीमेड गारमेंट की फ्लेटेड फैक्ट्री की भी सौगात मिल जाएगी। इसके अलावा 5500 एकड़ वाले धुरियापार इंडस्ट्रियल कॉरिडोर के लिए जमीन अधिग्रहण का कार्य तेजी से चल रहा है।
>
> **अनुज मलिक, मुख्य कार्यपालक अधिकारी, गीडा**

# जिले में सभी केंद्रों पर उर्वरक खाद उपलब्ध : कृषि अधिकारी

अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** जिला कृषि अधिकारी डॉ मेनका ने बताया कि वर्तमान समय में रबी की फसलों में दलहन, तिलहन के साथ गेहूं की बुवाई का कार्य तेजी से किया जा रहा है, जिस हेतु किसान भाईयों द्वारा इस समय तेजी से की जा रही बुवाई कार्य में उर्वरकों की भारी मांग है। जिसके लिए इस जनपद में विभिन्न फास्फेटिक उर्वरकों की पर्याप्त मात्रा में उपलब्धता सुनिश्चित की जा रही है। जनपद में निजी क्षेत्र में यूरिया 18555.00 मीट्रिक टन, डीएपी 2222.00 एमटी, एनपीके 2514.00 एमटी, तथा सहकारिता क्षेत्र में यूरिया 8766.00 एमटी, डीएपी 1178.00 एमटी, एनपीके (20:20:0:13). 430.00 एमटी, प्राप्त हुई है। जिसकी उपलब्धता उर्वरक विक्री केन्द्रों पर सुनिश्चित की गई है।

दिनांक 26-11- 2024 को आईपीएल कम्पनी जनपद को 961.00 एमटी डीएपी उर्वरक प्राप्त हुई थी जिसको जिलाधिकारी के आदेश से 480.500 एमटी सहकारिता क्षेत्र को तथा 480.500 एमटी निजी क्षेत्र को प्राप्त करा दिया गया है। इसी क्रम में आज पीपीएल की डीएपी उर्वरक की 690.00 एमटी की रैक प्राप्त हुई है, जिसमे से 350.00 एमटी सहकारिता क्षेत्र को तथा 340.00 एमटी निजी क्षेत्र को प्राप्त हो गया है। इसी क्रम में सहकारिता क्षेत्र में भी कृभको कम्पनी से कुल 1300.00 एमटी, डीएपी लगभग दो से तीन दिन में जनपद में प्राप्त हो जायेगी। जनपद में सभी प्रकार के बिक्री केंद्रों पर उर्वरक उपलब्ध है। उर्वरकों की पर्याप्त उपलब्धता तथा अवैध परागमन रोकने के उद्देश्य से जनपद से सटे अंतर्राज्यीय सीमाओं पर निरंतर चौकसी हेतु राजस्व, पुलिस एवं कृषि विभाग के संयुक्त सचल दस्तों द्वारा सीमाओं पर निरन्तर निगरानी किया जा रहा है तथा विभागीय पोर्टल पर उर्वरकों के उपलब्धता एवं वितरण की सतत निगरानी एवं अनुश्रवण किया जा रहा है। जिला कृषि अधिकारी ने किसान भाईयों से अपील किया है कि अपनी आवश्यकतानुसार जोत बही/खतौनी के अनुसार अपने नजदीकी निजी/सहकारी क्षेत्र के उर्वरक प्रतिष्ठान से पीओएस मशीन के माध्यम से आधार कार्ड से उर्वरक प्राप्त करें। साथ ही उर्वरक क्रय करने में किसी प्रकार की समस्या हेतु कन्ट्रोल रूम के टेलीफोन नम्बर 8317015135 पर अपनी शिकायत दर्ज करा सकते है। जिसका निस्तारण तत्कालिक रूप से किया जायेगा।

## विद्युत विभाग ने पांच हजार के बकायादारो के कनेक्शन काटे



**फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** फर्रुखाबाद के विकासखंड शमशाबाद क्षेत्र की ग्राम पंचायत भकुसा में विद्युत विभाग ने बकाया बिल जमा न करने पर केबिल कनेक्शन काटे जिससे लोगों ने केबिल कटने का विरोध किया इसके बाद भी विद्युत विभाग के कर्मचारी कनेक्शन काटने का कार्य करते रहे लोग विरोध करते रहे और केबिले कटती रही बिजली चेकिंग अभियान जिस बकाएदार पर पांच हजार से ऊपर बिजली बिल बकाया मिला तुरंत जेई कृष्ण कुमार मौर्या ने बिल जमा कराओ आदेश दिया बिल जमा न होने पर केबिल कटवा दी। इस अभियान में साथ रहे लाइनमैन अजयपाल नोडल इंचार्ज नेत्रपाल के अलावा विद्युत कर्मी साथ रहे।

## बंदियो के सहयोग से एक नई गौसेवा प्रारंभ की गई



**फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** फर्रुखाबाद जिला मुख्यालय स्थित जिला कारागार फतेहगढ़ में मेरी गईया, मेरी मईया आज सड़क सुरक्षा माह नवंबर 2024 के अंतर्गत जिला कारागार फतेहगढ़ के बंदियों के सहयोग से एक नई गौ सेवा प्रारंभ की गई। मेरी जानकारी के अनुसार लगभग 25 प्रतिशत सड़क दुर्घटना सड़क पर गायों के बैठे होने विशेषकर काली गाय के कारण वाहन चालक को दिखाई ना देने के कारण होती है। जिसमें जानमाल के नुकसान के साथ साथ गायों को भी नुकसान पहुंचता है। कभी कभी जान भी चली जाती है। ऐसी दुर्घटनाओं को रोकने तथा उनमें कमी लाने के उद्देश्य से जेल में रसद सामग्री की फटी पुरानी प्लास्टिक बोरियों से गायों के लिए रोड सेफ्टी रिफ्लेक्टर कॉलर बेल्ट बनाए गए। जिन्हें आज गायों को पहना कर एक छोटी सी पहल की गयी है।

## कंपोजिट विद्यालय अलावलपुर का औचक निरीक्षण



**फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** जिलाधिकारी डॉ0 वी0के सिंह द्वारा कंपोजिट विद्यालय अलावलपुर वि0क्षे0 मोहम्मदाबाद का औचक निरीक्षण किया, विद्यालय में शैक्षिक गुणवत्ता अत्यंत खराब पाई गई, जिलाधिकारी द्वारा इसपर नाराजगी व्यक्त की गई व खंड शिक्षा अधिकारी का स्पष्टीकरण प्राप्त करने के निर्देश दिए। बेसिक शिक्षा अधिकारी को नियमित रूप से निरीक्षण कर शैक्षिक गुणवत्ता में सुधार करने और बच्चों की उपस्थित बढ़ाने के लिये निर्देशित किया गया। जिलाधिकारी द्वारा गणित के बाडमास से संबंधित सवालों को बच्चों से हल कराया, विद्यालय प्रांगण में साफ- सफाई का अभाव पाया गया। सफाई के लिये निर्देशित किया गया, विद्यालय परिसर में हो रहे निर्माण कार्यो की गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने के लिये निर्देशित किया।

## प्रियंका गांधी की जीत पर कांग्रेसियों ने मनाया जश्न



**नजीबाबाद अवधनामा संवाददाता।** कांग्रेस उम्मीदवार प्रियंका गांधी ने अपने चुनावी डेब्यू में ही शानदार आगाज किया है। उन्होंने वायनाड लोकसभा उपचुनाव में बड़ी जीत हासिल की है। राहुल गांधी के वायनाड सीट छोड़ने के बाद उनकी बहन प्रियंका गांधी यहां चुनावी मैदान में उतरी थीं। केरल के वायनाड से उपचुनाव जीत कर आई प्रियंका गांधी वाड्रा ने आज संसद सदस्य के रूप में शपथ ग्रहण की। इस अवसर पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे को मिठाई खिलाते हुए खुशी का इजहार किया। इस अवसर पर कांग्रेसियों ने कहा कि श्रीमती प्रियंका गांधी जी के संसद में पहुंचने से विपक्ष और मजबूत होगा। एम अकरम खान एडवोकेट की अध्यक्षता एवं अमजद सिद्दीकी के संचालन में आयोजित कार्यक्रम में हाजी मोहम्मद हनीफ सिद्दीकी, रईस कुरैशी, युवा अध्यक्ष अभिनव अग्रवाल एडवोकेट, मोहम्मद सुफियान, इम्तियाज अहमद, कासिम तस्लीम, मोहम्मद जैद आदि रहे।

## जलशक्ति मंत्री 30 नवंबर को करेंगे सरदार पटेल की मूर्ति का अनावरण

**उरई (जालौन) अवधनामा संवाददाता।** नगर के प्रमुख पंचानन चौराहे पर लगी भारत रत्न सरदार वल्लभ भाई पटेल की आदमकद प्रतिमा के अनावरण का इंतजार खत्म हुआ, इसके लिए कार्यक्रम तय कर लिया गया है। आगामी 30 नवंबर शनिवार को सुबह 11 बजे प्रतिमा का भव्य अनावरण उत्तर प्रदेश शासन के जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह के कर कमलों से संपन्न होगा। क्षेत्रीय विधायक मूलचंद्र निरंजन के आवास पर सम्पन्न हुई एक बैठक में प्रतिमा अनावरण कार्यक्रम की जानकारी दी गई।

विधायक ने बताया कि अनावरण कार्यक्रम में सूबे के जलशक्ति मंत्री और निवर्तमान भाजपा प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह बतौर अतिथि शामिल होंगे। इसके अलावा भी कई अन्य जनप्रतिनिधि भी कार्यक्रम में शामिल रहेंगे। पालिकाध्यक्ष प्रदीप गुप्ता ने कहा, कार्यक्रम से पूर्व साफ सफाई और सजावट से जुड़ी सारी तैयारियां पूरी कर ली जाएंगी। बैठक में मौजूद कुर्मी समाज के लोगों ने अपने अपने सुझाव रखे। इस मौके पर प्रोफेसर वीरेंद्र सिंह, शिवप्रसाद निरंजन, शारदा प्रसाद, शिवराम सिंह, कुंजबिहारी, मनोहर पटेल, सत्येंद्र निरंजन शीलू पड़री, गौरी चबोर, विकास पटेल, अरविंद निरंजन, लालजी चांदनी, नारायण सिंह, अवधेश धनौरा, रामलला पटेल, छोटेराजा, राजाबाबू, जितेंद्र कैलिया, सागर धंजा आदि मौजूद रहे।

# विद्यालय स्तरीय साइंस प्रदर्शनी का आयोजन

अवधनामा संवाददाता



- आधुनिक भारत निर्माण में विज्ञान की महत्वपूर्ण भूमिका : संतोष कुमार

**पीलीभीत।** स्थानीय इकरा पब्लिक गर्ल्स इन्टर कालेज में विद्यालय स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। यह दो वर्गों में कराई गयी। जूनियर वर्ग कक्षा 6 से कक्षा 8 तथा सीनियर वर्ग कक्षा 9 से कक्षा 10 के छात्रों ने अपने-अपने माडल का प्रदर्शन किया। जूनियर वर्ग में 24 माडल प्रस्तुत किये गये तथा सीनियर वर्ग में 14 माडल प्रस्तुत किये गये। जिसमें लगभग 45 छात्र/छात्राओं ने प्रतिभाग किया।

जूनियर वर्ग प्रथम स्थान फबेहा फईम, द्वितीय स्थान हमदान अशरफ तथा तृतीय स्थान फैज़ खान रहे तथा सीनियर वर्ग प्रथम स्थान बुशरा बेग कक्षा-10, द्वितीय स्थान अलीना खान कक्षा-9 तथा तृतीय स्थान अनम कक्षा-10 रही। दोनो वर्गों में दो-दो सांत्वना पुरुस्कार भी दिये गये। प्रदर्शनी का उदघाटन ड्रमण्ड राजकीय इन्टर कालेज के प्रधानाचार्य श्री संतोष कुमार ने किया तथा दो निर्णायक श्री लक्ष्मी कान्त शर्मा तथा रामा कालेज के प्रवक्ता चन्द्रपाल गंगवार ने अपना निर्णय देते हुए प्रथम, द्वितीय एंव तृतीय आने वाले छात्र-छात्राओं की घोषणा की। मुख्य अतिथि ने अपने सम्बोधन में कहा कि आधुनिक भारत के निर्माण में विज्ञान की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। उन्होंने विद्यालय की भूरि-भूरि प्रशंसा भी की। इस अवसर पर दोनो निर्णायको ने सांइस के महत्व पर प्रकाश डाला तथा विद्यालय के छात्र-छात्राओं का उत्साह वर्धन किया। इस अवसर पर विद्यालय प्रबन्धक इकबाल हसन खां, मुम्ताज अहमद, आयाज अहमद, सखावत उल्ला खां, सय्यद शारिक अली, कमाल शम्सी, सय्यद असद अली, श्रीमति मधु सक्सेना, रजनी सक्सेना, वसीम उद्दीन खां, अफसार अहमद आदि उपस्थित थे। अन्त में सभी अतिथियों का आभार प्रधानाचार्य अखलाक हसन खां ने किया। श्री नाजिर हुसैन ने कार्यक्रम का संचालन किया।

# सीजीएम कोर्ट के आदेश पर डेढ़ माह बाद 18 पुलिसकर्मियों पर मुकदमा दर्ज

अवधनामा संवाददाता

**गाजीपुर।** जनता से अवैध वसूली का भंडाफोड़ करने पर सिपाही को अगवा कर उसकी हत्या का प्रयास किये जाने के गम्भीर मामले में सीजेएम गाजीपुर के आदेश पर 27 नवम्बर को नंदगंज थाने में 18 पुलिसकर्मियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस ने धारा 147, 219, 220, 342, 364, 389, 467, 468, 471 व 120-बी के तहत मुकदमा दर्ज किया है। नंदगंज पुलिस की इस कार्रवाई से पूरे महकमे में हड़कम्प मचा हुआ है। हालांकि सीजेएम का आदेश पूर्व में ही जारी हो गया था, लेकिन लम्बे समय तक पुलिस ने इस मामले में मुकदमा दर्ज नहीं किया था।

राजीव कुमार सिंह प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली, अजीत कुमार सिंह स्वाट टीम प्रभारी चंदौली, सत्येन्द्र कुमार यादव क्राइम ब्रांच प्रभारी मिर्जापुर, आनंद कुमार गौड़ आरक्षी, राणा प्रताप सिंह आरक्षी, अमित सिंह आरक्षी, भुल्लन यादव मुख्य आरक्षी, देवेन्द्र कुमार सरोज सर्विलांस सेल चंदौली, नरीज कुमार मिश्रा सर्विलांस सेल चंदौली, सत्येन्द्र विक्रम सिंह कार्यवाहन प्रभारी निरीक्षक धानापुर चंदौली, अंकित सिंह आरक्षी बबुरी थाना चंदौली, आरक्षी गौरव सिंह सैयदराजा चंदौली, रोहित कुमार आरक्षी बबुरी चंदौली, मनोज कुमार मुख्य आरक्षी, आनंद सिंह मुख्य आरक्षी स्वाट टीम चंदौली, अजीत कुमार आरक्षी सर्विलांस सेल चंदौली, पुलिस अधीक्षक अमित कुमार द्वितीय वर्तमान तैनाती जिला गौतमबुद्ध नगर आरक्षी अनिल कुमार सिंह निवासी शिवशंकर नगर कालोनी भुल्लनपुर थाना मडुवाडीह वाराणसी के अनुसार उसने मुगलसराय कोतवाली पुलिस द्वारा जनता से प्रतिमाह अवैध तरीके से 12,50,000 रुपये वसूलने के मामले को उजागर किया था। जिसकी जांच छीआईजी विजिलेंस क्षत्र की गई थी। जिसमें भ्रष्टाचार का पर्दाफास भी हुआ था। ऐसे में तत्कालीन चंदौली एसपी ने सिपाही अनिल कुमार सिंह को बर्खास्त कर दिया था। इसके बाद सिपाही को फंसाने के लिए विभाग के लोगों द्वारा तमाम कायवदे हुई। इसी दौरान नंदगंज थाना क्षेत्र के बड़हरा गांव स्थित मेरी ससुराल से मुझे सादे वेष में आये पुलिसकर्मियों ने अगवा कर लिया था। जिसकी सूचना मेरी पुत्री द्वारा 112 डायल पर दी गई थी। बाद में मुझे बबुरी थाने में ले जाकर मेरे खिलाफ कूटरचित तरीके से कई फर्जी मुकदमे में फंसा दिया गया था। मेरे और परिवार के लोगों द्वारा इस सम्बंध में पुलिस अधिकारियों से न्याय की गुहार लगाई गई थी, लेकिन हमे न्याय नहीं मिला। ऐसे में सिपाही अहनल कुमार सिंह कोर्ट की शरण में पहुंचा जहां इस मामले में अदालत ने मुकदमा दर्ज करने का आदेश जारी किया। इस मामले में तकरीबन डेढ़ माह पूर्व ही सीजेएम गाजीपुर ने मुकदमा दर्ज करने का आदेश जारी किया था। यह आदेश नंदगंज थाना पुलिस के लिए था, लेकिन लम्बे समय तक पुलिस आदेश को उलझाये रखी। अंत में 27 नवम्बर को इस मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया। ज्ञानेन्द्र प्रसाद-एएसपी गाजीपुर ने बताया कि कोर्ट के आदेश का पालन किया गया है। कोर्ट ने जिन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने का आदेश दिया था उसके खिलाफ सम्बंधित धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। अब इसकी विवेचना कर चार्जशीट कोर्ट में दाखिल की जायेगी।

# श्रीकृष्ण रुक्मणी विवाह देख मंत्रमुग्ध हुए श्रोता



**सहजनवा अवधनामा संवाददाता।** ग्राम पंचायत अमटौरा में चल रहे श्रीमद् भागवत कथा सातवें आचार्य मानस जी ने श्रद्धालुओं को कथा का रसपान कराया। कथा के उपरांत भगवान श्री कृष्ण रुक्मणी विवाह का आयोजन किया गया जिसे देखकर पंडाल में मौजूद श्रोता काफी उत्साहित देखें। कथावाचक आचार्य मानस जी ने कहा कि हमेशा सच्ची मन की भक्ति को ईश्वर जरूर सुनता है। क्योंकि भगवान केवल प्रेम के भूखे होते हैं। रुक्मणी जी भगवान नारद से केवल द्वारकाधीश का बखान सुनकर उनसे प्रेम करने लगी। भगवान श्री कृष्ण को एक संदेश में अपने प्रेम को लिखकर भेज दिया जिसे कन्हैया ने स्वीकार कर लिया। कथा के उपरांत श्री कृष्णा और रुक्मणी के विवाह की झांकी निकाली गई विवाह में सोता पंडाल में झूमने लगे महिलाओं ने विवाह गीत गाए। विधायक प्रदीप कुमार शुक्ल, मंडल अध्यक्ष नरेंद्र शुक्ला, गुलाब तिवारी गजमान केसरी सिंह पत्नी विमला सिंह, रवि प्रताप सिंह पत्नी रीमा सिंह, दुर्गेश सिंह पत्नी लक्ष्मी सिंह, विमलेश सिंह पत्नी किरन सिंह, अखिलेश सिंह पत्नी अनुला सिंह, इंद्रदेव सिंह, विजेन सिंह, अशोक सिंह, मोनू शर्मा, उग्रसेन सिंह, शिवशंकर सिंह, आनंद सिंह समेत भाजपा के पदाधिकारी एवं ग्रामीण मौजूद रहे।

## श्रीराम कथा के लिए रवा में निकली भव्य कलश यात्रा

**उरई (जालौन) अवधनामा संवाददाता।** तहसील मुख्यालय से बारह किमी दूर एमएलसी रमा आरपी निरंजन का गांव रवा आजकल धर्म और आध्यात्म का प्रमुख केंद्र बना हुआ है। यहां भक्ति की गंगा बहाने के लिए साधु-संत जुट रहे हैं। यहां आयोजित श्रीराम महायज्ञ एवं श्रीराम कथा के भव्य और दिव्य आयोजन का शुभारंभ विशाल कलशयात्रा के साथ हो गया है। जिले के प्रभारी मंत्री संजय गंगवार ने झंडी दिखाकर कलशयात्रा की शुरुआत की। यात्रा मार्ग में जगह जगह लोगों ने पुष्प वर्षा की। विभिन्न देवी-देवताओं की झांकियां, हाथी, घोड़े, दिलदिल घोड़ी आदि शोभायात्रा के खास आकर्षण रहे। श्रीराम महायज्ञ एवं श्रीराम कथा आयोजन को लेकर गांव रवा में भव्य कलशयात्रा दोपहर कथा स्थल से प्रारंभ हुई जो गांव के विभिन्न मार्गों से होकर गुजरी। कलशयात्रा में सबसे आगे आयोजक/परीक्षित एम एलसी रमा निरंजन और उनके पति/प्रतिनिधि आरपी निरंजन सिर पर भागवत पुराण रखकर चल रहे थे, पीछे पीछे हजारों की संख्या में महिलाएं व युवतियां आम्रपत्तों से सुसज्जित कलश सिर रखकर चल रहीं थीं। युवा और बच्चे बैंड बाजों पर बज रहे धार्मिक संगीत पर नृत्य करते हुए चल रहे थे।

## कुछ भी सीखने के लिए उम्र मायने नहीं रखती लगन और जज्बा होना चाहिए : इंजी. मौअज़्ज़म



**नजीबाबाद अवधनामा संवाददाता।** नजीबाबाद के चैयरमेन इंजीनियर मौअज़्ज़म ने कहावत को साबित कर दिया कि कुछ भी सीखने के लिए उम्र कोई मायने नहीं रखती है बस आदमी के अंदर उसको सीखने के लिए जज्बा और लगन होनी चाहिए। कुरान को कवायदी के साथ पढ़ने की ठान ली, इतनी मसरूफ भरी जिंदगी और जिम्मेदारी होने के साथ-साथ वह रोज़ाना कुरान को पढ़ने मदरसे जाने लगे! लगभग 2 महीने से मुसलसल बिना एक छुट्टी किये हुए कुरान को कवायद के साथ सीख कर पढ़ने लगे। उन्होंने बताया कि मैं जब किसी मदरसे में प्रोग्राम में जाता तो बच्चों को कुरान पढ़ता हुए देख कर मेरा दिल भी ऐसा कुरान पढ़ने को चाहने लगा फिर अल्लाह ने मुझे हिदायत दिया और मैंने अपने कुरान को सही करने के लिए कायदा पढ़ना शुरू किया जैसे जैसे मैं आगे बढ़ता गया मेरी लगन और आगे बढ़ने की होती रही, और अब अल्हम्दुलिल्लाह एक हद तक मेरा कुरान सही होने लगा, मेरी इसी लगन को देख मेरी फैमिली के लोग भी कुरान पढ़ने और सही करने में दिल से मसरूफ हो होने लगे! उन्होंने आगे बताया जो वे सबक पढ़कर जाते उसको नमाज़ में पढ़ने के लिए बेताब रहते। उन्होंने सभी मुस्लिम लोगों से अपील कर कहा कि कुरान को कवायदी के साथ अपने-अपने सीने में उतारे, और रोज़ाना उसकी तिलावत कर साथ ही साथ उसका तर्जुमा पढ़ कर कुरान के मुताबिक अपनी जिंदगी गुजारे! वही उनके उस्ताद कारी सनव्वर ने कहा कि अगर लगन और जज्बे के साथ कुछ सीखा जाए तो हम कुछ भी कर सकते हैं! उन्होंने चेयरमैन साहब की तारीफ करते हुए कहा कि इतनी बड़ी जिम्मेदारी होते हुए भी वह कुरान को सीखने के लिए वक्त दे रहे हैं अल्लाह ताला का उन पर बड़ा इनाम है अल्लाह कब कहां किसको हिदायत दे दे कोई नहीं जानता, इसलिए कुरान को सही करने की कोशिश जारी रखें।

# लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास ने उत्तर प्रदेश में मनाया स्थापना दिवस

अवधनामा संवाददाता





**लखनऊ।** लोक जनशक्ति पार्टी (आर) के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान के निर्देश पर उत्तर प्रदेश मध्य में पार्टी का स्थापना दिवस ब्रस्पतिवार को लखनऊ दारुल सफा ए ब्लाक कामन हाल में ऐतिहासिक सम्पन्न हुआ।

उत्तर प्रदेश मध्य से पार्टी के सैकड़ों नेता-कार्यकर्ता कार्यक्रम में पहुंचे भारी संख्या में उपस्थित लोगों को लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) उत्तर प्रदेश मध्य के प्रदेश अध्यक्ष अरविंद पासवान ने पार्टी स्थापना दिवस कार्यक्रम में पधारे हुए पदाधिकारीगण व समर्थकों से कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान के निर्देश पर पार्टी सभी प्रदेशों में स्थापना दिवस मना रही है। उत्तर प्रदेश मध्य भी बड़े पैमाने पर कार्यकर्ताओं ने स्थापना दिवस मनाया है जो लोग इस जनसभा में नहीं आ पाए है वो लोगों ने अपने अपने क्षेत्र में कार्यक्रम किया है। इस अवसर पर अरविंद पासवान ने पार्टी को लेकर कहा कि संगठन की सक्रियता से ही हम सब राष्ट्रीय अध्यक्ष के हाथों को मजबूत कर सकते है हम सब को इतनी अधिक मेहनत करनी है कि 2027 में उत्तर प्रदेश में हमारी पार्टी का विधायक चुनकर सदन में जाये और गरीब गुरबों हक के लिए सदन में आवाज उठाएंगे। प्रदेश उपाध्यक्ष अशिवनी श्रीवास्तव ने कहा कि पार्टी के जनाधार बढ़ाने के लिए तन मन सभी प्रकार से दिन रात मेहनत की जाएगी और उत्तर प्रदेश आगामी विधानसभा चुनाव में पार्टी को हर हाल में जीता कर सदन में भेजा जाएगा।

उत्तर प्रदेश मध्य युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष सिद्धान्त मिश्रा ने कहा कि युवा पीढ़ी को युवा नेतृत्व के साथ आना चाहिए, जिससे देश में राजनीतिक बदलाव आएं। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान ने पार्टी को एक नारा दिया है मैं जिसमें एम को महिला और वाई को युवा शक्ति नाम दिया गया है इसलिए युवाओं को बढ़कर पार्टी से जुड़ना चाहिए। वही महिला प्रकोष्ठ की राष्ट्रीय अध्यक्ष कमला कुमारी ने कहा कि पार्टी हमेशा सत्ता के साथ रही और किसी न किसी मंत्रालय में जिम्मेदारी भी निभाई लेकिन कभी हमारे नेता पर कोई दल भ्रष्टाचार का आरोप नहीं लगा पाया बेदाग छवि होने से ही हम सब कार्यकर्ताओं का सिर गर्व से ऊंचा हो जाता है।

## 30 नवंबर को आयोजित होगा अभिनंदन दिवस, प्रोफेसर्स होंगे सम्मानित

अवधनामा संवाददाता



**महमूदाबाद, सीतापुर।** कस्बे के मौलाना आजाद महाविद्यालय के सभागार में आगामी 30 नवंबर को अभिनंदन दिवस आयोजित होगा। इसकी जानकारी कार्यक्रम के आयोजककर्ता व पूर्व कार्यवाहक मुख्यमंत्री डॉ. अम्मार रिज़वी ने बृहस्पतिवार को एक प्रेस वार्ता कर दी। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम में ऐसे प्रोफेसर्स को सम्मानित किया जाएगा जिन्होंने एकेडमिक्स में महान कार्य किए हैं। आपको बता दें कि प्रोफेसर डॉ अब्बास अली मेंहदी (वाइस चांसलर, ऐरा यूनिवर्सिटी, लखनऊ), डॉ सूर्यकांत त्रिपाठी (प्रोफेसर एवं एचओडी रेस्पिरेटरी मेडिसिन, किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी, लखनऊ), डॉ. रविन्द्र कुमार गर्ग (प्रोफेसर एवं एच ओ डी न्यूरोलॉजी), डॉ मोहम्मद इक्तेदार हुसैन फारूखी (वैज्ञानिक) को सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि जस्टिस ए आर मसूदी (सीनियर जज लखनऊ बेंच, इलाहाबाद हाईकोर्ट) उपस्थित रहेंगे। साथ ही कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रोफेसर नसीम जैदी रिटायर्ड आई ए एस करेंगे और ऐनुल हसन (वाइस चांसलर, मौलाना आज़ाद नेशनल उर्दू यूनिवर्सिटी, हैदराबाद) भी शिरकत करेंगे। कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 11:30 मौलाना आजाद इंस्टीट्यूट के सभागार में होगी।

# बच्चों को पोषित करने वाली आंगनबाड़ी के पास खुद की छत नहीं




*अवधनामा संवाददाता*

**बीकापुर, अयोध्या।** बच्चों और गर्भवती महिलाओं के पोषण का जिम्मा संभालने वाले बाल पुष्टाहार परियोजना विभाग बीकापुर आजकल अव्यवस्था का शिकार है। बीकापुर मुख्यालय पर प्रयागराज हाईवे के किनारे स्थित बाल विकास परियोजना अधिकारी का कार्यालय, जो कि कई दशकों पूर्व स्थापित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के पुराने और जर्जर भवन में संचालित हो रहा है, अब खतरे में है। इस भवन में जगह की कमी के कारण अधिकारियों और आंगनबाड़ी केंद्र की सुपरवाइजर को बैठाने में परेशानी हो रही है। बारिश के मौसम में छत से पानी टपकने की समस्या बनी रहती है, जिससे कमरे में पानी और सीलन फैल जाती है। इस जर्जर भवन में बच्चों और गर्भवती महिलाओं को वितरित किए जाने वाले पुष्टाहार को रखने में भी समस्या होती है। इसके अलावा, भवन की चारदीवारी से सटाकर दुकानदारों द्वारा सब्जी, फल, और गुमटी आदि रखकर अतिक्रमण किया गया है, जिससे अतिरिक्त समस्याएँ उत्पन्न हो रही हैं। विकासखंड क्षेत्र में 184 आंगनबाड़ी केंद्र संचालित हैं, जिनमें से 154 मुख्य आंगनबाड़ी केंद्र और 30 मिनी आंगनबाड़ी केंद्र हैं। हालांकि, इनमें से अधिकांश केंद्रों के पास नहीं है अपना खुद का भवन। अभी तक सिर्फ 28 आंगनबाड़ी केंद्रों का भवन निर्माण पूरा हुआ है, जबकि 156 केंद्रों के पास अपनी बिल्डिंग नहीं है और वे स्कूलों के बरामदों, अतिरिक्त कक्षों या पंचायत भवनों में संचालित हो रहे हैं।तीन आंगनबाड़ी केंद्रों का भवन निर्माणाधीन है, जबकि 20 अन्य केंद्रों के भवन का निर्माण प्रस्तावित है। विकासखंड अधिकारी ने बताया कि नए भवन का निर्माण कार्य पिछले तीन महीनों से ठेकेदार द्वारा रोक दिया गया है, और मजबूरीवश कार्यालय पुराने और जर्जर भवन में चल रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि आंगनबाड़ी केंद्रों के लिए प्रस्ताव ग्राम पंचायतों से मांगे गए हैं ताकि नए भवनों का निर्माण कराया जा सके।अभी तक, क्षेत्र में 163 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के अलावा 30 मिनी आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां और सहायिकाएं तैनात हैं।

# अवध विवि में दो वर्ष पूर्ण होने पर कुलपति ने राज्यपाल से शिष्टाचार भेट की



*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो0 प्रतिभा गोयल के दो वर्ष पूरे होने पर कुलाधिपति एवं राज्यपाल आनंदीबेन पटेल द्वारा उनके प्रयासों को सराहा। संविधान दिवस के दिन कुलपति प्रो0 गोयल ने कुलाधिपति से दो वर्ष सफलतापूर्वक पूरे होने पर शिष्टाचार भेट की। कुलाधिपति ने उनके द्वारा की गई शैक्षिक गतिविधियों में तीव्रता की सराहना की। मालूम हो कि कुलाधिपति एवं राज्यपाल द्वारा प्रो0 गोयल को तीन वर्ष के लिए विश्वविद्यालय का कुलपति नियुक्त किया था। इन्होंने 22 नवम्बर, 2022 को विश्वविद्यालय की कुलपति का कार्यभार ग्रहण किया। इनके तीन वर्ष में से दो वर्ष पूर्ण होने पर उन्होंने कुलाधिपति से शिष्टाचार भेट की। कुलपति प्रो0 गोयल के दो वर्ष में कई शैक्षणिक गतिविधियां शामिल रही जिनमें छात्र-छात्राओं को रोजगार से जोड़ने के लिए विश्वविद्यालय में स्किल हब की स्थापना की गई और 55 से अधिक शोध संस्थानों के साथ प्रशिक्षण, प्लेसमेंट संबंधी एमओयू किया गया। वही शोध छात्रों के लिए राष्ट्रीय, अन्तरराष्ट्रीय संगोष्ठियां एवं फेलोशिप के लिए विश्वविद्यालय स्तर से वित्तीय सहायता के लिए प्रावधान किया गया है। वहीं सत्र 2024-25 में विश्वविद्यालय में शोध एवं विकास नीति लागू की गई। दूसरी ओर कुलपति प्रो0 गोयल के कुशल निर्देशन में विश्वविद्यालय में शिक्षकों की सुविधा के लिए परामर्श नीति बनाई गई है। महिलाओं को बेटियों को जागरूक करने के लिए विश्वविद्यालय द्वारा गोद लिए गांव में व्यापक स्तर पर जागरूकता शिविर लगाये गए। इसके अलावा छात्र-छात्राओं को स्वरोजगार से जोड़ने के लिए मशरूम उगाने का प्रशिक्षण दिया गया। वहीं विद्यार्थियों के लिए फ्री ओपेन लाइब्रेरी की सुविधा प्रदान की गई। इस वर्ष कुलपति प्रो0 गोयल कुशल प्रबंधन में रामनगरी अयोध्या में श्रीराम के प्राण प्रतिष्ठा के बाद पहले दीपोत्सव में 2512585 दीयों को प्रज्वलित एक नया विश्व रिकार्ड बना। इसके अतिरिक्त अन्तरराष्ट्रीय योग दिवस पर 1 लाख 23 हजार 664 लोगों को योग शपथ दिलाई एवं राजभवन में सम्मानित की गई। इसके अलावा कुलपति प्रो0 गोयल की उपलब्धियों में पीएम उषा के तहत विश्वविद्यालय को 100 करोड़ का अनुदान स्वीकृत हुआ। वही विश्वविद्यालय को नैक ग्रेडिंग में 'ए प्लस प्लस' दिलाने के लिए एक्यूआर सबमिट करने की तैयारी जोरों पर है। इसके अलावा कुलपति के विश्वविद्यालय में दो वर्ष के कार्यकाल में कई अनगिनत शैक्षिक गतिविधियां शामिल रही। इस उपलब्धि पर कुलाधिपति ने कुलपति प्रो0 गोयल का बधाई दी।

## पूर्वांचल विकास बोर्ड की बैठक अयोध्या में हुई आयोजित

**अयोध्या।** पूर्वांचल विकास बोर्ड की बैठक अयोध्या में आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता उपाध्यक्ष नरेन्द्र सिंह ने की। इस बैठक में अयोध्या मण्डल के विभिन्न विकास पहलुओं पर चर्चा की गई। मण्डलायुक्त गौरव दयाल और अन्य अधिकारियों ने अयोध्या मण्डल में चल रही परियोजनाओं और विकास कार्यों के बारे में जानकारी दी।

बैठक में बोर्ड के सदस्यों ने अयोध्या के ग्रामीण क्षेत्रों के विकास, सड़क निर्माण, शिक्षा, चिकित्सा, जल संरक्षण, महिला समूह, कृषि, और आपदा प्रबंधन जैसे प्रमुख मुद्दों पर सुझाव दिए। उपाध्यक्ष नरेन्द्र सिंह ने इन सुझावों को शासन स्तर पर भेजने के निर्देश दिए और पूर्वांचल क्षेत्र की सड़कों को फोरलेन बनाने के लिए प्रस्ताव तैयार करने का निर्देश दिया। इसके अतिरिक्त, उन्होंने अयोध्या रिंग रोड योजना को समय पर पूरा करने, बेसिक और माध्यमिक शिक्षा, पर्यटन, और छुट्टा जानवरों की समस्या समाधान पर भी विशेष ध्यान देने की बात कही।

## अब डेयरी व्यवसाय के साथ बढ़ेगी अयोध्या के किसानों की आय

**अयोध्या।** रामनगरी में एक तरफ तेजी नेशनल व इंटरनेशनल ब्रांड अपना आउटलेट खोल रहे हैं। दूसरी तरफ योगी सरकार यहां के किसानों को भी आगे बढ़ाने का काम कर रही है। मिनी नंदिनी कृषक समृद्धि योजना के तहत दूध डेयरियों की स्थापना कराने के साथ ही किसानों की आय बढ़ाने की तैयारियां तेज हो गई हैं।

भव्य राम मंदिर में रामलला के विराजमान होने के बाद प्रदेश की योगी सरकार ने अयोध्या के व्यवसाय को भी नई ऊंचाइयां दी हैं। किसान भी अपनी आय बढ़ा सकें। इसके लिए मिनी नन्दिनी कृषक समृद्धि योजना लागू की गई है।

योजना के तहत स्वदेशी गाय पालने पर शासन की ओर से कुल लागत का 50 प्रतिशत अनुदान दिया जाएगा। योजना के तहत पशुपालकों को गिर साहीवाल व थारपरकर नस्ल की गायों को पालकर डेयरी की शुरुआत करनी होगी। 10 गायों के साथ डेयरी उद्योग शुरू करने की लागत 23.60 लाख आएगी।

इसकी आधी धनराशि शासन की ओर से अनुदान के रूप में गोपालक को दी जाएगी। योजना के तहत पूर्व में संचालित कामधेनु, माइक्रो कामधेनु अथवा नंद बाबा दुग्ध मिशन के अंतर्गत संचालित नन्दिनी कृषक समृद्धि योजना, मुख्यमंत्री स्वदेशी गो संवर्धन योजना का लाभ लेने वाले किसान इस योजना के लिए पात्र नहीं होंगे।

मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. शिव मूर्ति प्रसाद ने बताया कि योजना के तहत अब तक 10 आवेदन आ चुके हैं। 30 नवम्बर अंतिम तिथि है।

# विभागीय लापरवाही से जर्जर सड़क पटरियो ने ली विवाहिता की जान



*अवधनामा संवाददाता*

**मसौली बाराबंकी।** विभागीय लापरवाही एव अनदेखी के चलते मानकविहीन पक्की सड़को की पटरियो पर आये दिन होने वाली दुर्घटनाओं के कारण लोग काल के गाल मे समाते जा रहे है ताजा उदाहरण थाना क्षेत्र के ग्राम त्रिलोकपुर के निकट आस्तित्वविहीन पटरी के चलते हुए दुर्घटना मे एक महिला की मौत हो गयी। थाना क्षेत्र के कस्बा त्रिलोकपुर निवासी मो0 अलीम उर्फ़ रवि एक सप्ताह पूर्व अपनी पत्नी जाहिदा के साथ बाईक से फतेहपुर थाना क्षेत्र के ग्राम सिहाली से घर वापस लौट रही थी कि मां दुर्गा मैरिज लॉन के निकट बाईक असुंतलित होकर आस्तित्वविहीन पटरी के कारण गहरी खाई मे चली गयी जिससे बाईक सवार दम्पति गंभीर रूप से घायल हो गये जिन्हे जिला अस्पताल मे भर्ती कराया गया प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें बेहतर इलाज के लिए मेयो अस्पताल रेफर किया गया। डॉक्टरों ने जाहिदा की हालत को गंभीर बताते हुए कई दिनों तक इलाज किया, लेकिन स्थिति बिगड़ने के कारण उन्होंने जवाब दे दिया। इलाज के दौरान संघर्ष करते हुए घर लौटने के कुछ ही समय बाद जाहिदा की मौत हो गई।

## परिवार पर टूटा दुख का पहाड़

जाहिदा की मौत से उनके परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। घर की बड़ी बहू होने के कारण पूरे परिवार और गांव में शोक की लहर दौड़ गई। जाहिदा का 6 माह का बेटा शाहनवाज अपनी मां के लिए रो रहा है। बता दें कि जाहिदा की शादी एक साल पहले 18 फरवरी 2023 को अछेछा गांव में हुई थी। उनका परिवार उन्हें एक खुशहाल जीवन देने की उम्मीद कर रहा था, लेकिन इस हादसे ने सारी खुशियां छीन लीं।

## जानलेवा हमले के आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

*अवधनामा संवाददाता*

**बीकापुर - अयोध्या।** करीब डेढ़ महीने से फरार चल रहे जानलेवा हमले के आरोपी को गिरफ्तार करने मे कोतवाली पुलिस को सफलता मिली है। प्रभारी निरीक्षक लालचंद सरोज के नेतृत्व मे बीकापुर पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर सुल्तानपुर जनपद निवासी जानलेवा हमले के आरोपी शेर अली पुत्र रफीक उर्फ फागू निवासी अमरेमऊ थाना करौदी कला जनपद सुल्तानपुर को बुधवार शाम करीब 6 बजे कोतवाली क्षेत्र के खजुरहट मिल्कीपुर मोड़ के पास से गिरफ्तार किया गया। तलाशी लेने पर आरोपी के पास से पुलिस द्वारा 315 बोर का एक देसी तमंचा और एक कारतूस खोखा बरामद किया है। गुरुवार को आरोपी का चलन करके पुलिस द्वारा न्यायालय भेजा गया है। प्रभारी निरीक्षक लालचंद सरोज ने बताया कि घटना के बाद आरोपी फरार था जिसकी तलाश की जा रही थी बुधवार शाम को आरोपी को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया गया है। घटनाक्रम के बारे में बताया गया कि कोतवाली क्षेत्र के खजुरहट-मिल्कीपुर रोड पर कोछा बाजार के समीप डड़वा अमावां के पास 12 अक्टूबर की रात करीब 1:30 बजे किराए के मकान में रह रहे सुल्तानपुर जनपद निवासी दो हिस्ट्रीसीटर किसी बात को लेकर आपस में भिड़ गए गए थे। गोली और चाकू से जानलेवा हमला हुआ था। मौके पर पहुंची कोतवाली पुलिस द्वारा गोली लगने से गंभीर रूप से घायल एक 36 वर्षीय युवक कृष्ण कुमार निषाद निवासी श्रवन मघौरा थाना गोसाईगंज जनपद सुलतानपुर को लहूलुहान हालत में रात करीब 2 बजे उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बीकापुर लाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने के चलते चिकित्सक अनुराग गुप्ता ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया था जहां उपचार के बाद हालत में सुधार हुआ। घटनास्थल पर कमरे के अंदर बाहर और छत के ऊपर भी कई जगह खून बिखरा मिला था। पुलिस अधिकारियों के अलावा पुलिस अपराध शाखा की एसओजी, सर्विलांस और फॉरेंसिक टीम द्वारा भी पहुंचकर जांच पड़ताल की गई गई थी। और आरोपियों को पकड़ने तथा घटना के खुलासा के लिए लगी हुई है। गोली लगने से घायल कृष्ण कुमार निषाद निवासी श्रवण मघौड़ा गोसाईगंज सुल्तानपुर की तहरीर पर मुख्य आरोपी शेर अली सहित पुलिस ने चार आरोपियों के विरुद्ध जानलेवा हमला करने और खड्यंत्र करने की धारा में अभियोग पंजीकृत किया गया था। घटना में शामिल मुख्य आरोपी शेर अली को पकड़ने के लिए कोतवाली पुलिस को डेढ़ महीने बाद सफलता मिली है।

# फर्जी कंपनी बनाकर ने लोगो से ठगे करोड़ो रूपये, कंपनी मालिक फरार, पाँच गिरफ्तार



*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** फर्जी कम्पनी एलयूसीसी के माध्यम से करीब 75 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी करने वाले 05 शातिर अभियुक्तों को स्वाट व सर्विलांस एवं थाना बदोसराय की संयुक्त पुलिस टीम ने किया गिरफ्तार। टीम ने उनके कब्जे से पासबुक, बाण्ड पेपर व 02 अदद चार पहिया वाहन बरामद किया है। पीडिता किरन वर्मा पुत्री स्व0 सालिकराम वर्मा निवासिनी ग्राम बरोलिया थाना बदोसराय ने 6 दिन पूर्व बदोसराय थाना में तहरीर दिया गया कि द लोनी अर्बन मल्टीस्टेट क्रेडिट एंड थिफ्ट कोआपरेटिव सोसाइटी लिमिटेड (एलयूसीसी) नामक फर्जी कम्पनी के एजेण्ट रामनरेश वर्मा पुत्र स्व0 जगदीश प्रसाद निवासी ग्राम बरोलिया थाना बदोसराया द्वारा कूटरचित बांड देकर एक लाख 25 हजार रुपये छल एवं धोखाधड़ी करके ले लियेजिसके बाद पता चला कि उक्त कम्पनी बंद हो गई है और कम्पनी मालिक भाग गये। जिसके बाद पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह द्वारा उक्त घटना का तत्काल संज्ञान लेते हुवे शातिर अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिये जनपद के तेज तर्रार अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी चिरंजीव नाथ सिन्हा को अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिये लगाया जिसके बाद चिरंजीव नाथ सिन्हा के निर्देशन व रामनगर के क्षेत्राधिकारी सौरभ श्रीवास्तव के अलावा स्वाट/सर्विलांस व थाना बदोसराय की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा डिजिटल डेटा व मैनुअल इंटेलीजेन्स के आधार पर गुरुवार को फर्जी एलयूसीसी कम्पनी बनाकर धोखाधड़ी करने वाले पाँच अभियुक्तों संजीव कुमार वर्मा पुत्र कमलेश चन्द्र निवासी इब्राहिमपुर मजरे साढेमऊ थाना फतेहपुर जो (कम्पनी का उप जनपद हेड) है, कंपनी के मैनेजर स्वामी दयाल मिश्रा पुत्र तुलसीराम निवासी भवानीपुरवा मजरे केवलापुर थाना सफदरगंज, जैदपुर एरिया के मैनेजर रामशरण वर्मा पुत्र सुंदर लाल निवासी घिसियावन पुरवा मजरे मुरलीगंज, रामनरेश वर्मा पुत्र स्व0 जगदीश प्रसाद निवासी बरौलिया थाना बदोसराय जनपद बाराबंकी (एजेण्ट/कलेक्शन कर्ता) 5. मनोज कुमार मौर्या पुत्र भीकू मौर्या निवासी अहमदपुर को गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है। टीम ने उनके कब्जे से 33 पासबुक,5 बाण्ड पेपर,1 एमजी हेक्टर की ईवी कार,1 फार्च्यूनर कार बरामद की गई। जबकि 5 अन्य अभियुक्त उत्तम सिंह राजपूत व पत्नी माया सिंह निवासीगण जमुरिया नाला के निकट थाना कोतवाली नगर, कोतवाली नगर के आलापुर निवासी दिनेश कुमार सिंह, अखिलेश मिश्रा निवासी भवानीपुर थाना सफदरगंज और संतोष कुमार मिश्रा निवासी अहमदनगर थाना जैदपुर फरार चल रहे है जिसकी तलाश जारी है। पुलिस पूछताछ व जांच से ज्ञात हुआ कि अभियुक्तगण द्वारा जनपद बाराबंकी व प्रदेश के विभिन्न जनपदों व अन्य प्रदेशों में फर्जी कम्पनी द लोनी अर्बन मल्टीस्टेट क्रेडिट एंड थिफ्ट कोआपरेटिव सोसाइटी लिमिटेड (एलयूसीसी) के नाम से ऑफिस खोलकर कम्पनी का जनपद मुख्य प्रबन्धक अपने नीचे डाउनलाइ एजेण्ट के रूप में जोड़कर उनके माध्यम से जनता के मध्य जाकर विभिन्न स्कीमों के माध्यम से जनता के भोले भाले लोगों को रुपये दोगुना करने का लालच देकर फर्जी बांड बनाकर मेच्योरिटी का पैसा देने का वादा कर धोखाधड़ी करते हैं। कम्पनी के रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट में उल्लेखित मुख्यालय का पता 2 एनडी फ्लोर, सी-8 ओसियन प्लाजा, शालीमार गार्डन ईएक्सटी 2 शाहिबाबाद जनपद गाजियाबाद की तस्दीक की गई तो वहां पर इस नाम की कोई कम्पनी संचालित नहीं है। यह कम्पनी फर्जी तरीके से बैंकिंग का काम करती है जिसका पंजीकरण आरबीआई में नहीं है। जब पीड़ित उनसे अपनी स्कीम के पूरा होने पर पैसे वापस मांगते हैं तो उन्हें पैसा देने में आना कानी कर छल करते हैं। अभियुक्तगण द्वारा कूटरचित दस्तावेज बनाकर अभी तक लगभग 2000 लोगों से पैसा जमा कराकर धोखाधड़ी की गई।

जिसमें उत्तम सिंह राजपूत एवं संजीव कुमार वर्मा मुख्य अभियुक्त हैं। कम्पनी के विरुद्ध उत्तराखण्ड, मध्य प्रदेश, राजस्थान आदि प्रदेशों में कई अभियोग पंजीकृत हैं जिनसे सम्पर्क किया जा रहा है। विवेचना के दौरान थाना बदोसराय में धोखाधड़ी का शिकार हुए 4 अन्य लोगों द्वारा अभियुक्तगण के विरुद्ध तहरीर दी गई है।

## सीनियर कैडेट कुलदीप यादव को किया गया सम्मानित



*अवधनामा संवाददाता*

**महराजगंज(मिठौरा)।** नगर पंचायत चौक में स्थित गोरक्षपीठाधीश्वर महन्त अवेद्यनाथ स्नातकोत्तर महाविद्यालय में संचालित 102 बटालियन एनसीसी के सीनियर कैडेट कुलदीप यादव ने ऑल इंडिया यूपी गंगा ट्रैकिंग कैंप थर्ड बिजनौर में बीते 18 नवंबर से 25 नवंबर तक किसान इंटर कॉलेज मंडावली बिजनौर में प्रतिभा किया। वहाँ पर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में कविता प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया। मंच संचालन में उत्कृष्ट स्थान प्राप्त किया। उक्त कैंप के दौरान चौधरी चरण सिंह, मध्य गंगा बैराज, विदुर कुटी, हस्तिनापुर पांडवों की राजधानी तथा हैदरपुर वेटलैंड का भ्रमण कराया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य लेफ्टिनेंट डॉ रामपाल यादव ने सीनियर कैडेट को मेडल पहनाया एवं प्रशस्ति पत्र भेंट किया। साथ ही महाविद्यालय के 20 कैडेट्स में सर्वश्रेष्ठ कैडेट के रूप में सीनियर कैडेट अवनीश यादव को चुना गया जिसमें उनके कंधे पर सीनियर कैडेट कवच लगाकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त शिक्षकगण, कर्मचारीगण एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। उक्त सूचना महाविद्यालय के सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी डॉ सरोज रंजन ने दी।

## वाहन मि चपेट में आया बुजुर्ग, मौत

**मसौली बाराबंकी।** बाराबंकी-गोंडा बहराइच राष्ट्रीय राजमार्ग पर अत्यधिक वाहनो की रफ्तार लोगो के लिए काल साबित हो रहे है हाइवे पर सावधानी हटी कि दुर्घटना घटी की कहावत सच साबित हो रही है। बुधवार की देर शाम अज्ञात वाहन की चपेट मे आये एक वृद्ध की जिला अस्पताल मे इलाज के दौरान मृत्यु हो गयी। बताते चले कि राजधानी लखनऊ से गोंडा बहराइच, श्रावस्ती, बलरामपुर सहित पड़ोसी देश नेपाल को जोड़ने वाले इस राष्ट्रीय राजमार्ग पर अत्यधिक वाहनो का आवगमन रहता है जरा सी लापरवाही जान पर आ जाती है जिससे हर रोज कोई न कोई दुर्घटना होती रहती है जिसमे लोगो की जाने चली जाती है बुधवार की देर शाम नयागाँव निवासी 65 वर्षीय नारायन पुत्र बेचु लाल सड़क पार कर रहे थे कि अज्ञात वाहन ने जोरदार टककर मार दी परिजनों ने घायल वृद्ध को जिला अस्पताल मे भर्ती कराया जिनकी इलाज के दौरान मृत्यु हो गयी।

## बंगलादेश में हिंदुओं की सुरक्षा को लेकर भेजा पत्रक



*अवधनामा संवाददाता*

**महराजगंज।** बंगलादेश देश में हिंदुओं के उत्पीड़न के खिलाफ गुरुवार को बजरंगदल के कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रपति को संबोधित पत्रक उप जिलाधिकारी को सौंपा। जिसमें उन्होंने हिंदुओं की सुरक्षा की मांग की हैं। राष्ट्रीय बजरंग दल के जिलाध्यक्ष विशाल पुष्कर ने बताया कि बांग्लादेश भी पाकिस्तान में हिंदुओं के दुर्दशा के उपरांत बांग्लादेश भी अब पाकिस्तान की राह पर चल रहा है । उन्होंने इस बात का भी जिक्र किया कि बांग्लादेश के हिंदुओं को प्रताड़ित किया जा रहा है। साथ ही साथ चार सूत्रीय मांग रखते हुए कहा कि बांग्लादेश में रह रहे हिंदुओं के परिवार उनकी संपत्ति व धार्मिक स्थलों की सुरक्षा प्रदान की जाय एवं नष्ट किए गए धार्मिक स्थलों को पुनर्निर्माण करके उनकी सुरक्षा के कदम उठाए जाएं। हिंदुओं की जो संपत्ति नष्ट की गई है उसका आर्थिक मुआवजा तुरंत हिंदुओं को दिलाया जाए।

अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद यह भी मांग करता है कि बांग्लादेश के हिंदुओं को यदि इसी प्रकार प्रताड़ित किया तो आने वाले समय में समस्त हिंदू समाज बांग्लादेश के हिंदू समाज के लिए हर स्तर पर संघर्ष करने की तैयारी के लिए समाज को जागृत करने का काम करेगा।

बांग्लादेश में भारत सरकार आर्थिक व्यापारिक व अन्य सभी प्रकार के व्यवहार हिंदुओं पर अत्याचार बंद होने तक उन पर रोक लगाई जावे बांग्लादेश घुसपैठियों को गिरफ्तार कर उनका देश से निकलना डिपोर्ट करने का कार्य करें। इस दौरान पवन चौधरी, हिमांशु तिवारी, अंकित मिश्रा, आदित्य कश्यप,अरुण सिंह,गगन सोनी सहित आदि लोग मौजूद रहे

## चोखराज विद्यालय में संपन्न हुआ विज्ञान प्रदर्शनी प्रतियोगिता



**सिसवा बाजार(महराजगंज)।** छात्र-छात्राओं में विज्ञान के प्रति रुचि पैदा करने के उद्देश्य से स्थानीय चोखराज तुलस्यान सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में गुरुवार को विज्ञान प्रदर्शनी व रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मदन मोहन मालवीय विश्वविद्यालय के प्रोफेसर सत्यपाल सिंह व जिला विद्यालय निरीक्षक प्रदीप कुमार शर्मा ने फीता काटकर किया। कार्यक्रम में विद्यालय के वैज्ञानिकों ने करीब 127 प्रोजेक्ट प्रस्तुत कर अपने वैज्ञानिक सोच को दर्शाया। उपस्थित अतिथियों ने प्रदर्शनी की सराहना किया। प्रदर्शनी का शुभारंभ करते हुए प्रोफेसर सत्यपाल सिंह व विशिष्ट अतिथि प्रदीप शर्मा ने कहा कि पढ़ने वाले छात्र छात्राएं देश के भविष्य हैं। उनसे देश को बहुत उम्मीदें हैं। विज्ञान पर ही देश की तरक्की और विकास निर्भर है। ऐसे में बच्चे विज्ञान में पूरी रुचि लेकर इसका अध्ययन करें। इस प्रदर्शनी में स्मार्ट बाइक आकर्षण का केंद्र रहा। रंगोली प्रतियोगिता के सीनियर संवर्ग में अंकिता शर्मा ग्रुप को प्रथम, अदिति रौनियार ग्रुप को द्वितीय व रोशनी पटेल ग्रुप को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ।

# अभियान चलाकर आयुष्मान कार्ड का लक्ष्य पूरा करः जिलाधिकारी

*अवधनामा संवाददाता*

**महराजगंज।** जिलाधिकारी अनुनय झा की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई। जिसमें जननी सुरक्षा योजना, आयुष्मान योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदन योजना, राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम, आयुष्मान भारत, संस्थागत प्रसव सहित स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की बिंदुवार समीक्षा की। जिलाधिकारी ने आयुष्मान कार्ड निर्माण की समीक्षा करते हुए निर्देश दिया कि अभियान चलाकर आयुष्मान कार्ड का लक्ष्य पूरा करें। इस संदर्भ में उन्होंने डीपीआरओ को सम्बन्धित पंचायत भवनों पर पंचायत सहायकों की उपस्थिति सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। कहा कि आयुष्मान कार्ड निर्माण में अपेक्षित प्रगति न होने पर एडीओ पंचायत और पूर्ति निरीक्षकों की भी जवाबदेही तय की जाएगी। जिलाधिकारी ने कहा कि 15 दिसंबर तक लक्ष्य को प्राप्त करें। उन्होंने ई-



संजीवनी के तहत टेली कंसल्टेंसी में जिला अस्पताल का प्रदर्शन अपेक्षित न होने पर असंतोष व्यक्त किया और निर्देश दिया कि ई-संजीवनी के तहत प्रति चिकित्सक न्यूनतम 02 टेली कंसल्टेंसी प्रति दिन सुनिश्चित करें। उन्होंने निचलौल और महराजगंज में सीएचओ की उपस्थिति जनपद के औसत से कम होने पर प्रभारी चिकित्साधीक्षक निचलौल और महराजगंज को उपस्थित बढ़ाने के संदर्भ में कड़ा निर्देश दिया। मुख्य विकास अधिकारी ने जिलाधिकारी के निर्देशों का पूर्ण अनुपालन करते हुए स्वास्थ्य सेवाओं में प्रदर्शन सुधारने का निर्देश दिया।

# चाद गर्ल्स इंटर कॉलेज में आयोजित हुआ अंधविश्वास के विरुद्ध वैज्ञानिक जागरूकता कार्यक्रम





**अवधनामा संवाददाता**

**बांसी सिद्धार्थनगर।** आज का युग विज्ञान का युग है, आज के वैज्ञानिक समाज में अंधविश्वास का कहीं स्थान नहीं है। हम सभी को अंधविश्वास से दूर रहकर अपने अंदर वैज्ञानिक दृष्टिकोण जागृत करने का प्रयास करना चाहिए। क्योंकि समाज में व्याप्त अंधविश्वास के कारण समुचित विकास संभव नहीं है। आज के वैज्ञानिक युग में भी लोग टोना टोटका झाड़ फूख व तरह-तरह के मानसिक व्याधियों के शिकार हो रहे हैं। इस वैज्ञानिक कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में व्याप्त अंधविश्वास का उन्मूलन कर एक वैज्ञानिक समाज की स्थापना करना है ।

उक्त विचार जिला विज्ञान क्लब, सिद्धार्थनगर द्वारा विकासखंड खुनियाव अंतर्गत चाद गर्ल्स इंटर कॉलेज टेउवाग्राण्ट में आयोजित अंधविश्वास के विरुद्ध वैज्ञानिक जागरूकता कार्यक्रम को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित करते हुए मोअरशद बाल विकास परियोजना अधिकारी खुनियाव ने व्यक्त किया। अध्यक्षीय संबोधन में प्रो केपी त्रिपाठी पूर्व प्राचार्य राजा रतन सेन पीजी कॉलेज बांसी ने कहा कि अंधविश्वास के उन्मूलन से ही वैज्ञानिक समाज की स्थापना संभव है। हम सभी को समाज में व्याप्त अंधविश्वास व कुरीतियों के उन्मूलन हेतु कृत संकल्पित होना चाहिए कार्यक्रम को उप प्रधानाचार्य पंकज कुमार मिश्रा, विज्ञान शिक्षक वेद प्रकाश शुक्ला, ब्लॉक आउटरीच कोऑर्डिनेटर कविता, वन विभाग के सुधीर कुमार समेत तमाम लोगों ने भी अपने संबोधन में अंधविश्वास के विरुद्ध वैज्ञानिक जानकारी प्रदान किया। उक्त अवसर पर स्कूली बच्चों के बीच अंधविश्वास के विरुद्ध विज्ञान गीत कविता, व्याख्यान, नाटक, चित्रकला प्रतियोगिता भी आयोजित कर उत्कृष्ट बच्चों को पुरस्कृत किया गया। राम भुवाल ने वैज्ञानिक चमत्कारों का प्रदर्शन व व्याख्या भी किया। कार्यक्रम में अतिथियों का स्वागत व संचालन सिद्धार्थ शंकर जिला सहसमन्वयक ने किया। उक्त अवसर पर शिक्षक विजय कुमार, राम रतन चौधरी, रामकिशोर समेत तमाम लोग व स्कूली बच्चे अनिल विश्वकर्मा, आंचल, जया, अर्चना, रागिनी यादव, अंजली मोर्य, यासमीन, साधना मौर्या, रुखसार फातिमा समेत तमाम लोगों की उपस्थित रही। उक्त क्रम में मुख्य विकास अधिकारी के निर्देश पर जिला विज्ञान क्लब सिद्धार्थनगर द्वारा कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय खुनियाव में अंधविश्वास के विरुद्ध विज्ञान जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सिद्धार्थ शंकर द्वारा अंधविश्वास उन्मूलन पर वैज्ञानिक जानकारी प्रदान की गई और स्कूली बच्चों ने अंधविश्वास पर वैज्ञानिक चमत्कारों का प्रदर्शन भी किया। कार्यक्रम में प्रो के पी त्रिपाठी,पूर्व प्राचार्य राजा रतन सेन पीजी कॉलेज बासी, दीप माला त्रिपाठी, उच्चीकृत कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय खुनियांव, सितारा देवी वार्डन कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय खुनियांव, प्रीति पटेल फुल टाइम टीचर, रोहिणी, रागिनी, प्रिया मोर्य, लक्ष्मी यादव समेत तमाम लोग उपस्थित रहे।

## भ्रमण छात्रों के सर्वागीण विकास मे महत्वपूर्ण भूमिका निभाते : प्रो परेश

**जलालपुर अम्बेडकरनगर।** संवाददाता बाबा बरुआदास पीजी कॉलेज, परुइया आश्रम, अम्बेडकर नगर के संस्कृत विभाग द्वारा आयोजित दो दिवसीय शैक्षिक भ्रमण का समापन हो गया है। डॉ सुधीर कुमार पाण्डेय तथा डॉ अराधिका के कुशल नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में संस्कृत विभाग द्वारा नियोजित गन्तव्य स्थल मोक्ष नगरी व अध्ययन केन्द्र के रूप में सुविख्यात वाराणसी का छात्र -छात्राओं ने भ्रमण किया। छात्रों को पाठ्यक्रम से परे की चीजें सीखने का मौका मिलता है, जो उनके भविष्य के लिए उपयोगी सिद्ध हो सकता है। महाविद्यालय छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध रहा है। 27 नवंबर को कॉलेज प्राचार्य प्रो. परेश कुमार पाण्डेय ने छात्र-छात्राओं को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया था। इस अवसर पर प्राचार्य महोदय ने छात्र-छात्राओं को शैक्षिक भ्रमण के दौरान ज्ञानवर्धन के साथ-साथ संस्कृति से जुड़ने का अवसर बताया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के भ्रमण छात्रों के सर्वांगीण विकास में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। विभागाध्यक्ष प्रो. पवन कुमार गुप्त ने डॉ. अराधिका एवं डॉ. सुधीर कुमार पाण्डेय के अथक परिश्रम हेतु हृदय से धन्यवाद ज्ञापित करते हुए भ्रमणार्थियों को शुभकामनाएं दिया।

# भगवान राम के राजतिलक के साथ रामलीला संपन्न

## चौखड़ा में चल रहा 11 दिवसीय रामलीला का हुआ समापन



**अवधनामा संवाददाता**

**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** तहसील क्षेत्र के ग्राम पंचायत चौखड़ा स्थित रामलीला मैदान में रामलीला कार्यक्रम में गत रात्रि भगवान श्री राम के राजतिलक साथ है 11 दिनों तक चलने वाला रामलीला कार्यक्रम समाप्त हो गया।

गतरात्रि दिखाया गया कि रावण वध के बाद भगवान श्री राम सीता और लक्ष्मण के साथ अयोध्या की तैयारी करते हैं उनके साथ हनुमान जी, सुग्रीव, विभीषण, जामवंत भी रहते हैं वहां से सभी लोग चित्रकूट पहुंचते हैं इधर भरत काफी परेशान हो जाते हैं चित्रकूट में भगवान श्री राम हनुमान जी को अयोध्या भेजते हैं कि जाकर भरत को संदेश दे दो हनुमान जी वहां से अयोध्या आते हैं तथा भरत जी को भगवान राम के आने की सूचना देते हैं, पूरे अयोध्या में खुशी की लहर दौड़ जाती है भगवान रामचंद्र जी अपने सभी लोगों के साथ अयोध्या पहुंचते हैं जहां भरत जी उनकी उनका स्वागत करते हैं अयोध्या में दीपावली का त्यौहार मनाया जाता है गुरु वशिष्ठ भरत से राजतिलक पर चर्चा करते हैं राज तिलक की तैयारी होती है पूरेअयोध्या खुशी का माहौल हो जाता है गुरु वशिष्ठ भगवान राम सीता को राजगद्दी पर बैठा कर उनका राजतिलक करते हैं भगवान राम के राज तिलक के साथ रामराज्य की स्थापना भी होती है रामराज में सभी लोग काफी सुखी रहते हैं। राजतिलक के बाद राजा हरिश्चंद्र ड्रामा भी दिखाया गया। इस अवसर पर अरुण कुमार सिंह, शिव मुकुंद सिंह, मंगल हाल, प्रेम रावत, विनोद, गोपाल, धर्मराज, जिगर, मोहित, बजरंग मिश्रा, जयशंकर मिश्रा, धनेश यादव, भरत यादव, शिवम, गुड्डू यादव, गोलू, विवेक सत्य प्रकाश यादव सहित भारी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## सीडीओ ने किया चिल्हिया रजवाहा नहर का निरीक्षण



**शोहरतगढ़ सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** सीडीओ सिद्धार्थनगर जयेंद्र कुमार ने चिल्हिया रजवाहा नहर के किमी. 0.00 से 5.400 तक पुर्नस्थापना एवं दल इस सीमांकन कार्य एवं रेगुलेटर निर्माण कार्य का निरीक्षण किया गया। सहायक अभियन्ता द्वारा बताया गया कि 0.00 पर रेगुलेटर एवं नहर में बोल्डर पिचिंग सहित मुख्य मार्ग से रेगुलेटर तक सड़क की पटरी पर 2 मीटर मिट्टी डालकर चौड़ाई बढ़ाये जाने कार्य कराया जाना है द्य रेगुलेटर में 2-2 मीटर का वाक्स बना है रेडियस 5.5 मीटर है। परियोजना पर कार्य धीमी गति से कराया जा रहा है द्य अभी तक 50 प्रतिशत निर्माण कार्य पूर्ण हुआ है। निर्देशित किया गया कि परियोजना का समस्त कार्य निर्धारित समय सीमा तक निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण कराने का निर्देश दिया।

## अल्ट्राटेक सीमेंट फैक्ट्री परिसर में नि:शुल्क होम्योपैथिक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन



**टांडा अम्बेडकरनगर दानिश मेहदी।** अल्ट्राटेक सीमेंट लिमिटेड की टांडा इकाई द्वारा परिसर में निशुल्क होम्योपैथी चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें फैक्ट्री के आसपास के गांव के आमजन का नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण एवं दवाएं वितरित की गई। शिविर में डॉ आशीष गुप्ता ने लोगों को होम्योपैथी की जानकारी दी। तथा अपनी टीम के साथ जांच कर आवश्यकता अनुसार मरीजों को दवाइयां दी जिसमें फतेहपुर बिहरा, कनोडा, हुसैपुर एवं मखदूम नगर के सैकड़ों लोगों ने लाभ उठाया। चिकित्सा शिविर का शुभारंभ इकाई प्रमुख नागेश उपाध्याय द्वारा डॉ आशीष गुप्ता को पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत एवं ग्रामीणों के अभिवादन तथा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इकाई प्रमुख द्वारा ग्रामीणों के बेहतर स्वास्थ्य की कामना की गई। शिविर में के के तिवारी, अवधेशराय, कृष्णा सिंह आदि के अलावा सैकड़ों ग्रामीण मौजूद रहे। शिविर के अंत में एच आर हेड करुणा करण तिवारी ने सभी का आभार व्यक्त किया एवं कहा कि हम फैक्ट्री के आसपास ग्रामीणों के लिए विकास, स्वास्थ्य एवं बेहतर जीवन के लिए कार्य करते रहेंगे।

# भ्रष्टाचार से तंग शिवभारी गांव के दर्जनों लोगों ने की डीएम से सामूहिक शिकायत

**अनिल कुमार**

- जिम्मेदारों की मिलीभगत से विकास के नाम पर फर्जी तरीके से पेमेंट कर सरकारी धन का बंदरबांट करने का लगाया आरोप



**बढ़नी सिद्धार्थनगर।** जनपद के विकास खंड बढ़नी अंतर्गत ग्राम पंचायत सिसवा उर्फ शिवभारी गांव के दर्जनों लोगों ने विकास के नाम पर जमकर भ्रष्टाचार करने का सामूहिक रूप से लिखित शिकायती पत्र जिलाधिकारी राजा गणपति आर को दिया है।

अश्विनी सिंह की अगुवाई में शपथ पत्र व फोटो ग्राफी साक्ष्य सहित दर्जनों ग्रामवासियों ने अपाने शिकायती पत्र में कई बिंदुओं पर जांच की मांग करते हुए लिखा है कि 28-10-2024 को एक प्रार्थना पत्र दिया गया था। जिसका कोई संज्ञान नहीं लिया गया है। इस कारण से हम सभी गांव वाले दोबारा श्रीमान जी को अवगत करा रहे है। उक्त मामले को संज्ञान में लेते हुए किसी सक्षम अधिकारी द्वारा जांच करवा कर दोषियों के विरूद्ध उचित कार्यवाही किया जाना आवश्यक एवं न्याय संगत है। मिली जानकारी अनुसार गांव वालों ने अपने शिकायती पत्र में लिखा है कि पूरे ग्राम पंचायत में विकास के नाम पर लूट मची हुई है.कई सड़कें, चकरोड, खड़ंजा, सीसी रोड दिखा कर धन निकाल लिया गया है। जबकि आज तक वहां कोई सी सी रोड बना ही नहीं है। उक्त संबंध में कई बार खण्ड विकास अधिकारी बढ़नी व पंचायत सचिव रविकांत यादव को फोन से व लिखित शिकायत करने के बावजूद किसी भी तरह का कोई संज्ञान नहीं लिया जाता है और पंचायत सचिव रविकांत यादव से शिकायत करने व सूचना का अधिकार के तहत सूचना की मांग पर भी इनके द्वारा न तो संज्ञान लिया जाता है और न ही कोई सूचना दिया जाता है। गांव निवासी अश्विनी सिंह, राम चंदर, सुग्रीम वरुण, लाल मोहम्मद, संजीत, तिलकराम, नूर मोहम्मद, अब्दुल मन्हार, इबरार अहमद, सुबरन, नितिन कुमार मौर्य,भरत किशोर, अरविन्द आर्या, वासदेव, प्रेम यादव, भरत साहू, बृजलाल विश्वकर्मा आदि लोगों ने मामले की जांच किसी उच्चाधिकारी से कराये जाने की मांग की है।

## जिला अध्यक्ष की बर्खास्तगी व लेखपालों का निलंबन को लेकर लेखपालों ने कार्य बहिष्कार कर दिया धरना



**बांसी सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** लेखपाल संघ के जिला अध्यक्ष की बर्खास्तगी व लेखपालों का निलंबन वापस लेने सहित कई अन्य मांग को लेकर लेखपालों ने बृहस्पतिवार कार्य वहिष्कार कर तहसील कार्यालय परिसर में धरना दिया। धरना की अध्यक्षता तहसील अध्यक्ष विनोद गौतम ने किया। धरने को संबोधित करते हुए तहसील अध्यक्ष ने कहा कि लेखपाल संघ सिद्धार्थनगर सभी मांग व समस्याओं का शासनादेश के अनुसार अनुपालन चाहता है। सभी समस्याएं जिलाधिकारी के संज्ञान में है। परंतु उनके द्वारा समस्याओं का निस्तारण न करके कार्यवाही का डर दिखाकर लेखपालों की आवाज को दबाया जा रहा है और भ्रष्ट अधिकारियों को संरक्षण दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि लेखपाल संघ सिद्धार्थनगर जिलाधिकारी के स्थानांतरण की मांग करता है। उन्होंने कहा कि नियम विरुद्ध तानाशाही रवैया अपनाते हुए चिकित्सा अवकाश पर चल रहे जिला अध्यक्ष अजय गुप्ता को बर्खास्त किया गया है। जिसको लेकर सभी लेखपाल आक्रोशित है। धरने में भानु प्रताप, अमरनाथ त्रिपाठी, अर्निका, उषा, रत्नाकर मिश्र, अनिल श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

# पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय में बैगलेश डेके अंतर्गत विद्यार्थी सीख रहे हैं विभिन्न हुनर

**अवधनामा संवाददाता**



**सिद्धार्थनगर।** बैगलेश डे के अंतर्गत पी एम श्री केंद्रीय विद्यालय में विद्यार्थियों में उनकी पसंद के अनुसार विभिन्न स्किल को विकसित करने हेतु विद्यालय में ही गार्डेनिंग, टेलरिंग, कारपेंटरी, इलेक्ट्रिशियन, ब्यूटीशियन, पॉटरी वर्क, संगीत- नृत्य तथा आर्ट एवं क्राफ्ट के साथ साथ पेंटिंग का कार्य अनुभवी एवं कुशल प्रशिक्षकों द्वारा सीख रहे हैं।

इस संदर्भ में विद्यालय के प्राचार्य नीरज कुमार शुक्ल ने बताया कि सत्र 2024- 25 में 10 दिन का बैगलेश डे मनाना है, जिसके अंतर्गत इन 10 दिनों में कक्षा छठवीं से आठवीं के विद्यार्थियों को पढ़ाई के अतिरिक्त उनके चुनिंदा और मनपसंद स्किल को निखारने के लिए छोटे छोटे समूहों में विभक्त कर उन्हें कुशल एवं अनुभवी प्रशिक्षकों द्वारा प्रशिक्षित किया जा रहा है। विद्यालय में इसके अंतर्गत दो सत्रों 5/5 दिन में कार्यशालाएं आयोजित की जाएंगी। प्रथम सत्र में इन 5 दिनों (दिनांक 25/11/24 से 29/11/24 तक) विद्यार्थी बिना कॉपी, किताब के विद्यालय आएंगे एवं गार्डेनिंग, टेलरिंग, कारपेंटरी, इलेक्ट्रिशियन, ब्यूटीशियन, पॉटरी वर्क, संगीत- नृत्य तथा आर्ट एवं क्राफ्ट के साथ साथ पेंटिंग के लिए अलग - अलग शिक्षक प्रभारी बनाए गए हैं। वे कुशल एवं अनुभवी प्रशिक्षकों से संबंधित विद्यार्थियों को प्रशिक्षण दिलवा रहे हैं। इसका मुख्य उद्देश्य पढ़ाई के साथ साथ विद्यार्थियों के अंदर किसी विशेष स्किल को विकसित करना है। प्राचार्य ने बताया कि विद्यार्थी पूरे मनोयोग से अपना अपना कार्य सीख रहे हैं।

## दिव्यांग बच्चो की तहसील स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन




**जलालपुर अम्बेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** समग्र शिक्षा अभियान के अंतर्गत बुधवार को दिव्यांग बच्चों की तहसील स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन ब्लॉक संसाधन केंद्र जलालपुर में किया गया। भियांव व जलालपुर ब्लॉक के 50 दिव्यांग बच्चों ने हिस्सा लिया। खेल प्रतियोगिता में बच्चों ने काफ़ी उत्साह दिखाया। खेल प्रतियोगिता में भियांव ब्लॉक के उच्च प्राथमिक विद्यालय रामगढ़ की शिवांगी का दबदबा रहा। शिवांगी बैलून व सुलेख प्रतियोगिता में अव्वल रही।मेंढक दौड़ में जलालपुर ब्लॉक के उच्च प्राथमिक विद्यालय भिटौरा उत्तर के बालक वर्ग में पतंग ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। जलालपुर ब्लॉक के प्राथमिक विद्यालय धौरुआ की साक्षी ने चित्र प्रतियोगिता में बाज़ी मारी। मेंढक दौड़ में बालिका वर्ग में भियांव ब्लॉक के प्राथमिक विद्यालय प्रताप पुर कला की सलोनी प्रथम स्थान पर रही। खंड शिक्षा अधिकारी मीनाक्षी सिंह ने विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया। निर्णायक मंडल में स्पेशल एजुकेटर अखिलेश कुमार, जगदीश कुमार, रवीन्द्र निषाद तिलक धारी पाल, राजेश कुमार शामिल रहे। खेल प्रतियोगिता में अल्प दृष्टि दोष के बच्चों को चश्मा भी वितरित किया गया। उक्त अवसर पर ब्लॉक शिक्षक संघ कोषाध्यक्ष मोहम्मद अलकमा, रविन्द्र वर्मा, मोहम्मद अनीस, संजय सिंह, निशात अहमद आदि मौजूद रहे।

## सीआरपीएफ जवान के बंद मकानों में चोरी

**अवधनामा संवाददाता**

**मंडावर।** मकान के ताले तोड़कर घर का सामान चुरा कर ले गए चोर। सीआरपीएफ जवान के बंद पड़े मकानों को अपना निशाना बनाते हुए चोरों ने घर के ताले तोड़कर घर में रखा सारा सामान चुरा कर ले गए। बुधवार की देर रात मंडावर थाना क्षेत्र के ग्राम तैय्यबपुर क़ाज़ी उर्फ काजीवाला गांव में बंद पड़े एक मकान में चोरों ने ताले तोड़ कर घर में रखा सामान चोरी कर लिय, चोर इतने शातिर थे, कि चोरों ने घर में लगे सीसीटीवी कैमरे भी चोरी कर लिए ताकि कोई सबूत हाथ ना लग सके। थाना क्षेत्र के गांव काजीवाला निवासी नरेंद्र सिंह पुत्र जयपाल सिंह पन्द्रह साल से सीआरपीएफ में जम्मू कश्मीर के पास तैनात है, कुछ समय पूर्व पत्नी का स्वर्गवास हो गया था जिसमें उनके दो बच्चे बिजनौर में अपनी बुआ के पास में रहते हैं, मकान बंद पड़े हुए थे,चोरों ने मकान के ताले तोड़ सोने चांदी के आभूषण सहित एलसीडी एवं अन्य सामान चोरी कर लिया।

## छः दिवसीय मेले का हुआ समापन



**लोटन सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** मोहाना थाना क्षेत्र के सिकरी बाजार में चल रहे छः दिवसीय भव्य वार्षिक मेले का बुधवार को समापन हुआ। मेले में भारी भीड़ रही। तरह तरह की समानों की सजी दुकानें एवं झूलें, ब्रेक डांस, बच्चों के छोटे छोटे झूलें भी लोगों को अपनी ओर आकर्षित कर रही थी। खाजा, मिठाई, खिलौने की दुकानों पर भीड़ अधिक रही। सौंदर्य प्रसाधन एवं घरेलू वाली दुकानों पर महिलाओं की भीड़ जुटी रही। पुलिस प्रशासन ने किसी भी अप्रिय व अनहोनी घटना को रोकने व निपटने के लिए बड़ी संख्या में पुलिस बल मौजूद रहीं। मोहाना थानाध्यक्ष अनूप मिश्रा, मेला प्रभारी उपनिरीक्षक सुधीर त्रिपाठी हमराहियों के साथ सुरक्षा व्यवस्था की निगरानी करते देखे गये। कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के साथ मेला शांतिपूर्ण सम्पन्न हो गया। इस दौरान मेला समिति अध्यक्ष योगेंद्र मौर्या उर्फ टाईगर, मेला प्रबंधक मणिकांत शुक्ला, रूद्र नारायण पाण्डेय, वजीहुदीन, सन्दीप मद्धेशिया, रमेश पाण्डेय, दृग नारायण सिंह, रामलाल सहित आदि लोग मौजूद रहे।

## आवास नहीं बनाने वालों से होगी रिकवरी

**उरई (जालौन) अवधनामा संवाददाता।** पीएम आवास के लिए जिनके बैंक खातों में धनराशि भेजी गई इसके बाद भी जिन्होंने आवास नहीं बनाए हैं उनसे सरकारी धन की रिकवरी की जाएगी। पीएम आवास योजना के अंतर्गत तमाम पात्र लोगों द्वारा अब तक आवासों का निर्माण नहीं कराये जाने की सूचना डूडा विभाग के पास है जो संबंधित लोगों से धनराशि की रिकवरी करेगा। डूडा विभाग के जेई योगेंद्र सिंह ने एक जानकारी में बताया कि पीएम आवास योजना के अंतर्गत पात्रों के बैंक खातों में करीब एक वर्ष पूर्व धनराशि भेजी गई थी। धनराशि निकालने के बाद भी कुछ लोगों द्वारा आवास का निर्माण नहीं कराया जा सका है। विभाग अब ऐसे लोगों से धनराशि की रिकवरी करेगा। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा है कि ऐसे सभी लोग शीघ्र ही अपना अपना आवास निर्माण कार्य शुरू कर लें।


## आत्मा का परमात्मा से मिलन ही महारास है

**अवधनामा संवाददाता**

**उरई (जालौन)।** गहोई भवन में चल रही श्रीमद्भागवत कथा में कथा व्यास पुरुषोत्तम कृष्ण शास्त्री जी महाराज ने महारास, गोपी गीत और रुक्मिणी विवाह की कथाएं सुना कर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। कथा प्रवक्ता ने कहा कि महारास वस्तुतः आत्मा का परमात्मा से मिलन और एक भक्त का भगवान के प्रति ऐसा निश्चल प्रेम है जिसे शब्दों में व्यक्त ही नहीं किया जा सकता है। कान्हा के राधा व गोपियों संग किए गए महारास में समय की गति थम गई थी। चंद्रमा अस्त नहीं हुआ और सूर्य उदय नहीं हुआ, यमुना का पानी रुक गया तथा गोपियों के हृदय में कृष्ण बस गए थे। कथा व्यास ने बताया कि कान्हा के द्वारा किया गया महारास बहुत ही मनोहर व प्रेम से परिपूर्ण था जिसकी केवल कल्पना मात्र से ही यह सबके हृदयों को भावपूर्ण कर देता है, तो सोचिए जो इसकी साक्ष्य बनी थीं उन गोपियों की क्या दशा हुई होगी। स्वयं राधा ने जब कान्हा की मुरली की धुन सुनी तो वह यमुना किनारे नंगे पैर दौड़ पड़ी थी।

# छह सौ रसोइयों को विधायक ने भेंट किया दिवाली उपहार

**अवधनामा संवाददाता**



**शोहरतगढ़ सिद्धार्थनगर।** शोहरतगढ़ विधानसभा क्षेत्र के ब्लॉक संसाधन केंद्र शोहरतगढ़, जोगिया व नौगढ़ के स्कूलों में कार्यरत कुल छः सौ रसोइयों को शोहरतगढ़ विधायक विनय वर्मा पत्नी बबिता वर्मा ने बुधवार को ब्लॉक संसाधन केंद्र शोहरतगढ़ परिसर में दिवाली का उपहार भेंट किया।

विधायक विनय वर्मा ने अपनी पत्नी बबिता वर्मा के साथ कपड़े व मिठाइयां उपहार स्वरूप भेंट किया। रसोईया उपहार पाकर काफी खुश रही। विधायक विनय वर्मा ने कहा कि स्कूलों में पढ़ रहे नौनिहालों बच्चों को विद्यालय की रसोइया पूरे दिन मेहनत करते हुए भोजन परोसने व खिलाने का काम करती हैं और उन्होंने कहा कि रसोइयों का मानदेय बढ़ाने के लिए आवश्यक पहल किया जाएगा। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सिद्धार्थनगर देवेंद्र कुमार पाण्डेय ने कहा कि विद्यालयों में कार्यरत रसोईया विद्यालय परिवार की एक अभिन्न अंग है। उनके सहयोग से विद्यालय की व्यवस्था के संचालन में काफी मदद हासिल होती है।

इस दौरान खंड शिक्षा अधिकारी शोहरतगढ़ संतोष कुमार शुक्ला , नौगढ़ ब्लाक खंड शिक्षा अधिकारी धर्मपाल जोगिया ब्लाक खंड शिक्षा अधिकारी कमला प्रसाद प्रजापति, रामदास मौर्य, मनोज यादव, मुस्तन शेरुल्लाह, आशुतोष सिंह, आदित्य शुक्ला, अभय सिंह, पंकज त्रिपाठी, लालजी यादव, रत्नेश सोनी, राधेश्याम वर्मा,संजीव राम, सुशील कुमार सिंह, अमित चौधरी, आशिक राजा खान, पप्पू यादव, तुलसीराम, स्वाति वर्मा, रश्मि शर्मा, कल्पना, अनूप त्रिपाठी, रामाश्रयलाल, सौरभ निगम, मोहम्मद नैय्यर सिद्दीकी, अनुराग दिक्षित, आनंद गौतम, मोहम्मद आमिर, क्षमा अग्निहोत्री, सरोज शुक्ला, दिलीप कुमार, राकेश राज, विजय बहादुर, अमरेश कुमार, प्रवीन यादव, अनुभव श्रीवास्तव आदि लोग मौजूद रहे।

## मानक विहीन नाली निर्माण पर ग्रामीणों में आक्रोश

**शोहरतगढ़ सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** शोहरतगढ़ विकास क्षेत्र के गांव परसिया में नाली निर्माण के नाम पर ग्राम प्रधान व सचिव द्वारा बिना काम करवायें मोटी रकम निकाल लिया गया। ग्रामीणों ने जब विरोध किया तब जाकर अब काम शुरू करवा रहे हैं वो भी मानक विहीन जिससे ग्रामीणो में आक्रोश व्याप्त है। प्राप्त जानकारी के अनुसार शोहरतगढ़ विकास क्षेत्र के परसिया ग्राम पंचायत के प्रधान और सचिव मिलकर ग्राम पंचायत निधि से नाली निर्माण के नाम पर एक लाख चालीस हजार रूपए निकाल लिया, लेकिन हजम करने से पहले ग्रामीणों को भनक लग गई जिससे अब आनन-फानन में सड़क इन्टरलाकिग का काम करवा रहे हैं। 45510 रुपए 16 नवम्बर कों ही किसी पाण्डेय कन्सट्रक्सन



फर्म में भुगतान किया गया है। इसी तरह सब पैसा निकाला गया। ग्राम पंचायत के सचिव सुमन पटेल का कभी भी फोन नहीं उठता है।जब फोन करके सचिव से इस सम्बन्ध में जानकारी मांगा गया तो फोन सुमन पटेल के हसबेंड रिसीव कर ऊट पटांग जबाब देते हैं। सुमन पटेल का पूरा काम उनके हसबैंड ही करतें जो हर ग्राम पंचायत में उल्टा-सीधा भुगतान करते रहते हैं। ऐसे में कहा तक गांव का विकास होता है ये तों जांच का विषय है।इस सम्बन्ध में खण्ड विकास अधिकारी यशोवर्धन सिंह से बात किया गया तों उन्होंने कहा कि अगर सब काम सचिव के हसबैंड करते हैं तों गलत है जांच कर कार्यवाही किया जायेगा।

## ट्रम्प और चीन

ट्रम्प के आने से चीन आशंकित है क्योंकि ट्रम्प से उसके सम्बन्ध ठीक नहीं रहे है ट्रम्प और चीन एक दूसरे को पसन्द नहीं है। चीन ट्रम्प के पहले काल के विरोधी नीतियों से रूबरू है। ट्रम्प ने चीन से आने वाले सामानों पर 60 प्रतिशत टैरिफबढ़ाने की बात कहते रहे है। पहले कार्यकाल में ट्रम्प ने यही किया था। दस प्रतिशत अतिरिक्त टैक्स बढ़ाने का असर चीन जीडीपी पर पड़ेगा। इसके असर से अगले साल चीन के डीजेपी में 0.3 परसेन्ट से 0.4 परसेन्ट तक गिरावट आ सकती है। चीन में चल रहे संकट के लिहाज से यह चीन के लिये पूरी तरह चिन्ताजनक होगा। ट्रम्प की योजना अयातित समानों पर टैक्स बढ़ाने का है। चीन का अमेरिका को निर्यात 14 प्रतिशत कम होकर 500.29 डालर रह गया है।

ट्रम्प चीन को टेक्नालजी के क्षेत्र में भी टक्कर देने की तैयारी में है। अमेरिकी इकोनमी को भी कमला हैरिस चीन से अलग करने के लिये अमादा दिखते है। चीन से निवेश सीमित कर सकते है। अमेरिकी प्रशासन की कोशिश है कि अमेरिका से चीन को नई टेक्नालजी न मिले। वह पूरे योरप से भी यही बात चाहते है। इस कदम से चीन के आर्टीफिसियल इन्टेलिजेन्स के फील्ड में ग्लोबल लीडर बनने के सपने को भारी धक्का लगेगा, यह तय है। ट्रम्प अपने चुनाव प्रचार के दौरान कहते रहे है कि अमेरिकी सुरक्षा के बदले ताइवान को मुक्त न करना चाहिये। पर अपने पहले कार्यकाल में इस मुद्दों पर आक्रमक था वह आक्रमकता फ्रि लौट सकती है। तब ताइवान को अमेरिका न ज्यादा हथियार बेचे थे। तब अमेरिकी युद्ध पोत कई बार उसके इलाके में घुसे थे। कई रिपब्लिकन नेता चीन के घोर विरोधी है। ट्रम्प इन नेताओं को अपने प्रशासन में वापस लाकर चीन के खिलाफ राजनीतिक तैयारी करेंगे। लोग पहले से ही कयास लगा रहे है कि ट्रम्प की वापसी गर्मी और भी बढ़ेगी।

ट्रम्प रूस से दोस्ती रखना चाहते है और चीन की घेरा बन्दी चाहते है। दोनो दो विपरीत ध्रुव बन जाते है। रूस को समरिक छवि से चीन को करीब पाता है अवसरवादी की दृष्टि से भी दोनो में करीबी है। दोनो अपने है अवसरवादी की दृष्टि भी दोनों में करीबी है। दोनो अपने मुल्क में तानाशाही चलाते है। कोई भी देश अपने देश हित की कीमत पर दोस्ती चलाना नहीं चाहेगा। आज दुनिया के हालात पहले से ज्यादा जटिल होते जा रहे है। तमाम देशो के बीच तनाव टकराहट और युद्ध नये नये खतरे पैदा कर रहे है। वायु प्रदूषण को लेकर विभिन्न बैठकों को ट्रम्प अहमियत नहीं देते है। वह कहते है बैठको में बड़ी बड़ी बाते होती है मदद के वादे किये जाते है उसके बाद सब बाते हवा हो जाती है शाक्तिशाली देश अपनी सम्पन्नता गरीब देशो के बल पर प्रदूषण फैला कर अपनी सम्पन्नता में लगे रहते है। ट्रम्प मस्क के प्रशंसक है। मस्क सख्त व्यापरिक डील करते है। ट्रम्प भी बड़े पूजीपति है। ट्रम्प ने अपने मंत्रिमंडल में मस्क को शामिल किया है। अमेरिकी हित को सर्वोपरि रखखेगे जरूरत से ज्यादा किसी भी देश को ढील नहीं देगें। ट्रम्प पर पुराने केस है पर अब वे सभी दबे रहेगे। ट्रम्प ने चीफस्टाफ महिला को बनाया है। ट्रम्प की रंगीनपन मशहूर है, उन्हें अपने धन का घमन्ड भी है। उनके कार्य काल पर दुनिया की नजर है। वो क्या क्या करते है। अमेरिका आर्थिक संकट से गुजर रहा है। बेकारी भी है। अवैध प्रवासी और वैध प्रवासी दोनो ट्रम्प की वजह से चिन्तित है।

चराग घर का हो महफिल कहो या मन्दिर का
हवा के पास कोई मस्लहत नहीं होती

## शिक्षा के अग्रदूत : महात्मा ज्योतिबा फूले

**हरी राम यादव**

बात एक ऐसा अमूल्य हथियार है जिससे कोई व्यक्ति अगर प्रभावित हो गया तो वह सदा सदा के लिए आपका प्रशंसक बन सकता है और यदि आपके द्वारा कही गयी कोई बात उसको लग गई और उसने उस बात को निरर्थक रूप में अपनी बेइज्जती करना समझ लिया तो वह आपका सबसे बड़ा शत्रु बन सकता है, लेकिन आपके द्वारा कही गयी लगने वाली किसी बात को यदि उसने सार्थक रूप में ले लिया तो वह व्यक्ति एक ऐसा इतिहास लिख देगा , जिसका दुनिया में कोई सानी नहीं होगा, वह उस ठेस पहुंचाने वाली बात से आहत होकर एक ऐसा सृजन कर देगा कि दुनिया देखती रह जाएगी। 18वीं शताब्दी में एक ऐसे ही महापुरुष हुए जिन्होंने शिक्षा और महिला उत्थान की दिशा में इतिहास लिख दिया, उनका नाम था महात्मा ज्योतिबा फुले।

महात्मा ज्योतिबा फुले का जन्म 11 अप्रैल 1827 ई. को पुणे की खानवाडी गांव के एक माली परिवार में वहां लगने वाले ज्योतिबा के वार्षिक मेले के दिन श्रीमती चिमनाबाई और श्री गोविंदराव फुले के यहाँ हुआ था, इसलिए उनके परिवार ने उनका नाम ज्योतिबा रखा। गांव समाज में पहले इसी तरह के नाम रखने का चलन था। एक वर्ष की अवस्था में ही इनकी माता श्रीमती चिमनाबाई का निधन हो गया और इनका लालन पालन एक बायी ने किया। तत्कालीन पिछड़े समाज में शिक्षा को महत्व नहीं दिया जाता था, बच्चों को भी बचपन से ही जीविकोपार्जन के काम में लगा दिया जाता था। काफी बड़ा होने पर वह अपने गांव के पास के प्राथमिक विद्यालय में पढ़ने जाने लगे जहाँ उन्होंने पढ़ने, लिखने और अंकगणित के बारे में सीखा । ज्योतिबा के पिता ने घरेलू कार्यों में हाथ बंटाने के लिए उनकी पढ़ाई छुड़वा दी । वह अपने परिवार के अन्य सदस्यों के साथ दुकान और खेत दोनों में काम करने लगे। उनके गांव के एक सजग व्यक्ति ने उनकी बुद्धिमत्ता को पहचाना और उनके पिता को उन्हें स्थानीय स्कॉटिश मिशन हाई स्कूल में भेजने के लिए राजी किया । ज्योतिबा ने 1847 में अपनी अंग्रेजी स्कूली शिक्षा पूरी की। 13 साल की छोटी उम्र में उनके पिता ने उनका विवाह सावित्री बाई से कर दिया। सन् 1848 में उनके जीवन में एक मोड़ आया। उनके एक ब्राह्मण मित्र की शादी थी और उस मित्र ने उन्हें अपनी शादी में बुलाया था। जब यह बात उनके मित्र के माता-पिता को पता चली तो उन लोगों ने ज्योतिबा को बुरा भला कहकर अपमानित किया। इस घटना ने ज्योतिबा को गहराई से प्रभावित किया। यहीं से ज्योतिबा के मन में जाति व्यवस्था में निहित अन्याय के विरुद्ध उठ खड़ा होने का संकल्प जगा। उन्होंने यह ठान लिया कि वह समाज में जाति के नाम पर हो रहे अत्याचार को बंद करके ही दम लेंगे। उन्होंने सोचा कि जब तक लोग शिक्षित नहीं होंगे तब तक समाज में बदलाव नहीं लाया जा सकता। उस समय जाति व्यवस्था के साथ साथ जिनकी दशा सबसे सोचनीय थी वह थी स्त्री समाज।

उन्होंने स्त्रियों की दशा सुधारने और उनकी शिक्षा के लिए सन् 1848 में एक स्कूल खोला। यह स्त्री शिक्षा के लिए देश में पहला स्कूल था। लड़कियों को पढ़ाने के लिए उन्हें कोई अध्यापिका नहीं मिल रही थी क्योंकि उस समय समाज में स्त्री शिक्षा न के बराबर थी और पर्दा प्रथा का बोलबाला था। उन्होंने पहले स्वयं इस विद्यालय में पढाना शुरू किया और धीरे धीरे इस काम के लिए अपनी पत्नी सावित्री बाई को पढ़ाकर इस योग्य बना दिया कि वह उनके कंधे से कंधा मिलाकर उनके साथ स्त्री शिक्षा की अलख जगाने लगीं। समाज में बदलाव को देखकर कुछ पुरातनपंथी लोग उनके काम में बाधा डालने की चेष्टा करने लगे। ज्योतिबा ने ऐसे लोगों की परवाह नहीं किया और अपने उद्देश्य में लगे रहे, तब उन लोगों ने ज्योतिबा के पिता पर दबाब डालकर उनको घर से निकलवा दिया। ज्योतिबा के पिता पुराने विचारों के व्यक्ति थे, वह इन लोगों की कुटिलता को समझ नहीं पाए। रहने के लिए व्यवस्था करने में ज्योतिबा का कुछ समय बर्बाद जरूर हुआ, पर उनके विचार और दृढ़ हो गये। वह दोनों अपने दृढ़ विश्वास और संकल्प पर अडिग रहे और बालिका शिक्षा के लिए तीन स्कूल खोल दिए।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन
स्थानीय संपादक
मोहम्मद आलम रिज़वी
RNI No UPHIN/2010/31173
टेली फैक्स नं. : 2288091, 4065716
avadhnamahindi@gmail.com,

**यह सुखद बात है कि बाल विवाह मुक्त भारत बनाने के लिए सरकार ने सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों से 2029 तब बाल विवाह की दर को पांच प्रतिशत से नीचे लाने के मकसद से विशेष कार्य योजना बनाने का आग्रह किया है। यह बचपन की मासूमियत छीनने वाली 'बालविवाह' की बेड़ियों को तोड़ते हुए जागृति का एक शंखनाद किया है, एक समाज-क्रांति के बीज को रोपा गया है। सभी जानते हैं कि कम आयु के बच्चे अपने भविष्य के जीवन के बारे में परिपक्व फैसला लेने में सक्षम नहीं होते। साथ ही वे इस स्थिति में भी नहीं होते कि उनके जीवन पर थोपे जा रहे फैसले का मुखर विरोध कर सकें।**

# बाल विवाह मुक्ति बेटियों को खुला आसमान देगा

देश में बाल विवाह की प्रथा को रोकने, बढ़ते बाल-विवाह से प्रभावित बच्चों के जीवन को इन त्रासद परम्परागत रूढ़ियों की बेड़ियों से मुक्ति दिलाने के लिये सरकार ने बाल-विवाह मुक्त भारत अभियान की शुरुआत करके एक सराहनीय एवं स्वागतयोग्य उपक्रम से हिम्मत और बदलाव की मिसाल कायम की है। यह एक शुभ संकेत एवं श्रेयस्कर जीवन की दिशा है। यह किसी समाज के लिये बेहद नकारात्मक टिप्पणी है कि सदियों के प्रयास के बावजूद वहां बाल विवाह की कुप्रथा विद्यमान है। यहां यह विचारणीय तथ्य है कि समाज में ऐसी प्रतिगामी सोच क्यों पनपती है? क्यों लोग परंपराओं के खूंटे से बंधकर अपने मासूस बच्चों एवं बचपन से खिलवाड़ करते हैं? हमें यह भी सोचना होगा कि कानून की कसौटी पर अस्वीकार्य होने के बावजूद बाल विवाह की परंपरा क्यों जारी है? 'बाल विवाह मुक्त भारत अभियान' की शुरुआत दूरगामी मानवीय सोच से जुड़ा एक संवेदनशील आह्वान एक नई सुबह की आहट एवं क्रांति के विस्फोट की संभावना है। यह अभियान सिर्फ एक कार्यक्रम नहीं है, बल्कि एक संकल्प है, एक रोशनी है, एक मंजिल है, एक सकारात्मक दिशा है। एक वादा है देशभर में बाल विवाह पर जागरूकता फैलाने और समाप्त करने का। यह नये भारत-



ललित गर्ग

सशक्त भारत की बुनियाद है। बाल विवाह रोकने के तमाम कार्यों, योजनाओं और कानूनों के बावजूद अगर कामयाबी नहीं मिल रही है, तो जाहिर है, एक विशेष अभियान छेड़कर केन्द्र सरकार ने सराहनीय कदम उठाया है। यह राष्ट्रीय अभियान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 22 जनवरी, 2015 को शुरू की गई प्रमुख योजना 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' की सफलता से प्रेरित है, जो विकसित भारत के दृष्टिकोण को साकार करने के लिए लड़कियों के बीच शिक्षा, कौशल, उद्यम और उद्यमिता को बढ़ावा देने एवं बेटियों की आशाओं, आकांक्षाओं, संकल्पों से भरे सपनों की उड़ान को खुला आसमान देने में सक्षम होगा।

यह सुखद बात है कि बाल विवाह मुक्त भारत बनाने के लिए सरकार ने सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों से 2029 तब बाल विवाह की दर को पांच प्रतिशत से नीचे लाने के मकसद से विशेष कार्य योजना बनाने का आग्रह किया है। यह बचपन की मासूमियत छीनने वाली 'बालविवाह' की बेड़ियों को तोड़ते हुए जागृति का एक शंखनाद किया है, एक समाज-क्रांति के बीज को रोपा गया है। सभी जानते हैं कि कम आयु के बच्चे अपने भविष्य के जीवन के बारे में परिपक्व फैसला लेने में सक्षम नहीं होते। साथ ही वे इस स्थिति में भी नहीं होते कि उनके जीवन पर थोपे जा रहे फैसले का मुखर विरोध कर सकें। उनके सामने आर्थिक स्वावलंबन का भी प्रश्न होता है। लेकिन अभिभावक क्यों इस मामले में दूरदृष्टि नहीं रखते? सही मायने में बाल विवाह



बच्चों के भविष्य से खिलवाड़ ही है। इसीलिये बाल-विवाह पर दायर एक याचिका पर सुनवाई करते हुए हाल ही में सुप्रीम कोर्ट ने भी कहा कि कानून परंपराओं से ऊपर है। कोर्ट का कथन तार्किक है कि जिन बच्चों की कम उम्र में शादी करा दी जाती है क्या वे इस मामले में तार्किक व परिपक्व सोच रखते हैं?

सुप्रीम कोर्ट ने कहा भी है कि यह समय की मांग है कि इस कानून को लागू करने के मार्ग में आने वाली बाधाओं को दूर किया जाए। इस बाबत उन समुदायों व धर्मों के लोगों को बताया जाना चाहिए कि बाल विवाह कराया जाना एक आत्मघाती कदम है। यह समझना कठिन नहीं है कि कम उम्र में विवाह कालांतर जच्चा-बच्चा के स्वास्थ्य के लिये भी घातक साबित होता है। उनकी पढ़ाई ठीक से नहीं हो पाती और वे अपनी आकांक्षाओं का कैरियर भी नहीं बना सकते। ऐसे में सुप्रीम कोर्ट का कथन इस सामाजिक बुराई के उन्मूलन में मार्गदर्शक की भूमिका निभाता है। केंद्रीय मंत्री ने उचित ही कहा है कि बाल विवाह मानवधिकारों का उल्लंघन और कानून के तहत अपराध है। अच्छी बात है, सरकार ने अब एक तरह से मान लिया है कि कानून को जितना काम करना था, उसने किया इसके आगे अब विशेष अभियान की जरूरत है। बाल विवाह को रोकने के लिए अकेले कानून के भरोसे न बैठते हुए ठोस जागृति-अभियान की अपेक्षा है। अब सरकार ने इस सामाजिक बुराई को जड़ से समाप्त करने के लिये कमर कसी है, तो उसका स्वागत होना चाहिए एवं इस अभियान को व्यापक रूप देना चाहिए।

बाल विवाह की कुरीति को देश में व्यापकता से देखने को मिलना दुर्भाग्यपूर्ण है। यह मानवाधिकार उल्लंघन का सबसे खराब स्वरूप है। ठोस प्रयासों के बावजूद आज भी लगभग पांच में से एक लड़की का विवाह विधि सम्मत आयु 18 वर्ष से पहले कर दिया जाता है। किसी शहर में अगर एक विवाह सत्र में 1000 शादियां होती हैं, तो उनमें से 200 शादियों में दुल्हन की उम्र शादी लायक वैध नहीं होती। बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने बुधवार को यह भी बताया कि पिछले एक साल में लगभग दो लाख बाल विवाह रोके गए हैं। मतलब, सामाजिक संस्थाएं और पुलिस काम तो कर रही हैं, पर मंजिल अभी दूर है। बाल विवाह की सर्वाधिक संख्या पश्चिम बंगाल, त्रिपुरा, राजस्थान, बिहार, झारखण्ड, असम और आंध्रप्रदेश में है। देश में 300 ऐसे जिले हैं, जहां बाल विवाह की दर राष्ट्रीय औसत से ज्यादा है। ऐसा लग रहा है, लोग बेटियों का जीवन तो बचा रहे हैं, प्राथमिक शिक्षा भी देने लगे हैं, पर उन्हें अधिक पढ़ाने और आगे बढ़ाने पर उनका ध्यान नहीं है। बेटियों की जब कम उम्र में शादी होती हैं तो श्रम बल के रूप में न केवल उनकी उत्पादकता, बल्कि देश की क्षमता पर भी असर पड़ता है। बाल विवाह मुक्त भारत अभियान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वर्ष 2047 तक 'विकसित भारत' की भविष्य दृष्टि से प्रेरित नये समाज की संरचना का दूरगामी प्रकल्प है। बच्चों पर बाल विवाह थोपना उनके अपनी पसंद का जीवनसाथी चुनने की स्वतंत्र इच्छा का भी दमन है। भले ही मजबूरी में वे इस थोपे हुए विवाह के लिये राजी हो जाएं, लेकिन उसकी कसक जीवन पर्यंत बनी रहती है। जो उनके स्वाभाविक विकास में एक बड़ी बाधा बन जाता है। निश्चय ही इस बाबत बदलाव लाने के लिये कानून में जरूरी बदलाव लाने के साथ ही समाज में जागरूकता लाने की भी जरूरत है। इन सब दृष्टियों से यह अभियान सदियों से चली आ रही इस त्रासद परम्परा से मुक्ति का माध्यम बनेगा। पढ़ी-लिखी लड़की अगर विवाह-योग्य उम्र से ब्याही जाए, तो वह परिवार और समाज के लिए उन्नति का मार्ग प्रशस्त करती है। कम उम्र में विवाह से न केवल संतानों की गुणवत्ता बल्कि परिवार की आर्थिक, सामाजिक और मनावैज्ञानिक क्षमता पर भी असर पड़ता है। संयुक्त राष्ट्र की एक रिपोर्ट में यह कहा गया है कि बाल विवाह दर में सबसे महत्वपूर्ण वैश्विक गिरावट दक्षिण एशियाई देशों में देखी गई है, जिसमें भारत ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। नए अभियान के अन्तर्गत इस परम्परागत विसंगति एवं विडम्बना को दूर करने के लिये व्यापक प्रयत्न किये जायेंगे।

# मुस्लिम महिलाओं की शिक्षा : चुनौतियाँ और समाधान

**प्रो बंदिनी कुमारी**

**2011 की जनगणना के अनुसार, भारतीय महिलाओं की कुल साक्षरता दर 65.46 फीसदी थी वहीं 2011 में दलित महिलाओं की साक्षरता दर 56.46 फीसदी और आदिवासी महिलाओं की 49.35 फीसदी थी। भारत में मुस्लिम महिलाओं की शिक्षा की स्थिति एक जटिल और बहुआयामी विषय है। यह स्थिति सामाजिक, सांस्कृतिक, आर्थिक और धार्मिक कारकों से प्रभावित होती है। हालांकि पिछले कुछ दशकों में सुधार हुआ है, लेकिन चुनौतियां अभी भी बनी हुई हैं। 2011 की जनगणना के अनुसार, मुस्लिम महिलाओं की साक्षरता दर 51.9 फीसदी थी, जो अन्य धार्मिक-सांस्कृतिक समुदायों की महिलाओं की तुलना में कम है।**

व्यक्ति और समाज के विकास में शिक्षा की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण और बहुआयामी है। शिक्षा केवल ज्ञान अर्जन का माध्यम नहीं है, बल्कि यह व्यक्तित्व निर्माण, सामाजिक प्रगति, और आर्थिक विकास का आधार भी है। शिक्षा वर्तमान युग का ऐसा हथियार है जिससे व्यक्ति अपने सामाजिक प्रस्थिति को उर्ध्वगामी कर सकता है अर्थात् जहाँ परंपरागत समाजों में व्यक्ति का मूल्यांकन उसकी प्रदत्त प्रस्थिति से होता था जिसको आजीवन वह बदल नहीं सकता था वहीं आज के अर्जित प्रस्थिति पर आधारित समाजों में शिक्षा सबसे महत्वपूर्ण कारक है जिसके माध्यम से व्यक्ति समाज में अपनी लोकेशन को सकारात्मक तरीके से बदल सकता है। वंचित वर्ग और हाशिए के समाजों के लिए शिक्षा प्रगति और विकास के असीमित द्वार खोलता है। शिक्षा व्यक्ति को नैतिक, बौद्धिक और भावनात्मक रूप से सशक्त बनाती है। यह आत्मविश्वास, निर्णय लेने की क्षमता और समस्या समाधान का कौशल विकसित करती है। शिक्षा व्यक्ति को रोजगार के योग्य बनाती है। व्यावसायिक और तकनीकी शिक्षा से व्यक्ति आर्थिक रूप से स्वतंत्र हो सकता है। शिक्षा ना केवल व्यक्ति को पेशेवर रूप से दक्ष बनाती है वरन यह व्यक्ति को समाज का एक ऐसा सदस्य बनाती है जो समाज के सामाजिक लक्ष्यों और उसे प्राप्त करने वाले मान्यता प्राप्त साधनों के साथ तादाल्य स्थापित करने में भी सहयोग करती है। इसके साथ ही शिक्षा समाज में समानता स्थापित करने कि कार्य भी करती है। शिक्षा जाति, धर्म, लिंग और वर्ग के भेदभाव को कम करने में मदद करती है। यह समाज में समान अवसरों को बढ़ावा भी देती है।

वर्तमान समय में देखें तो हम पाते है कि सामान्य वर्ग की महिलाओं की शिक्षा में सकारात्मक प्रगति हुई है, लेकिन वंचित वर्ग की महिलाओं को अभी भी कई बाधाओं का सामना करना पड़ता है। 2011 की जनगणना के अनुसार, भारतीय महिलाओं की कुल साक्षरता दर 65.46 फीसदी थी वहीं 2011 में दलित महिलाओं की साक्षरता दर 56.46 फीसदी और आदिवासी महिलाओं की 49.35 फीसदी थी। भारत में मुस्लिम महिलाओं की शिक्षा की स्थिति एक जटिल और बहुआयामी विषय है। यह स्थिति सामाजिक, सांस्कृतिक, आर्थिक और धार्मिक कारकों से प्रभावित होती है। हालांकि पिछले कुछ दशकों में सुधार हुआ है, लेकिन चुनौतियां अभी भी बनी हुई हैं। 2011 की जनगणना के अनुसार, मुस्लिम महिलाओं की साक्षरता दर 51.9 फीसदी थी, जो अन्य धार्मिक-सांस्कृतिक समुदायों की महिलाओं की तुलना में कम है। इस दर में सुधार हुआ है, लेकिन यह अभी भी राष्ट्रीय औसत से कम है। मुस्लिम लड़कियों की शिक्षा का निम्न स्तर भारतीय समाज में एक गंभीर मुद्दा है, जो कई सामाजिक, आर्थिक, सांस्कृतिक, और धार्मिक कारणों से प्रभावित होता है। यह समस्या केवल मुस्लिम समुदाय तक सीमित नहीं है, लेकिन मुस्लिम लड़कियों के संदर्भ में इसके



विशेष पहलू हैं। मुस्लिम समाज में शिक्षा के निम्न स्तर के सामाजिक कारण कई आयामों में देखे जा सकते हैं। मुस्लिम समाज में शिक्षा को लेकर परंपरागत सोच और रूढ़िगत मान्यताओं ने शिक्षा के क्षेत्र में महिलाओं के बजाय पुरुषों को प्राथमिकता दिया है यह मान्यता की रोजगार का क्षेत्र लड़कों के लिए है और लड़कियों के लिए घरेलू जिम्मेदारियां प्राथमिक है, के कारण इस समाज में पेशेवर शिक्षा से लड़कियों को महरूम किया जाता रहा है। इसके साथ ही कई परिवार आधुनिक शिक्षा के बजाय धार्मिक शिक्षा (मदरसा शिक्षा) को प्राथमिकता देते हैं। हालांकि, धार्मिक शिक्षा महत्वपूर्ण है, लेकिन यह मुख्यधारा की शिक्षा की कमी की भरपाई नहीं कर सकती। लड़कियों की सुरक्षा का मुद्दा भी उनकी शिक्षा के बाधक कारक के रूप में सामने आता है मुस्लिम समाज के कई हिस्सों में लड़कियों की सुरक्षा को लेकर माता-पिता चिंतित रहते हैं यह अक्सर लड़कियों को स्कूल जाने से रोकने का कारण बनता है। बाल विवाह का प्रचलन भी सामाजिक रूढ़ि के रूप में मुस्लिम लड़कियों के शिक्षा को नकारात्मक रूप से प्रभावित करने वाला तत्व है। वहीं लेनिक भूमिकाओं के सूक्ष्म अभिव्यक्ति के रूप में हम देखते है कि लड़कियों को घर के कामों में मदद करने और छोटे बच्चों की देखभाल की जिम्मेदारी दी जाती है. जिससे उनकी पढ़ाई बाधित होती है। आधुनिक शिक्षा के प्रति संदेह की भावना भी इस समुदाय के शिक्षा को प्रभावित करती है कुछ परिवार आधुनिक शिक्षा को धार्मिक और सांस्कृतिक मूल्यों के लिए खतरा मानते हैं।

मुस्लिम समाज में शिक्षा के निम्न स्तर के सामाजिक कारण परंपरागत सोच, लैंगिक भेदभाव, और सामाजिक असुरक्षा से जुड़े हैं। शिक्षा में बाधक आर्थिक कारक उनके शैक्षणिक विकास । मुस्लिम लड़कियों की में एक महत्वपूर्ण अवरोधक हैं। इन कारकों का संबंध परिवार की आर्थिक स्थिति शिक्षा पर होने वाले सार्च, और आर्थिक प्राथमिकताओं से है। मुस्लिम समुदाय के एक बड़े हिस्से की आप कम है, जिससे उनकी प्राथमिकता भोजन, स्वास्थ्य और रहने की व्यवस्था बनाना होती है। इन प्राथमिकताओं को पूरा करने के पश्चात भी यदि ये परिवार शिक्षा पर खर्च करते है तो उनका बड़ा हिस्सा परिवार के लड़कों पर जाता है। लड़का की शिक्षा को निवेश के रूप में देखा जातका जबकि लड़कियों की शिक्षा को अर्थहीन खर्च माना जाता है। मुस्लिम बहुल क्षेत्रों में अच्छी गुणवत्ता वाले स्कूलों और कॉलेजों की कमी। कई बार गरीब परिवारों को सस्ते और नजदीकी स्कूल नहीं मिलते, जिससे उनकी लड़कियां पढ़ाई छोड़ देती हैं। मुस्लिम लड़कियों की शिक्षा में सांस्कृतिक कारक महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। यह समस्या परंपरागत सोच, सामुदायिक दबाव, और सांस्कृतिक प्रथाओं से जुड़ी हुई है। इन कारकों का प्रभाव शिक्षा की गुणवत्ता, पहुंच, और निरंतरता पर पड़ता है। मुस्लिम समाज के कई हिस्सों में यह धारणा है कि लड़कियों को अधिक शिक्षा की जरूरत नहीं है, क्योंकि उन्हें शादी के बाद घरेलू जिम्मेदारियां निभानी होती हैं। सह-शिक्षा (Co-education) को कई परिवारों द्वारा अनुचित माना जाता है, जिससे लड़कियों को स्कूल भेजने में हिचकिचाहट होती है। कुछ परिवार आधुनिक शिक्षा को ÷धार्मिक और सांस्कृतिक मूल्यों के लिए खतरा मानते हैं। कई मुस्लिम लड़कियों को मुख्यधारा की शिक्षा के बजाय केवल धार्मिक शिक्षा तक सीमित रखा जाता है। भाषाई विभाजन कई मामलों में मुस्लिम महिलाओं की शिक्षा को सीमित कर देता है। मुस्लिम समुदाय के कुछ हिस्से उर्दू माध्यम को प्राथमिकता देते हैं, जबकि सरकारी स्कूल हिंदी या अंग्रेजी माध्यम में शिक्षा प्रदान करते हैं। जब हम मुस्लिम महिलाओं के शिक्षा की दशा और दिशा पर विमर्श करते है तो अक्सर यह संदर्भ उठता है कि एक धार्मिक समुदाय के रूप में इस्लाम के मौलिक सिद्धांतों और इसके पवित्र पुस्तकों में लड़कियों की शिक्षा को लेकर क्या विचार है तो हम पाते है कि इस्लाम में महिलाओं की शिक्षा को अनिवार्य और महत्वपूर्ण माना गया है।

# अधिकतम खुदरा मूल्य यानि उपभोक्ता को लूटने का वैधानिक तरीका

**मेडिकल के क्षेत्र में दवाओं पर तो यह कीमत इतनी अधिक होती है कि आप अनुमान नहीं लगा सकते। पिछले दिनों एक मेडिकल स्टोर से जब अस्पताल की पर्ची दिखाकर दवा खरीदी तो दस टैबलेट्स का एक पत्ता 170 रुपए में प्राप्त हुआ। परन्तु जब वही दवा गांव के परिचित एक मेडिकल स्टोर से खरीदी तो उसी कंपनी का दस टैबलेट्स का वह पत्ता 40 रुपए का मिला। जबकि उस पर अधिकतम खुदरा मूल्य 170 रुपए ही अंकित था। सोचने वाली बात है कि मेरा वह परिचित भी 40 रुपए में बेचकर उसमें कुछ न कुछ तो कमा ही रहा होगा। दवाओं जैसी आवश्यक वस्तुओं पर इस प्रकार की लूट मानवता के नाम पर कलंक है। दवाएं लेना उपभोक्ता का शौक नहीं मजबूरी है। वह अपने किसी परिजन के स्वास्थ्य के लिए ही इन्हें क्रय करता है। विडंबना यह भी देखी जाती है कि डॉक्टर द्वारा जो दवाएं लिखी जाती हैं, वे किसी एक निश्चित मेडिकल स्टोर से ही मिल सकती हैं।**

आज का उपभोक्ता उस जाल में फंस चुका है, जिसे अधिकतम खुदरा मूल्य का नाम दिया गया है। यह वह कीमत है, जो उपभोक्ता को यह विश्वास दिलाने के लिए लिखी जाती है कि इसे पार कर कोई सामान नहीं बेचा जा सकता। लेकिन सच्चाई यह है कि (एमआरपी) के नाम पर खुदरा विक्रेता और कंपनियां मिलकर उपभोक्ताओं को लूटने का एक वैधानिक तरीका अपना चुकी हैं। अधिकतम खुदरा मूल्य वह दायरा बन चुका है, जिसके भीतर कंपनियां अपनी मनमर्जी के रेट तय करती हैं और उपभोक्ता बेबस होकर इस शोषण का शिकार बनता है।



बलदेव राज भारतीय

अधिकतम खुदरा मूल्य की अवधारणा का उद्देश्य यह था कि किसी वस्तु की अधिकतम कीमत तय की जाए ताकि उपभोक्ता को लूट से बचाया जा सके। लेकिन वास्तविकता में यह उपभोक्ता संरक्षण का नहीं, बल्कि शोषण का औजार बन चुका है। कई वस्तुओं पर जानबूझकर अधिकतम खुदरा मूल्य इतना अधिक लिखा जाता है कि वास्तविक लागत और उपभोक्ता मूल्य के बीच का अंतर कई गुना बढ़ जाता है। उदाहरण के लिए, पानी की एक बोतल की उत्पादन लागत 5 रुपये से 10 रुपये हो सकती है, लेकिन अधिकतम खुदरा मूल्य 20 रुपये से 30 रुपये लिखा जाता है। अगर यही बोतल किसी मॉल या हवाई अड्डे पर खरीदी जाए, तो कीमत 50 रुपये से 100 रुपये तक पहुंच सकती है। मेडिकल के क्षेत्र में दवाओं पर तो यह कीमत इतनी अधिक होती है कि आप अनुमान नहीं लगा सकते। पिछले दिनों एक मेडिकल स्टोर से जब अस्पताल की पर्ची दिखाकर दवा खरीदी तो दस टैबलेट्स का एक पत्ता 170 रुपए में प्राप्त हुआ। परन्तु जब वही दवा गांव के परिचित एक मेडिकल स्टोर से खरीदी तो उसी कंपनी का दस टैबलेट्स का वह पत्ता 40 रुपए का मिला। जबकि उस पर अधिकतम खुदरा मूल्य 170 रुपए ही अंकित था। सोचने वाली बात है कि मेरा वह परिचित भी 40 रुपए में बेचकर उसमें कुछ न कुछ तो कमा ही रहा होगा। दवाओं जैसी आवश्यक वस्तुओं पर इस प्रकार की लूट मानवता के नाम पर कलंक है। दवाएं लेना उपभोक्ता का शौक नहीं मजबूरी है। वह अपने किसी परिजन के स्वास्थ्य के लिए ही इन्हें क्रय करता है। विडंबना यह भी देखी जाती है



कि डॉक्टर द्वारा जो दवाएं लिखी जाती हैं, वे किसी एक निश्चित मेडिकल स्टोर से ही मिल सकती हैं। इसके पीछे का खेल बताने की किसी को भी आवश्यकता नहीं। क्योंकि आप सभी इसे बखूबी जानते हैं कि उस स्टोर से डॉक्टर को भी कुछ हिस्सा अवश्य जाता होगा।

अधिकतम खुदरा मूल्य पर कंपनियों और खुदरा विक्रेताओं का गठजोड़ उपभोक्ताओं को पूरी तरह से लूटने में सक्षम बन चुका है। कंपनियां जानबूझकर अधिकतम खुदरा मूल्य को इतना ऊंचा रखती हैं कि खुदरा विक्रेताओं को पर्याप्त मुनाफा हो और वे भी इस खेल का हिस्सा बने रहें। इस गठजोड़ का एक प्रमुख उदाहरण त्योहारों और छुट्टियों के दौरान देखा जा सकता है, जब मांग बढ़ने पर अधिकतम खुदरा मूल्य के बावजूद सामान की कीमतों में उछाल आ जाता है।

इस समस्या के समाधान के लिए उपभोक्ताओं, सरकार और न्यायिक संस्थानों को मिलकर काम करना होगा। सबसे पहले, उपभोक्ताओं को जागरूक होने की आवश्यकता है। उन्हें यह समझना होगा किअधिकतम खुदरा मूल्य कोई बाध्यकारी मूल्य नहीं है, बल्कि अधिकतम सीमा है। कई बार विक्रेता सामान अधिकतम खुदरा मूल्य से कम कीमत पर बेचने को तैयार होते हैं, लेकिन उपभोक्ता इस विकल्प को नहीं पहचान पाते। उचित मोलभाव और अपने अधिकारों के प्रति सजगता उपभोक्ता को शोषण से बचा सकती है।

इसके अलावा, सरकार और नियामक एजेंसियों को अधिकतम खुदरा मूल्य निर्धारण प्रक्रिया की समीक्षा करनी चाहिए। यह सुनिश्चित करना आवश्यक है कि अधिकतम खुदरा मूल्य वस्तु की वास्तविक लागत और उचित मुनाफे के आधार पर तय हो। इसके साथ ही एक ऐसी मूल्य निर्धारण समिति बननी चाहिए जो समय समय पर अधिकतम खुदरा मूल्य निर्धारण की जांच करती रहे और जो कंपनी नियमों का उल्लंघन करे उसे ब्लैकलिस्ट कर दे। साथ ही, मॉल, हवाई अड्डों और अन्य विशेष स्थानों पर वस्तुओं की ऊंची कीमतों पर सख्त नियंत्रण लागू करना चाहिए।

वहीं, न्यायपालिका और उपभोक्ता फोरम को इस दिशा में तेजी से कार्रवाई करनी चाहिए। उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम के तहत कंपनियों और विक्रेताओं पर सख्त जुर्माना लगाया जाना चाहिए, जो अधिकतम खुदरा मूल्य का दुरुपयोग करते हैं।

एक अन्य महत्वपूर्ण पहल यह हो सकती है कि उपभोक्ता समूह सामूहिक रूप से ऐसे मुद्दों को उठाएं और सार्वजनिक मंचों पर अपनी आवाज बुलंद करें। इसके अलावा, तकनीकी उपकरणों और ऑनलाइन प्लेटफार्मों का उपयोग कर उपभोक्ताओं को वस्तुओं की सही कीमत और उनकी तुलना की जानकारी दी जा सकती है। अंततः, अधिकतम खुदरा मूल्य उपभोक्ता के हित में बनाया गया एक अच्छा विचार है, लेकिन इसके वर्तमान स्वरूप ने इसे शोषण का माध्यम बना दिया है। उपभोक्ताओं को शोषण से बचाने के लिए इस प्रणाली को पारदर्शी और प्रभावी बनाना आवश्यक है। केवल जागरूकता, सक्रिय निगरानी और सख्त कानून ही इस समस्या का समाधान कर सकते हैं।

# संभल में संपत्ति के नुकसान का ब्यौरा तलब, उपद्रवियों से निपटने के कड़े निर्देश

अवधनामा संवाददाता



**लखनऊ।** संभल में हुई हिंसा के मामले में उपद्रवियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई को लेकर सरकार गंभीर है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वरिष्ठ अधिकारियों को उपद्रवियों से सार्वजनिक व निजी संपत्ति को हुए नुकसान की क्षतिपूर्ति सुनिश्चित कराए जाने के कड़े निर्देश दिए हैं। शासन ने संभल में हिंसा के दौरान सार्वजनिक व निजी संपत्ति को हुए नुकसान का पूरा ब्यौरा तलब किया है।

राज्य सरकार ने उप्र लोक तथा निजी संपत्ति क्षति वसूली अध्यादेश लागू कराया था और वसूली के लिए दावा अधिकरणों का गठन किया गया था। संभल में हुई हिंसा में पुलिसकर्मियों पर फायरिंग करने वाले अराजक तत्वों को भी चिन्हित करने का निर्देश दिया गया है। फायरिंग करने वाले उपद्रवियों के विरुद्ध राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (एनएसए) के तहत कार्रवाई की भी तैयारी है।

अब तक की जांच में सामने आया है कि उपद्रवियों ने पूर्व नियोजित साजिश के तहत पुलिसकर्मियों को सीधे निशाना बनाया था। घटना में जिन राजनेताओं की भूमिका सामने आ रही है, उनके विरुद्ध भी कठोर

■ गोली चलाने वालों पर लगेगा एनएसए

कार्रवाई सुनिश्चित कराई जाएगी। वहीं सभी संवेदनशील जिलों में लगातार सतर्कता बरते जाने का निर्देश दिया गया है। किसी छोटी घटना को भी पूरी गंभीरता से लेकर त्वरित कार्रवाई करने का कहा गया है। इंटरनेट मीडिया की भी निरंतर निगरानी कराई जा रही है।

संभल में शाही जामा मस्जिद सर्वे के दौरान बवाल हो गया था, जिसमें उपद्रवियों ने पुलिस व पथराव व फायरिंग कर दी थी। इतना ही नहीं कई निजी चार व दोपहिया वाहनों में आग लगाने के साथ साथ पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों के वाहनों में भी आग लगा दी थी। इसके बाद मौके पर भारी पुलिस बल एकत्र हुआ तो पुलिस ने भी अगो बढ़ते हुए उपद्रवियों का मुकाबला करते हुए जवाब देना शुरू कर दिया, जिसके चलते मौके से कई लोगों को पकड़ा गया था जो कि उपद्रव में शामिल थे।

ऐसे में कार्रवाई के दौरान करीब 25 लोगों को गिरफ्तार कर उन्हें जेल भेज दिया गया था। अब अधिकारी पुलिस व हमला करने वाले शेष आरोपियों की तलाश कर रही है, जिससे जल्द से जल्द उन्हें गिरफ्तार कर जेल भेजा जा सके। इसके लिए पुलिस की ओर से सर्विलांस की मदद ली जा रही है।

इसके लिए मौके से गिरफ्तार किए गए आरोपितों द्वारा बताए गए लोगों के साथ ही वीडियो व फोटो के आधार पर आरोपतों को चिंहित किया जा रहा है, जिसके बाद उनका डाटा तैयार कर उनकी तलाश की जाएगी और इसमें सर्विलांस पुलिस प्रशासन की काफी मदद करेगा।

## शिवसैनिकों ने फूंका बंग्लादेश के प्रधानमंत्री मोहम्मद यूसुफ का पुतला

**वाराणसी।** चितईपुर थाना अंतर्गत शिवसेना के प्रदेश उपाध्यक्ष अजय चौबे के नेतृत्व में आज बांग्लादेशी प्रधानमंत्री डॉ मोहम्मद यूसुफ का पुतला दहन किया गया अजय चौबे ने बताया कि बांग्लादेश में हो रहे हिंदुओं पर अत्याचार और वहां पर जो मंदिर में तोड़फोड़ हो रही है इसका हम लोग विरोध करते हैं और सरकार से मांग करते हैं कि वहां पर जो स्वामी जी को बंदी बनाया गया है उनको जल्द से जल्द छोड़ दिया जाए। अगर ऐसा नहीं हुआ तो आने वाले 6 दिसंबर को हम लोग किसी भी मस्जिद में जाएंगे और वहां पर पूरे शिवसेना के जितने भी कार्यकर्ता है उनके साथ मस्जिद में बैठकर हनुमान चालीसा का पाठ करेंगे और देखते हैं कि उसदिन कौन हम लोगों को रोक पाता है शिव सैनिक बहुत ज्यादा आक्रोश में है इन्हें संभालना मुश्किल होगा। इस पुतला दहन में प्रदेश उपाध्यक्ष एवं मंडल प्रभारी अजय जिला अध्यक्ष अजय अज्जू भैया एवं उप प्रमुख अनिल राय जिला सचिव संजय रजिला सचिव अरविंद तमाम शिव सैनिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# संयुक्त राष्ट्र और मानवाधिकार संगठन तय करें बांग्लादेश सरकार की जिम्मेदारी : डॉ. राजेश्वर

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** हाल ही में बांगलादेश की अस्थायी सरकार ने शांति प्रिय, सांस्कृतिक और धार्मिक संगठनों जैसे इस्कॉन (इंटरनेशनल सोसाइटी फॉर कृष्णा कॉन्शसनेस) को निशाना बनाना शुरू कर दिया है, और इस से जुड़े धर्म गुरुओं के खिलाफ अनुचित कार्रवाई की है। इन घटनाओं में सबसे गंभीर मामला इस्कॉन के प्रमुख पुजारी चिन्मय कृष्ण दास प्रभु की गिरफ्तारी है, जिन्हें संदिग्ध आरोपों के तहत गिरफ्तार किया गया।

बांग्लादेश में हिंदू समुदाय के विरुद्ध घटित हालिया घटनाओं पर सरोजनीनगर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने गहरी चिंता व्यक्त की है। विधायक ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर लिखा, यह अत्याचार एक ऐसे आध्यात्मिक विभूति पर हुआ है जिसने अपनी पूरी जिंदगी शांति, अध्यात्मिकता और सामुदायिक सेवा में समर्पित कर दी है, यह एक गंभीर चिंता का विषय है।



यह गिरफ्तारी बांगलादेश में हिंदू अल्पसंख्यक समुदाय के खिलाफ बढ़ते धार्मिक उत्पीड़न का एक उदाहरण है। पिछले कुछ वर्षों में, हिंदू समुदाय को बढ़ती हिंसा, भेदभाव और व्यवस्थित उत्पीड़न का सामना करना पड़ा है। अनुमान के अनुसार, कम से कम 40 हिंदुओं की हत्या की गई है और 1,00,000 से अधिक हिंदू अपने घरों से विस्थापित हो चुके हैं। मंदिरों, घरों और व्यवसायों को नष्ट किया गया है, और कई हिंदू धार्मिक नेताओं को धमकी और प्रताड़ना का सामना करना

■ बांग्लादेश में हिंदू समुदाय का धार्मिक उत्पीड़न बढ़ती असहिष्णुता और भेदभाव का खतरनाक संकेत

पड़ा है। इस्कॉन पर हाल की कार्रवाई इस बढ़ती असहिष्णुता और भेदभाव के खतरनाक संकेतक के रूप में उभरी है।

बांग्लादेश सरकार की इन कार्रवाइयों ने न केवल धार्मिक अल्पसंख्यकों के मौलिक मानवाधिकारों का उल्लंघन किया है, बल्कि यह शांति, सहिष्णुता और एकता के उन मूल्यों के खिलाफ भी है, जिनका दावा बांगलादेश करता है। इस्कॉन जैसे संगठन, जो शांति, सांस्कृतिक और धार्मिक समरसता के प्रचारक रहे हैं, उनका लक्ष्य केवल अच्छाई और सकारात्मकता फैलाना है। ऐसे संगठनों के खिलाफ यह हमले न केवल बांगलादेश में धार्मिक स्वतंत्रता पर आक्रमण हैं, बल्कि पूरे विश्व में धार्मिक और सांस्कृतिक विविधता की अवमानना हैं।

## ट्रिपल पी मॉडल को लाकर बिजली निगमों में पैदा कर रहा औद्योगिक अशांति

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** पावर कारपोरेशन का कहना है कि प्रदेश की बिजली कंपनियां लगभग 1 लाख 10000 करोड के घाटे में है और वहीं दूसरी और पावर कॉरपोरेशन यह भी मान रहा है कि प्रदेश के ऐसे विद्युत उपभोक्ता जिन पर बिजली बिल का भुगतान लेना है वह लगभग 1 लाख 15825 करोड यानी की यदि पावर कॉरपोरेशन वह इस बिल की वसूली कर ले तो घाटे का रोना नहीं रोना पडेगा और ना ही पावर कारपोरेशन को ट्रिपल पी जैसे मॉडल की तलाश करना पडेगा इसलिए पावर कारपोरेशन के पास अभी भी समय है उसे जिन विद्युत उपभोक्ताओं से बिजली बिल का भुगतान लेना है उनसे बिजली बिल का भुगतान लेकर और उपभोक्ताओं को अच्छी गुणवत्ता की सेवा दें निजीकरण की जरूरत ही नहीं है। उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष व राज्य सलाहकार समिति के सदस्य अवधेश कुमार वर्मा ने कहा पावर कॉरपोरेशन बिना मतलब के निजीकरण की राग अलाप कर पूरे प्रदेश में औद्योगिक अशांति पैदा कर रहा है जब उसके पास पब्लिक से बिजली बिल का भुगतान ही वर्ष 2023 -24 तक 1 लाख 15825 करोड लेना है तो उसकी वसूली कर ले तो पावर कॉरपोरेशन लगभग 5825 करोड के फायदे में हो जाएगा और जो लोन की अदाएगी वह भी कर देगा।

उपभोक्ता परिषद अध्यक्ष ने कहा अभी भी पावर कॉरपोरेशन व उत्तर प्रदेश सरकार के पास पर्याप्त समय है वह बिजली निगमो में कहां से पैसे की वसूली हो सकती है कहां से नों टेरिफ इनकम की जा सकती है उसे पर ध्यान देते हुए बिजली निगम को आत्मनिर्भर बना सकता है उपभोक्ता परिषद लगातार इसके लिए लडाई लड रहा है लेकिन बिजली कंपनियां इस पर ध्यान देगी तभी बिजली कंपनियां आत्मनिर्भर बनने की दिशा में आगे बढेगी।

## अखण्ड आर्यावर्त पार्टी अधिवक्ता विष्णु जैन के समर्थन में उतरी

**लखनऊ।** अखण्ड आर्यावर्त आर्य त्रिदंडी महासभा ने सनातन धर्म व हिन्दू हितों की रक्षा के साथ हिन्दू धार्मिक स्थलों को आक्रांताओं की निशानियों से मुक्त कराने के लिये पैरवी करने वाले अधिवक्ताओं के खिलाफ अशोभनीय टिप्पणी करने वाले समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की कड़ी आलोचना की है। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ऋषि त्रिवेदी ने संभल की तथाकथित जामा मस्जिद को हरीहर मन्दिर के रूप में सामने लाने वाले अधिवक्ता विष्णु जैन को लेकर की गयी अखिलेश यादव की टिप्पणी से साफ हो गया है कि मुस्लिम वोटबैंक के लिये अब वह सिर्फ विष्णु जैन पर ही नहीं बल्कि अधिवक्ता समाज को निशाना बना रहे है, जिसे कतई बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। श्री त्रिवेदी ने कहा कि राम मन्दिर निर्माण के लिये हुये आन्दोलन के साथ-साथ अधिवक्ता समाज का बहुत बड़ा योगदान रहा है।

## पूरे प्रदेश में पिछड़े वर्ग के अपने सदस्यों का पदाधिकारी के लिए जारी किया रेड अलर्ट

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश पावर ऑफिसर एसोसिएशन की आज कोर कमेटी की फिर एक आपात बैठक संपन्न हुई जिसमें प्रदेश के सभी पदाधिकारी से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से चर्चा करने के बाद सभी को निर्देश जारी किए गए हैं कि सभी पदाधिकारी व सदस्य आर पार की लडाई लडने के लिए तैयार रहे किसी भी हालत में निजीकरण नहीं होने दिया जाएगा निजीकरण के फल स्वरुप निजी घराने जहां दलित वर्ग पिछडे वर्ग आर्थिक रूप से कमजोर सामान्य वर्ग को जो भी आरक्षण प्राप्त हो रहा है उनको छीन लेगी यानी की संविधान में प्रदत्त आरक्षण पर तत्काल कुठाराघात शुरू हो जाएगा ऐसे में आरक्षण पर कुठाराघात को रोकने के लिए करो मरो की तर्ज पर लडाई लडने के लिए तैयार रहना पडेगा पावर ऑफिसर्स एसोसिएशन ने अपने




■ आरक्षण पर आर पार की संवैधानिक लड़ाई करेंगे, निजीकरण बर्दाश्त

सदस्यों और पदाधिकारी को लिए रेड अलर्ट जारी किया है कहा किसी भी समय पर तत्काल संवैधानिक लडाई के लिए मैदान में कूद पड़ना है।

उत्तर प्रदेश पावर ऑफिसर्स एसोसिएशन के कार्यवाहक अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा महासचिव अनिल कुमार सचिव आरपीकेन संगठन सचिव बिंदा प्रसाद सुशील कुमार वर्माअजय कुमार ने कहा आरक्षण हमारा संवैधानिक अधिकार है उसके साथ कोई भी खिलवाड नहीं होने दिया जाएगा पूरे प्रदेश में जनप्रतिनिधियों से मुलाकात करने के लिए भी सभी पदाधिकारी को निर्देश जारी कर दिए गए हैं कि वह उत्तर प्रदेश की कुल लगभग 403 विधानसभा में अपने जनप्रतिनिधियों को मिलकर उन्हें या अवगत करा दे कि उनके संवैधानिक अधिकार आरक्षण पर कुठाराघात होने वाला है इसलिए वह उनके साथ खडे हो आज दलित व पिछला वर्ग के कार्मिक संकट में है यदि जनप्रतिनिधि उनके साथ नहीं देंगे तो या माना जाएगा कि उन्हें बाबा साहब द्वारा बनाई गई संवैधानिक व्यवस्था से कोई लेना-देना नहीं हैं।

## हाथ में संविधान की प्रति लेकर प्रियंका ने ली शपथ

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रियंका गांधी के सांसद के रूप में शपथ लेने पर बृहस्पतिवार को प्रदेश मुख्यालय में खुशी मनाई। इस अवसर पर नेताओं व कार्यकर्ताओं ने प्रियंका गांधी का लाइव शपथ ग्रहण देखा साथ ही एक दूसरे को मिठाई और लड्डू खिलाकर खुशी जाहिर की। कार्यकर्ताओं ने पटाखे भी फोड़े। शपथ ग्रहण के दौरान प्रियंका गांधी ने अपने हाथ में संविधान की एक प्रति ले रखी थी।

इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष प्रशासन प्रभारी दिनेश सिंह, पूर्व विधायक श्याम किशोर शुक्ला, प्रदेश महासचिव मुकेश सिंह चौहान, प्रदेश प्रवक्ता अंशू अवस्थी, सेवादल राजेश काली, शहर अध्यक्ष अमित श्रीवास्तव त्यागी, शहर अध्यक्ष शहजाद आलम, जिलाध्यक्ष वेद प्रकाश त्रिपाठी, नितांत सिंह, सलमान कादिर, डॉक्टर अयूब



सहित कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा केरल की वायनाड सीट से सांसद चुनी गई हैं। इसके साथ ही अभी तक प्रचार तक ही सीमित रहने वाली प्रियंका गांधी के राजनीतिक जीवन का भी आगाज हो गया। इसके पहले तक वह कांग्रेस के लिए चुनाव प्रचार जरूर करती थीं लेकिन चुनाव नहीं लड़ीं। लोकसभा चुनाव 2024 के दौरान भी उनके रायबरेली से चुनाव लड़ने की खबरें थीं लेकिन इस सीट पर राहुल गांधी चुनाव मैदान में उतरे और बड़ी जीत दर्ज की। हालांकि, इस दौरान भी प्रियंका गांधी ने प्रचार की जिम्मेदारी संभाली थी।

## युवाओं को रचनात्मकता और नवाचार के अवसरों के बारे में किया जागरूक

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय की इकाई, पत्र सूचना कार्यालय (पीआईबी) लखनऊ ने मीडिया और एंटरटेनमेंट क्षेत्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू किए गए क्रिएट इन इंडिया चैलेंज के सीजन-1, 'वेब्स' के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए लखनऊ विश्वविद्यालय के पत्रकारिता विभाग में एक वर्कशॉप का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में पीआईबी लखनऊ ने विद्यार्थियों को बताया कि 'वेब्स' का आयोजन 5 फरवरी से 9 फरवरी तक भारत मंडपम, नई दिल्ली में किया जाएगा। यह मीडिया और मनोरंजन उद्योग के लिए एक प्रमुख मंच है, जो संवाद, व्यापार सहयोग और नवाचार को बढ़ावा देगा। वेब्स में कुल 27 चैलेंज शामिल हैं, जिनमें रील मेकिंग, पोस्टर मेकिंग, एनिमेशन और ड्रोन



फिल्म मेकिंग जैसे प्रतिस्पर्धात्मक कार्यक्रम होंगे, जो प्रतिभागियों को अपनी रचनात्मकता और कौशल प्रदर्शित करने का अवसर प्रदान करेंगे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि और पत्रकारिता विभाग के विभागाध्यक्ष, प्रो. डॉ. मुकुल श्रीवास्तव ने कहा कि 'वेब्स' युवाओं के लिए केंद्र सरकार द्वारा उपलब्ध कराया गया एक उत्कृष्ट मंच है। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि मीडिया और एंटरटेनमेंट के क्षेत्र में हमारी कोशिश होनी चाहिए कि हम इसमें भारत की पारंपरिक संस्कृति और मूल्यों को प्रदर्शित करें। प्रोफेसर श्रीवास्तव ने कहा कि यह पहल भारत के लोगों को वैश्विक मंच पर अपनी बात रखने और भारत की सांस्कृतिक पहचान को विश्व तक पहुंचाने में मदद करेगी। उन्होंने कहा कि मीडिया और मनोरंजन क्षेत्र में भारत की पारंपरिक संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए 'वेब्स' एक प्रमुख मंच है।

## संभल हिंसा के खिलाफ भाकपा का प्रदेशव्यापी प्रतिवाद 30 को

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** भाकपा (माले) संभल हिंसा के खिलाफ 30 नवंबर को प्रदेशव्यापी प्रदर्शन करेगी। पार्टी ने पूरे मामले को संघ-भाजपा की सुनियोजित साजिश बताया है और योगी सरकार को हिंसा का जिम्मेदार ठहराया है। राज्य सचिव सुधाकर यादव ने गुरुवार को जारी बयान में कहा कि संभल हिंसा सामान्य हिंसा नहीं, बल्कि राज्य प्रायोजित है। पांच निर्दोष मुस्लिम युवाओं की पुलिस ने दिनदहाड़े हत्या की है। दर्जनों प्रदर्शनकारी घायल हैं। ऊपर से प्रदर्शनकारियों को ही जिम्मेदार बताकर प्रशासन कहानियां गढ़ रहा है।

माले नेता ने कहा कि गहरी साजिश रची गई है। सम्भल लोकसभा में ही कुंदरकी विधानसभा है, जहां उपचुनाव के मतदान (20 नवंबर) से ठीक एक दिन पहले मस्जिद का विवाद खड़ा किया गया। याचिका दायर करने के महज कुछ घंटे की सुनवाई के भीतर

■ कहा, हिंसा के लिए योगी सरकार जिम्मेदार

अदालत से सदियों पुरानी मस्जिद का सर्वे आदेश प्राप्त कर लिया जाता है। तुरत-फुरत प्रशासन की मदद से मतदान की पूर्व संध्या पर सर्वे किया जाता है। उपचुनाव में सत्तारूढ़ भाजपा की अप्रत्याशित जीत होती है। मतगणना के ठीक अगली सुबह लोगों को बिना विश्वास में लिए दूसरा सर्वे किया जाता है। भारी हिंसा होती है। ये सब महज इत्तेफाक नहीं हो सकता। मुख्यमंत्री की चुप्पी और संसद के जारी सत्र में संभल हिंसा पर बहस से केंद्र सरकार का भागना बहुत कुछ कहता है। मृतकों को न्याय दिलाने और साजिश का भंडाफोड़ करने के लिए सर्वोच्च न्यायालय का दखल जरुरी है। माले राज्य सचिव ने कहा कि जिला मुख्यालयों पर धरना-प्रदर्शन कर पार्टी जिन मांगों को उठाएगी और राष्ट्रपति को ज्ञापन भेजेगी, उनमें प्रमुख हैं।

## ऋषि साहित्य मानवीय जीवन के गरिमा का बोध करता है : उमानंद शर्मा



अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** गायत्री ज्ञान मंदिर इंदिरा नगर, लखनऊ के विचार क्रान्ति ज्ञान यज्ञ अभियान के अन्तर्गत ''आर.पी.एस. कॉलेज ऑफ़ फार्मेसी, बबुरी गांव, बाराबंकी'' के केन्द्रीय पुस्तकालय में गायत्री परिवार के संस्थापक युगऋषि पं. श्रीराम शर्मा आचार्य द्वारा रचित सम्पूर्ण 79 खण्डों का 427वाँ ऋषि वांड़मय की स्थापना कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। उपरोक्त साहित्य गायत्री परिवार की सक्रीय कार्यकर्त्री श्रीमती मधु अवस्थी एवं सच्चिदानन्द अवस्थी ने अपने पूज्य दादा ससुर एवं दादी सास स्व0 राधाकृष्ण अवस्थी एवं स्व0 सोमवती अवस्थी की स्मृति में भेंट किया तथा सभी छात्र-छात्राओं, संकाय सदस्यों, विभागाध्यक्षों एवं फार्मेसी के अधिकारीगणों को (हिन्दी) अखण्ड ज्योति पत्रिका भेंट की।

इस अवसर पर वाड्मय स्थापना अभियान के मुख्य संयोजक उमानंद शर्मा ने कहा कि ऋषि साहित्य मानवीय जीवन के गरिमा का बोध कराता है। श्रीमती उषा सिंह ने भी अपने विचार रखे, संस्थान के सहायक निदेशक श्री दीपक कुमार गौड़ ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

इस अवसर पर उमानंद शर्मा, श्रीमती उषा सिंह, मधु अवस्थी, श्रीमती शकुन्तला त्रिपाठी, संसथान के चेयरमैन श्री आर0 पी0 सिंह, चेयरमैन मैम श्रीमती रीना सिंह, प्रबन्ध निदेशक श्री शिवांश प्रताप सिंह, सहायक निदेशक श्री दीपक कुमार गौड़ संकाय सदस्य, चिकित्सकगण एवं छात्र-छात्रायें मौजूद थे।

## चित्रकला प्रतियोगिता का प्रथम पुरस्कार सीएमएस छात्र को

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, स्टेशन रोड कैम्पस के केजी कक्षा के प्रतिभाशाली छात्र प्रत्युष गुप्ता ने अन्तर-विद्यालयी चित्रकला प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार अर्जित कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। प्रतियोगिता का आयोजन यूपी गाँधी स्मारक निधि के तत्वावधान में किया गया। यह जानकारी सी.एम.एस. के हेड, कम्युनिकेशन्स श्री ऋषि खन्ना ने दी है। श्री खन्ना ने बताया कि इस प्रतियोगिता में लखनऊ के कई प्रतिष्ठित विद्यालयों के छात्रों ने प्रतिभाग किया तथापि कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच सी.एम.एस. के इस प्रतिभाशाली छात्र ने रंग व ब्रुश के माध्यम से अपनी रचनात्मकता व कलात्मक प्रतिभा का जोरदार कर प्रथम पुरस्कार अर्जित किया। प्रत्यूष की बनाई कलाकृति को निर्णायक मण्डल की भरपूर सराहना मिली।




प्रतियोगिता के आयोजकों ने सी.एम.एस. छात्र को स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। सी.एम.एस. प्रबन्धक प्रो. गीता गाँधी किंगडन ने इस मेधावी छात्र के उज्जवल भविष्य की कामना की है।

श्री खन्ना ने बताया कि सी.एम.एस. इस प्रकार की रचनात्मक व सृजनात्मक प्रतियोगिताओं के माध्यम से अपने छात्रों की बहुमुखी प्रतिभा को निखारने एवं उन्हें जीवन में आगे ही आगे बढ़ने हेतु सदैव प्रोत्साहित करता रहता है।

## कोहरे से पूर्वोत्तर रेलवे ने 22 ट्रेनों को किया निरस्त

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** पूर्वोत्तर रेलवे ने कोहरे की वजह से 22 ट्रेनों को निरस्त कर दिया है। यह ट्रेनें एक दिसंबर से 28 फरवरी तक निरस्त रहेंगी। कुछ ट्रेनों के फेरे भी घटाए गए हैं, ताकि कोहरे के दौरान ट्रेनों का सामान्य और संरक्षित संचालन हो सके।

सीपीआरओ पंकज कुमार सिंह ने बताया कि कोहरे में ट्रेनों की गति कम होने से लाइन क्षमता कम हो जाती है, जिस कारण ट्रेनों की संख्या में कमी की जाती है। निरस्त की गई ट्रेनों की जानकारी 139 नंबर के साथ ही ऑनलाइन बुकिंग सेवाओं पर भी मिलेगी।

ट्रेन संख्या 12583 लखनऊ जं.-आनन्द विहार टर्मिनल व 12584 आनंद विहार टर्मिनल-लखनऊ जं. एक्सप्रेस एक दिसंबर से 28 फरवरी तक, 12595 गोरखपुर-आनन्द विहार टर्मिनल एक्सप्रेस दो दिसंबर से 27 फरवरी, 12596 आनंद विहार टर्मिनल-गोरखपुर एक्सप्रेस तीन दिसंबर से 28 फरवरी, 15057 गोरखपुर-आनन्द



विहार टर्मिनल एक्सप्रेस पांच दिसंबर से 27 फरवरी, 15058 आनंद विहार टर्मिनल-गोरखपुर एक्सप्रेस चार दिसंबर से 26 फरवरी, 15059 लालकुआं-आनन्द विहार टर्मिनल एक्सप्रेस तीन दिसंबर से 27 फरवरी, 15060 आनंद विहार टर्मिनल-लालकुआं एक्सप्रेस तीन दिसंबर से 27 फरवरी, 15081 नकहा जंगल-गोमतीनगर एक्सप्रेस दो दिसंबर से एक मार्च, 15082 गोमतीनगर-नकहा जंगल एक्सप्रेस एक दिसंबर से 28 फरवरी तक निरस्त रहेगी।

ऐसे ही 12538/12537 प्रयागराज रामबाग-मुजफ्फरपुर दो दिसंबर से आठ जनवरी, 12209 कानपुर सेंट्रल-काठगोदाम एक्सप्रेस तीन दिसंबर से 25 फरवरी, 12210 काठगोदाम-कानपुर सेंट्रल एक्सप्रेस दो दिसंबर से 24 फरवरी, 14213 वाराणसी जं.-बहराइच एक्सप्रेस एक दिसंबर से 28 फरवरी, 14214 बहराइच-वाराणसी एक्सप्रेस दो दिसंबर से एक मार्च, 14523 बरौनी-अंबाला कैंट एक्सप्रेस पांच दिसंबर से 27 फरवरी, 14524 अंबाला कैंट-बरौनी एक्सप्रेस तीन दिसंबर से 25 फरवरी, 14615 लालकुआं-अमृतसर एक्सप्रेस सात दिसंबर से 22 फरवरी, 14616 अमृतसर-लालकुआं एक्सप्रेस सात दिसंबर से 22 फरवरी, 14617 पूर्णिया कोर्ट-अमृतसर एक्सप्रेस तीन दिसंबर से दो मार्च, 14618 अमृतसर-पूर्णिया कोर्ट एक्सप्रेस एक दिसंबर से 28 फरवरी तक निरस्त रहेंगी।

■ कुछ गाड़ियों के फेरे भी घटाये गये

12529/12530 पाटलिपुत्र-लखनऊ जं. एक्सप्रेस, 12571/12572 गोरखपुर-आनन्द विहार टर्मिनस, 15035/15036 काठगोदाम-दिल्ली एक्सप्रेस, 15054/15053 छपरा-लखनऊ जं. एक्सप्रेस, 15079/15080 गोरखपुर-पाटलिपुत्र एक्सप्रेस, 15119/15120 देहरादून-बनारस, 15127/15128 नई दिल्ली-बनारस, 15159/15160 दुर्ग-छपरा एक्सप्रेस, 25035/25036 रामनगर-मुरादाबाद, 15025/15026 आनन्द विहार टर्मिनल-मऊ, 15074/15073 सिंगरौली-टनकपुर एक्सप्रेस, 15076/15075 शक्तिनगर-टनकपुर, 15903/15904 चंडीगढ़-डिब्रूगढ़ एक्सप्रेस, 15621/15622 आनन्द विहार टर्मिनल-कामाख्या निरस्त की गई हैं।

## रिजर्वेशन डिबेट में टीएमयू मेडिकल कॉलेज के चिराग और अनुज विजेता




अवधनामा संवाददाता

**मुरादाबाद।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के तीर्थंकर महावीर मेडिकल कॉलेज एंड रिसर्च सेंटर की ओर से संविधान दिवस पर आयोजित वाद-विवाद प्रतियोगिता में एमबीबीएस सेकेंड ईयर के चिराग सिकरी और अनुज वर्मा विजेता रहे। रिजर्वेशन इन हायर एजुकेशन पर हुई डिबेट में चिराग सिकरी के साथ-साथ मानिक सेहरावत, आदित्य कुमार, हार्दिक वोहरा आदि ने पक्ष, जबकि अनुज वर्मा के संग-संग राजुल जैन, आराध्या शर्मा, मानसी यादव आदि ने विपक्ष में अपने-अपने विचार रखे। वाद-विवाद प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में लॉ कॉलेज के श्री बिश्नानंद दुबे, कम्युनिटी मेडिसिन के डॉ. चिंटु चौधरी, माइक्रोबायोलॉजी के डॉ. सुधीर सिहं, फिजियोलॉजी की डॉ. जसप्रीत कौर आदि शामिल रहे। इससे पूर्व साइलेंट फीचर ऑफ कॉन्सटीट्यूशन पर आयोजित गेस्ट लेक्चर में लॉ कॉलेज के श्री बिश्नानंद दुबे ने बतौर मुख्य वक्ता अपने विचार व्यक्त किए। श्री दुबे ने संविधान के विभिन्न महत्वपूर्ण आर्टिकल्स के बारे में मेडिकल स्टुडेंट्स को विस्तार से समझाया। उन्होंने संविधान में नागरिकों को दिए गए मूल अधिकारों के संग-संग मूल कर्तव्यों के महत्व पर भी गहनता से चर्चा की। श्री दुबे ने संविधान निर्माण की प्रक्रिया के बारे में भी अपने विचार प्रस्तुत किए।

# पुलिस कस्टडी से फरार बदमाश की पुलिस से मुठभेड़

अवधनामा संवाददाता



**बुलंदशहर।** रात्री को थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा लल्ला बाबू चौराहा पर संदिग्ध व्यक्ति/वाहन की चैकिंग की जा रही थी उसी समय एक बाइक पर 2 संदिग्ध व्यक्ति आते हुए दिखाई दिये जिनको पुलिस टीम द्वारा रूकने का इशारा किया गया तो नही रूके व मोटर साइकिल को लेकर तेज गति से वापस भागने लगे। जिनका पुलिस टीम द्वारा पीछा किया गया तो वलीपुरा नहर के पास बदमाशों को घेर लिया गया। अपने आपको पुलिस से घिरता देख बदमाशों द्वारा पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग की गयी। पुलिस टीम द्वारा की गयी आत्मरक्षार्थ जवाबी फायरिंग में एक बदमाश दाहिने पैर में गोली लगने से घायल हो गया जिसे गिरफ्तार किया गया व दूसरा बदमाश अंधेरे का फायदा उठाकर भागने में सफल रहा जिसकी कांबिंग कर गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे हैं। गिरफ्तार/ घायल बदमाश की पहचान अजय उर्फ अज्जू शर्मा पुत्र नरेशचन्द्र शर्मा निवासी मौ0 रामबाड़ा थाना सिकन्द्राबाद जनपद बुलन्दशहर, के रुप में हुई हैं। घायल बदमाश को उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया है। बदमाश के कब्जे से अवैध असलहा, कारतूस, व एक बाइक बरामद हुई है। उल्लेखनीय है कि बदमाश शातिर किस्म का अपराधी हैं जिसके द्वारा 21.06.2024 को थाना कोतवाली नगर क्षेत्रान्तर्गत एक रिटायर्ड फौजी की हत्या करने की घटना कारित की गयी थी। जिसके सम्बन्ध में थाना कोतवाली नगर पर मुअसं-505/24 धारा 302 भादवि पंजीकृत हैं व 6.11.2024 को न्यायालय में पेशी के दौराने अभियुक्त फरार हो गया था। जिसके सम्बन्ध मे थाना कोतवाली नगर पर मुअस-1000/24 धारा 261/262 बीएनएस पंजीकृत है। अभियुक्त की गिरफ्तारी पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा 25 हजार रुपये का पुरस्कार घोषित किया गया था। अजय उर्फ अज्जू शर्मा पुत्र नरेशचन्द्र शर्मा निवासी मौ रामबाड़ा थाना सिकन्द्राबाद जनपद बुलन्दशहर बताया। अभियुक्त की गिरफ्तारी एवं बरामदगी के संबंध में थाना कोतवाली नगर पर अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए अभियुक्त को माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा।

# खाद्य सामग्री व गर्म वस्त्रों का किया वितरण

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** बुजुर्ग महिलाओं के चेहरे उस वक्त खिल उठे जब समाजसेवा में अग्रणी रहने वाले सिंधीजनों ने आवश्यक वस्तुओं के पैकेट एवं गर्म वस्त्र उन्हें भेंट किए। मीडिया प्रभारी किशोर इसरानी ने बताया कि सिंधी जनरल पंचायत के तत्वावधान में छटीकरा गोवर्धन मार्ग पर स्थित राधिका अपना घर महिला आश्रम हनुमान मंदिर के पास माता बहनों को नारायणदास लखवानी, रामचंद्र खत्री, जीवतराम चंदानी, डॉक्टर प्रदीप ऊकरानी, एडवोकेट अनीता चावला, सुरेश मेठवानी आदि के सौजन्य से खाद्य सामग्री एवं गर्म वस्त्र वितरण किये गए। अध्यक्ष नारायण दास लखवानी ने बताया कि स्वामी लीलाशाह जी महाराज के संदेश नर सेवा नारायण सेवा, से प्रेरित होकर समाजसेवा की भावना के तहत ही हम सभी को यह सेवा का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। राम चंद्र खत्री ने बताया कि सिंधी जनरल पंचायत की ओर से खाध्य सामग्री में आटा, चावल, दाल, चीनी, मसाले, चायपती और सर्फ़, साबुन के साथ ही गर्म गाऊन व स्वेटर आदि वितरित किए गए है। मिशन स्माइल फाउंडेशन की महासचिव एडवोकेट अनिता चावला ने बताया कि सिंधी समाज द्वारा ऐसे सेवा कार्य निरंतर किए जाते रहते है, आश्रम में रह रही महिलाओ की जरूरत व शीत ऋतु को देखते हुए यह वितरण किया गया है। इस मौके पर पंचायत अध्यक्ष नारायणदास लखवानी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष रामचंद्र खत्री, उपाध्यक्ष जीवतराम चंदानी, उपाध्यक्ष डॉक्टर प्रदीप उकरानी, मंत्री सुरेश मेठवानी तथा मिशन स्माइल फाउंडेशन की महासचिव एडवोकेट अनीता चावला के साथ महामंत्री बसंत मंगलानी, उपाध्यक्ष गुरमुख दास गंगवानी, ऑडिटर झामनदास नाथानी, मंत्री जितेंद्र भाटिया, प्रचार मंत्री हरीश चावला एवं हेमा गंगवानी आदि उपस्थित रहे।

# हिंसा के बाद संभल में माहौल शांत

■ उलमाओ की अपील जुमे की नमाज अपने अपने क्षेत्रों की मस्जिदो में अदा करें



अवधनामा संवाददाता

**संभल।** रविवार को सर्वे के दौरान ऐतिहासिक शाही जामा मस्जिद के आसपास हुई हिंसा के बाद संभल मे माहौल शांत है ! स्कूल कालिज खुलने के साथ साथ बाजारो मे दुकाने भी खुल गयी जिससे बाजारो मे चहलपहल शुरू हो गयी इंटरनेट सेवा अभी शुरू नहीं की गई है पुलिस प्रशासन ने शुकवार होने और चन्दौसी स्थित जनपद न्यायालय सिविल जज सीनियर डिवीज़न के न्यायालय में शाही जामा मस्जिद की पहली सुनवाई होने के मद्देनजर कोर्ट परिसर मे पुलिस बल की तैनाती की गयी है शाही जामा मस्जिद के आसपास भारी संख्या में पुलिस मौजूद है उलमाओ ने जुमे की नमाज अपने अपने क्षेत्र की मस्जिदो मे अदा करने की अपील के साथ साथ शहर में अमन कायम रखने के लिए पुलिस प्रशासन का सहयोग करने की अपील की है और किसी भी तरह की अफवाह पर ध्यान न देने को कहा है। संभल मे ऐतिहासिक शाही जामा मस्जिद के सर्वे के दौरान हुई हिंसा के बाद से संभल तहसील क्षेत्र में इंटरनेट सेवाएं बन्द होने से इंटरनेट से होने वाले सभी कार्य चौपट रहने से लोगों को भारी दिक्कतो का सामना करना पड़ा रहा है बताया जा रहा है कि कल आज शाम तक इंटरनेट की सेवा शुरू की जा सकती है। संभल की ऐतिहासिक शाही जामा मस्जिद को लेकर चन्दौसी स्थित जनपद न्यायालय सिविल जज सीनियर डिवीज़न संभल के न्यायालय में कल आज पहली सुनवाई होने के कारण न्यायालय परिसर मे हिफाज़त के कढे इंतजाम किये गये हैं कल आज सर्वो रिपोर्ट न्यायलय मे पेश की जा सकती है न्यायालय ने सर्वो रिपोर्ट दाखिल करने के लिए 29 नवंबर की तारिख नियत की थी। संभल की ऐतिहासिक शाही जामा मस्जिद के आसपास भारी संख्या में पुलिस मौजूद है कल आज जुमे की नमाज को लेकर पुलिस प्रशासन ने कड़े इंतजाम किये है बीते जुमे को भारी संख्या में जुमे की नमाज अदा करने के लिए लोग जामा मस्जिद पहुंचे थे मस्जिद मे जगह न होने पर लोगो को लौटाया गया था। संभल की ऐतिहासिक शाही जामा मस्जिद के सर्वे के दौरान हुई हिंसा के बाद से संभल के बाजार खुले है स्कूल कालिज भी खोल दिये गये जिससे शहर मे शान्ति का माहौल है। शहर के उलमाओ ने जमे की नमाज अपने अपने क्षेत्र की मस्जिदो मे अदा करने की अपील की है शहर में अमन कायम रखने के लिए पुलिस प्रशासन का सहयोग करने की अपील की है।

## वायु प्रदूषण को लेकर एसडीएम हुए सख्त,

**बुलंदशहर।** वायु प्रदूषण को देखते हुए शिकारपुर एसडीएम दीपक कुमार पाल ने पहासू के गांव अनौना में मिट्टी खनन करते हुए एक जेसीबी सहित पांच ट्रैक्टरों को पकड़कर पुलिस के सुपुर्द किया है। एसडीएम ने मामले में रिपोर्ट जिलाधिकारी सहित अन्य अधिकारियों को भेज दी है। उन्होंने कहा वायु प्रदूषण को देखते हुए मिट्टी परमिशन पर भी रोक लगाई गई है।

शिकारपुर तहसील के गांव अनौना में बुधवार को जेसीबी और ट्रैक्टरों से मिट्टी के खनन की सूचना मिलते ही शिकारपुर एसडीएम दीपक कुमार मौके पर पहुंच गए। जीआरएपी व्यवस्था लागू होने बाबजूद एक जेसीबी सहित पांच ट्रैक्टरों को मिट्टी का खनन करते हुए पकड़ लिया। एसडीएम ने मामले की जानकारी देते हुए पहासू पुलिस को बुलाकर एक जेसीबी सहित पांचों ट्रैक्टरों को पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया है। एसडीएम दीपक कुमार ने बताया मिट्टी खनन की रिपोर्ट जिलाधिकारी सहित प्रदूषण विभाग के अधिकारियों को भेज दी गई है। तहसील क्षेत्र में जीआरएपी व्यवस्था को देखते हुए अग्रिम आदेश तक मिट्टी के खनन की परमिशन पर पूर्णतः रोक लगाई गई है।

# ऐतिहासिक ददरी मेले में अवैध वसूली करने वाले ठेकेदार होंगे चिन्हित

■ दुकानदारों से आवंटन शुल्क में नहीं की गई है कोई बढ़ोतरी

■ प्रथम बार रसीद दुकानदारों के नाम पर काटी जा रही है

**ददरी मेले में पहली बार लोगो डिजाइन हुआ है। इसका उद्घाटन आज शुक्रवार को परिवहन मंत्री करेंगे**

जनपद बलिया और ददरी मेला के अध्यात्म और संस्कृति को रेखांकित करने वाला स्लोगन भी 29 नवंबर को जारी किया जाएगा। जनपद बलिया की उभरती प्रतिभाओं और कलाकारों के लिए जिलाधिकारी के निर्देश पर बलिया स्पेशल नाइट का आयोजन भारतेंदु कला मंच पर 29 नवंबर को शाम छह बजे से होगा।। मुख्य अतिथि माननीय परिवहन मंत्री होंगे।बलिया स्पेशल नाइट में बलिया के उभरते कलाकार ही भाग ले सकेंगे ,जिसमें नृत्य ,गायन और रंगमंच के कलाकार प्रतिभाग करेंगे। जिले के उभरते कलाकारों के चयन के लिए स्पेशल टीम बनाई गई है जिसमें यूनिवर्सिटी के संगीत विभाग के विशेषज्ञ कलाकारों को चयनित करेंगे।

अवधनामा संवाददाता

**बलिया।** ददरी मेला में विगत वर्ष 2023 की भांति ही दुकानदारों से आवंटन शुल्क क्रमशः प्रति लट्ठा चार हजार, पांच हजार तथा छह हजार रुपये लिया जा रहा है।इसमें ।किसी भी प्रकार प्रकार की कोई बढ़ोतरी नहीं की गई है। दुकानों को चिन्हित करते हुए रजिस्टर बनाकर उन्हीं दुकानदारों का नाम ,पता, मोबाइल नंबर, आधार कार्ड ,आवंटित भूमि और प्रति लट्ठा धनराशि दर्ज की जा रही है। प्रथम बार रसीद दुकानदारों के नाम से काटी जा रही है, न कि अवैध रूप से वसूली करने वाले ठेकेदारों के नाम से। चार या पांच दुकानों की प्रति लट्ठा धनराशि जमा कर 20 या अधिक दुकानें बनाकर अवैध रूप आवंटित करने वाले अवैध ठेकेदारों पर रोक लगाकर दुकानदारों के नाम ही दुकानवार नियमानुसार वसूली की जा रही है अवैध दुकान आवंटन कर अवैध वसूली करने वाले ऐसे ठेकेदारों को चिन्हित करने हेतु अधिशासी अधिकारी नगर पालिका को निर्देशित किया गया है ऐसे अवैध ठेकेदार के विरुद्ध वैधानिक और कठोर कार्रवाई करे। अधिशासी अधिकारी को प्रत्येक लाइन की वसूली धनराशि प्रति लट्ठा दर को प्रदर्शित करने हेतु बैनर लगाए जाने का निर्देश दिया गया है ताकि सभी दुकानदार वस्तुस्थिति से अवगत रहे। इसके साथ ही प्रशासन द्वारा अपील की गई है कि दुकान आवंटन संबंधी या अवैध धनराशि वसूल जाने संबंधी कोई भी समस्या किसी दुकानदार को किसी भी प्रकार की आती है तो अधिशासी अधिकारी नगर पालिका मोबाइल नंबर 7985423 553 तथा मुख्य राजस्व अधिकारी बलिया मोबाइल नंबर 94544179 53 पर तत्काल संपर्क करें। मुख्य राजस्व अधिकारी ने बताया कि नगर पालिका द्वारा दुकान आवंटन के नाम पर अवैध ठेकेदारों पर रोक लगाई जा रही है, किसी भी प्रकार से दर मे कोई बढ़ोत्तरी नहीं की गई है।

## विद्युत टीम के साथ ग्रामीणों ने गाली गलौज और मारपीट की

**बुलंदशहर।** गुलावठी थाना क्षेत्र के गांव रसूलपुर में राजस्व वसूली व विद्युत चेकिंग के लिए गई विद्युत टीम के साथ ग्रामीणों ने गाली गलौज और मारपीट की। सूचना पर पहुंची पुलिस ने चार लोगों को हिरासत में ले लिया। विद्युत विभाग के अवर अभियंता जयवीर सिंह ने थाने में तहरीर दी है। विद्युत विभाग के अवर अभियंता जयवीर सिंह के नेतृत्व में मंगलवार देर शाम विद्युत टीम राजस्व वसूली के लिए गांव रसूलपुर गई थी। टीम के सदस्य एक ग्रामीण के मकान पर पहुंचे और विद्युत कनेक्शन के बारे में जानकारी की। आरोप है कि इसी बात पर आरोपी किसान व अन्य तीन ग्रामीण बिफर पड़े। चारों ग्रामीणों ने टीम में शामिल लाइनमैन सुमकैस, अमजद अली, नरेश चंद शर्मा के साथ गाली गलौज करनी शुरू कर दी। विरोध करने पर आरोपियों ने उन पर हमला कर दिया। ग्रामीणों द्वारा मारपीट से कर्मचारी डरे हुए हैं। जेई ने बताया कि जिस समय विद्युत कर्मचारियों के साथ मारपीट की गई, उस समय वह मौके पर थे। उन्होंने घटना की सूचना 112 पर पुलिस को दी। पुलिस मौके पर पहुंची और चारों आरोपियों को हिरासत में ले लिया।

# पुलिस ने 52 वांछित, वारंटी किये गिरफ्तार

अवधनामा संवाददाता

■ कैनाल एक्ट, कापीराइट एक्ट में दो थे वांछित

**मथुरा।** पुलिस ने विभिन्न आपराधिक मामलों में वांछित चल रहे एवं वारंटियों के खिलाफ अभियान चला कर आधा सैकड़ा से अधिक ऐसे लोगों को गिरफ्तार किया है। बुधवार को एसएसपी शैलेश पांडेय के निर्देशन में गिरफ्तारी के लिए अभियान चलाया गया। गुरूवार को जनपद के समस्त थानों द्वारा कुल 52 वांछित एवं वारंटियों को गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की गयी। प्रभारी निरीक्षक थाना राया अजय कौशल के मुताबिक हरिपाल सिंह पुत्र सूरजमल निवासी ग्राम नगला सहसू थाना राया को कैनाल एक्ट, बनी सिह पुत्र हरी सिह निवासी ग्राम खरवा थाना राया कापीराइट एक्ट, सुरेश पुत्र कढेरू, नीतेश पुत्र सौदान सिंह निवासीगण सरूआ थाना राया, रामसनेही पुत्र रुपराम निवासी ग्राम सुथरिया थाना रायां को उसके घर के बाहर से गिरफ्तार किया गया है। वहीं थाना छाता पुलिस ने दो वारंटियों को गिरफ्तार किया है। शंकर पुत्र पुरुषोत्तम निवासी भदावल थाना छाता कैनाल एक्ट में वांछित चल रहा था। भूषण उर्फ बृजभूषण पुत्र स्व छिद्दी सिंह निवासी रनवारी थाना छाता विस्फोटक पदार्थ अधिनियाम में दर्ज हुए अभियोग में वांछित चल रहा था। प्रभारी निरीक्षक थाना छाता संजय कुमार त्यागी ने बताया कि अभियुक्त शंकर व भूषण उर्फ बृजभूषण को उनके मकान से गिरफ्तार किया गया। थाना रिफाइनरी पुलिस टीम ने थाना क्षेत्र अन्तर्गत ग्राम बाद व गेट नम्बर एक से शुक्रवार को दो वारण्टी मुकेश पुत्र बांके बिहारी निवासी पीलुआ थाना फरह को रेलवे एक्ट में जबकि पूरन पुत्र भूचा निवासी ग्राम बाद थाना रिफाइनरी को गिरफ्तार किया।

## महात्मा ज्योतिराव फुले को पुष्पांजलि अर्पित

**मथुरा।** महात्मा ज्योतिराव फूले विकास समिति मथुरा द्वारा महात्मा ज्योतिराव फुले जी की 134 वे परनिर्वाण दिवस पर महात्मा फुले वाटिका गोकुल बैराज रोड औरंगाबाद मथुरा पर समिति अध्यक्ष रमेश सैनी के नेतृत्व में पुष्पांजलि सभा एवं संगोष्ठी का आयोजन किया गया। पुष्पांजलि सभा में सर्वप्रथम अनुयायियों ने महात्मा ज्योतिराव फुले जी की प्रतिमा पर उनके योगदान का गुणगान करते हुए गगन भेदी नारे लगाते हुए माल्यार्पण व पुष्पांजलि अर्पित की। तत्पश्चात वक्ताओं ने महात्मा ज्योतिराव फुले द्वारा भारत में शिक्षा क्षेत्र में दिए गए अभूतपूर्व योगदान पर प्रकाश डाला इस मौके पर समिति अध्यक्ष रमेश सैनी ने अपने संबोधन में कहा कि ज्योतिराव फुले ने भारत में सर्व प्रथम शिक्षा क्रांति की जोत जलाई थी, उन्होंने नारी जाति के साथ भारत के अछूतों वंचितो, तथा पिछड़ा समाज के लिए शिक्षा के द्वार खोलें समस्त भारतवासी उनके हमेशा कृतज्ञ रहेंगे संगोष्ठी के दौरान लुकेश कुमार राही अध्यक्ष अखिल भारतीय समता फाउंडेशन ने केंद्र सरकार से महात्मा ज्योतिराव फुले एवं माता सावित्रीबाई फुले के जन्म दिवस पर राष्ट्रीय अवकाश एवं भारत रत्न से सम्मानित करने की मांग की।

# भाजपा जिला पंचायत अध्यक्ष ने किया सीसी रोड का शुभारंभ

अवधनामा संवाददाता

■ सीएम की मंशा अनुरूप विकास कार्यों के बढ़ाया जा रहा है आगे : किशन

■ जिला पंचायत से कराये जा रहे विकास कार्यों में गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं : किशन चौधरी

**मथुरा।** लोगों को सुचारु आवागमन में किसी भी प्रकार समस्या न हो, इसके लिए न सिर्फ नए संपर्क मार्गो का निर्माण कराया जा रहा है, बल्कि क्षतिग्रस्त मार्गो को भी दुरुस्त किया जा रहा है। यह बात ग्राम पंचायत फोंडर के गांव नगला बर में सीसी संपर्क मार्ग का उद्घाटन अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष किशन चौधरी ने कही।

उन्होंने कहा इस सीसी मार्ग के निर्माण से ग्रामीणों को आवागमन में आसानी होगी। कहा कि जो मार्ग बरसात में क्षतिग्रस्त हो गए हैं, शीघ्र ही इनकी मरम्मत भी कराई जाएगी। इस दौरान उन्होंने कहा कि जिला पंचायत की ओर से कराए जा रहे विकास कार्यों में गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। कहा कि प्रदेश सरकार हर गांव में सड़कों का जाल बिछाने के लिए प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री योगी की मंशा के अनुरूप विकास कार्यो को आगे बढ़ाया जा रहा है। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष का चांदी का मुकुट एवं साफा बांधा व फूलों से बना हार पहनाकर स्वागत किया गया।

सीसी उद्घाटन के दौरान मुख्य रूप से जिला पंचायत अध्यक्ष के सुपुत्र पार्थ चौधरी, आरके पांडेय, जिला पंचायत सदस्य प्रदीप, नैनूपट्टी प्रधान देवेंद्र, फोंडर प्रधान राकेश, प्रधान लोरिहापट्टी प्रधान पालेन्द्र, सींगापट्टी प्रधान वेद, रंधीर चौधरी मगोर्रा, पुष्पेंद्र मास्टर फोंडर एवं सम्मानित सरदारी के गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## शादी विवाह मै नहीं थम रही हर्ष फायरिंग

**मथुरा।** सुरीर कोतवाली क्षेत्र के कस्बा टैंटीगांव स्थित एक फार्म हाउस में शादी समारोह में हर्ष फायरिंग से दुल्हन के हाथ में गोली लगने हड़कंप मच गया। घायल दुल्हन को मथुरा स्थित अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पीताम्बर शर्मा निवासी टैंटीगांव की पुत्री गुड़िया उर्फ दिव्या शर्मा की शादी मथुरा रोडवेज कालौनी निवासी बनवारी शर्मा उर्फ वंश के साथ तय हुई थी। 27 नवंबर की शादी तय थी। कस्बा के एक फार्म हाउस में शादी समारोह चल रहा था। देर शाम को बरात फार्म हाउस पहुंची तो युवती पक्ष के लोगों ने आएं बरातियों का स्वागत सत्कार करते हुए खाना खिलवाया। सभी रस्में हंसी खुशी से चल रही थीं। रात क़रीब 11 बजे के लगभग वरमाला की तैयारियां चल रही थीं। दुल्हन बनी युवती हाथ में माला लिए जा रही थी, तभी दुल्हन के मामा ने हर्ष फायरिंग शुरू कर दी। हर्ष फायरिंग के दौरान गोली ने दुल्हन के हाथ को चीर दिया। इस दौरान भगदड़ मच गई। घायल दुल्हन को तत्काल ही मथुरा स्थित अस्पताल में भर्ती कराया।

# दो दिवसीय प्रशिक्षण का शुभारम्भ

अवधनामा संवाददाता



**ललितपुर।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वाधान में लीगल सर्विस यूनिट फॉर चिल्ड्रन्स (एल.एस.यू.सी.) एण्ड लीगल सर्विस यूनिट मनोन्याय (एल.एस.यू.एम.) स्कीम के अन्तर्गत दो दिवसीय अभिविन्यास प्रशिक्षण का शुभारम्भ जनपद न्यायाधीश/ अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण आलोक कुमार पाराशर द्वारा किया गया। एडीजे /सचिव यशवन्त कुमार सरोज की देख रेख में प्रशिक्षण का कार्यक्रम हुआ। जिला जज ने मां सरस्वती का माल्यापर्ण कर दीप प्रज्जवल किया। इस दौरान जिला जज ने (एल.एस.यू.सी.) एण्ड (एल.एस. यू.एम.) के संबंध में जानकारी उपलब्ध करायी गयी। (एल.एस. यू.सी.) क्या है और इसके बच्चों को क्या फायदे होगें कानूनी सेवाएं बच्चों के अधिकारों, उनकी सुरक्षा और कल्याण को सुनिश्चित करने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। बच्चों के लिए कानूनी सेवा इकाई (लीगल सर्विस यूनिट फॉर चिल्ड्रन्स (एल.एस.यू.सी.) का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि बच्चों को कानूनी सहायता प्राप्त हो, विशेष रूप से उन बच्चों को जिनके पास कानूनी सहायता प्राप्त करने के लिए संसाधन नहीं होते हैं। यह इकाई बच्चों के मामलों में कानूनी अधिकारों की रक्षा करती है और यह सुनिश्चित करती है कि बच्चे किसी भी प्रकार के शोषण, उत्पीडन् या अन्य अव्यवस्थाओं से बचें। इसमें इन्फेंट (बच्चें के जन्म) से लेकर 18 वर्ष तक की आयु के बच्चों को निशुल्क विधिक सहायता उपलब्ध कराना। इस दौरान एडीजे प्रथम गुलाब सिंह, एडीजे पॉक्सो नवनीत कुमार भारती, प्रधान न्यायाधीश किशोर न्याय बोर्ड रविशंकर गुप्ता, प्रोबेशन अधिकारी नंदलाल सिंह, बाल कल्याण समिति अध्यक्ष राजकुमार जैन, सदस्य प्रताप नारायण, डिप्टी चीफ लीगल एण्ड डिफेंस काउंसिल विक्रम सिंह ठाकुर, स्पेशल एज्युकेटर शशिकला मौर्य व पुनीत कुमार द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में पैनल लॉयर पुष्पेन्द्र सिंह चौहान, स्वत्रंत व्यास, राजेन्द्र प्रताप सिंह, बहादुर सिंह बुन्देला, गुलझार सिंह, शेरसिंह यादव व पी.एल.वी. डा.राजीव निरंजन, बलराम कुशवाहा, रीना परमार, अरविन्द कुमार, राजेश कुमार राठौर, दीपक द्वारा प्रशिक्षण प्राप्त किया गया।

## संक्षिप्त समाचार

### उत्तर प्रदेश राज्य कर्मचारी महासंघ का चुनाव संपन्न

**बलिया।** उत्तर प्रदेश राज्य कर्मचारी महासंघ जनपद बलिया का अधिवेशन एवं चुनाव लोक निर्माण विभाग प्रांतीय खंड के प्रांगण में संपन्न हुआ। जिसमें मुख्य तिथि के रूप में अखिल भारतीय सरकारी राज्य कर्मचारी महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुभाष लम्हा रहे। साथ में उत्तर प्रदेश राज्य कर्मचारी महासंघ के प्रांतीय अध्यक्ष मान्य कमल अग्रवाल चुनाव अधिकारी के रूप रहे। बता दें कि पीडब्ल्यूडी दफ्तर के प्रांगण में एक भव्य कार्यक्रम हुआ। इस दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष ने पुरानी पेंशन बहाली समेत कई मांगों को लेकर सरकार को घेरा। उत्तर प्रदेश राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के जनपद मंत्री वेद प्रकाश पांडेय एवं प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष जितेंद्र कुमार सिंह चुनाव अधिकारी की देख-रेख में सर्वसम्मति से अध्यक्ष पद के लिए जयप्रकाश सिंह एवं महामंत्री पद पर राजेश कुमार रावत कोषाध्यक्ष के पद पर मनोज प्रजापति एवं उपाध्यक्ष के पद पर अरुण कुमार एवं संदीप कुमार एवं चंदन पटेल एवं श्वेता मिश्रा एवं विजय कुमार वर्मा, प्रचार मंत्री के पद पर रुपेश शर्मा व गुलाम अशरफ, संयुक्त मंत्री के पद पर संतोष कुमार को चुना गया।

### बालाजी विद्या मंदिर में श्री रामायण बोध परीक्षा 2024 का आयोजन



**ललितपुर।** बालाजी विद्या मंदिर जखौरा में श्री रामायण बोध परीक्षा 2024 का आयोजन किया गया जिसमें विजय बजरंगी जिला संयोजक बजरंग दल ,सियाराम जी विश्व हिंदू परिषद वरिष्ठ कार्यकर्ता ने बताया कि महाराजा सुहेलदेव जन सेवा न्यास द्वारा समस्त प्रान्तों में परीक्षा का आयोजन कराया जा रहा है हमारा उद्देश्य बच्चों के अंदर हमारी संस्कृति की जानकारी देना है। अंजू राजा, एनी जैन, प्रियंका राजपूत , रचना चौबे आदि अध्यापकों द्वारा परीक्षा सम्पन्न कराई गई । विजय जी ने सभी बच्चो का उत्साहवर्धन किया विद्यालय प्रबंधक अरुण ताम्रकार ने बताया प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने से स्वयं का आकलन का पता चलता है यही कारण है कि हर क्षेत्र में प्रतिस्पर्धा प्रतियोगिता आयोजित की जाती है। प्रतिस्पर्धा का अपना महत्व है। इससे मनुष्य अपनी क्षमताओं, योग्यताओं और गुणों को जान सकता है एवं उसमें छिपी प्रतिभा का पता चलता है।

### अवैध गांजा समेत दो बदमाश पकड़े

**ललितपुर।** एडीजी कानपुर जोन, डीआईजी झांसी परिक्षेत्र व एसपी ललितपुर मो.मुश्ताक के संयुक्त निर्देशन, एएसपी अनिल कुमार व सीओ सदर अभय नारायण के निकट पर्यवेक्षण में कोतवाली पुलिस ने वाहन चैकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर मध्य प्रदेश के जिला भिण्ड अंतर्गत तहसील लाहर थाना दामोह के पोस्ट मुरावली निवासी जितेन्द्र सिंह कौरव पुत्र लालसिंह व थाना आलमपुर के कुरथर निवासी छोटे सिंह पुत्र माताप्रसाद कौरव को 14 किलो अवैध गांजा के साथ हिरासत में लिया है। पुलिस ने दोनों के खिलाफ एनडीपीएस की धारा 8/20 के तहत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी। पूछताछ के दौरान पकड़े गये बदमाशों ने बताया कि वह उड़ीसा से अवैध गांजा खरीदकर लाते हैं और उसे उत्तर प्रदेश व मध्य प्रदेश के अलग-अलग जनपदों में बेचकर मोटा मुनाफा कमाते हैं और उसे आपस में बांटकर अपने ऐशो-आराम में खर्च करते हैं। गांजा तस्करों को पकडने़ वाली टीम में उप निरीक्षक प्रशान्त राणा, उप निरीक्षक अनुराग शर्मा, उप निरीक्षक अंकित कौशिक, मुख्य आरक्षी राघवेन्द्र पाल, आरक्षी करण प्रताप सिंह, योगेन्द्र कुमार, अमित राजपूत आदि मौजूद रहे।

# कोविड-19 में अपने माता-पिता को खो चुके निराश्रित बच्चों से डीएम ने किया सीधा संवाद



अवधनामा संवाददाता

**ललितपुर।** मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के अंतर्गत जनपद के 18 वर्ष से कम आयु के ऐसे निराश्रित बच्चे जिन्होंने कोविड-19 के दौरान अपने माता-पिता दोनो को अथवा माता व पिता में से किसी एक को खो दिया है, को आज गुरुवार को कलैक्ट्रेट सभागार में एकसाथ बुलाकर जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी की अध्यक्षता में उनकी अलग-अलग विषय विशेषज्ञों व कांउसलरों द्वारा कैरियर कांउसलिंग करायी गई। इस दौरान जिलाधिकारी ने सभी बच्चों व उनके अभिभावकों से सीधा संवाद करते हुए उनकी समस्याएं, परेशानी तथा उनकी पढ़ाई-लिखाई एवं कैरियर के क्षेत्र, उनकी रुचि व स्वभाव के बारे में एक-एक कर पूछा, उन्होंने स्वयं बच्चों की कैरियर कांउसलिंग करते हुए कहा कि बच्चों को अभी कैरियर को लेकर ज्यादा चिंता नहीं करनी है, घर में अच्छे से रहें, एक अच्छा विद्यार्थी बने और खेले-कूदें। उसके बाद उसी में से आपके कैरियर का मार्ग निकलेगा। उन्होंने कहा कि इनकम जनरेट कर लेना जीवन की सफलता नहीं है, सफल जीवन के लिए अपने स्वभाव व रुचि के अनुरुप कार्य करके मस्त रहना है। उन्होंने कहा कि बच्चे अपने कौशल को पहचाने और अन्वेषण करें। उन्होंने कहा कि सभी के जीवन में कभी न कभी परेशानियां आती ही हैं, प्रत्येक सफल व्यक्ति जीवन के किसी दौर में संघर्षो से अवश्य ही जूझा है, तब वह सफल हुआ है। आपके जीवन में यह परेशानी जीवन के प्रारंभ में आ गई हैं, तो आगे खुशहाली अवश्य आयेगी। इसके लिए मेहनत के साथ सकारात्मक रुप से आगे बढ़ें, सरकार पूरा ख्याल कर रही है। अलग-अलग विषयों पर कैरियर कांउसलरों द्वारा बच्चों को कैरियर परामर्श दी गई, जिसमें कांउसलरों द्वारा बताया गया कि बच्चे रोजाना 20-25 पेज पढने् की आदत डालें, यह प्रत्येक कैरियर सफलता में कारगर होगा। जिला प्रोबेशन अधिकारी नन्दलाल सिंह ने योजना के बारे में विस्तार से बताते हुए प्रेरणादायक कविताओं से बच्चों का मनोबल बढ़ाया। उन्होंने कहा कि महिला एवं बाल विकास विभाग निराश्रित महिला व बच्चों के पुनर्वास एवं संरक्षण के लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध है।

## शहर के प्रमुख चौराहों पर चलाया गया जागरूकता अभियान

**ललितपुर।** पुलिस अधीक्षक मो. मुश्ताक के निर्देशन में, अपर पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार एवं क्षेत्राधिकारी यातायात के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी यातायात आलोक कुमार तिवारी द्वारा शहर के प्रमुख चौराहों पर जागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान वाहन चालकों/परिचालकों को यातायात के नियमों में वैध लाइसेंस, वैध फिटनेस, प्रदूषण, बीमा के वाहन चलाना, मादक पदार्थो का सेवन न करना, सड़क पर स्टंट न करना, सेफ्टी बेल्ट का प्रयोग, हेलमेट लगाकर वाहन चलाना, ट्रिपलिंग न करना आदि के बारे में जागरूक किया गया और यातायात नियमों से संबंधित पम्पलेट, स्टिकर वितरित किए गया। प्रवर्तन की कार्यवाही के अंतर्गत 173 वाहनों का एम.वी. एक्ट की विभिन्न धाराओं में चालान किया गया एवं 05 वाहनों में नंबर प्लेट न होने के कारण सीज किया गया।

# विशाखा त्रिपाठी की अंतिम यात्रा में उमड़ा सैलाब

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** कृपालु महाराज की बड़ी बेटी डॉ. विशाखा का अंतिम संस्कार गुरुवार को यमुना तट पर किया गया. सुबह करीब 10:30 बजे उनके बड़े भाई घनश्याम के बेटे रामानुज ने उन्हें मुखाग्नि दी, इससे पहले सुबह 6:30 बजे वृंदावन के प्रेम मंदिर से उनकी अंतिम यात्रा शुरू हुई, विशाखा और उनकी दो बहनों का रविवार को यमुना एक्सप्रेसवे पर भयानक एक्सीडेंट हो गया था,इसमें उनकी मौत हो गई, जबकि दो बहनें घायल हैं। डॉ. विशाखा की अंतिम यात्रा में दुनियाभर से भक्त शामिल हुए,अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया और अन्य 12 देशों से श्रद्धालु यात्रा में शामिल होने पहुंचे,यात्रा के दौरान प्रेम मंदिर के बाहर भजन-कीर्तन किया गया और श्रद्धालु भावुक हो गए. श्रद्धांजलि देने के लिए जगह-जगह पुष्प वर्षा की गई, यह अंतिम यात्रा 6 किलोमीटर लंबी थी, प्रेम मंदिर से जुड़े ट्रस्ट की कमान विशाखा ही संभालती थीं। अंतिम यात्रा में शामिल सभी भक्त पीताम्बर रंग के वस्त्र पहने हुए थे, जैसा कि कृपालु जी महाराज ने हमेशा अपने अनुयायियों से पहनने के लिए कहा करते थे, इस कारण से यात्रा में हर कोई एक समान ड्रेस पहने हुए था, जो एकता का प्रतीक बना,तीन दिनों तक डॉ. विशाखा का शव प्रेम मंदिर में अंतिम दर्शन के लिए रखा गया था, उनकी यात्रा और श्रद्धांजलि का यह दृश्य उनके जीवन की गहरी छाप छोड़ गया। डॉ. विशाखा का निधन 24 नवंबर को नोएडा के जेवर में एक कार हादसे में हुआ था. रास्ते में रुके उनकी कारों के काफिले में एक टैंकर ने जोरदार टक्कर मार दी थी, इस हादसे के पीछे साजिश की आशंका जताई जा रही है और पुलिस घटना की जांच कर रही है।

# पीसीबी चेयरमैन मोहसिन नकवी का बयान, पाकिस्तान भारत में खेले लेकिन...

पाकिस्तान में हालात ठीक नहीं है लेकिन पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड की अकड़ कम होने ना नाम नहीं ले रही है। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड यानी पीसीबी के चेयरमैन मोहसिन नकवी ने 2025 आईसीसी चैंपियंसन ट्रॉफी की मेजबानी के लिए पाकिस्तान के अडिग रुख पर जोर दिया। उन्होंने भारत की तुलना में अपनी टीम के निष्पक्ष व्यवहार पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि ये बात स्वीकार नहीं है कि पाकिस्तान की टीम भारत जाए और भारतीय टीम पाकिस्तान ना आए।



बता दें कि, लाहौर के गद्दाफी स्टेडियम में चैंपियंस ट्रॉफी से पहले वहां की तैयारियों का जायजा लेने पहुंचे मोहसिन नकवी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की। वहीं पाकिस्तान की टीम टी20 वर्ल्ड कप के लिए 2016 में और वनडे वर्ल्ड कप के लिए 2023 में भारत आ चुकी है लेकिन भारत ने पिछले करीब 15 साल में एक भी दौरा पाकिस्तान का नहीं किया है। मोहसिन नकवी ने कहा कि स्वीकार्य नहीं है कि पाकिस्तान भारत में खेले, लेकिन भारत पाकिस्तान में खेलने से इनकार करे। उन्होंने कहा कि, हमारा स्टांस क्लियर है मैं वादा करता हूं कि हम पाकिस्तान क्रिकेट के लिए सबसे अच्छा काम करेंगे। मैं लगातार आईसीसी चैयरमैन के संपर्क में हूं और मेरी टीम उनसे लगातार बात कर रही है। हम अभी भी अपने रुख में स्पष्ट हैं कि ये स्वीकार्य नहीं है कि हम भारत में क्रिकेट खेलें और वे यहां क्रिकेट ना खेलें। जो भी होगा, समानता के आधार पर होगा। हमने आईसीसी को बहुत स्पष्ट रूप से बता दिया है कि और आगे जो भी होगा हम आपको बताएंगे।

चैंपियंस ट्रॉफी अगले साल फरवरी और मार्च में आयोजित की जाएगी। पाकिस्तान के तीन शहरों में इसका आयोजन होना है जिसमें लाहौर, कराची और रावलपिंडी को मेजबानी के लिए तैयार किया जा रहा है। वहीं भारत ने हाल ही में आईसीसी से कहा है कि पाकिस्तान की यात्रा नहीं कर सकता। साथ ही भारत के मैचों को लेकर शेड्यूल विवाद के चलते आईसीसी ने चैंपियंस ट्रॉफी के लिए अहम कार्यक्रम भी कैंसिल कर दिया, जो पाकिस्तान में होना था। भारत चाहता है कि वह अपने मैच यूएई में खेले और एक सेमीफाइनल और फाइनल भी यूएई में आयोजित हो।

# विराट कोहली का पिंक बॉल टेस्ट में रिकॉर्ड

पर्थ टेस्ट में विराट कोहली ने शानदार प्रदर्शन किया। वह लंबे समय बाद फॉर्म में लौटे जो की टीम इंडिया के लिए अच्छा संकेत है। ऑस्ट्रेलिया दौरे पर विराट कोहली ने सीरीज के पहले टेस्ट की दूसरी पारी में नाबाद शतक जड़कर टीम इंडिया को बड़ी जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई। पर्थ के ऑप्टस स्टेडियम में कोहली ने नाबाद शतक जड़ा। भारत और ऑस्ट्रेलिया की टीमों के बीच दूसरा टेस्ट मैच एडिलेड में खेला जाएगा। ये टेस्ट मैच पिंक बॉल से डे नाइट होगा। दूसरे टेस्ट मैच से पहले जानें कि विराट कोहली का पिंक बॉल टेस्ट में रिकॉर्ड कैसा है? विराट कोहली ने एडिलेड में पिंक बॉल से एक टेस्ट मैच खेले हैं जिसमें उन्होंने पहली पारी में 74 रन बनाए हैं जबकि दूसरी पारी में उन्होंने 4 रन बनाए। डे नाइट टेस्ट मैचों में कोहली के नाम ओवरऑल 277 रन हैं जिसमें उनकी बल्लेबाजी औसत 46.16 रही है। विराट ने बांग्लादेश के खिलाफ 2019 में खेले गए डे नाइट टेस्ट मैच में 136 रन की पारी खेली थी। ये पिंक बॉल टेस्ट मैच कोलाकात के ईडन गार्डन में खेला गया था। भारत ने इस टेस्ट का पारी के अंतर से जीता था। इंग्लैंड के खिलाफ अहमदाबाद में खेले गए पिंक बॉल टेस्ट मैच में कोहली ने 27 रन बनाए जबकि



दूसरी पारी में उनकी बल्लेबाजी नहीं आई। फिलहाल, विराट कोहली अपने टेस्ट करियर में 4 डे-नाइट टेस्ट खेले चुके हैं। बैंगलोर में श्रीलंका के खिलाफ खेले डे-नाइट टेस्ट मैच में विराट ने चिन्नास्वामी स्टेडियम में 23 रन की पारी खेली थी जबकि दूसरी पारी में उन्होंने 13 रन बनाए। 5 मैचों की टेस्ट सीरीज में भारतीय टीम 1-0 से आगे है। भारत ने पर्थ के ऑप्टस स्टेडियम में पहली बार ऑस्ट्रेलिया को मात दी। इससे पहले इस वेन्यू पर खेले 4 टेस्ट मैचों में ऑस्ट्रेलिया ने सभी मैच जीते थे। यहां पहली बार किसी टीम ने उसे हराया है। पर्थ में मेजबान टीम की बल्लेबाजी लचर रही। उसके गेदंबाजों ने पहली पारी में धारदार गेंदबाजी से भारत को 150 पर समेट दिया था लेकिन दूसरी बारी में गेंदबाज विकेट को तरस गए थे।

साथ ही विराट कोहली पर्थ की तरह एडिलेड में भी अपने बेहतरीन प्रदर्शन को दोहराना चाहेंगे। उन्होंने टेस्ट करियर का 30वां शतक जड़ा जबकि इंटरनेशनल करियर का 81वीं सेंचुरी थी। कोहली ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ ओवरऑल 26 टेस्ट मैच खेल चुके हैं जहां उन्होंने 2147 रन बनाए हैं। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ उनके नाम 9 टेस्ट शतक दर्ज हैं। इस दौरान उन्होंने 5 हाफ सेंचुरी भी जड़ी है। कोहली ने ऑस्ट्रेलिया में 14 मैचों में 1457 रन बनाए हैं जिसमें 7 शतक और 4 अर्धशतक शामिल हैं।

# टीम इंडिया से मिले ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री, विराट कोहली के पर्थ टेस्ट शतक की तारीफ की



टीम इंडिया मौजूदा समय में ऑस्ट्रेलिया के दौरे पर है। जहां दोनों टीमों के बीच बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी खेली जा रही है। वहीं इसका पहला टेस्ट मैच पर्थ में खेला जा चुका है जिसे भारत ने जीत लिया। वहीं दोनों टीमों के बीच 6 दिसंबर से दूसरा मैच खेला जाएगा लेकिन इससे पहले टीमें पिंक बॉल टेस्ट की तैयारी करेंगी। फिलहाल, टीम इंडिया कैनबरा पहुंची और ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री एंथोनी अल्बानीज से मिली। जहां ऑस्ट्रेलियाई पीएम ने विराट कोहली की तारीफ की। इस दौरान ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री ने भारतीय खिलाड़ियों की तारीफ की और उनसे काफी बातचीत की। इसका एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें पीएम एंथोनी अल्बानीज भारतीय पेसर जसप्रीत बुमराह, विराट कोहली और अन्य खिलाड़ियों से मिल रहे हैं। इस दौरान विराट और अल्बानीज के बीच जो बातचीत हुई वह काफी मजेदार थी।

अल्बानीज ने विराट को देखा तो उनसे हाथ मिलाया और हाल चाल पूछआ। इसके बाद ऑस्ट्रेलियाई पीएम बोले कि, पर्थ में आपने शानदार सेंचुरी जड़ी। मानो उस समय हम पर्याप्त कष्ट नहीं झेल रहे थे। ये वाकई में शानदार था। इस पर विराट कहते हैं कि आप इसमें मसाला लगा रहे हैं। कोहली ने पर्थ में अपने टेस्ट करियर की 30वीं सेंचुरी ठोकी और इंटरनेशनल क्रिकेट में 81वां शतक जड़ा। वहीं प्रोफेशनल क्रिकेट में उनके शतकों की संख्या 100 हो चुकी है। वे दूसरे ऐसे बल्लेबाज हैं जिन्होंने ये मुकाम प्रतिस्पर्धा क्रिकेट में हासिल किया है। सचिन तेंदुलकर एकमात्र बल्लेबाज हैं जिन्होंने प्रोफेशनल क्रिकेट में 100 से ज्यादा शतक जड़े हैं।

# एडिलेड से पहले कैनबरा पहुंची टीम इंडिया, बीसीसीआई ने शेयर की वीडियो

इंडिया वर्सेस ऑस्ट्रेलिया बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी का दूसरा मुकाबला एडिलेड में पिंक बॉल से खेला जाना है। पर्थ टेस्ट जीतकर सीरीज में 1-0 की बढ़त बना चुकी टीम इंडिया हालांकि एडिलेड से पहले कैनबरा पहुंची है। बीसीसीआई ने इसका वीडियो ङ्ग पर शेयर किया। वीडियो में कप्तान रोहित शर्मा समेत टीम के अन्य खिलाड़ी नजर आ रहे हैं। इस दौरान वीडियो में विराट कोहली, शुभमन गिल और आर अश्विन नजर नहीं आए। एडिलेड से पहले टीम इंडिया के कैनबरा पहुंचने का कारण पिंक बॉल प्रैक्टिस मैच है, जो रोहित शर्मा की अगुवाई वाली टीम को ऑस्ट्रेलिया की प्राइम मिनिस्टर ङ्गढ्ढ टीम के खिलाफ खेलना है।



बता दें कि, टीम इंडिया को पिंक बॉल के साथ एडजस्ट कराने के लिए एक वॉर्म अप मैच है, ऐसे में भारत 11 नहीं बल्कि परे स्क्वॉड के साथ खेल सकता है। इसमें हर बल्लेबाज को बैटिंग और हर गेंदबाज को बॉलिंग करने का मौका मिलेगा, जिससे टीम एडिलेड टेस्ट की तैयारी करेगी। इंडिया वर्सेस ऑस्ट्रेलिया दूसरा टेस्ट 6 नवंबर से खेला जाना है। भारत पिछली बार ऑस्ट्रेलिया दौरे पर पिंक बॉल टेस्ट में 36 रन पर ढेर हुआ था, लेकिन फिर भी टीम सीरीज 2-1 से जीतने में कामयाब रही थी। अगर इस बार टीम इस पिंक बॉल टेस्ट की परीक्षा पार कर लेती है तो वह सीरीज में 2-0 की तो बढ़त बनाएगी ही उनके सीरीज जीतने के चांसेस भी काफी बढ़ जाएंगे।

# पाकिस्तान के कारण आईसीसी को होगा बड़ा नुकसान, चैंपियंस ट्रॉफी को लेकर होगी मीटिंग

चैंपियंस ट्रॉफी 2025 को लेकर अभी बीसीसीआई बनाम पीसीबी का पेंच सुलझा भी नहीं है कि, पाकिस्तान के कारण अब आईसीसी को बड़ा नुकसान होने वाला है। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद को सुनिश्चित करना होता है कि टूर्नामेंट शुरू होने से 90 दिन पहले तक भाग ले रहे सभी देशों के क्रिकेट बोर्ड्स को शेड्यूल भेजा दिया जाए। लेकिन भारत और पाकिस्तान के टकराव के बीच एख नया अपडेट सामने आया है कि शेड्यूल में हो रही देरी के कारण चैंपियंस ट्रॉफी के ब्रॉडकास्टर्स को भारी नुकसान उठान पड़ सकता है।



क्रिकबज की एक रिपोर्ट अनुसार शेड्यूल जारी करने की डेडलाइन निकल चुकी है। इस कारण प्रसारणकर्ता डिजनी और जियो को भारी नुकसान झेलने की नौबत आ गई है। चूंकि अब तक चैंपियंस ट्रॉफी का शेड्यूल सामने नहीं आया है इसलिए ब्रॉडकास्टर्स भी इस आगामी आईसीसी टूर्नामेंट का फायदा उठाने में पूरी तरह असमर्थ दिखाई पड़ रहे हैं। कमर्शियल मुद्दों पर आईसीसी ने अब तक कोई बयान जारी नहीं किया है, लेकिन इतना जरूर है कि इससे मेजबान पाकिस्तान और खासतौर पर ब्रॉडकास्टर्स नुकसान झेलने की ओर अग्रसर हैं।

इसी रिपोर्ट में खुलासा हुआ कि ब्रॉडकास्टर्स भारत और पाकिस्तान को अलग-अलग ग्रुप में रखने के फैसले का विरोध कर रहे हैं। लेकिन ये भी ध्यान रखना होगा कि दोनों देशों को अलग-अलग ग्रुप में रखने से पाकिस्तान अपने सारे मैच अपने देश में खेल सकता है। वहीं भारत के मुकाबले दूसरे देश में करवाए जा सकते हैं। दोनों को एक ही ग्रुप में रखा जाता है तो ऐसी स्थिति उत्पन्न हो जाएगी कि किसी एक को दूसरे के सामने झुकना ही पड़ेगा।

# ऐश्वर्या राय बच्चन संग रिश्ते पर उंगली उठाने वालों को भाभी श्रीमा राय ने दिया मुंहतोड़ जवाब

ऐश्वर्या राय की भाभी श्रीमा राय इन दिनों काफी चर्चा में हैं। हाल ही में, श्रीमा ने उन पर हमला करने वाले ट्रोल्स को चुप कराने का फैसला किया। श्रीमा ने पिछले हफ्ते अपना जन्मदिन मनाया और ऐश्वर्या की भाभी श्वेता बच्चन और उनके पति निखिल नंदा ने जन्मदिन के दिन फूलों का गुलदस्ता भेजा। श्रीमा ने अपने इंस्टाग्राम स्टोरीज पर फूलों की एक तस्वीर शेयर की और जोड़े को धन्यवाद दिया। खैर, तस्वीर के कारण उन्हें ट्रोल किया गया और लोगों ने उनकी आलोचना की। मनी कंट्रोल की एक रिपोर्ट के अनुसार, श्रीमा ने तस्वीर शेयर करने के बाद उसे हटा दिया।



हाल ही में, श्रीमा ने ट्रोलर्स को चुप कराने के लिए एक लंबा नोट शेयर किया। उन्होंने उनकी आलोचना करने वालों को फटकार लगाई और कहा कि उन्होंने सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर के रूप में अपने ब्रांड को बढ़ाने के लिए अपने परिवार के किसी भी लोकप्रिय सदस्य की मदद नहीं ली। उन्होंने लिखा, तथ्य मेरा जन्मदिन 21 नवंबर को था और हमेशा की तरह फूल भेजे गए। मैं सभी को धन्यवाद देती हूं। ब्लॉगर/कंटेंट क्रिएटर बनने से पहले मैं कई सालों तक वेल्थ मैनेजमेंट में बैंकर थी। मैं ग्लैडरैग्स मिसेज इंडिया ग्लोब 2009 भी रह चुकी हूं। 2017 के बाद मैंने ब्लॉगिंग शुरू कर दी। मैंने कभी किसी के नाम से कोई व्यवसाय खोलने की कोशिश नहीं की। उन्होंने यह भी कहा, मैं चीजों को स्पष्ट कर रही हूं क्योंकि ये तथ्य हैं। मैंने कई सालों तक अपने दम पर एक कंटेंट क्रिएटर के तौर पर एक स्वतंत्र करियर बनाया है और एक महिला होने के नाते मुझे लगता है कि इस तथ्य को तोड़ना किसी के लिए भी ठीक नहीं है। इसके लिए मेरे पति, सास और माता-पिता इसकी पुष्टि कर सकते हैं। एक मां के तौर पर मेरे लिए यह बेहद महत्वपूर्ण है कि जब मेरा नाम शामिल हो तो तथ्य स्पष्ट हों। कुछ ही समय में कमेंट सेक्शन भर गया। एक यूजर ने उनसे पूछा, उम्मीद है सब ठीक होगा? और श्रीमा ने जवाब दिया, बस कुछ खबरों को स्पष्ट कर रही हूं जो गलत सूचना वाली थीं। उन्होंने अपनी सास ब्रिंद्या राय पर भी टिप्पणी की और कैंसर से उनकी लड़ाई के बारे में बताया। ऐश्वर्या ने बताया कि उनकी मां पिछले साल कैंसर से जूझ रही थीं। श्रीमा ने अपने इंस्टाग्राम पर श्रीमा के बच्चों की देखभाल करने के लिए ब्रिंड्या की तारीफ की। उन्होंने अपनी सास के साथ एक तस्वीर शेयर की और लिखा, मेरी सास को बहुत-बहुत धन्यवाद, जिन्होंने मुझे बहुत प्यार दिया और जब मैं छुट्टी पर गई थी, तब उन्होंने बच्चों की देखभाल की। जब वह कैंसर से पीड़ित थीं, तो मैंने उनके बारे में बहुत कुछ पोस्ट नहीं किया, क्योंकि वह अच्छी नहीं दिख रही थीं और मैं उनकी निजता का सम्मान करती हूं। श्रीमा ऐश्वर्या के भाई आदित्य राय के साथ खुशी-खुशी शादीशुदा हैं। नेटिज़ेंस ने ऐश्वर्या के साथ तस्वीरें शेयर न करने के लिए श्रीमा की आलोचना भी की।

# सन ऑफ सरदार के निर्देशक अश्विनी धीर के 18 साल के बेटे की कार दुर्घटना में दर्दनाक मौत, पुलिस ने किया दोस्त को गिरफ्तार

अजय देवगन की सन ऑफ सरदार निर्देशक अश्विनी धीर के 18 वर्षीय बेटे जलज धीर की 23 नवंबर को मुंबई के विले पार्ले में एक दुखद कार दुर्घटना में मौत हो गई। रिपोर्ट्स के मुताबिक, जलज ने अपने दोस्तों को गोरेगांव स्थित अपने घर पर वीडियो गेम खेलने के लिए बुलाया था। बाद में, वह और उसके तीन अन्य दोस्त - साहिल मेंधा (18), सार्थ कौशिक (18) और जेडन जिमी (18) ड्राइव पर गए। एक रेस्टोरेंट में रुकने के बाद, वे वापस आ रहे थे, तभी साहिल, जो गाड़ी चला रहा था, ने कार से नियंत्रण खो दिया और गाड़ी वेस्टर्न एक्सप्रेस हाईवे पर डिवाइडर से जा टकराई। कार को साहिल तेज गति से चला रहा था, जो कथित तौर पर शराब के नशे में था। जब उनकी कार सहारा स्टार होटल के पास पहुंची, तो साहिल को भ्रम हुआ कि गोरेगांव जाने के लिए फ्लाईओवर लेना चाहिए या सर्विस रोड लेना चाहिए जेदान ने अपनी शिकायत में कहा कि इस चक्कर में उसने पहियों पर से नियंत्रण खो दिया और अंततः कार राजमार्ग पर लगे डिवाइडर के खंभे से जा टकराई। इस दुर्घटना में 18 वर्षीय जलज धीर और उनके दोस्त सार्थ कौशिक की दुखद मौत



हो गई। दुर्घटना के बाद उन्हें अस्पताल ले जाया गया, लेकिन दोनों ने दम तोड़ दिया। कार में मौजूद चौथे यात्री जेदान जिमी के बयान के बाद ड्राइवर 18 वर्षीय साहिल मेंधा को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने मेंधा के रक्त के नमूने भी शराब की जांच के लिए भेजे हैं। जिमी के अनुसार, मेंधा ने गोरेगांव में जलज के घर पर दो पैग वोदका पी थी, इससे पहले कि समूह सुबह करीब 3ः30 बजे ड्राइव पर जाता। मेंधा 120-150 किमी/घंटा की तेज गति से गाड़ी चला रहा था और सहारा स्टार होटल के पास कार से नियंत्रण खो बैठा, जिससे दुर्घटना हो गई।

इस त्रासदी के बाद, जिमी ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई, जिसके कारण मेंधा को गिरफ्तार कर लिया गया। अश्विनी धीर एक प्रसिद्ध फिल्म निर्देशक और पटकथा लेखक हैं। उन्होंने कई टीवी धारावाहिकों का लेखन और निर्माण भी किया है। उन्होंने वन टू थ्री, अतिथि तुम कब जाओगे?, सन ऑफ सरदार और गेस्ट इन लंदन जैसी फिल्मों का निर्देशन किया है और उन्होंने चिड़िया घर का निर्माण भी किया है।

# अभिषेक बच्चन से तलाक की अफवाहों के बीच ऐश्वर्या राय बच्चन ने अपने नाम से हटाया सरनेम

बॉलीवुड सुपरस्टार ऐश्वर्या राय बच्चन हाल ही में दुबई में ग्लोबल विमेंस फोरम इवेंट में शामिल हुईं, जहां उन्होंने महिला सशक्तिकरण पर भावुकता से बात की। इवेंट के आधिकारिक इंस्टाग्राम पेज ने ऐश्वर्या का एक वीडियो शेयर किया, जिसमें वह विभिन्न क्षेत्रों में अधिक समावेशी भविष्य बनाने के लिए पैनलिस्टों के प्रयासों की सराहना कर रही थीं। जब ऐश्वर्या स्टेज पर आईं, तो बैकग्राउंड में एक बड़ी स्क्रीन पर उनका नाम और पेशा ऐश्वर्या राय 7 इंटरनेशनल स्टार दिखाया गया। बच्चन उपनाम को हटाने के कारण सोशल मीडिया पर अटकलें लगाई जाने लगीं कि ऐश्वर्या संभवतः अपना वैवाहिक नाम हटा सकती हैं, खासकर उनके और अभिषेक बच्चन के कथित तलाक की लगातार अफवाहों के बीच। फैक्ट चेक किया और पाया कि इन दावों में कोई सच्चाई नहीं है। ऐश्वर्या राय की सत्यापित इंस्टाग्राम प्रोफ़ाइल पर एक नज़र डालने से पता चलता है कि उनका नाम ऐश्वर्या राय बच्चन ही है। दुबई इवेंट के वीडियो में संक्षिप्तता या पेशेवर प्रतिनिधित्व के लिए उनके पहले नाम का इस्तेमाल किया गया है। ऐश्वर्या द्वारा आधिकारिक तौर पर अपने वैवाहिक उपनाम को छोड़ने का कोई संकेत नहीं है। दुबई से वापस आई अभिनेत्री को गुरुवार सुबह मुंबई एयरपोर्ट पर देखा गया। पूरी तरह से काले रंग की पोशाक पहने ऐश्वर्या ने पैपराज़ी का अभिवादन करते हुए मुस्कुराते हुए नज़र आईं। ऐश्वर्या और अभिषेक के रिश्ते को लेकर अटकलें कुछ समय से चल रही हैं। इस साल की शुरुआत में अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट की शादी में दोनों के अलग-अलग दिखने के बाद चर्चाएँ और तेज़ हो गईं। चर्चाओं में इज़ाफा करते हुए ऐश्वर्या द्वारा अपनी बेटी



आराध्या के हालिया जन्मदिन समारोह की तस्वीरें शेयर की गईं, जिनमें अभिषेक सहित बच्चन परिवार का कोई भी सदस्य नहीं था, जिससे प्रशंसकों के बीच और सवाल उठ खड़े हुए। ऐश्वर्या के नाम से बच्चन हटाने वाला वायरल वीडियो किसी आधिकारिक बदलाव का संकेत नहीं है। अफवाहें असत्यापित हैं, और उनकी सोशल मीडिया प्रोफ़ाइल पर पूरा नाम ऐश्वर्या राय बच्चन लिखा हुआ है। फिलहाल, प्रशंसक निश्चिंत हो सकते हैं कि अभिनेत्री का नाम अपरिवर्तित रहेगा, भले ही ऑनलाइन अटकलें जारी रहें।

# बिना पैसा दिए करा ली पूरी फिल्म की शूटिंग, रिलीज का नंबर आया तो किसी और से करा ली डबिंग

महारानी और'जुबली' जैसी वेब सीरीज में काम कर चुके अभिनेता पंकज कश्यप को बीते साल सीरीज 'हाशिये के सुपरस्टार' में देखा गया। बिहार के पूर्वी चंपारण के जिले अररिया गांव में जन्में पंकज ने कड़े संघर्ष के बीच हौसला नहीं खोया और जुनून का पीछा करते-करते आखिरकार इंडस्ट्री में अपनी जगह बना ली। इसी बीच अभिनेता की नई सोशल मीडिया पोस्ट हैरान करने वाली है। पंकज ने फिल्म इंडस्ट्री में फैले फ्रॉड का पर्दाफाश किया है। साथ ही लोगों को एक तथाकथित फिल्म निर्देशक को लेकर सतर्क भी किया है। पंकज कश्यप ने नई सोशल मीडिया पोस्ट में मनोरंजन जगत में फैले उन फ्रॉड लोगों का खुलासा किया है जो झूठ बोलकर काम तो करा लेते हैं लेकिन पैसे नहीं देते। पंकज ने इसके साथ ही अपना एक अनुभव भी साझा किया है, जिसने लोगों को दंग कर दिया है। सूरज शुक्ला फिल्म प्रोडक्शन के बैनर तले बनी एक फिल्म में अभिनेता से काम तो करा लिया गया लेकिन उनकी फीस अब



तक बकाया है। हाल ही में फिल्म का ट्रेलर लॉन्च हुआ और लेकिन मुख्य अभिनेता उसका हिस्सा नहीं रहे।

पंकज कश्यप ने अपना दर्द साझा करते हुए अपनी पोस्ट में लिखा, %मुंबई फिल्म इंडस्ट्री में अपने करियर में कई बार कुछ ऐसे फ्रॉड लोगों से भी पाला पड़ता है जब आप पूरी शिद्दत से एक इंडिपेंडेंट छोटे बजट की फिल्म का मुख्य किरदार करते हैं लेकिन फिल्म बनाने वाला शुरू से ही झूठ बोलकर आपसे काम करा लेता है लेकिन न एग्रीमेंट करता है और न पैसे ही देता है। इस फिल्म के साथ भी यही हुआ है।

अभिनेता ने अपनी पोस्ट में आगे लिखा, निर्देशक (तथाकथित) निर्माता सूरज है जिसने सूरज शुक्ला फिल्म प्रोडक्शन के बैनर इसे एक साल पहले शूट किया और आजतक बचे पैसे नहीं दिए तो मैंने भी डबिंग या पोस्टर शूट से मना कर दिया तो उसने किसी और से मेरी डबिंग कराकर ट्रेलर लॉन्च किया है। आप लोग ज्यादा से ज्यादा इस धोखेबाज को सबके सामने लाईए ताकि किसी और के साथ ऐसी धोखाधड़ी न कर सके। खूब शेयर करिए। जानकारी हो कि पंकज 'बालिका वधू', 'सावधान इंडिया', 'शपथ' और 'शैतान' जैसे कई धारावाहिकों में भी काम कर दर्शकों का दिल जीत चुके हैं।

## सरोगेसी के लिए हैदराबाद आई थी महिला, अपार्टमेंट से गिरकर हुई मौत; बिजनेसमैन पर लगा आरोप




**हैदराबाद।** हैदराबाद में एक आवासीय अपार्टमेंट से गिरने पर एक महिला की रहस्यमय परिस्थितियों में मौत हो गई। पुलिस ने बुधवार को कहा कि ओडिशा की एक 25 वर्षीय महिला सरोगेसी के लिए हैदराबाद आई थी। वहीं, महिला के पति ने एक बिजनेसमैन पर आरोप लगाया है। पुलिस आरोपों की जांच कर रही है। महिला के पति ने आरोप लगाया कि 54 वर्षीय एक व्यवसायी ने उसका यौन उत्पीड़न किया था और व्यवसायी ने ही महिला को सरोगेसी के लिए रखा था। वहीं, 25-26 नवंबर की रात को महिला ने अपनी जान ले ली। रायदुर्गम पुलिस ने व्यवसायी पर बीएनएस की संबंधित धाराओं के तहत आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला दर्ज किया है और आरोपों की जांच कर रही है। पुलिस के मुताबिक, महिला पिछले एक महीने से बिजनेसमैन के फ्लैट के एक कमरे में रह रही थी, जबकि उसके पति को अलग कमरे में रखा गया था। पुलिस ने कहा कि व्यवसायी अपनी पत्नी और परिवार के अन्य सदस्यों के साथ फ्लैट में रहता है और सरोगेसी प्रक्रिया अगले महीने शुरू होने वाली थी। अधिकारियों को नौवीं मंजिल से सातवीं मंजिल तक महिला के कमरे की बालकनी पर लोहे की ग्रिल से बंधी साड़ियाँ मिलीं। पुलिस को संदेह है कि उसने बचने के लिए नीचे चढ़ने का प्रयास किया होगा, लेकिन यह भी जांच की जा रही है कि क्या वह दुर्घटनावश गिर गई या आत्महत्या करके मर गई। जांच चल रही है।

## तमिलनाडु में लागू नहीं होगी पीएम विश्वकर्मा योजना, सीएम स्टालिन ने लगाए जाति के आधार पर भेदभाव के आरोप

**स्वरूप**


**प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना को राज्य में वर्तमान स्वरूप में लागू नहीं किया जाएगा तथा इसमें संशोधन का आग्रह किया।**



**चेन्नई (तमिलनाडु)।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी को पत्र लिखकर सूचित किया कि प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना को राज्य में वर्तमान स्वरूप में लागू नहीं किया जाएगा तथा इसमें संशोधन का आग्रह किया। केंद्रीय सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्री को लिखे पत्र में तमिलनाडु के मुख्यमंत्री ने बुधवार को कहा कि राज्य ने कारीगरों के लिए सामाजिक न्याय पर आधारित एक अधिक समावेशी और व्यापक योजना तैयार करने का निर्णय लिया है, जिसमें जाति के आधार पर भेदभाव नहीं किया जाएगा। स्टालिन ने पत्र में कहा, भारत के प्रधानमंत्री को 4 जनवरी, 2024 को पत्र लिखकर तमिलनाडु सरकार की राय व्यक्त की गई है और भारत सरकार के एमएसएमई मंत्रालय द्वारा कार्यान्वित की जा रही प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना में संशोधन का अनुरोध किया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आगे बढ़ते हुए, तमिलनाडु ने इस योजना का अध्ययन करने के लिए एक समिति का भी गठन किया, क्योंकि ऐसी चिंता थी कि यह पहल जाति-आधारित व्यवसाय की प्रणाली को मजबूत करती है। उन्होंने कहा, इसलिए, तमिलनाडु सरकार वर्तमान स्वरूप में पीएम विश्वकर्मा योजना के कार्यान्वयन को आगे नहीं बढ़ाएगी। हालांकि, सामाजिक न्याय के समग्र सिद्धांत के तहत तमिलनाडु में कारीगरों को सशक्त बनाने के लिए, तमिलनाडु सरकार ने कारीगरों के लिए एक अधिक समावेशी और व्यापक योजना विकसित करने का निर्णय लिया है, जो जाति के आधार पर भेदभाव नहीं करती है। सीएम स्टालिन ने कहा कि यह योजना राज्य के सभी कारीगरों को समग्र सहायता प्रदान करेगी, चाहे उनकी जाति या पारिवारिक व्यवसाय कुछ भी हो। उन्होंने कहा, इस तरह की योजना उन्हें वित्तीय सहायता, प्रशिक्षण और उनके विकास के लिए सभी आवश्यक सहायता प्रदान करेगी, और अधिक व्यापक और समावेशी होगी। तमिलनाडु सरकार द्वारा नियुक्त समिति ने आवेदक के परिवार के पारंपरिक रूप से परिवार आधारित पारंपरिक व्यापार में लगे होने की अनिवार्य आवश्यकता को हटाने की सिफारिश की थी। उन्होंने कहा, न्यूनतम आयु मानदंड 35 वर्ष रखा गया है, ताकि केवल वे लोग ही इस योजना के अंतर्गत लाभ उठा सकें, जिन्होंने अपने पारिवारिक व्यापार को जारी रखने का सोच-समझकर निर्णय लिया है। सीएम स्टालिन ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में लाभार्थियों के सत्यापन का दायित्व ग्राम पंचायत के मुखिया के बजाय राजस्व विभाग के ग्राम प्रशासनिक अधिकारी (वीएओ) के पास है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 17 सितंबर, 2023 को विश्वकर्मा योजना का शुभारंभ किया था। यह योजना प्रधानमंत्री विश्वकर्मा प्रमाण पत्र और पहचान पत्र के माध्यम से मान्यता, कौशल सत्यापन के माध्यम से कौशल उन्नयन, बुनियादी कौशल, उन्नत कौशल प्रशिक्षण, उद्यमशीलता ज्ञान, 15,000 रुपये तक टूलकिट प्रोत्साहन, 3,00,000 रुपये तक की ऋण सहायता और डिजिटल लेनदेन के लिए प्रोत्साहन सुनिश्चित करती है।

## इस वर्ष विमानों में बम की 994 धमकियां मिलीं, सभी निकली फर्जी; संसद में बोली केंद्र सरकार



**नई दिल्ली।** देश में इस वर्ष 13 नवंबर तक विभिन्न विमान कंपनियों को 994 बम की धमकियां मिलीं और इनसे निपटने के लिए मजबूत प्रोटोकाल मौजूद है। केंद्रीय नागरिक उड्डयन राज्य मंत्री मुरलीधर मोहोल ने राज्यसभा में बताया कि ऐसी धमकियों के खतरे से निपटने के लिए मंत्रालय ने नागरिक उड्डयन सुरक्षा अधिनियम, 1982 और विमान (सुरक्षा) नियम, 2023 के खिलाफ गैरकानूनी कृत्यों के दमन में संशोधन की योजना बनाई है। उन्होंने बताया कि अगस्त 2022 से लेकर 13 नवंबर 2024 तक 1,143 बम की धमकियों भरी काल/मैसेज मिले। अगस्त 2022 से लेकर दिसंबर 2022 तक इनकी संख्या 27 थी, जो 2023 में 122 पहुंच गई। जबकि जनवरी 2024 से लेकर 13 नवंबर 2024 तक इनकी संख्या 994 रही। मोहोल ने बताया कि हाल ही में मिली धमकियां फर्जी थीं और देश में किसी भी हवाईअड्डे या विमान में किसी भी तरह का खतरा नहीं पाया गया। हालांकि कुछ उड़ानों का संचालन जरूर प्रभावित हुआ। हर हवाईअड्डे पर बम धमकी के खतरों का आंकलन करने के लिए विशेष समिति तैनात है, जो धमकी मिलने पर खतरे को भांपकर जरूरी कार्रवाई करती है। उन्होंने आगे बताया कि वर्ष 2023 की तुलना में 2024 में विमानों का किराया कम हुआ और त्योहारी मौसम के दौरान कई मार्गों पर टिकटों की दरों में कमी देखने को मिली। कुछ तिमाही में विमान टिकटों की कीमतें बढ़ाए जाने की चिंता के बीत केंद्रीय मंत्री ने कहा कि हवाई किराये पर सरकार का नियंत्रण नहीं होता और विमान कंपनियों के पास पूर्व के नियमों और परिचालन आवश्यकताओं के हिसास से किराया तय करने की छूट होती है। हालांकि सरकार यात्रियों की सुविधा और कल्याण सुनिश्चित करने के लिए बेहद ज्यादा किराया वसूले जाने से रोकने के लिए हस्तक्षेप करती है। विमान कंपनियां यात्रियों के हितों का ध्यान रखते हुए किराया तय करते वक्त कई चीजें ध्यान रखती हैं। विशेषरूप से त्योहारों के समय कई क्षेत्रों में किराये में कमी देखने को मिली। केंद्रीय गृह राज्य मंत्री बंदी संजय कुमार ने बताया कि पुलिस द्वारा प्राप्त शिकायतों के आधार पर केंद्र ने 15 नवंबर 2024 तक 6.69 लाख सिम कार्ड और 1.32 लाख आइएमइआइ नंबर ब्लाक किए हैं। टेलीकाम सेवा प्रदाताओं ने एक सिस्टम बनाया है जो भारतीय मोबाइल नंबर जैसे दिखाई देने वाले विदेशी फर्जी फोन कॉल की पहचान कर उन्हें ब्लाक करता है।

## एयर इंडिया पायलट सृष्टि की मौत खुदकुशी या हत्या?

**नई दिल्ली।** मुंबई के एक फ्लैट में एयर इंडिया पायलट सृष्टि तुली के मृत पाए जाने के मामले में उसके चाचा ने अहम खुलासा करते हुए कहा है कि उसने अपनी मृत्यु से 15 मिनट पहले मां और आंटी से खुशी-खुशी बात की थी। महिला पायलट के परिवार ने आत्महत्या की संभावना को सिरे से खारिज करते हुए उसकी हत्या किए जाने का आरोप लगाया है। सृष्टि के अंकल ने एनडीटीवी से बात करते हुए कहा, पुलिस कह रही है कि उसने आत्महत्या की है। फिर उसने ऐसा क्या किया जिससे वह इस हद तक पहुंच गई? उसने खुशी-खुशी अपनी मां और मौसी से बात की। और 15 मिनट बाद उसकी मौत हो गई। यह कैसे हुआ? उसने अपनी मां और मौसी से क्या कहा? उसने क्या किया? पुलिस इसकी जांच कर रही है परिवार ने सृष्टि के प्रेमी आदित्य पर उसे परेशान करने और उसके साथ छेड़छाड़ करने का भी आरोप लगाया है। गौरतलब है कि सृष्टि 25 नवंबर की रात दो बजे मुंबई में अपने फ्लैट में मृत पाई गई। सुबह उसे जगाने के लिए जब दरवाजे पर दस्तक दी गई तो मृत्यु की जानकारी हुई। मुंबई पुलिस फिलहाल मामले की जांच कर रही है। पुलिस ने मामले में उसके ब्वायफ्रेंड को मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया था। दिल्ली निवासी ब्वॉयफ्रेंड आदित्य पंडित पर उसे आत्महत्या के लिए उकसाने का आरोप है। जानकारी के अनुसार दोनों की पहली मुलाकात 2019 में दिल्ली में कमर्शियल पायलट लाइसेंस कोर्स के दौरान हुई थी। सृष्टि 27 वर्षीय आदित्य पंडित के साथ पिछले दो वर्षों से रिलेशनशिप में थीं। सृष्टि के एक रिश्तेदार ने आरोप लगाया कि वह उसे प्रताड़ित करता था और गाली देता था। वह उस पर मांसाहार छोड़ने के लिए दबाव डालता था।

## खौफनाक घटना... टॉयलेट में बहा दिया नवजात, प्लंबर ने पाइप लाइन खोली तो दिखा कुछ ऐसा; फटी रह गई आंखें

**रामनगर।** कर्नाटक के रामनगर जिले के हारोहल्ली में एक भयावह घटना सामने आई। एक नवजात शिशु को अस्पताल के शौचालय में बहा दिया गया। शिशु का शव अस्पताल के भूतल पर स्थित शौचालय में मिला। जब शौचालय में रुकावट देखी गई, तो सफाई कर्मचारियों और प्लंबर को इसे ठीक करने के लिए कहा गया। जब वह लाइन को ठीक कर रहे थे तो पहले उन्हें लगा की कोई कपड़ा फंस गया है, लेकिन बाद में पता चला की नवजात का शव फंसा हुआ है। पुलिस के अनुसार, वहां मौजूद सफाई कर्मचारी, प्लंबर और अन्य लोग नवजात शिशु का शव वहां देखकर चौंक गए। शौचालय में रुकावट पैदा करने वाले पदार्थों को बाहर निकालने के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले उपकरणों की मदद से शव को बाहर निकाला गया।

## राजस्थान में कड़ाके की ठंड...अजमेर में पारा 3 डिग्री, दक्षिण भारत में तूफान फेंगल मचाएगा तबाही

**एहसास**

**दिसंबर की शुरुआत में राजस्थान में पारा और गिरेगा, जिससे जबरदस्त ठंड का एहसास होगा।**



**नई दिल्ली।** उत्तर भारत में लगातार ठंड बढ़ रही है। कई राज्यों समेत राजस्थान में भी पारा लागतार गिर रहा है। राजस्थान के कई जिलों में तापमान 10 डिग्री के नीचे जा पहुंचा है। इस बीच मौसम विभाग ने राज्य में कोहरे को लेकर अलर्ट जारी किया है। राजस्थान के अजमेर में पारा 3.1 डिग्री और बाड़मेर में पारा 3.4 डिग्री तक गिर गया है। जहां एक और उत्तर भारत में ठंड पड़ रही है तो वहीं, दक्षिण भारत के कुछ राज्यों में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। दरअसल, दक्षिण-पश्चिम बंगाल की खाड़ी में बना गहरा दबाव कुछ घंटों में तूफान फेंगल में तब्दील हो हो सकता है। ये चक्रवात उत्तर-पश्चिम दिशा में बढ़ते हुए तमिलनाडु के तट पर 30 नवंबर तक पहुंच सकता है। राजस्थान में कड़ाके की ठंड ने दस्तक दे दी है। राज्य के कई जिलों में पिछले दिनों न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस से कम हो गया है। कुछ स्थानों पर कोहरा देखने को मिला। मौसम विभाग ने कहा कि आने वाले दिनों में लगभग यही स्थिति देखने को मिलेगी। दिसंबर की शुरुआत में राजस्थान में पारा और गिरेगा, जिससे जबरदस्त ठंड का एहसास होगा। हिल स्टेशन माउंट आबू में पारा लगातार गिर रहा है। यहां पर तापमान 6.8 डिग्री तक पहुंच गया है। वहीं, अजमेर में न्यूनतम तापमान 10.2, जयपुर में 14.4, सीकर में 11.5, कोटा में 13.4,भीलवाड़ा में 10.9, अलवर में 11.6 समेत कई जिलों में न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस के करीब है। तमिलनाडु और पुदुचेरी के तटीय इलाकों में मंगलावर से ही भारी बारिश हो रही है। लगातार बारिश के कारण पुदुचरी के स्कूलों और कॉलेजों को बंद रखने का निर्देश दिया गया है। इस बात की जानकारी पुदुचेरी के शिक्षामंत्री अरुमुगम नमसिवायम ने दी। वहीं, मौसम विज्ञान विभाग ने गुरुवार को भी तमिलनाडु और पुदुचेरी में तूफान फेंगल का असगर देखने को मिल सकता है। जिस वजह से दोनों जगहों पर भारी से भारी बारिश होने की संभावना है। वहीं, तटीय इलाकों में तेज हवाएं भी चल सकती है। तमिलनाडु के कांचीपुरम, चेंगलपट्टू, विलुपुरम और कड्डुलोर जिलों में भारी बारिश की संभावना है। तमिलनाडु में लगातार बदलते मौसम और तूफान की आशंका देखते हुए आईएमडी ने मछुआरों को समुद्र में न जाने की चेतावनी जारी की है। दक्षिण-पश्चिम बंगाल की खाड़ी पर बना डीप डिप्रेशन 28 नवंबर की शाम से 29 नवंबर की सुबह तक चक्रवाती तूफान में तब्दील होने की आशंका है। तमिलनाडु में बदले मौसम के कारण उड़ाने प्रभावित हो रही हैं। बुधवार को कई विमान देरी से पहुंचे। इस संबंध में एयरलाइन कंपनी इंडिगो ने यात्रियों के लिए एडवाइजरी जारी की है। कंपनी ने चेन्नई, तुतिकोरिन, मदुरै, तिरूचिरापल्ली के लिए उड़ानों में देर होने की संभावन जताई है।

## बांग्लादेश सरकार को फटकार, HC का इस्कॉन पर प्रतिबंध लगाने से किया इनकार




**ढाका।** बांग्लादेश में हिंदुओं के खिलाफ लगातार जारी हिंसा के बीच वहां के उच्च न्यायालय ने गुरुवार को इस्कॉन पर बैन लगाने से इनकार कर दिया है। देशद्रोह के मामले में बांग्लादेश इस्कॉन के प्रमुख चिन्मय कृष्ण दास की गिरफ्तारी के बाद से ही हिंदू समुदाय के लोग विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। विरोध प्रदर्शनों के दौरान ही एक वकील की मौत हो गई, जिसके बाद बांग्लादेश में इस्कॉन पर प्रतिबंध लगाने की मांग की गई थी। वकीलों ने बुधवार को संगठन से संबंधित कुछ समाचार पत्रों की रिपोर्ट रखने के बाद उच्च न्यायालय से अंतर्राष्ट्रीय कृष्ण चेतना समाज (इस्कॉन) पर प्रतिबंध लगाने की मांग की थी। द डेली स्टार के अनुसार, उच्च न्यायालय ने अटॉर्नी जनरल से इस्कॉन की हालिया गतिविधियों के संबंध में सरकार द्वारा उठाए गए कदमों के बारे में जानकारी देने को कहा था। बता दें बांगलादेश में लगातार हिंदुओं को निशाना बनाया जा रहा है। इसी के चलते चिन्मय कृष्ण दास शांतिपूर्वक विरोध प्रदर्शन कर रहे थे। इस विरोध प्रदर्शन में शामिल होने की वजह से उन्हें देशद्रोह के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। उनकी गिरफ्तारी के बाद मंगलवार को झड़पें हुईं, जिसमें एक असिस्टेंट सरकारी वकील सैफुल इस्लाम की मौत हो गई। द डेली स्टार ने बताया कि गुरुवार को जब उच्च न्यायालय की कार्यवाही शुरू हुई तो अटॉर्नी जनरल के कार्यालय ने न्यायालय द्वारा मांगी गई जानकारी न्यायमूर्ति फराह महबूब और न्यायमूर्ति देबाशीष रॉय चौधरी की पीठ के समक्ष रखी। अतिरिक्त अटॉर्नी जनरल अनीक आर हक और डिप्टी अटॉर्नी जनरल असद उद्दीन ने उच्च न्यायालय की पीठ को सूचित किया कि वकील सैफुल इस्लाम अलिफ की हत्या और इस्कॉन की गतिविधियों के संबंध में तीन अलग-अलग मामले दर्ज किए गए हैं और इन मामलों में 33 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। अटॉर्नी जनरल की रिपोर्ट पढ़ने के बाद पीठ ने बांगलादेश सरकार को चेतावनी दी।

## इजरायल नेतन्याहू-गैलेंट के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट पर आईसीसी से करेगा अपील, आरोपों को बताया निराधार

**यरूशलम।** इजरायल के राष्ट्रपति बेंजामिन नेतन्याहू और पूर्व रक्षा मंत्री योव गैलेंट को इंटरनेशनल क्रिमिनल कोर्ट से झटका लगा था। कोर्ट ने इनके खिलाफ गिरफ्तारी का वारंट जारी किया था। इसी के बाद अब इजरायल ने इंटरनेशनल क्रिमिनल कोर्ट से कहा है कि वो प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू और पूर्व रक्षा मंत्री योव गैलेंट के गिरफ्तारी वारंट के खिलाफ अपील करेगा। प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू और पूर्व रक्षा मंत्री योव गैलेंट के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय (आईसीसी) द्वारा जारी गिरफ्तारी वारंट को इजरायल ने अस्वीकार कर दिया है। इसकी जानकारी पीएम नेतन्याहू ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर दी है।

## पाकिस्तान में पत्रकार को गिरफ्तार कर लगा दिया आतंकवाद का आरोप

**गिरफ्तार**

**पत्रकार के साथ उसके सहयोगी को भी गिरफ्तार करने की सूचना है।**



**नई दिल्ली।** पाकिस्तान से एक हैरान कर देने वाली खबर सामने आई है। यहां पर जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की रिहाई की मांग को लेकर आयोजित विरोध मार्च में हताहतों के दावों की जांच कर रहे एक पाकिस्तानी पत्रकार को गिरफ्तार कर लिया गया। पत्रकार के साथ उसके सहयोगी को भी गिरफ्तार करने की सूचना है। सबसे हैरान करने वाली बात है कि दोनों पर आतंकवाद का आरोप लगाया गया। इस बात की जानकारी उन दोनों के वकील ने दी है। बता दें कि पत्रकार मतिउल्लाह जान पाकिस्तान में एक टीवी शो को होस्ट करते हैं। वह पाकिस्तानी राजनीति में सेना के भारी प्रभाव के आलोचक के रूप में जाने जाते हैं। गिरफ्तारी से कुछ घंटों पहले ही उन्होंने पर एक शो होस्ट किया था, जिसमें उन्होंने अस्पताल के रिकॉर्ड पढ़े थे, जो सरकार के इस इनकार का खंडन करते हैं कि सुरक्षा बलों द्वारा विरोध प्रदर्शन को तितर-बितर करने के दौरान गोलियों का इस्तेमाल किया गया था या कोई भी प्रदर्शनकारी मारा गया था। मतिउल्लाह जान के सहयोगी साकिब बशीर को भी उठा लिया गया था। साकिब ने गुरुवार को बताया कि दोनों को इस्लामाबाद स्थित पाकिस्तान इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज (पीआईएमएस) की पार्किंग से काली वर्दी पहने लोगों ने उठा लिया था। आगे उन्होंने बताया कि उनकी आंखों पर पट्टी बांध दी गई और उन्हें एक कार में डाल दिया गया। साकिब बशीर का कहना है कि वे हताहतों के बारे में डेटा एकत्र कर रहे थे। हालांकि बशीर को तीन घंटे बाद एक सड़क पर छोड़ दिया गया। बता दें कि पत्रकार मतिउल्लाह जान के सहयोगी बशीर को तीन घंटे बाद एक गली में छोड़ दिया गया। जान के बेटे अब्द-उ-रज़ाक ने एक वीडियो बनाया और इस बात की पुष्टी की है। उन्होंने इस वीडियो में अधिकारियों से अपने पिता को रिहा करने की मांग की है। पूरे मामले में जान के वकील इमान मज़ारी ने कहा कि उन पर आतंकवाद, नशीले पदार्थों की तस्करी और पुलिस पर हमला करने का आरोप लगाया गया है। इन आरोपों में ज़रा भी सच्चाई नहीं है। पत्रकार मतिउल्लाह जान के सहयोगी बशीर ने कहा कि जान के परिवार को गुरुवार सुबह पुलिस लॉक-अप में उनसे मिलने की अनुमति दी गई थी। बशीर ने बताया कि टिप्पणी के अनुरोध पर न तो इस्लामाबाद पुलिस और न ही सूचना मंत्रालय ने कोई जवाब दिया। अपनी टीवी रिपोर्ट में पत्रकार जान ने इस दावे पर भी संदेह जताया है कि प्रदर्शनकारियों के काफिले में एक वाहन द्वारा कुचले जाने के बाद कुछ सुरक्षाकर्मियों की मौत हो गई थी।

उल्लेखनीय है कि इमरान की पार्टी पीटीआई के समर्थकों ने रविवार को इस्लामाबाद पर धावा बोला था।

## अपने ही दोस्त पर भरोसा नहीं कर पा रहा चीन, अचानक पाकिस्तान क्यों पहुंचे चीनी आर्मी प्रमुख?

**मांग**

**चीन की इस मांग को पाकिस्तान पर कम होते भरोसे के तौर पर देखा जा सकता है।**



**नई दिल्ली।** पाकिस्तान और चीन की दोस्ती अच्छी मानी जाती रही है। हालांकि, पिछले कुछ समय में ऐसी घटनाएं हुई हैं, जिससे चीन भी अब पाकिस्तान पर भरोसा नहीं कर पा रहा है। दरअसल, पाकिस्तान में पिछले कुछ सालों में चीनी नागरिकों और कर्मचारियों को निशाना बनाकर कई आतंकवादी हमलों को अंजाम दिया गया। हाल के दिनों में बलूचिस्तान और सिंध में चीनी नागरिकों को निशाना बना कर हमले किए गए हैं। लगातार अपने कर्मचारियों पर हो रहे हमलों से चीन परेशान हो चुका है। चीन ने पाकिस्तान से मांग करते हुए कहा कि हम अपने कर्मचारियों और नागरिकों की सुरक्षा के लिए अपनी सेना को पाकिस्तान भेज सकते हैं। हालांकि, चीन की इस मांग पर पाकिस्तान तैयार नहीं हुआ है। चीन की इस मांग को पाकिस्तान पर कम होते भरोसे के तौर पर देखा जा सकता है। इस बीच चीनी सेना के प्रमुख जनरल बुधवार को पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद पहुंचे। उनके साथ एक बड़ा प्रतिनिधि मंडल भी इस्लामाबाद गया है। चीनी सेना के प्रमुख जनरल झांग योशिया ने बुधवार को पाकिस्तान के सेना प्रमुख आसिम मुनिर से बातचीत की। पाकिस्तानी सेना की ओर से इस मुलाकात को लेकर बयान जारी किया गया है। पाकिस्तानी न्यूज पोर्टल डॉन के अनुसार दोनों देशों के के बीच में क्षेत्रीय सुरक्षा, स्थिरता और आपसी रक्षा सहयोग को बढ़ाने को लेकर चर्चा की गई। वहीं, कुछ सूत्रों ने बताया कि चीनी सेना के प्रमुख जनरल झांग ने आतंकवाद के खिलाफ चल रहे अभियानों और चीनी नागरिकों पर पाकिस्तान में हमलों को लेकर उन्होंने चिंता व्यक्त की है। उन्होंने पाकिस्तान सेना प्रमुख आसिम मुनिर से पूछा कि इन घटनाओं पर लगाम कैसे लगेगी।

## 2.0 में आएगी दुनिया के युद्धों कमी, कम होगी भू राजनीतिक अस्थिरता और स्थिर रहेंगी कच्चे तेल की कीमतें



**नई दिल्ली।** डोनाल्ड ट्रम्प के अमेरिकी राष्ट्रपति के रूप में पुनः निर्वाचित होने के बाद, ट्रम्प 2.0 में वैश्विक युद्धों में कुछ कमी, भू-राजनीतिक अनिश्चितता कम होने और कच्चे तेल की कीमतों में स्थिरता आने की संभावना है। ये जानकारी स्टॉकब्रोकिंग फर्म प्रभुदास लीलाधर की एक रिपोर्ट में दी गई है। रिपोर्ट में इस बात पर प्रकाश डाला गया है कि ट्रम्प की विदेश नीति ने ऐतिहासिक रूप से दीर्घकालीन सैन्य संलग्नताओं की तुलना में बातचीत पर अधिक जोर दिया है। यह दृष्टिकोण संभावित रूप से रूस-यूक्रेन संघर्ष को समाप्त कर सकता है, जिससे अधिक शांतिपूर्ण वैश्विक वातावरण बन सकता है। इसमें कहा गया है कि ट्रम्प 2.0 के आने से वैश्विक युद्धों में कुछ कमी आने, भू-राजनीतिक अनिश्चितता कम होने और कच्चे तेल की कीमतों में स्थिरता आने की संभावना है। रिपोर्ट में कहा गया है कि अमेरिकी सीनेट, प्रतिनिधि सभा और सुप्रीम कोर्ट में रूढ़िवादी बहुमत पर रिपब्लिकन के मजबूत नियंत्रण के साथ, ट्रम्प के नेतृत्व वाले प्रशासन से बड़े पैमाने पर नीतिगत बदलाव लागू करने और उन्हें बनाए रखने की उम्मीद है। ये बदलाव वैश्विक स्तर पर व्यापार की गतिशीलता, भू-राजनीतिक रणनीतियों और नियामक ढाँचों को नया रूप दे सकते हैं। रिपोर्ट में सऊदी अरब और यूएई के साथ ट्रंप के मजबूत कूटनीतिक संबंधों को भी शामिल किया गया है। 2020 के अब्राहम समझौते में उनकी भूमिका और सऊदी क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान के साथ उनके करीबी रिश्ते इस बात का संकेत देते हैं कि वे खाड़ी क्षेत्र में स्थिरता बनाए रख सकते हैं, तनाव कम कर सकते हैं और वैश्विक व्यापार को लाभ पहुंचा सकते हैं।

## डोनाल्ड ट्रंप के साथ जैसे को तैसा करने के मूड में ट्रूडो, अब अमेरिकी वस्तुओं पर टैरिफ लगाने की फिराक में कनाडा

**टोरंटो।** अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की टैरिफ को लेकर कनाडा को धमकी देने के बाद ट्रूडो सरकार हरकत में आ गई है। एक कनाडाई अधिकारी ने कहा कि अगर डोनाल्ड ट्रंप कनाडाई उत्पादों पर व्यापक टैरिफ लगाने की अपनी धमकी पर अमल करते हैं तो कनाडा अमेरिका से आने वाली कुछ वस्तुओं पर संभावित जवाबी टैरिफ की प्लानिंग कर रहा है। बता दें कि ट्रंप ने धमकी दी है कि अगर कनाडा और मेक्सिको के देश दक्षिणी और उत्तरी सीमाओं पर ड्रग्स और प्रवासियों के प्रवाह को नहीं रोकते हैं, तो वे कनाडा और मेक्सिको से आने वाले उत्पादों पर टैरिफ लगा देंगे। उन्होंने कहा कि वे अपने पहले कार्यकारी आदेशों में से एक के रूप में कनाडा और मेक्सिको से अमेरिका में प्रवेश करने वाले सभी उत्पादों पर 25 प्रतिशत टैक्स लगाएंगे। मैक्सिको से अवैध प्रवास पर बनी बात! हालांकि, ट्रंप ने बुधवार शाम को मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर पोस्ट करते हुए कहा कि उनकी नई मैक्सिकन राष्ट्रपति क्लाउडिया शिनबाम के साथ बेहतरीन बातचीत हुई और उन्होंने मेक्सिको से अवैध प्रवास को रोकने पर सहमति व्यक्त की है। ट्रंप ने पोस्ट कर कहा, मेक्सिको लोगों को हमारी दक्षिणी सीमा पर जाने से रोकेगा, यह तुरंत प्रभाव से लागू होगा।

यह अमेरिका पर अवैध आक्रमण को रोकने की दिशा में एक लंबा रास्ता तय करेगा। धन्यवाद। अभी भी यह स्पष्ट नहीं है कि इस बातचीत का ट्रंप की टैरिफ लगाने की योजना पर क्या असर होगा। दूसरी ओर कनाडा में एक सरकारी अधिकारी ने कहा कि कनाडा हर स्थिति के लिए तैयारी कर रहा है और उसने इस बारे में सोचना शुरू कर दिया है कि प्रतिशोध में किन वस्तुओं पर टैरिफ लगाया जाए। अधिकारी ने नाम न बताने की शर्त पर यह बात कही। बता दें कि जब ट्रंप ने अपने पहले कार्यकाल के दौरान उच्च टैरिफ लगाए थे, तो अन्य देशों ने अपने स्वयं के प्रतिशोधात्मक टैरिफ के साथ जवाब दिया था।



# जीवन में किताबों के मोल को समझने वाला होता है सफलः प्रो. वंदना सिंह

- कुलपति ने विद्यार्थियों के साथ पढ़ी किताब
- पढ़े विश्वविद्यालय- बढ़ें विश्वविद्यालय कार्यक्रम का हुआ आयोजन



अवधनामा संवाददाता

**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय में राजभवन लखनऊ के दिशा निर्देश के क्रम में गुरुवार को पढ़े विश्वविद्यालय- बढ़ें विश्वविद्यालय कार्यक्रम के अंतर्गत विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. वंदना सिंह ने अनुप्रयुक्त सामाजिक विज्ञान एवं मानविकी संकाय में विद्यार्थियों के साथ किताब पढ़ी।कुलपति प्रो. वंदना सिंह ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि किताबें हमेशा से हमारे साथ ही रही है और हमेशा साथ रहेंगीं। जीवन में जिसने किताबों के मोल को समझा वो निश्चित रूप से सफल होता है। किताबें हमारे जीवन में सबसे बड़े पथ प्रदर्शक के रूप में कार्य करतीं है।किताबें ज्ञान का भंडार है हमें किसी भी विषय पर अगर कोई भी ज्ञान चाहिए तो किताबें उसे प्रदान करतीं है। आज के दौर में ऑनलाइन पुस्तकें पढ़ने के लिए उपलब्ध है, लेकिन ऑफलाइन पुस्तकें पढ़ने की आदत होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि शिक्षक और विद्यार्थी दोनों के लिए किताबों की बड़ी महत्ता है। शिक्षक पुस्तकों को आधार बना कर ही विद्यार्थियों को शिक्षा प्रदान करता है। उन्होंने विद्यार्थियों से अपील की कि किताबों से कभी दूर मत हो।

व्यवहारिक मनोविज्ञान विभाग के अध्यक्ष प्रो. अजय प्रताप सिंह ने कहा कि किताबों को पढ़ने से हमारी सोच में बदलाव आता है। अपने विषय के साथ ही साथ प्रेरणादायक पुस्तकों को भी पढ़ना चाहिए। विश्वविद्यालय के इंजीनियरिंग, फार्मेसी एवं प्रबंध अध्ययन संकाय के विभिन्न विभागों में शिक्षकों, विद्यार्थियों एवं कर्मचारियों ने अपने-अपने विभाग में पुस्तक पढ़ीं। वहीं इसके साथ ही प्रशासनिक भवन में विश्वविद्यालय के कुलसचिव महेंद्र कुमार, परीक्षा नियंत्रक डॉ. विनोद कुमार सिंह, अन्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भी किताबें पढ़ीं।

परिसर के विभिन्न संकायों में आयोजित कार्यक्रम में अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. अजय द्विवेदी, प्रो. मानस पाण्डेय, प्रो. राजेश शर्मा, प्रो. सौरभ पाल, प्रो. प्रमोद यादव, प्रो. अशोक श्रीवास्तव, प्रो. रजनीश भास्कर, प्रो. राज कुमार, प्रो. देवराज, प्रो. गिरिधर मिश्र, डॉ. एसपी तिवारी, डॉ. दिग्विजय सिंह राठौर, डॉ. वनिता सिंह समेत विभिन्न संकायों में शिक्षक, विद्यार्थी और कर्मचारियों ने पुस्तक पढ़ीं।

# बदलापुर महोत्सव को लेकर उपमुख्यमंत्री एवं अन्य मंत्रियों को विधायक ने दिया निमंत्रण

- महोत्सव को ऐतिहासिक बनाने में जुटे हैं विधायक
- 551 जोड़ों का होगा विवाह

अवधनामा संवाददाता



**जौनपुर।** बदलापुर विधानसभा अंतर्गत विगत वर्षों की भांति इस वर्ष 07 और 08 दिसंबर 2024 को बदलापुर विधायक रमेश चंद्र मिश्रा के द्वारा बदलापुर महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। वही 551 कन्याओं के सामूहिक विवाह का आयोजन तथा देश के नामी कलाकारों एवं स्थानीय कलाकारों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किया जाएगा तथा शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं को स्टॉल के माध्यम से लोगों को जानकारी दी जाएगी जिसे लेकर विधायक उत्साहित हैं वहीं जानकारी देते हुए बताया कि उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार दिनेश प्रताप सिंह, प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी, परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह, कृषि विपणन और उद्यान मंत्री दिनेश प्रताप सिंह, पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह व समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण से मुलाकात कर कुशल क्षेम जानकर बदलापुर महोत्सव में सम्मिलित होने के लिए सादर आमंत्रित किया जहां विधायक ने बताया कि सभी ने आश्वासन दिया है महोत्सव में आने का और वही विधायक द्वारा हर वर्ष की तरह बदलापुर महोत्सव को भव्य एवं ऐतिहासिक बनाने के लिए लगातार लगे हुए हैं।

## 20 दिवसीय भरतनाट्यम नृत्य कार्यशाला का शुभारंभ



**प्रयागराज।** जगत तारन गर्ल्स डिग्री कॉलेज के सांस्कृतिक क्रियाकलाप समिति द्वारा भारतीय शास्त्रीय नृत्य के विविध आयाम पर आधारित 20 दिवसीय भरतनाट्यम नृत्य कार्यशाला का आज उद्घाटन किया गया। इस कार्यशाला में सुश्री संगीता विश्वकर्मा (प्रयाग संगीत समिति) प्रशिक्षण देंगी।संगीत विभाग की विभागाध्यक्ष प्रो. नन्दिनी मुखर्जी ने मुख्य अतिथि संगीता विश्वकर्मा एवं सांस्कृतिक समिति की प्रभारी डा. नम्रता देब के साथ फीता काटकर एवं दीप प्रज्वलन कर कार्यशाला का उद्घाटन किया। कार्यशाला में 40 छात्राएं प्रशिक्षण प्राप्त करेंगी और समापन के अवसर पर प्रस्तुति भी देंगी। इस अवसर पर प्रो. मीनाश्री यादव, संगीता सहगल, डा.अंकिता चतुर्वेदी, डा. अजिता ओझा, डा. फातिमा नूरी , डा.प्रमा द्विवेदी, डा. ऐश्वर्या सिंह, डा. माधुरी राठौर एवं प्रशिक्षु छात्राएं उपस्थित रहीं

## व्याख्यान का आयोजन

**प्रयागराज।** जगत तारन गर्ल्स डिग्री कॉलेज के राजनीति विज्ञान विभाग के तत्वावधान में मानवाधिकार विषय पर चल रहे सर्टिफिकेट कोर्स के अन्तर्गत एक विशिष्ट व्याख्यान का आयोजन किया गया। जिसकी मुख्य वक्ता प्रों अनुराधा अग्रवाल प्रोफेसर एवं पूर्व हेड, राजनीति विज्ञान विभाग, इलाहाबाद विश्वविद्यालय थीं। प्रो. अग्रवाल ने महिलाओं के मानव अधिकार विषय पर वक्तव्य दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कार्यवाहक प्राचार्य प्रो. नीलिमा मिश्रा ने किया। डॉ. कस्तूरी भारद्वाज (समन्वयक) ने अतिथि का औपचारिक स्वागत किया एवं डॉ. अंजलि शिवहरे ने धन्यवाद ज्ञापन दिया। कार्यक्रम में डॉ फ़ातिमा नूरी, डॉ अनुराग पांडेय, कु. शेफाली दास एवं बड़ी संख्या में छात्रायें उपस्थित रही।

## खुर्शीद अनवर पर हमला करने वाले तीन गिरफ्तार

**जौनपुर।** खुर्शीद अनवर पर हमला करने वाले तीन हमलावरो को खेतासराय पुलिस ने किया गिरफ्तार। डा. अजय पाल शर्मा, पुलिस अधीक्षक जनपद जौनपुर द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक नगर जौनपुर अरबिन्द कुमार वर्मा के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी शाहगंज जौनपुर अजीत सिंह चौहान के पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष रामाश्रय राय के नेतृत्व में थाना खेतासराय पुलिस टीम द्वारा विधायक प्रतिनिधि पर हमला करने वाले हमलावरों को गिरफ्तार किया गया। 22 नवम्बर को विधायक प्रतिनिधि खुर्शीद अनवर पुत्र फैय्याज अहमद निवासी पाराकमाल थाना खेतासराय जौनपर के उपर 4-5 अज्ञात बदमाशो द्वारा लाठी डण्डा व राड से हमला कर घायल कर दिया था जिसपर खुर्शीद अनवर के पिता फैय्याज अहमद की तहरीर पर थाना स्थानीय पर मु.अ.सं. 248/2024 धारा 191(2), 115(2), 352, 351 (3), 117(2) बीएनएस बनाम 4-5 अज्ञात पंजीकृत किया गया था। इलेक्ट्रानिक व मैनुअल साक्ष्यों के आधार पर घटना में शामिल हमलावरों को आजाद नहर पुलिया से मुखबिर की सूचना पर गिरफ्तार कर नियमानुसार विधिक कार्यवाही की जा रही हैं।

# किसान कार्ड के लिए लगेंगे शिविर : डीएम

- पूरा विवरण दर्ज होने के बाद जारी होगा किसान का यूनिक नंबर

अवधनामा संवाददाता



**जौनपुर।** जनपद के किसानों का आधार की तर्ज पर किसान कार्ड बनाया जाएगा इसके लिए गुरुवार को वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से राजस्व एवं कृषि विभाग के अधिकारियों सहित जिला एवं तहसील स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स को प्रशिक्षित किया गया। जिलाधिकारी डा. दिनेश चंद्र ने बताया कि रोस्टर जारी कर 31 दिसम्बर तक जिले की समस्त राजस्व गांवो में किसान रजिस्ट्री की शुरुआत कर दी जाएगी, इसमें किसान का आधार नंबर, खेत का रकबा नंबर, खसरा नंबर, मोबाइल नंबर आदि का विवरण दर्ज किया जाएगा, पूरा विवरण दर्ज होने के बाद किसानों को एक यूनिक नंबर जारी होगा। इस नंबर के जरिए ही संबंधित किसान का पूरा विवरण देखा जा सकेगा। रजिस्ट्री का कार्य पूर्ण होने के बाद किसान कार्ड बनाया जाएगा कार्ड से मिलने वाले नंबर के जरिए ही पीएम किसान सम्मान निधि सहित अन्य योजनाओं का लाभ किसानों को दिया जाएगा। किसान कार्ड के लिए जिले के हर राजस्व गांव में शिविर का आयोजन किया जा रहा है इसमें कृषि विभाग/पंचायत विभाग एवं राजस्व विभाग के दो-कर्मचारी रहेंगे, शिविर में गांव के संबंधित किसान का नाम, पिता का नाम, स्वामित्व वाले सभी गाटा संख्या, सहखातेदार होने की स्थिति में गाटों में किसान का अंश, आधार नंबर, ई-केवाईसी विवरण आदि दर्ज करेंगे। किसी प्रकार के स्वामित्व स्थानांतरण (विसारत, बैनामा आदि) होने पर किसान रजिस्ट्री में बदलाव किया जा सकेगा, इससे किसान के हर गाटे में हर सत्र में बोई जाने वाली फसल का विवरण भी शामिल किया जाएगा। किसान कार्ड से फायदे के बारे में बताते हुए कहा कि अभी तक किसान को किसी भी तरह का ऋण लेने के लिए बार-बार राजस्व रिकार्ड देना पड़ता है, किसान रजिस्ट्री होने पर उसके नंबर को संबंधित एप पर डालकर उसका पूरा विवरण देखा जा सकेगा, इससे किसान कल्याण की योजनाएं बनाने और उसके क्रियान्वयन में आसानी होगी, लाभार्थियों को सत्यापन कृषि उत्पाद के विपणन और अन्य वित्तीय मामलों में सहूलियत होगी। साथ ही पीएम किसान सम्मान निधि भुगतान, फसली ऋण के लिए किसान क्रेडिट कार्ड, फसल बीमा, आपदा के दौरान किसानों को क्षति पूर्ति देने के लिए किसानों का चयन करने में आसानी होगी, साथ ही राजस्व विवादों का भी निस्तारण होगा।

## जमैथा प्राचीन मंदिर से अष्टधातु की मूर्ति चोरी

**जौनपुर। (जफराबाद)** जमैथा गांव के शिवपुर में स्थित अति प्राचीन मंदिर से बुधवार के भोर में चोर वेशकीमती मूर्ति काटकर चोर उठा ले गए। सुबह जब गांव के पुजारी सर्वेश यादव पूजा करने पहुंचे तो देखा। मंदिर का ताला टूटा है और विष्णु व लक्ष्मी जी की मूर्ति गायब है। गांव के लोग जुटने लगे। थाने पर सूचना दी गई। थानाध्यक्ष जफराबाद मौके पर पहुंचे और जांच पड़ताल की। जमैथा के शिवपुर मोहल्ले में गोमती नदी के किनारे पर ठाकुरबाड़ी नाम से अति प्राचीन विष्णु जी का मंदिर है। यह मंदिर गांव के लोगों की आस्था का केंद्र है। मंदिर में विष्णु भगवान और लक्ष्मी जी की अष्ट धातु की मूर्ति सैकड़ों साल से पूजित है। बुधवार की रात चीर फाउंडेशन से मूर्ति काटकर उठा ले गए। उसी मंदिर में सोने की दुर्गा जी की मूर्ति भी रखी गई थी। चीर सोने की मूर्ति और मंदिर पर रखे साउंड सिस्टम पर भी हाथ साफ कर दिए। मूर्ति चोरी होने से गांव वाले आक्रोशित है। मंदिर के पुजारी व गांववासी पुलिस प्रशासन से मांग कर रहे है कि चोरों का पता लगाकर जल्द मूर्ति बरामद की जाय।

# शाइन सिटी कंपनी के खिलाफ दो और मुकदमे दर्ज

अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज।** रियल एस्टेट कंपनी शाइन सिटी के खिलाफ धोखाधड़ी के दो और मुकदमे दर्ज हुए हैं। कोर्ट के आदेश पर सिविल लाइंस पुलिस ने कंपनी के सीएमडी राशिद नसीम, उसके भाई एमडी आसिफ नसीम, एजेंट प्रशांत देव, अटल त्रिपाठी, रशद रस्तोगी, सुरेश पटेल, अर्पित शुक्ला, संतोष कुमार को नामजद किया है। इन पर आवासीय भूखंड बेचने के नाम पर धोखाधड़ी का आरोप है। रायबरेली के इंद्रानगर आरडीए कालोनी निवासी लक्ष्मी गुप्ता का कहना है कि वर्ष 2013 में शाइन सिटी कंपनी की विभिन्न योजनाओं का प्रचार-प्रसार किया जा रहा था। विस्तार से जानकारी लेने पर उसे सिविल लाइंस प्रयागराज स्थित कार्यालय बुलाया गया। वहां कंपनी के सीएमडी, एमडी सहित अन्य एजेंट ने स्कीम के बारे बताया। कहा कि मोहन लालगंज में आवासीय कालोनी विकसित की जा रही है प्रोजेक्ट पसंद आने पर उन्होंने कई बार में 10 लाख 68 हजार रुपये कंपनी में जमा किया, मगर अवधि पूरी होने पर उन्हें न तो भूमि मिली और न ही पैसा। कार्यालय की कंपनी में ताला लटकते मिला तो ठगी की जानकारी हुई।

### सोनभद्र के युवक से ठगी

इसी तरह सोनभद्र के इकदारी बभनी निवासी आशीष गुप्ता से भी मोहन लालगंज में प्लाट देने के नाम पर कंपनी के अधिकारियों और कर्मचारियों ने पांच लाख 46 हजार रुपये की धोखाधड़ी की। शिकायत पर पुलिस ने कार्रवाई नहीं की, जिस पर पीड़ितों ने अदालत का दरवाजा खटखटाया। इसी कंपनी के खिलाफ पूरे प्रदेश में करीब 500 से ज्यादा मुकदमे दर्ज हो चुके हैं। फरार चल रहे सीएमडी राशिद पर पांच लाख रुपये का इनाम है।

# अधिवक्ता हत्याकांड के खिलाफ आमसभा

अवधनामा संवाददाता



**प्रयागराज।** वकील अखिलेश शुक्ला उर्फ गुड्डू की हत्या के खिलाफ वकीलों की हड़ताल जारी है। अपनी मांगों पर अड़े वकील लगातार न्यायिक कार्य से विरत चल रहे हैं। वकीलों ने कचहरी परिसर के ही टेंट लगाकर आमसभा शुरू कर दी है। जिला अधिवक्ता संघ के पदाधिकारियों समेत अन्य वकील अपनी बातें रख रहे हैं। संघ के पदाधिकारियों और पुलिस अधिकारियों के बीच कई दौर की वार्ता हुई लेकिन हड़ताल खत्म नहीं हुई। धीरे धीरे वकीलों का आक्रोश बढ़ रहा है। गुरुवार को भी वकीलों ने जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। अधिवक्ता अखिलेश शुक्ला हत्याकांड में अब तक की गई प्रशासनिक कार्यकर्ता से असंतुष्ट वकीलों के तेवर तीखे हो गए हैं। वकीलों का कहना है कि जब तक सभी मांगे पूरी नहीं होंगी आंदोलन जारी रहेगा। वकीलों ने चेतावनी दी है कि यदि गिरफ्तारी तत्काल नहीं की गई तो आंदोलन की दिशा और दशा बदलने को मजबूर होना पड़ेगा। वकीलों ने निर्णय लिया है कि अब सड़क पर आमसभा शुरू होगी।

वकीलों ने मांग किया है कि परिजनों को आर्थिक सहायता के रूप में एक करोड़ रुपए, शस्त्र लाइसेंस, सरकारी नौकरी दी जाए। हमलावरों की शीघ्र गिरफ्तारी सुनिश्चित की जाए। हमलावरों के शस्त्र लाइसेंस तत्काल प्रभाव से निरस्त किए जाएं। उन्हें ठेकेदारी में ब्लैक लिस्टेड किया जाए।

## राजकीय आई.टी.आई. आजमगढ़ में रोजगार मेंले का आयोजन आज

**आजमगढ़।** सहायक निदेशक (सेवा.) राममूर्ति ने बताया है कि क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय आजमगढ़, राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान आजमगढ़ एवं कौशल विकास मिशन आजमगढ़ के संयुक्त तत्वावधान में 29 नवम्बर को राजकीय आई.टी.आई. आजमगढ़ में रोजगार मेंले का आयोजन किया जा रहा है। जिसमे हिन्डालको इन्डट्रीज, सुब्रोस लिमिटेड, डिस्टिल एजुकेशन एण्ड टेक्नालाजी प्रा.लि., मोबेस इण्डिया प्रा.लि. नोएडा, मदरसन आटोमोटिव टेक्नालाजी प्रा.लि., वेस्टर्न रेफ्रिजरेशन प्रा.लि. एवं अन्य निजी क्षेत्र की कम्पनिया प्रतिभाग कर रही है। ऐसी स्थिति में सेवायोजन कार्यालय आजमगढ़ में पंजीकृत जॉब सीकर (बेरोजगार अभ्यर्थी) रोजगार हेतु पोर्टल (रोजगार मेंलो में रिक्तियां देखने के लिए यहां क्लिक करें) पर क्लिक कर उपरोक्त कम्पनियों के विज्ञापित रिक्तियों के विवरण देखकर अपने पंजीयन यूजर आई.डी. का प्रयोग कर आन-लाईन आवेदन करते हुये रोजगार मेले में प्रतिभाग करना सुनिश्चित करें।

# धूमधाम से आयोजित हुआ ज्योति जाग्रति संस्थान के कैम्प का भूमि पूजन

- गंगा आरती, हवन यज्ञ व भूमि पूजन महोत्सव का भव्य आयोजन

अवधनामा संवाददाता



**प्रयागराज।** भारतीय संस्कृति के संवर्धन सनातन धर्म के इस महायज्ञ में, संस्थान के पुरोधा दिव्य गुरु श्री आशुतोष महाराज जी के अलौकिक मार्गदर्शन में, पूरे मनोयोग से अपनी भूमिका निभाता रहा है। वर्ष 2019 के कुंभ मेले में संस्थान ने तन, मन और चेतना से अपनी पूर्ण भागीदारी दर्ज़ की थी। प्रत्येक वर्ग के लिए, मार्मिक प्रेरणाओं से परिपूर्ण, भिन्न-भिन्न प्रासंगिक कार्यक्रम आयोजित किए थे।

इस बार पहले से भी दुगुनी ऊर्जा के साथ व योजनाबद्ध रूप से दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान महाकुंभ 2025 में अपनी भूमिका निभाने हेतु कटिबद्ध है। संस्थान महाकुंभ में गिनीज़ बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाने जा रही है, जिसमें 35 दिनों तक लगातार 11,000 घंटे अखंड रुद्रिपाठ और ध्यान-साधना का प्रकरण चलेगा। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में प्रशिक्षित वेदपाठी पधारेंगे और धाराप्रवाह, अखंड रूप से शुक्ल यजुर्वेदीय रुद्राष्टाध्यायी के मंत्रों का उच्चारण करेंगे। गिनीज़ बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड की टीम को संस्थान आमंत्रण दे चुका हैं एवं इस टीम की उपस्थिति इंटरनेशनल मीडिया को भी आकर्षित करेगी, जिससे कुम्भ महोत्सव का गौरव बढ़ेगा। इसी श्रृंखला में आज भूमि पूजन, गंगा आरती व हवन यज्ञ का कार्यक्रम आयोजित किया गया। दिव्य गुरु आशुतोष महाराज के शिष्य व संस्थान के अध्यक्ष स्वामी श्री आदित्यानंद ने उपरोक्त जानकारी प्रदान किया।

इस भूमि पूजन महोत्सव में संस्थान के सचिव स्वामी नरेंद्रानंद की विशेष उपस्थिति रही। उक्त कार्यक्रम में स्वामी नरेशानंद, स्वामी विश्वनाथानंद, अमित (एस डी एम), संजीव ओझा, (ए डी एम) आदि उपस्थित रहे। अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल की जिला अध्यक्ष लालू मित्तल ने कहा कि प्रत्येक वर्षो की भांति इस वर्ष भी व्यापारी संस्थान का पूरा सहयोग करेगा और गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड का कीर्तिमान स्थापित होने का साक्षात्कार करेगा। यह जानकारी संस्थान के मीडिया प्रभारी रोहित पांडिया एवं लालू मित्तल ने दी।

उत्तर रेलवे

ई-निविदा सूचना

उप–मुख्य अभियन्ता/नि.–चतुर्थ/लखनऊ द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य के लिए निर्धारित प्रोफॉर्मा पर मोहर बन्द **ई-निविदा एकल पैकेट** में आमंत्रित की जाती हैं।

| | |
|---|---|
| 1 | **कार्य का नाम व स्थान :** उप मुख्य अभियन्ता/निर्माण–चतुर्थ/उत्तर रेलवे, लखनऊ के अधीन चारबाग रोलिंग स्टॉक वर्कशॉप के अन्दर ई.एल.पी.ओ.एच. शॉप में ओवरहॉलिंग सुविधा के लिए स्टील रूफ ट्रस शेड, बिल्डिंग, रोड नाली एवं जल निकासी सुविधा का निर्माण तथा अन्य विविध सिविल कार्य। |
| 2 | **कार्य पूरा करने की अवधि :** 07 (सात) माह |
| 3 | **कार्य की अनुमानित लागत :** रु. 480.10 लाख |
| 4 | **धरोहर राशि :** रु. 3,90,100.00 |
| 5 | **ई-निविदा जमा करने की तारीख/समय एवं निविदा खुलने की तारीख :** निविदाएँ दिनांक 26.12.2024 को 11.30 बजे तक आई.आर.ई.पी.एस. के वेबसाइट www.ireps.gov.in पर अपलोड की जा सकती है तथा दिनांक 26.12.2024 को समय 11.30 बजे खोली जाएगी। |
| 6 | **विस्तृत निविदा सूचना व प्रपत्र :** विस्तृत निविदा सूचना व निविदा प्रपत्र दिनांक 04.12.2024 से आई.आर.ई.पी.एस. के वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध रहेंगे व दिनांक 12.12.2024 से 26.12.2024 तक ई–निविदा अपलोड की जा सकती है। |

सं.: 73-टेण्डर/उप-मुख्य अभियन्ता/नि.-चतुर्थ/लखनऊ दिनांक: 28.11.2024 3678/24

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# संभल की घटना पर कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष का बयान गैर जिम्मेदाराना : ओंकार पाण्डेय

अवधनामा संवाददाता



**आजमगढ़।** भाजपा नेता ओंकार पाण्डेय ने आजमगढ़ दौरे पर आये कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष विश्वविजय सिंह द्वारा संभल की घटना को लेकर मीडिया में दिये गये बयान को गैरजिम्मेदाराना बयान बताया और कहा उपचुनावों में हार की बौखलाहट में कांग्रेस और उसके सहयोगी दल शांति की अपील करने के बजाय प्रदेश का सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने के लिये अनर्गल बयानबाजी कर रहे हैं, उत्तर प्रदेश सरकार इनके मंसूबों को कत्तई सफल नहीं होने देगी और प्रदेश की शांति व्यवस्था भंग करने वाले अराजक तत्वों से सख्ती से निपटेगी।

भाजपा नेता ओंकार पाण्डेय ने आगे कहा परजीवी कांग्रेस को जनता पूरी तरह से नकार चुकी है यही विश्वविजय सिंह 2022 के विधानसभा चुनाव में आजमगढ़ के प्रभारी थे कांग्रेस को आजमगढ़ में नोटा से भी कम वोट मिला था सपा को सभी दस सीटे मिली थी तब प्रशासन और इवीएम दोषी नहीं था। कांग्रेस और सपा के लोग जब चुनाव जीतते हैं तब ईवीएम प्रशासन दोषी नहीं होता। अब कांग्रेस के सहयोगी दल कांग्रेस को भाव नहीं दे रहे हैं उत्तर प्रदेश उपचुनाव में 5 सीटों के लिए गिड़गिड़ाने वाली कांग्रेस को उसकी सहयोगी सपा ने एक भी सीट नहीं दिया अपनी खीझ मिटाने और जनता को गुमराह करने के लिए कांग्रेस के लोग अनाप-शनाप बयान बाजी कर रहे हैं। संभल में सर्वे का काम न्यायालय के आदेश पर हो रहा था। संभल की घटना में उकसाने वालों में सपा से जुड़े लोगो के नाम सामने आ रहे है कांग्रेस और उसके सहयोगी दल उपचुनावों मिली करारी हार के कारण बौखलाहट में अपने सहयोगी दल से जुड़े लोगो को बचाने और तुष्टीकरण के लिये इसका ठीकरा प्रशासन और सरकार पर फोड़ रहे है। अब जनता पूरी तरह से कांग्रेस और सपा की असलियत समझ चुकी है यही कारण रहा उत्तर प्रदेश के उपचुनाव में जनता ने सपा कांग्रेस को करारा जवाब दिया है।

## बेथनी कॉन्वेंट स्कूल के शिक्षक का राष्ट्रीय नवाचार बूट कैंप के लिए चयन

**प्रयागराज।** बेथनी कॉन्वेंट स्कूल,के शारीरिक शिक्षा शिक्षक और इलाहाबाद विश्वविद्यालय के शोधार्थी मोहम्मद साबिर ने एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। उनकी नवाचारात्मक सोच को शिक्षा मंत्रालय के इनोवेशन सेल, नई दिल्ली द्वारा चयनित किया गया है। मोहम्मद साबिर इलाहाबाद विश्वविद्यालय में प्रोफेसर अर्चना चहल की देखरेख में एक मोबाइल एप्लीकेशन डिजाइन कर रहे हैं जो स्कूल जाने वाले बच्चों की स्वास्थ्य संबंधी शारीरिक फिटनेस का आकलन करेगा। साबिर को प्रतिष्ठित दो दिवसीय इनोवेशन, डिज़ाइन और एंटरप्रेन्योरशिप बूट कैंप में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया गया है, जो 29 और 30 नवंबर को एसआरएम विश्वविद्यालय, मोदीनगर में आयोजित होगा। यह चयन उनकी रचनात्मकता और शिक्षा में नवाचार को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। प्रिंसिपल सिस्टर डॉ शमिता और पूरा स्कूल स्टाफ साबिर को इस उपलब्धि पर बधाई दी है।

# बाल श्रम, बाल भिक्षावृत्ति की रोकथाम हेतु छापे मारी

अवधनामा संवाददाता

**आजमगढ़।** मुख्यालय महिला एंव बाल सुरक्षा संगठन, उ0प्र0 लखनऊ के निर्देशन में बाल श्रम, बाल भिक्षावृत्ति की रोकथाम एवं बन्धुआ मजदूर से लोगों को मुक्त कराने के लिए चलाये जा रहे मिशन शक्ति फेज 5 के आपरेशन बचपन अभियान के अन्तर्गत पुलिस अधीक्षक आजमगढ़ के कुशल निर्देशन में एवं नोडल अधिकारी थाना ए.एच.टी. अपर पुलिस अधीक्षक यातायात के पर्यवेक्षण में थाना एन्टी ह्यूमन ट्रैफिकिंग व श्रम विभाग की संयुक्त टीम द्वारा जनपद आजमगढ़ के थाना क्षेत्र निजामाबाद व सरायमीर के विभिन्न प्रतिष्ठानों, मिठाई की दुकानों, ढ़ाबों, ऑटो मोबाइल की दुकानों, गैराजों पर सघन चेकिंग किया गया । उक्त अभियान के दौरान कुल 07 बाल श्रमिकों को कार्य करते हुए पाया गया । मौके पर कार्य कर रहे बाल श्रमिक को उसके परिजन को बुलवाकर चेतावनी देते हुए उनकी सुपुर्दगी में दिया गया तथा हिदायत दी गयी कि बच्चों से भविष्य मे बाल श्रम न करायें तथा सम्बन्धित प्रतिष्ठानों के सेवायोजकों के विरुद्ध अधिनियम का उल्लंघन करने के संबंध में श्रमविभाग द्वारा नियमानुसार नोटिस जारी की गई । संयुक्त टीम द्वारा दुकानदारोंध् जनता के लोगों को बालश्रम न कराने पर जोर दिया गया तथा सार्वजनिक स्थानोंध् मिठाई की दुकान, रेस्टोरेंटध्ढ़ाबा, ब्रेकरी, आटो मोबाइल की दुकान, गैराज आदि स्थानों पर बालश्रम न कराने से सम्बन्धित पोस्टर चस्पा कर तथा इमरजेंसी सहायता हेतु शासन एवं प्रशासन द्वारा जारी टोल फ्री हेल्प लाइन नंम्बरों 108, 112, 1090, 1930, 1098, 1076, 181 आदि के सम्बन्ध में लोगों को जागरुक किया गया।

उत्तर रेलवे

खुली निविदा सूचना (ई–निविदा)

दिनांक : 27.11.2024

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेलवे प्रबंधक (इंजीनियरिंग), उत्तर रेलवे लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु सिंगल पैकेट पद्धति से ई– निविदा प्रणाली द्वारा जिसकी अंतिम निविदा तिथि दिनांक 23.12.2024 तथा 18.12.2024 को 15.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। इस निविदा के मैनुवल ऑफर स्वीकार नहीं किये जायेगें. यदि कोई मैनुवल ऑफर आता है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा।

निविदा फार्म का मूल्य जमा नहीं करना है तथा निविदाकर्ता को धरोहर राशि का भुगतान केवल ireps पोर्टल पर उपलब्ध ऑनलाईन भुगतान प्रणाली में नेट बैकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड इत्यादि द्वारा करेगा। डिमांड ड्राफ्ट, बैंकर चेक डिपॉजिट रसीद एवं एफ डी आर द्वारा भुगतान स्वीकार नहीं किये जायेंगे।

| | | | |
|---|---|---|---|
| | निविदा सूचना संख्या | | 13302024 दिनांक 27.11.2024 |
| 1 | कार्य का नाम | 1 | वरि मण्डल इंजीनियर–तृतीय/उ०रे०/लख० के अधीन पुल संख्या 66 (वाराणसी–जफराबाद) के लिए स्कॉर मॉनीटरिंग, आर0ओ०वी० द्वारा पाना के नीचे का निराक्षण तथा रिवर बेड की 3D स्कैनिंग इत्यादि तथा पुल संख्या 16 (जंघई–जफराबाद), पुल संख्या 66 (वाराणसी–जफराबाद) और पुल संख्या 11 (वाराणसी–दीनदयाल उपाध्याय) के लिए पोर्टेबल ट्रेन डिटेक्टिंग प्रणाली का कार्य। |
| | | 2 | वरि० मण्डल इंजीनियर–तृतीय/उ०रे०/लख० के कार्य क्षेत्र में सहायक मण्डल अभियन्ता/वाराणसी के अधीन वाराणसी कैंट के मुख्य तथा द्वितीय द्वार पर महाकुम्भ से संबंधित यात्रियों के लिए अस्थायी होल्डिंग क्षेत्र का प्रावधान। |
| | | 3 | वरि० मण्डल इंजीनियर–तृतीय/उ०रे०/लख० के अधीन 45 संख्या के भारी यातायात वाले समपार फाटकों पर प्रीफैब्रीकेटड फाउंडेशन तथा लाकिंग प्रणाली के साथ रबराइज्ड पैनलों का प्रावधान। |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | अनुमानित लागत | | | | | |
| | 1 | रू0 38,02,206.64 | 2 | रू0 99,72,900.00 | 3 | रू0 8,24,79,817.67 |
| 3 | धरोहर राशि | | | | | |
| | 1 | रू0 76,100.00 | 2 | रू0 1,99,500.00 | 3 | रू0 5,62,400.00 |

| | | |
|---|---|---|
| 4 | कार्य की समापन अवधि | |
| | क्रम सं0 01 के लिए | स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से साठ (60) माह। |
| | क्रम सं0 02 के लिए | स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से तीन (03) माह। |
| | क्रम सं0 03 के लिए | स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से बारह (12) माह। |
| 5 | निविदा डालने का प्रारंभ | क्रम सं0 01 तथा 03 तक के लिए — 23.12.2024 |
| | | क्रम सं0 02 तक के लिए — 18.12.2024 |
| 6 | निविदा बंद होने की तिथि एवं समय | क्रम सं0 01 तथा 03 तक के लिए — 09.12.2024 15:00 बजे |
| | | क्रम सं0 02 तक के लिए — 04.12.2024 15:00 बजे |
| 7 | वेबसाईट | www.ireps.gov.in |

नोट:–

1. तकनीकी और वाणिज्यिक प्रस्तावों के खुलने के बाद अतिरिक्त दस्तावेज की प्रस्तुति एवं उससे सम्बन्धित निविदा उपरान्त किसी प्रकार के पत्राचार स्वीकार नही किये जायेंगे। निविदादाता के निविदा उपरान्त पत्रो को भी शून्य एवं प्रभावहीन माना जायेगा। (प्रधान कार्यालय उ०रे० नयी दिल्ली का पत्र सं0 74-W/O/Pt.XXV/WA/Loose दिनाँक 07–04–2015.

3669/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# नारायण सेवा संस्थान का निशुल्क नारायण लिंब फिटमेंट शिविर 1 दिसम्बर को

**लखनऊ।** देश-विदेश में दिव्यांगजनों और मानव सेवा के लिए पहचाने जाने वाले उदयपुर के नारायण सेवा संस्थान द्वारा उत्तर प्रदेश के दिव्यांगों के लिए 1 दिसंबर को निःशुल्क नारायण लिम्ब एवं कैलीपर्स फिटमेंट का विशाल शिविर लखनऊ में आयोजित होगा। यह शिविर दयाल गेटवे होटल, किसान बाज़ार, विभूति खंड में रविवार को प्रातः 8 बजे से सायं 5 बजे तक चलेगा। प्रेसवार्ता में संस्थान के ट्रस्टी एवं निदेशक देवेंद्र चौबीसा ने जानकारी देते हुए कहा संस्थान विभिन्न राज्यों के दिव्यांग बन्धुओं को उनके घर शहर के नजदीक लाभान्वित करने के लिए विगत 39 वर्षों से प्रयासरत है। इसी शृंखला में नारायण सेवा ने कुआँ प्यासे के पास योजना के तहत 28 जुलाई को निःशुल्क नारायण लिंब मेजरमेंट कैंप का आयोजन किया था। जिसमें करीब 1260 रोगी आए थे। इनमें से 690 जन ऐसे थे जो सड़क दुर्घटना या किसी बीमारी से हाथ-पैर खोकर दिव्यांगता का शिकार हो गए थे। उनका चयन करते हुए संस्थान ने नारायण लिम्ब के लिए मेजरमेंट लिया। ट्रस्टी चौबीसा ने पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए कहा कि उत्तरप्रदेश में पहली बार संस्थान एक साथ 690 से ज्यादा दिव्यांगों को नारायण लिम्ब पहनाकर उन्हें नई जिंदगी का उपहार देगा। यह सभी अपनी दिव्यांगताभरी जिंदगी के चलते अपने परिवार और परिजनों पर बोझ बन गए थे। संस्थान उन्हें आत्मनिर्भर बनाकर समाज की मुख्यधारा में ला रहा है। संस्थान के मीडिया एवं जनसंपर्क निदेशक भगवान प्रसाद गौड़ आगे की जानकारी देते हुए कहा शिविर के



उद्घाटन और भव्यता के लिए उप मुख्यमंत्री, कैबिनेट मंत्रियों सहित सैकड़ों संस्थान सदस्यों को आमंत्रित किया गया है।

निदेशक गौड़ ने बताया कि शिविर में आने वाले दिव्यांगों के लिए संस्थान की ओर से निःशुल्क भोजन की व्यवस्था रहेगी। इन दिव्यांगों को नारायण लिम्ब फिटमेंट के बाद चलने की सुव्यवस्थित ट्रेनिंग दी जाएगी।

## रॉयल एनफील्ड ने पेश किया गोअन क्लासिक 350



रॉयल एनफील्ड ने गोअन क्लासिक 350 लॉन्च की है। यह बॉबर-स्टाइल मोटरसाइकिल आजादी, मस्ती और खुली सोच वाले लाइफस्टाइल की पहचान है।यह भारत की खास गोअन मोटो-संस्कृति से जुड़ी है, जिसने 70-80 के दशक में गोवा की आजाद और रंगीन लाइफस्टाइल को जन्म दिया। इसका दमदार फोर-स्ट्रोक इंजन और स्टाइलिश लुक इसे हर सफर के लिए परफेक्ट बनाते है। हर कर्व और कंट्रू के साथ, गोअन क्लासिक गोवा के कस्टम बिल्डर्स की स्ट्रिप्ड-डाउन और 'ट्रिप्ड-अप' क्रिएशन से प्रेरित है, चॉप्ड फेंडर्स, मिड-एप हैंडलबार्स, एर्गोनॉमिक रूप फिट की गई लो-स्लंग सीटें और रियर सिलहॉट उन दिनों की याद दिलाती है जब राइडर्स अपनी मशीनों को केवल ज़रूरी चीज़ों तक सीमित कर देते थे और उनमें उनका व्यक्तित्व नजर आता था। नई गोअन क्लासिक 350 के बारे में बात करते हुए, आयशर मोटर्स लिमिटेड के प्रबंध निदेशक, सिद्धार्थ लाल ने कहा, गोअन क्लासिक स्वतंत्रता और व्यक्तित्व की भावना के लिए एक हार्दिक सम्मान है, जिसका रॉयल एनफील्ड ने दशकों से समर्थन किया है। मेरे लिए, यह मोटरसाइकिल गोवा की मोटो-संस्कृति और रॉयल एनफील्ड के जुनून का प्रतीक है, जो ऐसी मोटरसाइकिलें बनाने के लिए है जो सिर्फ मशीन से कहीं ज्यादा हैं और यह आत्म-खोज और अभिव्यक्ति का एक साधन हैं। यह मोटरसाइकिल न केवल गोवा की सड़कों पर घर जैसा महसूस कराती है, बल्कि हर जगह जिंदादिल और बेफिक्र राइडर्स के लिए गोवा का खुशनुमा एवं आरामदायक अहसास लाती है। गोअन क्लासिक में लोकप्रिय 349ष्ठ एयर-ऑयल-कूल्ड, सिंगल-सिलेंडर इंजन है जो पावर को भव्यता के साथ संतुलित करता है।

# कामधेनु लिमिटेड सेंट्रल उत्तर प्रदेश में अपनी स्ट्रक्चरल स्टील सेगमेंट की बाजार हिस्सेदारी को और मजबूत करेगा

**लखनऊ।** भारत की सबसे बड़ी निर्माता और रिटेल में ब्रांडेड टीएमटी बार की विक्रेता, कामधेनु लिमिटेड ने सेंट्रल उत्तर प्रदेश में स्ट्रक्चरल स्टील सेगमेंट की बाजार हिस्सेदारी को और मज़बूत करने के लिए अपनी व्यापार रणनीति की घोषणा की। इस रणनीति के अनुसार, कंपनी एक वर्ष में राज्य में अपने स्ट्रक्चरल स्टील की उत्पादन क्षमता को 20त्न और बढ़ाने की योजना बना रही है। कामधेनु ने गुणवत्ता वाले निर्माण सामग्री के निर्माता और आपूर्तिकर्ता के रूप में खुद को प्रमुख बना लिया है जो उपभोक्ताओं के लिए किफायती मूल्य स्तर पर है। इसके अलावा, कंपनी राज्य में अपने डीलर और वितरक नेटवर्क को भी मजबूत करने की योजना बना रही है। अगले एक वर्ष में 25त्न और डीलर और वितरक जोड़ने की योजना है। वर्तमान में, कंपनी के पास राज्य में 400+ डीलर और वितरकों का नेटवर्क है। कामधेनु लिमिटेड के निदेशक, श्री सुनील अग्रवाल ने कहा, उत्तर प्रदेश कामधेनु लिमिटेड के विकास के लिए महत्वपूर्ण बाजार है जहां इंफ्रास्ट्रक्टर और निर्माण उद्योग के लिए बहुत सारी संभावनाएं हैं। कामधेनु संरचनात्मक इस्पात सेगमेंट में पहले से ही देश में मजबूत मौजूदगी रखता है और इस विस्तार रणनीति के साथ, हम राज्य में एक ठोस बाजार हिस्सेदारी को पकड़ने की उम्मीद कर रहे हैं। यह हमारी संरचनात्मक इस्पात सेगमेंट में अपनी बाजार हिस्सेदारी को बढ़ाने की हमारी संपूर्ण रणनीति के साथ मेल खाता है।

# देव आईटी वित्त वर्ष 2025 की दूसरी तिमाही का शुद्ध लाभ 389% बढ़ा

देव इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी लिमिटेड, एक वैश्विक आईटी सेवाएँ प्रदान करने वाली कंपनी, जो क्लाउड सेवाएँ, डिजिटल परिवर्तन, एंटरप्राइज एप्लिकेशन, और प्रबंधित आईटी सेवाएँ प्रदान करती है, ने वित्त वर्ष 2025 की दूसरी तिमाही और वित्त वर्ष की पहली छमाही के लिए अपनी बिना ऑडिट की गई वित्तीय परिणामों की घोषणा की है। साथ ही बोर्ड द्वारा स्टॉक विभाजन पर विचार किया जाएगा ।

कंपनी के संस्थापक एवं अध्यक्ष, प्रणव पंड्या ने प्रदर्शन पर टिप्पणी करते हुए कहा, हम वित्त वर्ष 2025 की दूसरी तिमाही के लिए अपने वित्तीय प्रदर्शन की घोषणा करते हुए प्रसन्नता महसूस कर रहे हैं, जो हमारी नवाचार और गुणवत्ता के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इस तिमाही में हमारी जो महत्वपूर्ण वृद्धि हुई है, वह हमारी टीम की नवाचार और उत्कृष्टता के प्रति प्रतिबद्धता का प्रमाण है, जो हमारे ग्राहकों के लिए मूल्य-संचालित समाधान प्रदान करने में सक्षम है। हमारा एबिटा और शुद्ध लाभ में उल्लेखनीय वृद्धि हमारी परिचालन दक्षता और कई सेवा क्षेत्रों में सामरिक वृद्धि को दर्शाती है।

इस तिमाही की सफलताएँ, जैसे कि कौशल दर्पण और राजकिसान साथी जैसे महत्वपूर्ण अनुबंध हासिल करना और प्रतिष्ठित एमएसपी इंडिया समिट पुरस्कार प्राप्त करना, हमारी उद्योगों में डिजिटल परिवर्तन को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता को मजबूत करती हैं। सरकार की महत्वपूर्ण परियोजनाओं, जैसे आइएफएससीए के लिए SWIT, में हमारी हाल की योगदान यह दर्शाते हैं कि हमारे ग्राहक हमें उन्नत समाधान प्रदान करने में विश्वास करते हैं, जो राष्ट्रीय स्तर पर दक्षता को बढ़ाते हैं।

# ऑलकार्गो गति ने सहारनपुर क्लस्टर को दी मजबूती, हस्तशिल्प और लकड़ी के सजावटी सामान वुडन डेकॉर के सप्लाई चेन को दिया बढ़ावा

**सहारनपुर।** भारत की प्रीमियर एक्सप्रेस डिस्ट्रिब्यूशन एंड सप्लाई चेन मैनेजमेंट कंपनी ऑलकार्गो गति लिमिटेड पूर्व में गति लिमिटेड सहारनपुर क्लस्टर में अपने ऑपरेशन्स को और अधिक बढ़ा रही है। इस कलस्टर में कंपनी पिछले 25 साल से भी अधिक समय से परिचालन कर रही है। हस्तशिल्प, लकड़ी के सजावटी सामान वुडन डेकॉर और फर्नीचर की ढुलाई पर ध्यान केंद्रित करने और लॉजिस्टिक क्षेत्र मे 30 साल से भी अधिक समय की विशेषज्ञता के साथ ऑलकार्गो गति 350 से अधिक विनिर्माताओं की विश्वसनीय साझीदार रही है, और विशेष रूप से डिजाइन किए गए लॉजिस्टिक सॉल्यूशन के साथ इस बढ़ते बाजार में अपनी सेवाएं उपलब्ध कराती रही है। सहारनपुर क्लस्टर देश की मांग पूरा करता है, जिसमें दक्षिण का हिस्सा सबसे ज्यादा रहा है जो कुल शिपमेंट का आधा हिस्सा है।



पश्चिमी क्षेत्र का एक चौथाई हिस्सा है। इसके बाद पूर्व और उत्तर का स्थान आता है, जिनके हिस्से थोड़े छोटे हैं। यह क्लस्टर सहारनपुर क्षेत्र के खाता खेड़ी, पुल कम्बोहन और चिलकाना रोड जैसे कई प्रमुख स्थानों तक फैला हुआ है, जहां शिल्प (क्राफ्ट), लकड़ी की नक्काशी वुडन कार्विंग्स के डिस्मैन्टलिंग, पैकिंग और वितरण डिस्ट्रिब्यूशन जैसी प्रमुख गतिविधियां होती हैं। ऑलकार्गो गति देश के विभिन्न क्षेत्रों में प्रत्योक महीने में आउटबाउंड डिस्पैच का कुशल रूप से प्रबंधन करती है। हमारी फैसिलिटी हर तरह के पैकेज को हैंडल करने में सक्षम है, जिन्हें हमारे एसटीसी सरफेस ट्रांशिपमेंट सेंटर्स और वितरण गोदामों डिस्ट्रिब्यूशन वेयरहाउस से सपोर्ट मिलता है। इन फैसिलिटीज में दक्षता बढ़ाने के लिए हैंड पैलेट ट्रक होते हैं। ऑलकार्गो गति के पास सामान की ढुलाई के लिए वाहनों की एक डेडिकेटेड फ्लीट है, जो विश्वसनीय तरीके से और समय पर डिलिवरी सुनिश्चित करती है। इसके अलावा उत्कृष्ट परिचालन दक्षता, लागत में कमी लाने और इंवेंट्री मैनेजमेंट में सुधार के लिए कंपनी ट्रैक और ट्रेस की सुविधा देती है।

गति एक्सप्रेस एंड सप्लाई चेन प्राइवेट लिमिटेड (जीईएससीपीएल) के डिप्टी मैनेजिंग डायरेक्टर केतन कुलकर्णी ने इस बारे में कहा, ÷सहारनपुर के हस्तशिल्प क्लस्टर में पिछले 25 साल में उल्लेखनीय वृद्धि देखने को मिली है। वुडन डेकॉर और फर्नीचर की उच्च गुणवत्ता वाली शिल्पकला में यह प्रगति देखने को मिलती है, जो सहारनपुर के कारीगरों और विनिर्माताओं के रेजिलिएंस और इनोवेशन को दिखाता है। ऑलकार्गो गति में हम उन्नत टेक्नोलॉजिकल सॉल्यूशन को एकीकृत करके इस समुदाय को सशक्त बनाने के लिए समर्पित हैं।

ये सॉल्यूशन लॉजिस्टिक को स्ट्रीमलाइन करते हैं, सप्लाई चेन की दक्षता को बढ़ाते हैं और कन्साइनमेंट की हैंडलिंग और डिलिवरी में सेफ्टी और सिक्योरिटी से जुड़े उच्चतम मानकों को बरकरार रखते हैं।

## तनाव 2 वॉल्यूम 2 की 6 दिसंबर से होगी स्ट्रीमिंग

**लखनऊ।** तनाव 2 की बहुप्रतीक्षित वापसी के लिए तैयार हो जाइए, क्योंकि इसके वॉल्यूम 2 का ट्रेलर रिलीज हो गया है! इस सीजन में काफी कुछ दांव पर लगा है, देश की सुरक्षा पर गहरा संकट मंडरा रहा है। तनाव 2 ने बहादुरी, छल, लालच, प्यार और बदले की कहानी को पहले से कहीं ज्यादा रोचक तरीके से पेश किया है। कबीर के नेतृत्व में स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीजी) को एक बड़े ही खतरनाक दुश्मन का सामना करना है- और वह है एआई दमिश्क। वह बदले की आग में जल रहा एक युवा है जोकि कश्मीर पर कहर बरसाना चाहता है। देखिए, तनाव 2 वॉल्यूम 2, सिर्फ सोनी लिव पर 6 दिसंबर से! जाने-माने डायरेक्टर सुधीर मिश्रा ने नए सीजन के बारे में अपने विचार रखते हुए कहा, ''पहले सीजन से उम्मीदें बहुत ज्यादा बढ़ गई थीं, हमने तनाव 2, वॉल्यूम 2 के साथ उन पर खरा उतरने की पूरी कोशिश की है। मुझे बहुत खुशी है कि मेरी टीम ने पहले से भी कहीं ज्यादा दमदार, एक्शन से भरपूर




और विचारों को झकझोर देने वाली कहानी तैयार की है। इस सीजन में हमने यह थीम रखी है कि देश सबसे पहले है, हमने इंसानी परिस्थितियों की पेचीदिगियों, अच्छे और बुरे के बीच की धुंधली लाइन और इंसानी जज्बे की ताकत को दिखाने का प्रयास किया है। तनाव 2 वॉल्यूम 2 सिर्फ कहानी का अगला हिस्सा नहीं है- बल्कि कुछ बहुत अच्छा करने के लिए दी गई कुर्बानियों का एक रिमाइंडर है। मुझे दर्शकों की प्रतिक्रिया का बेसब्री से इंतजार है।''

एप्लॉज़ एंटरटेनमेन्ट द्वारा निर्मित तनाव, इजराइली सीरीज फौदा का आधिकारिक रीमेक है। इसे बनाया है एवी इस्साचरोफ ने और इसका वितरण किया है यस स्टूडियोज़ ने पुरस्कृत डायरेक्टर सुधीर मिश्रा और ई.निवास ने इसका निर्देशन किया है।

# जेनपैक्ट ने लखनऊ में अपना दायरा बढ़ाया, 2000 से ज्यादा लोगों को मिलेगा रोजगार

**लखनऊ।** जेनपैक्ट, ग्लोबल प्रोफेशनल सर्विसेज और सोल्यूशंस प्रदान करने वाली कंपनी, जो भविष्य को नया आकार देने वाले नतीजे देती है, ने आज उत्तर प्रदेश के लखनऊ में अपने नए ऑफिस को खोलने की घोषणा की। कंपनी की योजना 2025 के अंत तक इस शहर में दो हजार से अधिक कर्मचारियों को रोजगार देने की है, जिससे इस क्षेत्र में कंपनी का मजबूत आधार स्थापित होगा और भारत को नए आविष्कारों और प्रतिभाशाली लोगों का ग्लोबल हब बनाने में मदद मिलेगी।

जेनपैक्ट के ग्लोबल ऑपरेटिंग ऑफीसर विपिन गैरोला ने कहा, लखनऊ एक समृद्ध और जीवंत विरासत वाला शहर है। इसका तकनीकी भविष्य बहुत ही उज्जवल है। लखनऊ में अपनी मौजूदगी दर्ज करके हमारी योजना शहर के असाधारण प्रतिभाशाली लोगों की प्रतिभा का लाभ उठाने की है। हम दुनिया भर में नए-नए आविष्कारों को बढ़ावा देना चाहते हैं। हमारी कंपनी आधुनिक तकनीकों का लाभ उठाने के लिए प्रतिबद्ध है। प्रतिभा का विकास करके हम न केवल पूरी दुनिया में मौजूद अपने ग्राहकों को संतुष्ट कर सकेंगे, बल्कि उन्हें असाधारण मूल्य प्रदान करने में सशक्त होंगे।''

लखनऊ में निवेश जेनपैक्ट की एक बड़ी रणनीति का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। जेनपैक्ट आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और तकनीक में निपुण विश्वस्तरीय कर्मचारियों के तैयार करेगा।

## श्रीराम फाइनेंस ने दिग्गज राहुल द्रविड़ के साथ मिलकर शुरू किया प्रेरक कैंपेन #TogetherWeSoar



**लखनऊ।** देश की प्रमुख वित्तीय सेवा प्रदाताओं मे से एक, श्रीराम ग्रुप की प्रमुख कंपनी श्रीराम फाइनेंस ने '#TogetherWeSoar' शिर्षित, एक बेहद प्रेरक ब्रांड कैंपेन प्रारंभ किया है। यह कैंपेन, परस्पर संबंध और एकता की ताकत पर प्रकाश डालते हुए, श्रीराम फाइनेंस की भारत की उम्मीदों के साथ साझेदारी की प्रतिबद्धता दर्शाता है।आज, कई भारतीय 'तो क्या?' के सिद्धांत को अपना रहे हैं, जो सफलता की अपनी यात्रा में किसी भी चुनौती को पार करने की आकांक्षा को दर्शाता है। इस कैंपेन का उद्देश्य इस भावना का जश्न मनाना और राहुल द्रविड़ के अपने जीवन के एक अंश के साथ साझेदारी को आगे बढ़ने के साधन के रूप में दर्शाना है। संदेश स्पष्ट है, 'टुगेदर, वी सोअर'7 अपने ग्राहकों के साथ संबंधों को मज़बूत बनाकर, हम उन्हें अपनी शक्ति को पहचान कर, अपने सपनों को हासिल करने में उनकी मदद करते हैं।कैंपेन में क्रिकेट के दिग्गज राहुल द्रविड़ ब्रांड एंबेसडर के रूप में शामिल हैं, जो टीमवर्क और दृढ़ता के मूल्यों को दर्शाते हैं, जिसका श्रीराम फाइनेंस भी समर्थन करता है। उनकी उपस्थिति, विकास को प्रेरित करने वाली साझेदारियों को बढ़ावा देने के लिए ब्रांड की प्रतिबद्धता की पुष्टि करती है।अभियान के प्रभाव को और बढ़ाते हुए, प्रसिद्ध अभिनेता नसीरुद्दीन शाह ने हिंदी एड फिल्म हर इंडियन के साथ जुड़ेंगे, उड़ेंगे के संस्करण में अपनी आवाज़ दी है। 50 से अधिक वर्षों तक फिल्मों में अभिनय और निर्देशन करने वाले, पद्म भूषण और पद्म श्री पुरस्कार विजेता को भारतीय सिनेमा में उनके विशेष योगदान के लिए कई पुरस्कार मिले हैं।

# उत्तर प्रदेश में 'बाल विवाह मुक्त भारत' अभियान के समर्थन में हुए जागरूकता कार्यक्रम

**कानपुर।** केंद्र सरकार के 'बाल विवाह मुक्त भारत' के आह्वान पर उत्तर प्रदेश के बाजारों, स्कूलों, गांवों और कस्बों में हजारों लोग ढोल नगाड़ों के साथ सड़कों पर उतरे और 'जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन' (जेआरसी) एलायंस के जागरूकता कार्यक्रमों में शामिल होकर इसका समर्थन किया। राज्य के 40 जिलों के 4750 गांवों में लोगों ने जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया और बाल विवाह के खिलाफ मशाल जुलूस निकाले एवं रैलियां की। इस राष्ट्रव्यापी अभियान की सराहना करते हुए जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन (जेआरसी) एलायंस के संस्थापक भुवन ऋभु ने देश से बाल विवाह के खात्मे के लिए शुरू किए गए इस अभियान को पूर्ण समर्थन देते हुए सरकार के प्रयासों में हरसंभव सहयोग का वादा किया। उन्होंने कहा, करोड़ों माताओं और बच्चियों की पीड़ा और विषम परिस्थितियों से जूझने की उनकी इच्छाशक्ति के साथ 'जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन' एलायंस के हमारे 250 से भी ज्यादा संगठनों के सहकर्मियों के अनथक देशव्यापी प्रयासों से आज हम इस ऐतिहासिक मुकाम पर पहुंचे हैं। आज आगे बढ़ते हुए हम राज्य की सरकार से उम्मीद करते हैं कि सभी हितधारकों के साथ साझेदारियों का




लाभ उठाते हुए बचाव, सुरक्षा और अभियोजन की एक ऐसी संस्कृति को बढ़ावा देगी जो लोगों के व्यवहार में स्थायी बदलाव लाने में सहायक होगा।

एक सामाजिक उद्देश्य के लिए एकजुटता के अभूतपूर्व प्रदर्शन में, पुलिस स्टेशनों, अदालतों, पंचायत सदस्यों, धार्मिक नेताओं, स्कूली बच्चों, शिक्षकों, धर्मगुरुओं, हलवाइयों और बाल विवाह पीड़ितों ने इस बुराई को समाप्त करने और कहीं भी बाल विवाह की जानकारी मिलने पर संबंधित अधिकारियों को इसकी सूचना देने की शपथ ली। बाल अधिकारों के संरक्षण के लिए 250 से भी अधिक गैरसरकारी संगठनों का गठबंधन 'जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन' एलायंस बाल विवाह के खात्मे के लिए उत्तर प्रदेश के 40 जिलों में राज्य सरकार और स्थानीय प्रशासन के साथ काम कर रहा है। 'जेआरसी'एलायंस ने कानूनी हस्तक्षेपों और परिजनों को समझा बुझा कर देश में 2,50,000 से अधिक बाल विवाह रोके हैं।

इस दौरान पूरे राज्य में हुए कार्यक्रम प्रतिज्ञाओं से गूंज उठे, ÷मैं बाल विवाह के खिलाफ हरसंभव प्रयास करने की शपथ लेता हूं। मैं यह सुनिश्चित करने की शपथ लेता हूं कि मेरे परिवार, पड़ोस या समुदाय में कोई बाल विवाह नहीं होगा। मैं बाल विवाह के किसी भी प्रयास की रिपोर्ट पंचायत और सरकारी अधिकारियों को करने की प्रतिज्ञा करता हूं।%%

राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वे-5 (एनएचएफएस 2019-21) के आंकड़ों के अनुसार देश में 18 से 24 आयु वर्ग की 23.3 प्रतिशत लड़कियों का बाल विवाह हो जाता है जबकि उत्तर प्रदेश में यह आंकड़ा 15.8 प्रतिशत है। बाल विवाह की पीड़ित बच्ची का पूरा जीवन दासता में गुजरता है और उसके लिए स्वतंत्रता के सभी रास्ते बंद हो जाते हैं। साथ ही, बाल विवाह महिलाओं की श्रम बल में भागीदारी नहीं होने के पीछे सबसे बड़ा कारण है।

केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने 27 नवंबर को नई दिल्ली के विज्ञान भवन में बाल विवाह मुक्त भारत अभियान की शुरुआत करते हुए देश के नागरिकों से बाल विवाह के खात्मे के प्रयासों में सहभागिता का आह्वान किया।

# शेयर.मार्केट ने डिस्काउंट ब्रोकिंग में शीट्स की शुरुआत की

फोनपे का प्रोडक्ट, शेयर.मार्केट ने आज शीट्स के लॉन्च की घोषणा की, जो डिस्काउंट ब्रोकिंग जगत में उद्योग की पहली पेशकश है । इससे बाजार हिस्सेदारियों को सशक्त बनाने और उनके ट्रेडिंग अनुभव को बेहतर बनाने के लिए डिजाइन किया गया है। वेब प्लेटफॉर्म trade.share.market पर उपलब्ध, शीट्स बाजार डेटा को सीधे स्प्रेडशीट में आयात करके और अपने ट्रेडिंग मॉडल और रणनीतियों को सहजता से बनाकर ट्रेडर्स की मदद करता है। शेयर.मार्केट ने शीट्स के अभूतपूर्व लॉन्च के साथ उद्योग को फिर से परिभाषित किया है, तथा यह देश का एकमात्र डिस्काउंट ब्रोकर बन गया है जो यह अभिनव सुविधा प्रदान करता है। शीट्स के लॉन्च पर, शेयर.मार्केट के CEO उज्ज्वल जैन जी का कहना हैं, कि शेयर.मार्केट लगातार बाजार हिस्सेदारियों के लिए ब्रोकिंग अनुभव को बेहतर बनाने और उन्हें सूचित निर्णय लेने के लिए बुद्धिमान बुनियादी ढांचे के साथ सशक्त बनाने का प्रयास करता है। शीट्स डिस्काउंट ब्रोकिंग इकोसिस्टम में एक अनोखा टूल है, जो मानवीय हस्तक्षेप की आवश्यकता के बिना कई स्टॉक पर नज़र रखने की प्रक्रिया को ऑटोमेट करेगा। इससे ट्रेडर्स को जल्द निवेश रणनीति बनाने और एरर के जोखिम को कम कर पाएंगे। ये टूल्स बाजार के सिग्नल, प्रवृत्तियों और मूमेंटम परिवर्तनों की सटीक पहचान करने में सक्षम बनाते हैं। इन शक्तिशाली नई फीचर के साथ, शेयर.मार्केट ट्रेडर्स और निवेशकों को अपनी रणनीतियों को अनुकूलित करने में मदद कर रहा है, जिससे उन्हें स्मार्ट, मार्किट सिग्नल निर्णय लेने में वास्तव में महत्वपूर्ण चीजों पर ध्यान केंद्रित करने में मदद मिलती है।

नए निवेशकों को अपनी निवेश यात्रा शुरू करने के लिए प्रोत्साहित करने के साथ-साथ अनुभवी निवेशकों को शेयर.मार्केट के साथ ट्रैड करने व आकर्षित करने के लिए, प्लेटफॉर्म 31 मार्च, 2025 तक ज़ीरो ब्रोकरेज की अपनी ऑफर को बढ़ा रहा है।

# रियलमी ने 56,999 रुपये के शुरुआती मूल्य में भारत का पहला स्नैपड्रैगन 8 एलीट फ्लैगशिप, रियलमी जीटी 7 प्रो लॉन्च किया

**गोरखपुर।** भारतीय युवाओं के सबसे लोकप्रिय स्मार्टफोन ब्रांड रियलमी ने आज लंबे इंतजार के बाद भारत के पहले स्नैपड्रैगन 8 एलीट फ्लैगशिप चिपसेट के साथ रियलमी जीटी 7 प्रो लॉन्च किया। शानदार डिटेल्स के साथ बेहतरीन वीडियो कैप्चर कर सकते हैं और देख सकते हैं। लॉन्च के बारे में रियलमी प्रवक्ता ने कहा, हम अपनी प्रसिद्ध जीटी सीरीज़ में रियलमी जीटी 7 प्रो पेश करके बहुत उत्साहित हैं। रियलमी जीटी सीरीज़ ने हमेशा सीमाओं को आगे बढ़ाया है, और नए मानक स्थापित किए हैं। इस सीरीज़ में अत्याधुनिक इनोवेशन, जीटी 7 प्रो भारत का पहला 8 एलीट फ्लैगशिप स्मार्टफोन है, जिसमें आधुनिक स्नैपड्रैगन 8 एलीट चिपसेट अपने सेगमेंट में सर्वश्रेष्ठ परफॉरमेंस प्रदान करता है। हम यह असाधारण टेक्नोलॉजी अपने ग्राहकों को पेश करके बहुत रोमांचित हैं। इससे प्रीमियम स्मार्टफोन उद्योग में अपेक्षाओं से बेहतर करने और सीमाएं बढ़ाते रहने की हमारी प्रतिबद्धता प्रदर्शित होती है।

क्वालकॉम इंडिया के बिजनेस हेड, मोबाइल, कंप्यूट और एक्सआर,



सौरभ अरोड़ा ने कहा, ÷हम स्नैपड्रैगन 8 एलीट मोबाइल प्लेटफ़ॉर्म पर चलने वाले अत्याधुनिक स्मार्टफोन के लिए रियलमी के साथ गठबंधन करके बहुत उत्साहित हैं। इस गठबंधन से इनोवेशन की सीमाएं बढ़ाने और बेजोड़ परफॉरमेंस एवं यूजर अनुभव प्रदान करने की हमारी प्रतिबद्धता प्रदर्शित होती है। स्नैपड्रैगन 8 एलीट मोबाइल प्लेटफ़ॉर्म स्पीड, एफिशिएंसी, और कनेक्टिविटी में नए मानक स्थापित करने और रियलमी ग्राहकों को फ्लैगशिप अनुभव प्रदान करने के लिए डिज़ाइन किया गया है।

रंजीत बाबू, डायरेक्टर, कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स, अमेज़न इंडिया ने कहा, ÷हम भारत में अपने ग्राहकों के लिए विशाल श्रृंखला लाते रहेंगे, ताकि वो विभिन्न किफायती विकल्पों की मदद से सर्वोच्च ब्रांडों के अत्याधुनिक और नए स्मार्टफोन आसानी से खरीद सकें। आज का लॉन्च हमारी इस प्रतिबद्धता का प्रमाण है। हम जीटी 7 प्रो के लिए रियलमी के साथ सहयोग करके प्रसन्न हैं, जिसमें क्वालकॉम का अत्याधुनिक स्नैपड्रैगन 8 एलीट चिपसेट लगा है। इस गठबंधन से अपने ग्राहकों को बेहतरीन प्रस्ताव प्रदान करने की हमारी प्रतिबद्धता प्रदर्शित होती है, ताकि वो विभिन्न ब्रांडों और विक्रेताओं के साथ हमारी साझेदारी द्वारा आकर्षक मूल्य में बेहतरीन परफॉरमेंस वाले स्टाइलिश डिज़ाइन के स्मार्टफोन खरीद सकें।

# डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन के माध्यम से उत्तर प्रदेश के समावेशी विकास को गति दे रहा है



**लखनऊ।** मदरहब, ग्रॉसरी, लार्ज व नॉन-लार्ज और डिलीवरी हब समेत 65 से ज्यादा केंद्रों के माध्यम से प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष तौर पर 7 लाख से ज्यादा रोजगार सृजित करते हुए फ्लिपकार्ट ने उत्तर प्रदेश में रोजगार एवं आर्थिक बदलाव को गति दी है। राज्य की सांस्कृतिक विरासत, विकास की राह पर बढ़ता एमएसएमई सेक्टर और उद्यमिता को लेकर यहां के उत्साह का लाभ लेते हुए फ्लिपकार्ट ने कंपनियों को डिजिटल-फर्स्ट इकोनॉमी में आगे बढ़ने में सक्षम बनाया है। जूट कारीगर गिल्ड एसोसिएशन, लखनऊ, उत्तर प्रदेश की सचिव अंजलि सिंह ने कहा, 'हमारे संस्थान जूट फॉर लाइफ ने 2019 में फ्लिपकार्ट समर्थ से हाथ मिलाया था और तब से हमारे कारोबार में उल्लेखनीय बदलाव आया है। लगातार रोजगार के अवसर प्रदान करते हुए 5,000 से ज्यादा महिला कारीगरों के साथ हमने ग्रामीण महिलाओं को सशक्त किया है, जिससे उनके सपने पूरे हो रहे हैं।

इस पहल को लेकर फ्लिपकार्ट ग्रुप के चीफ कॉरपोरेट अफेयर्स ऑफिसर रजनीश कुमार ने कहा, 'सरकार द्वारा अनुकूल कारोबारी माहौल बनाने और नवाचार को बढ़ावा देने पर निरंतर ध्यान केंद्रित करने से उत्तर प्रदेश उद्यमशीलता के विकास और उद्यमों की सफलता के लिए अपार संभावनाएं प्रदान कर रहा है। वर्तमान समय में उत्तर प्रदेश ई-कॉमर्स को अपनाने और विक्रेताओं के सशक्तीकरण के मामले में अग्रणी राज्यों में से एक बन गया है।

# मैसेजिंग से क्विक कॉमर्स और ऑनलाईन शॉपिंग का टियर 2/3 शहरों में तेजी से विस्तार हो रहा है: मेटा अध्ययन

**कानपुर।** आज मेटा ने भारत में ऑनलाइन शॉपिंग में परिवर्तन लाने वाले दो प्रमुख रुझान जारी किए। ये हैं- क्विक कॉमर्स का उदय और देश के टियर-2 एवं टियर-3 शहरों में ऑनलाइन शॉपिंग में आ रही तेजी। इन दोनों अध्ययनों में सामने आया कि व्यक्तिगत परामर्श और खोज, क्रिएटर एवं मैसेजिंग किस प्रकार लोगों को ऑनलाइन, विशेषकर क्विक कॉमर्स प्लेटफ़ॉर्म की मदद से खरीदारी करना आसान बना रहे हैं।

अरुण श्रीनिवास, डायरेक्टर एवं हेड (इंडिया), एड्स बिज़नेस, मेटा ने कहा, 2024 की समाप्ति की ओर बढ़ते हुए ई-कॉमर्स क्षेत्र में दो मुख्य रुझान प्रकट हुए हैं। पहला है, क्विक कॉमर्स का उदय और दूसरा है, टियर-2 एवं टियर-3 बाजारों में ऑनलाइन शॉपिंग में लगातार हो रही वृद्धि। इन अध्ययनों में सामने आया है कि एआई-पॉवर्ड पर्सनालाईज़ेशन और खोज, क्रिएटर एवं मैसेजिंग किस प्रकार क्विक कॉमर्स और लोगों के लिए ऑनलाइन शॉपिंग प्लेटफ़ॉर्म खोजना आसान बना रहे हैं, जिससे ब्रांड अधिक सुगम, दिलचस्प और प्रभावशाली शॉपिंग अनुभव प्रदान करने में समर्थ बन रहे हैं, ताकि उनकी विकसित होती हुई पसंद को पूरा किया जा सके। मेटा ने भारत में 16 से 64 वर्ष की आयु के 2500 से अधिक इंटरनेट यूज़र्स के बीच क्विक कॉमर्स पर जीडब्लूआई द्वारा एक अध्ययन कराया, जिसके मुख्य परिणाम हैं-

10 में से 9 उत्तरदाता क्विक कॉमर्स सर्विस के बारे में जानते हैं, और पिछले हफ्ते आधे लोग इसका उपयोग कर चुके हैं, जिससे प्रदर्शित होता है कि क्विक कॉमर्स सर्विस किस प्रकार ग्राहकों के दैनिक जीवन का हिस्सा बन गई है। क्विक कॉमर्स सर्विस से सबसे गहरा संबंध ग्रोसरी और पर्सनल केयर प्रोडक्ट्स का है। वहीं हेयर केयर, स्किनकेयर और हेल्थ एवं वैलनेस जैसी श्रेणियाँ भी इसमें बढ़ रही हैं। मेटा एक नए और उभरते हुए क्षेत्र के रूप में क्विक कॉमर्स ब्रांड्स को अद्वितीय पहुंच प्रदान करता है। 86त्न उत्तरदाताओं ने बताया कि वो नए क्विक कॉमर्स ब्रांड या उत्पाद मेटा प्लेटफ़ॉर्म की मदद से खोजते हैं, जो एआई इनेबल्ड एवं पॉवर्ड है। अध्ययन के अनुसार मेटा प्लेटफ़ॉर्म अपने चैनलों में सबसे ज्यादा क्लिक-थ्रू और खरीद दरों के साथ ज्यादा कन्वर्ज़न दर प्रदान करते हैं। ग्राहकों के निर्णय में इन्फ्लुएंसर की भूमिका महत्वपूर्ण है। वो खासकर ब्रांड की विज़ीबिलिटी बढ़ाते और उसके प्रति अनुकूल धारणाएं बनाते हैं। एक तिहाई से ज्यादा उत्तरदाताओं ने नए ब्रांड/उत्पाद इन्फ्लुएंसर/क्रिएटर के जरिए खोजे और 30% ने किसी इन्फ्लुएंसर द्वारा सुझाए गए उत्पाद खरीदे। अध्ययन के अनुसार क्विक कॉमर्स सबसे ज्यादा जेन ज़ी अपना रहे हैं। 87% जेन ज़ी उत्तरदाताओं ने नए उत्पाद या ब्रांड मेटा प्लेटफ़ॉर्म की मदद से खोजे। जेन ज़ी स्पोर्ट्सवियर, वैलनेस और पेट सप्लाइज़ आदि श्रेणियों को अपनाने में भी सबसे आगे है।

# पुलिस ने बरामद की 391 पेटी अंग्रेजी शराब की खेप, चार दबोचे गये

अवधनामा ब्यूरो




**कुशीनगर।** जिले की खड्डा व तमकुहीराज पुलिस टीम ने अलग अलग स्थानों से शराब तस्करी करने वाले अंतर्राज्यीय गैंग का पर्दाफाश किया है। पुलिस स्कार्पियो एवं पिकप वाहन से तस्करी कर बिहार ले जाई जा रही 391 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब की खेप बरामद करते हुए चार तस्करों को दबोच लिया। बरामद शराब की कीमत वाहन सहित 28 लाख रुपए बताई जा रही है। गुरुवार को खड्डा पुलिस टीम द्वारा सालिकपुर पुलिस चौकी के पास से दो शराब तस्कर अक्षय कुमार पुत्र सत्यवान निवासी ग्राम मलार थाना पिल्लूखेड़ा जनपद जिन्द हरियाणा, संतोष कुमार यादव पुत्र स्व. उपेन्द्र यादव निवासी ग्राम मछौरा यादवपुर थाना फेकला जिला दरभंगा बिहार को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से पिकप वाहन में कम्बल के कटे हुए पीस में छिपा कर ले जाए जा रहे कुल 55 पेटी चंडीगढ़ निर्मित अवैध अंग्रेजी शराब किंग्स गोल्ड सुप्रीमियम व्हिस्की बरामद की गई। इसी प्रकार तमकुहीराज पुलिस टीम ने एक स्कॉर्पियो वाहन से तस्करी कर बिहार में बेचने हेतु ले जाए जा रहे 336 पैक फ्रूटी आफिसर्स च्वाइस अंग्रेजी शराब (वाहन सहित कीमत लगभग 12 लाख 35 हजार रुपए) के साथ दो शराब तस्करों को गिरफ्तार किया। बरामदी व गिरफ्तारी के आधार पर पुलिस टीम ने अभियुक्त लालू कुमार पुत्र सतहू राय निवासी चिंतावनपुर थाना बालेसर जनपद बैसाखी बिहार, पवन कुमार पुत्र सकल राम निवासी मुहम्मद पुर संकरा थाना बिभुतिनगर जनपद समस्तीपुर बिहार को गिरफ्तार किया गया है। पूछताछ में अभियुक्तों द्वारा बताया गया कि पंजाब प्रांत से शराब की तस्करी कर बिहार राज्य में ले जाकर ऊंचे दाम पर बेच देते है। वहीं तमकुहीराज पुलिस टीम के पूछताछ में बताया गया कि विभिन्न शराब की दुकानों से शराब खरीद कर इकट्ठा करके वाहनों के माध्यम से बिहार में ले जाकर शराब को ऊंचे दामों में बेच देते हैं।

## सपा ने किया प्रदर्शन

अवधनामा संवाददाता

**देवरिया।** समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने सपा नेता विजय रावत के नेत्रित्व मे बरहज देवरिया बाई पास पर भ्र्ष्ट कानुन व्यवस्था व देवरिया जिले मे हो रही लगातार हत्याओं व नाबालीक लड़की के हत्यारों की गिरफ़्तारी की माँग को लेकर प्रदर्शन किया। इस दौरान सपा नेता विजय रावत ने कहा की उतर प्रदेश मे कानुन व्यवस्था ध्वस्त हो चुकी है जिसकी देन आए दिन लुट हत्या व बल्तकार हो रहे है भटनी ब्लाक मे नाबाली बालिका के साथ हुई घटना बहुत ही दुखद व जगन है अगर पुलिस सक्रिय रहती तो यह घटना नहीं हुई होती इस लिए अपराधियों की गिरफ़्तारी के साथ साथ उन पुलिस वालों पर कार्यवाही होनी चाहिए जो इस घटना मे लापरवाही बरते है। अगर गिरफ़्तारी व दोषियों पर कार्यवाही नहीं हुई तो समाजवादी पार्टी आन्दोलन करेगी। इस दौरान मुख्य रूप से अमित प्रधान सजय सिह अजित प्रसाद इमामुदीन खा राहुल सिह सनोज यादव रामसजन वीरेन्द्र कुमार हाँफी जी हरिकेष यादव इत्यादि लोग उपस्थित थे।

# रात तो रात दिन में भी उजाला कर रही हैं मथौली नगर की स्ट्रीट लाइटें

अवधनामा संवाददाता

**मथौली बाजार, कुशीनगर।** सरकार की तरफ से बिजली बचाने की तमाम कवायद विभागीय लापरवाही के चलते फ्लॉप साबित हो रही है। नगर पंचायत मथौली के कई वार्डों में रात

**दिन में स्ट्रीट लाइट जलने से हजारों यूनिट बिजली हो रही है बर्बाद**

को अंधेरा पसरा रहता है। कई स्थानों पर स्ट्रीट लाइट खराब रहने से नगरवासियों को असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। इसके विपरीत वार्ड में लगी स्ट्रीट लाइटें लगातार दिनभर जलती रहती है। इससे सैकड़ों यूनिट बिजली प्रतिदिन बर्बाद हो रही है। सब कुछ जानकर जिम्मेदार हाथ पर हाथ धरे बैठे हैं। बता दें कि इन दिनों बिजली की आंख मिचौली से नगरवासियों को तमाम समस्याओं से जूझना पड़ रहा है। वहीं दूसरी तरफ दिन में स्ट्रीट लाइट जलने से हजारों यूनिट बिजली बर्बाद हो रही है।



नगर के विभिन्न वार्डों में दिन में जल रही स्ट्रीट लाइटे

बिजली खपत को लेकर नगर पंचायत के अधिकारियों को परवाह नहीं हैं। जबकि स्ट्रीट लाइटों को बंद व चालू करने के लिए कर्मचारी तैनात किए गए हैं। वार्ड नंबर 07 अटल बिहारी बाजपेयी नगर रगड़गंज जाने वाले पीच में कई जगह पोल पर दिनभर नगर पंचायत की स्ट्रीट लाइटे जल रही है। इसी प्रकार वार्ड नंबर 12 सरदार भगत सिंह नगर में नहर की पटरी पर लगे स्ट्रीट लाइट जल रही थी। वार्ड नंबर 13 महात्मा गांधी नगर सोनारी गली में पिछले कई दिनों से स्ट्रीट लाइटें जल रही हैं, लेकिन जिम्मेदारों को इसकी कोई खबर नहीं है। जबकि नगर के कई वार्डों में स्ट्रीट लाइटे खराब भी हो चुकी है, नगर पंचायत द्वारा उक्त लाइट को अब तक ठीक कराकर लगवाया नहीं गया है। ऐसा नहीं है कि इसकी जानकारी बिजली विभाग या नगर पंचायत को नहीं है। इस संबंध में नगरवासियों के शिकायत के बाद भी दोनों विभागों की सेहत पर असर नहीं पड़ा रहा है। इस संबंध में जेई मथौली विद्युत राजेश कुमार ने बताया कि नगर के विभिन्न वार्डों में दिन में स्ट्रीट लाइट जलने की शिकायत नगर पंचायत को कई बार अवगत कराया गया लेकिन नगर के जिम्मेदार इसपर ध्यान नहीं दे रहे है।

## पंचशील महाविद्यालय में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन



**रायबरेली अवधनामा संवाददाता।** शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी पंचशील महाविद्यालय, इटौरा बुजुर्ग, रायबरेली में दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।जिसमें प्रथम दिन महाविद्यालय की वरिष्ठ प्रवक्ता एवं विज्ञान विभागाध्यक्षा श्रीमती विनीता मिश्रा ने दीप प्रज्वलन कर एवं मशाल जलाकर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। प्रथम दिन दिनांक 27.11.2024 को 100 मीटर एवं 400 मीटर बालक, बालिका दौड़, ऊंची कूद एवं लंबी कूद आयोजित की गई । द्वितीय दिन दिनांक 28.11.2024 को महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ अनिल कुमार ने दीप प्रज्वलन कर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। द्वितीय दिन गोला फेंक, भाला फेंक, डिस्कस,800 मीटर, 1500 मीटर बालक, बालिका दौड़ आयोजित की गयी । प्रतियोगिता में मंच संचालन श्री उमेश कुमार विश्वकर्मा द्वारा कुशलतापूर्वक किया गया। प्रतियोगिता के द्वितीय दिन समापन में विशिष्ट अतिथि महाविद्यालय के प्रबंधक श्री बी एन मौर्य जी ने प्रतियोगिता में विजयी छात्रों का हौसला बढ़ाते हुए कहा कि इस तरह की प्रतियोगिता से छात्रों में अनुशासन, संयम और नैतिक मूल्यों का विकास होता है। विशिष्ट अतिथि प्रबंधक महोदय द्वारा विजेताओं को पुरस्कृत किया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ0 अनिल कुमार ने संबोधित करते हुए कहा कि खेल प्रतियोगिताओं के जरिए छात्रों के अंदर सहयोग, सामाजिक भावना और राष्ट्रीयता की भावना विकसित होती है।

# निपुण एसेसमेंट टेस्ट का सीडीओ ने किया निरीक्षण

अवधनामा संवाददाता

**देवरिया।** मुख्य विकास अधिकारी प्रत्यूष पांडेय ने बृहस्पतिवार को जनपद में चल रहे निपुण एसेसमेंट टेस्ट का निरीक्षण किया। उनके साथ जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी शालिनी श्रीवास्तव भी मौजूद रहीं।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने विभिन्न विद्यालयों का दौरा कर परीक्षा की व्यवस्थाओं का जायजा लिया और छात्रों से संवाद किया। सीडीओ ने कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय, मिश्रौलिया बैतालपुर का दौरा किया, जहां 100 में से 96 बालिकाएं उपस्थित थीं। उन्होंने छात्राओं से पढ़ाई और परीक्षा अनुभवों पर बातचीत की और विद्यालय की आवासीय सुविधाओं, भोजन और सुरक्षा प्रबंधों का निरीक्षण किया। स्कूल वार्डन मंजू राय ने बताया कि



सभी सुरक्षा उपकरण और सीसीटीवी कैमरे कार्यरत हैं। इसके बाद सीडीओ ने उच्च प्राथमिक विद्यालय और प्राथमिक विद्यालय मिश्रौलिया का दौरा किया। यहां निपुण परीक्षा के दौरान 146 में से 143 बच्चे उपस्थित थे। सीडीओ ने बच्चों से सवाल पूछकर उनकी शैक्षिक प्रगति की जानकारी ली। निरीक्षण के अगले चरण में सीडीओ ने खोराराम स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय का निरीक्षण किया, जहां सभी 76 नामांकित बालिकाएं उपस्थित थीं। इसके अलावा, उच्च प्राथमिक विद्यालय खोराराम में 172 में से 169 बच्चे परीक्षा में शामिल हुए। सीडीओ ने सभी व्यवस्थाओं पर संतोष व्यक्त करते हुए विद्यालय प्रशासन को स्वच्छता और सुरक्षा बनाए रखने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान खंड शिक्षा अधिकारी बैतालपुर जयराम और जिला समन्वयक बालिका शिक्षा आलोक पांडेय भी उपस्थित रहे।

## देवर व देवरानी ने महिला को मारपीट कर किया घायल

अवधनामा संवाददाता

**ऊंचाहार।** घरेलू विवाद में देवर व देवरानी ने महिला को मारपीट कर घायल कर दिया, महिला की तहरीर पर पुलिस ने मारपीट का मामला दर्ज कर लिया है। पहाड़ी मजरे कंदरांवा गाँव निवासी रूपा देवी 32 वर्ष का कहना है कि बुधवार की रात उसके देवर राकेश व देवरानी कांति घरेलू मामले में गालीगलौज करने लगे और विरोध करने पर डंडे से उसकी पिटाई कर दी, गुरुवार को महिला ने कोतवाली में तहरीर दी है। कोतवाल सजंय कुमार का कहना है कि महिला की तहरीर पर मारपीट का केस दर्ज कर आवश्यक कार्यवाई की जा रही है।

# घने कोहरे का कहर : ट्रक और बस की टक्कर में छह घायल



अवधनामा संवाददाता

**अहिरौली बाजार, कुशीनगर।** हाटा कोतवाली क्षेत्र के हाईवे स्थित तितला चौराहे के पास तेज रफ्तार भूसा लदी ट्रक और बस में जोरदार टक्कर हो गई जिसमें में छः लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

घटना गुरुवार की सुबह 5 की बताई जा रही है। जब घना कोहरा छाया हुआ था तभी नेशनल हाईवे 28 पर स्थित तितला चौराहे के समीप गोरखपुर से कसया की तरफ जा रही है तेज रफ्तार भूसा लदा ट्रक आगे चल रही प्राइवेट बस में पीछे से ठोकर मार दिया और बस को रगड़ते हुए मौके से फरार हो गया। ठोकर की आवाज सुनकर आसपास के लोग जुट गए और घायल यात्रियों को बाहर निकलवाकर घटना की सूचना स्थानीय पुलिस को दी। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंचकर घायलों को प्राइवेट वाहन से इलाज के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सुकरौली भेजवाया। जहां चिकित्सकों ने दो घायलों की स्थिति गंभीर देखते हुए मेडिकल कॉलेज गोरखपुर के लिए रेफर कर दिया।

# तहसील स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता हुई संपन्न

अवधनामा संवाददाता

**सलोन।** दिव्यांग बच्चों की तहसील स्तरीय खेलकूद व सांस्कृतिक प्रतियोगिता का आयोजन प्राथमिक विद्यालय सलोन मे आयोजित किया गया जिसमें विकास खंड डीह, छतोह व

**खेलकूद प्रतियोगिता में दिव्यांग बच्चों ने दिखाई प्रतिभा**

सलोन के दिव्यांग बच्चों ने अपनी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम के अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय बंग्ला की दृष्टिहीन छात्रा सोनम ने मेरी किस्मत के द्वार खुद खुल जायेंगे जब हम पढ़ेंगे गीत प्रस्तुत कर सभी अतिथियों को मंत्रमुग्ध कर दिया। रस्साकसी में सलोन प्रथम व डीह छतोह उपविजेता रहे कुर्सी दौड़ में अर्पिता सलोन, मुकेश छतोह व साहिल डीह क्रमशः प्रथम द्वितीय व तृतीय रहे दृष्टिहीन बच्चों द्वारा छूकर पहचान करने में सत्यम सलोन प्रथम व पुष्पा डीह द्वितीय रहीं। अस्थि



दिव्यांग बच्चों की 100 मीटर दौड़ में अहम छतोह प्रथम आदिल सलोन द्वितीय व साहिल डीह तृतीय स्थान प्राप्त किया 50 मीटर दौड़ में डीह के श्याम प्रथम, आनंद द्वितीय व छतोह के मुकेश तृतीय स्थान प्राप्त किया। खेलकूद प्रतियोगिता में रेफरी की भूमिका विशेष शिक्षक बृजेश यादव, चंद्र प्रकाश व राकेश सिंह ने निभायी प्राथमिक विद्यालय बंग्ला के प्रधानाध्यापक सुरेंद्र मौर्या ने बच्चों का हौसला आफजाई करते हुए कहा कि दिव्यांगता अभिशाप नहीं बल्कि एक चुनौती है इसलिए आप सभी अभिभावक अपने बच्चों को खेल शिक्षा आदि में समान अवसर प्रदान करें। इस मौके पर सुरेंद्र कुमार, महेश मोदनवाल शिवनंदन वर्मा गौरव शर्मा, नरेंद्र कुमार सिंह, नन्हे यादव, राजेश मिश्रा, तलत जहाँ राकेश, कंधई, छोटेलाल आदि शिक्षक व अभिभावक उपस्थित रहे। खंड शिक्षा अधिकारी सुधा कुमारी वर्मा ने सभी बच्चों का हौसला आफजाई करते हुए सभी बच्चों को पुरस्कृत किया। विशेष शिक्षक बृजेश यादव ने बताया कि तहसील स्तर पर विजयी बच्चों को 3 दिसंबर को विश्व दिव्यांग दिवस पर प्रतिभाग कराया जायेगा। सेवानिवृत्त शिक्षक मोहम्मद इस्माइल ने सभी बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना प्रेषित की।

# परिनिर्वाण दिवस पर याद किए गए महात्मा ज्योतिबा फुले

अवधनामा संवाददाता

**अमेठी।** सामाजिक क्रांति के अग्रदूत महात्मा ज्योतिबा राव फूले के परिनिर्वाण दिवस पर शिक्षकों और सामाजिक संगठनों ने भावभीनी श्रद्धांजलि दी है। गुरुवार को कम्पोजिट विद्यालय भुचक्कार में एस सी एस टी टीचर्स वेलफेयर एसोसिएशन की बैठक में गुलाम भारत में फूले दम्पति के शिक्षा आंदोलन पर विस्तार से चर्चा हुई। शिक्षकों ने सत्य शोधक समाज की सेवाओं पर विस्तार से संवाद किया। कम्पोजिट विद्यालय भादर प्रथम में शिक्षकों और बच्चों ने महात्मा ज्योतिबा राव फूले के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर माल्यार्पण किया।इं प्र अ संजीव कुमार ने महात्मा ज्योतिबा राव फूले के जीवन दर्शन पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि महात्मा ज्योतिबा राव फूले ने तमाम अपमान और समाज की



उलाहना और पीड़ा सहते हुए काम किया और गुलाम भारत में अपवंचितों और महिलाओं की शिक्षा के द्वार खोले। 1848 में उन्होंने पहला स्कूल खोला और अपनी पत्नी सावित्री बाई फुले को पढ़ा लिखा कर स्कूल की शिक्षिका नियुक्त किया। संकुल शिक्षक देवांशु सिंह ने कहा कि भारत में शिक्षा के क्षेत्र में फूले दम्पति का अद्वितीय योगदान है। उनसे प्रेरित होकर आज भी तमाम शिक्षक स्कूल और पुस्तकालय आंदोलन से जुड़े हुए हैं। आदर्श शिक्षिका ममता सिंह की ओर से संचालित सावित्री बाई फुले पुस्तकालय में सैकड़ों बच्चे और ग्रामीण पढ़ते हैं और मोबाइल के युग में भी पुस्तक प्रेम बरकरार है।इस मौके पर अवनीश वर्मा विजय प्रताप यादव संध्या गुप्ता गणेश प्रसाद शर्मा शिवकरन लालती देवी आंगनबाड़ी कार्यकत्री आशा देवी सीता देवी आदि ने महात्मा ज्योतिबा राव फूले के चित्र पर पुष्प अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

## सपाइयों ने किया अखिलेश यादव का जोरदार स्वागत

**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** अम्बेडकनगर से एक शादी समारोह में शामिल होने



के बाद वापस लौटते समय पूर्वांचल एक्सप्रेस वे पर हलियापुर के पास सपा सुप्रीमों व सूबे के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव का बुधवार शाम सपाइयों ने जोरदार स्वागत किया। सपा नेता जयसिंह प्रताप यादव अपने समर्थकों के साथ हलियापुर स्थित 81पॉइंट पर पहुंचे ।वही सपा मुखिया अखिलेश यादव ने अपने कार्यकर्ताओ को देख अपना काफिला रुकवा दिया।इस दौरान सपा नेता जयसिंह प्रताप यादव ने उन्हें किसानों की समस्याओं सहित अन्य मामलों की जानकारी दी।स्वागत व कार्यकर्ताओं के उत्साह से गदगद पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने आभार जताते हुए कहा कि वर्तमान सरकार सत्ता का दुरुपयोग करने पर उतारू है। उन्होंने कार्यकर्ताओं का आवाह्न करते हुए कहा कि पार्टी संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत बनाने के लिए सब लोग मिलजुल कर काम करें ।उन्होंने कहा कि आने वाले समय में जनता इस जुल्मी सरकार को उखाड़ फेंकने का काम करेगी और समाजवादी सरकार चुनेगी। इस मौके पर सुधांशु शर्मा सतीश यादव नागेश बब्बन देव बक्स पुष्पेंद्र जयप्रकाश निषाद रामप्रसाद तिवारी सुभाष घनश्याम हरीष कुमार शेर बहादुर सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# तीन जर्जर पुल के लिए मिली स्वीकृति, जल्द होगा निर्माण शुरू

अवधनामा संवाददाता

**कसया, कुशीनगर।** विधानसभा क्षेत्र के तीन पुल वर्षों से जर्जर हालत में पड़ा हुआ था जिसको लेकर क्षेत्र के लोगों ने बनवाने की मांग कर रहे थे। विधायक पीएन पाठक ने तीनों पुल को मरम्मत कर ठीक कराने के लिए लोकनिर्माण विभाग को पत्र लिखा था जिसको संज्ञान में लेते हुए शासन ने तीनों पुल का निर्माण के लिए पत्र जारी किया गया है अब तीनों पुल का निर्माण कार्य का रास्ता साफ हो गया।

बता दें कि कुशीनगर विधानसभा क्षेत्र के बरवा जंगल से कुलकुला देवी मंदिर जाने वाले मार्ग पर वर्षों से जर्जर हालत में पुल के निर्माण व शिवपुर से कुबेरनाथ मंदिर जाने वाले मार्ग पर स्थित जर्जर हालत में पड़ा पुल का निर्माण व करहिया हजारी पट्टी मार्ग पर



कुशीनगर विधायक पीएन पाठक

स्थित जर्जर पुल के निर्माण कार्य कराने के लिए क्षेत्रीय लोगों ने विधायक पीएन पाठक से अनुरोध किया था जिसको लेकर विधायक पीएन पाठक ने तीनों पुल के निर्माण कार्य के लोकनिर्माण विभाग को पत्र लिखा था जिसको संज्ञान में लेते हुए शासन ने तीनों पुलों के लिए धन स्वीकृत देने का पत्र जारी

**कुशीनगर विधानसभा क्षेत्र में जर्जर पुल व सड़क का होगा निर्माण**

किया गया है जिसमें क्रमशः बरवा जंगल से कुलकुला देवी मंदिर जाने वाले मार्ग पर पुल निर्माण कार्य के लिए 331 लाख रुपए शिवपुर कुबेरनाथ मंदिर जाने वाले मार्ग पर स्थित पुल निर्माण कार्य के लिए 362 लाख, करहिया हजारी पट्टी जाने वाले मार्ग पर स्थित पुल निर्माण कार्य हेतु 194 लाख रुपए का पत्र जारी किया गया है। विधायक पीएन पाठक ने कहा कि पूरे विधान सभा में सड़क पुल पुलिया जो जर्जर हालत में पड़ा है इसको मरम्मत कार्य कराते हुए निमार्ण कराने के लिए प्रयास जारी हैं कुशीनगर विधानसभा क्षेत्र में हर प्रकार की योजना को लाकर धरातल पर उतारा जा रहा है।

# खनन अधिकारी ने सीज किया सिल्ट लदा दो ट्रैक्टर ट्राली



**खड्डा, कुशीनगर अवधनामा संवाददाता।** नेबुआ नौरंगिया थाना क्षेत्र के कौआसार खजुरिया माईनर में धड़ल्ले से चल रहा सिल्ट खनन को गुरुवार को खनन अधिकारी ने सुबह चार बजे भोर में छापेमारी कर दो ट्रेक्टर ट्राली को सीज कर दिया। क्षेत्र के कौआसार में खनन अधिकारी अभिषेक सिंह ने खजुरिया माईनर में हो रहे सिल्ट खनन के दौरान दो ट्रेक्टर ट्राली को सीज कर दिया। खनन अधिकारी के गश्त के दौरान पहला ट्रेक्टर ट्राली को कौआसार के पुल पर पकड़ा दुसरा नहर में सिल्ट लोड करते। दोनों ट्रेक्टर ट्राली को थाना नेबुआ में सीज की कार्रवाई करते हुए थाना को सुपुर्द कर दिया गया है। इस कारवाई से अवैध खनन धंधेबाजों में हड़कंप मचा हुआ है। खान अधिकारी अभिषेक सिंह ने बताया कि चार दिनों से इन धंधेबाजों की छापेमारी कर पकड़ने का अभियान चल रहा था। दोनों ट्रेक्टर ट्राली एक ही वाहन स्वामी का है उसके भी खिलाफ कार्रवाई किया जा रहा है। माईनर में लगभग आठ सौ मीटर तक सिल्ट की अवैध खोदाई कर सिल्ट को धंधेबाजों ने ठिकाने लगा दिया है। नहर में सिल्ट की अवैध खनन पर अभी तक सिंचाई विभाग ने गंभीरता से नहीं लिया है।

# जिलाधिकारी ने ईवीएम व वीवीपैट वेयरहाउस का निरीक्षण किया

अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज ने आज निर्वाचन कार्यालय वेयरहाउस में रखे ईवीएम तथा वीवीपीएटी मशीन का त्रैमासिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने वेयरहाउस के चारों तरफ लगाए गए सीसीटीवी कैमरों की की स्थिति, कंट्रोल रूम, कक्षवार विद्युत आपूर्ति, खिड़कियों एवं रोशनदानों को सुरक्षित रखने के उपायों सहित अन्य बिंदुओं का गहन निरीक्षण किया।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने निरीक्षण दौरान अनुपयोगी वस्तुओं की नीलाम करने एवं नगर पालिका के माध्यम से साफ सफाई कराने सहित उपयोगी उपकरणों को सुरक्षित रखने का निर्देश संबंधित को दिए। निरीक्षण दौरान वेयरहाउस के बाहर लगाए गए सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से वाह्य



सुरक्षा व्यवस्था की लगातार निगरानी करने के निर्देश दिए। डीएम ने उप जिला निर्वाचन अधिकारी सहित अन्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों को ईवीएम और वीवीपैट वेयरहाउस की सुरक्षा के दृष्टिगत भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने सुरक्षा गार्ड्स की शिफ्टवार तैनाती सहित वेयरहाउस की अन्य सुरक्षा व्यवस्था का भी निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। इस दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी/एडीएम वित्त एवं राजस्व वैभव मिश्रा, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी/उप जिलाधिकारी मो. जफर सहित निर्वाचन कार्यालय के अधिकारी/कर्मचारी आदि उपस्थित रहे।

## इच्छुक व्यक्ति-प्रबन्धक-संचालक शासनादेश का लाभ उठाएं

**फिरोजाबाद।** प्रदेश में बंद पड़े अथवा घाटे में चल रहे छविगृहों को पूर्ण रूप से तोड़कर उसके स्थान पर आधुनिक सुविधाओं से युक्त लघु क्षमता के सिनेमा हॉल सहित व्यावसायिक कॉम्पलेक्स के निर्माण, पुराने बन्द पड़े एवं संचालित सिनेमाघरो के भवन की आंतरिक सरचना में परिवर्तन (रिमॉडल) कर पुनः संचालित होने वाले सिनेमाघरों, प्रदेश में बन्द पड़े एकल सिनेमाघरों को बिना किसी आन्तरिक संरचना में परिवर्तन किए यथास्थिति में पुनः संचालित करने वाले सिनेमाघरों, व्यावसायिक गतिविधियों सहित/रहित, न्यूनतम 75 आसन क्षमता के एकल स्क्रीन सिनेमाघरों के निर्माण, जिन जनपदों में मल्टीप्लेक्स निर्मित/संचालित नहीं है, वहाँ मल्टीप्लेक्स खुलवाने, जिन जनपदों में मल्टीप्लेक्स निर्मित संचालित है, उन जनपदों में नवीन मल्टीप्लेक्स निर्माण एवं सिनेमाघर/मल्टीप्लेक्स के उच्चीकरण हेतु समेकित प्रोत्साहन योजना जारी की गयी है। अतएव इस प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से समस्त को सूचित किया जाता है कि सभी बन्द पड़े एवं चालू सिनेमा के स्वामी/लाइसेंसी/प्रबन्धक/संचालक या अन्य इच्छुक व्यक्ति/फर्म/कम्पनी उपरोक्त शासनादेश का लाभ उठाए एवं अन्य सहयोग व सहायता के लिए किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय सहायक आयुक्त, राज्य कर, खण्ड-1 (पूर्व मनोरंजन कर विभाग), दबरई, कलक्ट्रेट, फिरोजाबाद में सम्पर्क स्थापित कर सकते हैं।

## मत्स्य पालन पट्टा षिविर 30 को

**फिरोजाबाद।** सूचित किया जाता है कि उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता 2006 में दिये गये प्रावधानों, सत्य न्यायालय द्वारा दिये गये दिशा निर्देशों एंव शासनादेश के अनुसार 30 नवम्बर 2024 को दोपहर 12:00 वजे तहसील सिरसागंज के सभागार में निम्नलिखित तालायों/पोखरों को 10 वर्षीय मत्स्य पालन पट्टा/आवंटन करने हेतु शिविर का आयोजन किया जायेगा। जिसका विवरण निम्नवत् है। उक्त तालाबों के पट्टे आवंटन 10 वर्ष हेतु किये जायेगें। शिविर में मत्स्य पालन पट्टा आवंटन से सम्वन्धित ग्राम सभा क्षेत्र के मछुआ समुदाय, अनुसूचित जाति को वरीयता दी जायेगी। तदोपरांत वी0पी0एल0 में पिछड़ी जाति व सामान्य वर्ग के व्यक्तित भी पात्रता श्रेणी में आयेगें। अधिक जानकारी हेतु कार्यालय सहायक निदेशक मत्स्य, कमरा नं0 108, विकास भवन, दबरई, फिरोजाबाद/तहसील सिरसागंज मुख्यालय पर सम्पर्क कर सकते है।

## नशा मुक्ति भारत जागरूकता अभियान में ली स्वयं नशे से दूर रहने की षपथ



**फिरोजाबाद।** मिशन शक्ति फेज 05 के अन्तर्गत जनपद में ÷एक युद्ध नशे के विरुद्ध, नशा विरोधी जनजागरुकता अभियान के तहत अपर पुलिस महानिदेशक आगरा जोन, आगरा के निर्देशन में चलाया जा रहा है जिसके तहत आज 28-11-2024 को एफएच मेडिकल कॉलेज टूण्डला में ÷नशा मुक्ति भारत÷ अभियान के तहत जागरुकता फैलाने हेतु विशेष व्यापक कार्यक्रम आयोजित किया गया। ÷नशा मुक्त भारत÷ अभियान में छात्रों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और समाज को नशा मुक्त बनाने के लिए जागरुकता फैलाने सम्बन्धी विभिन्न गतिविधियां प्रस्तुत की गयी और छात्रों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम के दौरान सभी उपस्थित सदस्यों ने यह शपथ ली कि वे स्वयं नशे से दूर रहेंगे और ÷नशा मुक्त भारत अभियान÷ में सक्रिय भूमिका निभाएंगे। इस कार्यक्रम में अपर पुलिस अधिक्षक नगर, क्षेत्राधिकारी टूण्डला, प्रभारी निरीक्षक टूण्डला, कोमल फाउंडेशन के अध्यक्ष, चिराग सोसायटी के अध्यक्ष, बाल एवं कल्याण समिति के अध्यक्ष, औषधि निरीक्षक, यूनिसेफटीम, मेडिकल टीम, एफएच मेडिकल कॉलेज टूण्डला के निदेशक एवं अन्य उच्च प्रशासनिक अधिकारी कार्यक्रम में मौजूद रहें । कार्यक्रम में उपस्थित सभी ने इस बात पर जोर दिया कि नशा न केवल व्यक्ति बल्कि पूरे समाज के लिए हानिकारक है।

## सामूहिक विवाह कार्यक्रम 30 को

**बहराइच।** समाज में सर्वधर्म समभाव एवं सामाजिक समरसता को बढ़ावा देने एवं बेटियों के कल्याण के उद्देश्य से प्रदेश सरकार द्वारा संचालित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना अन्तर्गत 30 नवम्बर 2024 को राजकीय बालिका इण्टर कालेज के मैदान गेंद घर एवं विकास खण्ड मिहींपुरवा के मण्डी परिसर में वृहद स्तर पर सामूहिक विवाह कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। इस अवसर पर मा. जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में लगभग 250 जोड़ों का सामूहिक विवाह कार्यक्रम सम्पन्न होगा। यह जानकारी देते हुए जिलाधिकारी मोनिका रानी ने बताया कि सामूहिक विवाह कार्यक्रम को सफलतापूर्वक सम्पन्न कराये जाने के उद्देश्य से कार्यक्रम स्थल गेंद घर के लिए नगर मजिस्ट्रेट व परियोजना निदेशक डीआरडीए तथा कार्यक्रम स्थल मण्डी परिसर मिहींपुरवा के लिए मुख्य राजस्व अधिकारी व जिला विकास अधिकारी को ओवरआल प्रभारी नामित किया गया है। डीएम ने बताया कि सामूहिक विवाह कार्यक्रम की अन्य व्यवस्थाओं के लिए अलग-अलग अधिकारियों को नोडल व सहायक नोडल अधिकारी की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

# प्रत्येक राजस्व ग्राम में लगाए जाएंगे कैम्प

अवधनामा संवाददाता

**फिरोजाबाद।** 18 नवम्बर से 31 दिसम्बर, 2024 तक जनपद में किसानों की फार्मर रजिस्ट्री तैयार करने के लिये प्रत्येक राजस्व ग्राम में कैम्प लगाये जायेगें। कैम्प लगाने के कार्य लेखपाल, एवं कृषि विभाग में कर्मचारियों के द्वारा किया जायेगा एवं सहायक मोड में पंचायती राज विभाग, ग्राम्य विकास विभाग, बीसी सखी एवं कृषि सखी को समस्त ग्रामों में तैनात किया जा रहा है। कैम्प ग्राम सचिवालय अथवा किसी सार्वजनिक स्थल पर प्रातः 9:00 बजे से लगाये जायेगें। फार्मर रजिस्ट्री तैयार करने हेतु भारत सरकार द्वारा राजस्व विभाग के भूलेख के डेटाबेस को समेकित कर प्रत्येक राजस्व ग्राम के प्रत्येक समान नाम व पिता के नाम वाले कृषकों को समेकिम करते हुये ऑनलाइन बकेट तैयार कर उपलब्ध करायी गयी है। लेखपाल द्वारा इन बकेट का प्रयोग कर फार्मर रजिस्ट्री तैयार की जायेगी। इस योजना में समस्त कृषकों के सभी गाटों को सम्मिलित करते हुये कृषक के आधार से लिंक कराया जायेगा। फार्मर रजिस्ट्री में किसान का नाम, पिता का नाम, स्वामित्व वाले गाटा संख्या, सहखातेदार के होने की स्थिति में गाटे में किसान का अंश, मोबाइल नम्बर, आधार संख्या, ई0के0 वाई0सी0 विवरण दर्ज होगा। फार्मर रजिस्ट्री हेतु किसानों को कैम्प में अपना आधार कार्ड और आधार पंजीकृत मोबाइल नम्बर एवं खतौनी का प्रिंट आउट लेकर आना होगा। सबसे पहले वह कृषि विभाग की टीम के पास अपना आधार लेकर जायेगें जहां पर उनका ई0के0वाई0सी0 एवं मोबाइल नम्बर का ओ0टी0पी0बेस्ड सत्यापन होगा। इसके बाद किसान लेखपाल के पास अपनी खतौनी और आधार लेकर जायेगें जहां पर कृषक के भूलेख विवरण को हटाने अथवा जोडने का कार्य लेखपाल के द्वारा करके फार्मर रजिस्ट्री तैयार की जायेगी। दिसम्बर 2024 से पी.एम. किसान योजना अन्तर्गत मिलने वाली किस्त हेतु फार्मर रजिस्ट्री का होना अनिवार्य होगा इसलिये सभी कृषक की फार्मर रजिस्ट्री होना आवश्यक है। फार्मर रजिस्ट्री में पंजीकरण हेतु किसान स्वयं अथवा जनसेवा केन्द्र के माध्यम से अपनी फार्मर रजिस्ट्री तैयार करा सकेगें। जिलाधिकारी द्वारा राजस्व एवं कृषि विभाग के कर्मचारियों की टीम बनाते हुये समस्त उपजिलाधिकारियों को फार्मर रजिस्ट्री का कार्य समय से पूरा करने के निर्देश दिये है। कृषि विभाग के अधिकारियों को तहसील से समन्वय स्थापित करने हेतु लगाया गया है।

## संक्षिप्त समाचार

### जल्द मिलेगी प्रदेश को कृषि विश्वविद्यालय की सौगात



**मुरादाबाद।** ठाकुर ओमवीर सिंह को कौन नहीं जानता हमेशा गरीबों मजलूमों की आवाज उठाकर उनको न्याय दिलाने का प्रयास करते रहे हैं तमाम गैर राजनीतिक संगठनों का संचालन करने वाले ठाकुर ओमवीर पैशे से अधिवक्ता हैं। उनके मन में लंबे समय से इच्छा थी कि गरीब छात्र छात्राओं को मुफ्त शिक्षा प्रदान कर उनको काबिल बनाया जाए।जिला कासगंज में ओमवीर को इसकी राह दिखाई दी और तत्काल उन्होंने इसी नाम से संस्था का पंजीकरण करा लिया भारतीय किसान मजदूर यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ठाकुर ओमवीर सिंह पूरी ताकत के साथ इस विश्वविद्यालय को पूरी ताकत के साथ बनाने और चलाने का प्रयास करेंगे। बहरहाल आने वाले समय में इस विश्वविधालय के बनने से कई छात्र छात्राओं को पैसों की कमी की वजह से शिक्षा प्राप्त करने से वंचित नहीं रहना पड़ेगा।

### शराब के नाम पर ठेकेदार परोस रहे हैं जहर



**सुल्तानपुर।** आबकारी विभाग की मिलीभगत से नगर के सुपर मार्किट स्थित वियर की शॉप मे ही मिलावटी वियर बेचीं जा रही है।किंगफ़िशर के कैन मे बियर की जगह पानी मिलने से उपभोक्ताओं मे रोष व्याप्त है।उक्त उपभोक्ता ने पूछने पर बताया कि आज कैन मे मिलावटी पानी मिला है,कल इसमें जहर भी मिलाकर बेंच सकते हैं।सूत्रो के अनुसार जगह जगह कई दुकानों में नकली शराब भी बेची जा रही है। हरियाणा से शराब लाकर पूरे जनपद में नकली शराब की बिक्री जोरो पर है। कल को कुछ जहरीला मिलाकर बेच देंगे, तो जान के लाले पड़ जायेंगे। आबकारी विभाग के आबकारी अधिकारी व निरीशक से कई बार बात करने की कोशिश की गई, पर उनसे बात नहीं हो सकी।जिला आबकारी सहित सारे आबकारी इंस्पेक्टर सिर्फ अपनी जुगत में लगे है और जब बात करने की कोशिश की जाती है तो मीटिंग का बहाना बनाकर बात करने से मना कर देते है। पूरे जिले में नकली अंग्रेजी शराब, कच्ची शराब का धंधा फल फूल रहा है,लेकिन आबकारी विभाग के कान में जूं तक नहीं रेंग रही है।अगर किसी सक्षम अधिकारी से गोपनीय रूप से जांच कराई जाए, तो दूध का दूध और पानी का पानी हो जायेगा।यदि ईमानदारी से जांच की जाए तो जनपद में एक बड़े स्कैम का पर्दाफाश हो जायेगा।सूत्रों के अनुसार इन सभी विभागीय अधिकारियों की मिलीभगत से ही सारा कार्य हो रहा है।

### प्रांतीय अधिवेशन में शामिल होगे सुल्तानपुर के प्रतिनिधि



**सुल्तानपुर।** विश्व हिंदू महासंघ उ.प्र. के प्रांतीय अधिवेशन की शुरुआत 29 नवंबर को प्रयागराज संगम तट पर होगी। शुरुआत महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष भिखारी प्रजापति द्वारा गंगा मैया की पूजा आरती से व मातृशक्ति की राष्ट्रीय अध्यक्ष बाईसा करिश्मा हाड़ा द्वारा ध्वजारोहण से होगी। श्रीमहंत विद्या चैतन्य, महामंडलेश्वर सत्यानंद गिरी द्वारा दीप प्रज्वलन तथा मां वैष्णवी नंद गिरी द्वारा गंगा अवतरण नृत्य नाटिका से प्रस्तावों का शुभारंभ होगा। सुल्तानपुर जिलाध्यक्ष डॉ कुंवर दिनकर प्रताप सिंह ने बताया की 29 नवंबर से 1 दिसंबर तक संगम तट पर चलने वाले तीन दिवसीय प्रांतीय अधिवेशन में भारत को हिंदू राष्ट्र बनाने, श्री कृष्ण जन्मभूमि-काशी विश्वनाथ को अतिक्रमण मुक्त करने, वक्फ बोर्ड समाप्त करने, गौ माता को राष्ट्र माता का दर्जा देने,धर्मांतरण पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगाने,मातृशक्ति राष्ट्र शक्ति, न बंटेंगे न कटेंगे,सनातनी हैं सनातनी रहेंगे जैसे प्रस्तावों को लाया जायेगा। सुल्तानपुर से लगभग पचास की संख्या में पदाधिकारी व सदस्य 29 नवंबर को प्रातः 05:00 बजे आरक्षित बस द्वारा श्री सीताकुण्ड धाम से प्रस्थान करेंगे। गोमती मित्र मण्डल के प्रदेश अध्यक्ष रूद्र प्रताप सिंह मदन बस को हरी झंडी दिखाकर व आशीर्वाद देकर यहाँ से रवाना करेंगे। जिलाध्यक्ष दिनकर सिंह ने सभी पदाधिकारियों व सदस्यों से समय से पहुँचने की अपील की है।

# महिला आयोग की सदस्य ने जिला कारागार व वृद्धाश्रम का किया निरीक्षण



**सीएचसी व पीएचसी हुजूरपुर, आंगनबाड़ी केन्द्र व बालिका छात्रावास का लिया जायज़ा**

अवधनामा संवाददाता

**बहराइच।** उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य श्रीमती अंजु प्रजापति ने जनपद के 02 दिवसीय भ्रमण कार्यक्रम के अन्तिम दिन जिला कारागार पहुंचकर महिला बैरक का निरीक्षण कर निरूद्ध महिलाओं तथा उनके साथ रह रहे बच्चों का कुशल जाना तथा बच्चों को चाकलेट तथा कपड़े वितरित करते हुए अधीक्षक कारागार राजेश यादव को निर्देश दिया कि महिला बन्दियों को शासन द्वारा अनुमन्य सभी सुविधाए उपलब्ध करायी जायें। श्रीमती प्रजापति ने कारागार की साफ-सफाई व अन्य व्यवस्थाओं पर संतोष व्यक्त किया। इस अवसर पर जेलर अजय कुमार झा, डिप्टी जेलर माधुरी तिवारी व अनिता सक्सेना मौजूद रहीं। कारागार के निरीक्षण के उपरान्त सदस्य श्रीमती प्रजापति ने सामुदायिक व प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र हुजूरपुर, प्राथमिक विद्यालय चाकूजोत व रानीपुर का निरीक्षण कर विभिन्न व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की। स्वास्थ्य केन्द्रों के निरीक्षण के दौरान श्रीमती प्रजापति ने अधीक्षक कक्ष, पर्चा काउण्टर, ओपीडी इत्यादि का निश्रीक्षण करते हुए संस्थागत प्रसव तथा मरीज़ों की संख्या के बारे में जानकारी प्राप्त करते हुए मौजूद चिकित्सकों व पैरा मेडिकल स्टाफ को शासन की मुशानुरूप आमजन को चिकित्सकीय सेवाएं एवं सुविधाएं प्रदान करने के निर्देश दिये। महिला आयोग की सदस्य श्रीमती प्रजापति ने 02 दिवसीय जनपद भ्रमण कार्यक्रम के प्रथम दिन बुधवार को महर्षि बालार्क जिला चिकित्सालय के 100 बेडेड एम.सी.एच. विंग का निरीक्षण कर विभिन्न व्यवस्थाओं का जायज़ा लिया। 100 बेडेड एम.सी.एच. विंग के निरीक्षण के दौरान सदस्य श्रीमती प्रजापति ओ.पी.डी., अल्ट्रासाउण्ड रूम, प्रसव कक्ष, आपरेशन थियेटर, सामान्य व सर्जिकल वार्ड का निरीक्षण कर मौजूद मरीज़ों व उनके तीमारदारों से चिकित्सालय द्वारा मरीज़ों को प्रदान की जाने वाली सेवाओं एवं सुविधाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की।

## इसौली विधायक मोहम्मद ताहिर खान ने अपने क्षेत्र में किया अस्पताल का उद्घाटन



**सुल्तानपुर।** इसौली विधायक मोहम्मद ताहिर खान ने अपने विधानसभा क्षेत्र के इब्राहिमपुर में अस्पताल का उद्घाटन किया।बल्दीराय थाना क्षेत्र स्थित इब्राहीमपुर में विधायक इसौली मोहम्मद ताहिर खान ने ÷अल हयात हेल्थ केयर अस्पताल÷ नामक एक निजी अस्पताल का बुधवार को उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि आकस्मिक इलाज,ऑपरेशन थियेटर,बच्चों आईसीयू सहित अन्य तरह की सुविधायुक्त इस अस्पताल के खुलने से क्षेत्र के लोगों को काफी लाभ होगा। अस्पताल के संचालक हाजी अब्दुल हमीद अंसारी ने बताया कि यहां पर लोगों को सभी अत्याधुनिक सुविधाएं मुहैया कराई जाएंगी। मौके पर हाजी इंकलाफ़, पारस नाथ शर्मा, नाजिया बानों, मोहम्मद हिलाल, समसुद्दीन, अनवर, डॉ.अजय कुमार सिंह, डॉ.नीरज, मौलाना शरफुद्दीन, कांग्रेस नेता अती उल्ला अन्सारी, समसुद्दीन, कालिका प्रसाद तिवारी, सपा नेता उमाकांत यादव, पूर्व प्रधान प्रदीप यादव, ठेकेदार अजय कुमार, भाजपा नेता नौशाद अहमद, लल्लन चौधरी आदि मौजूद रहे।

# घरेलू हिंसा पर तत्काल होगी प्रभावी कार्यवाही: सदस्य महिला आयोग

अवधनामा संवाददाता



**मैनपुरी।** उ.प्र. राज्य महिला आयोग की सदस्य रेनू गौड ने निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार ट्रांजिस्ट होस्टल में जन-सुनवाई के दौरान पीड़ित महिलाओं से कहा कि कोई भी महिला अपने आपको कमजोर न समझें यदि किसी के द्वारा किसी महिला का उत्पीड़न किया जा रहा हो या वह घरेलू हिंसा से पीड़ित हो तो वह तत्काल महिला पुलिस थाने जाकर अपनी शिकायत दर्ज कराये, पीड़ित महिला को तत्काल राहत मिलेगी, महिलाओं का उत्पीड़न करने वाले, महिलाओं के साथ मारपीट करने वाले लोगों के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में कठोर कार्यवाही होगी। उन्होंने जन-सुनवाई के दौरान फरियाद लेकर आयीं महिलाओं से कहा कि केंद्र-प्रदेश सरकार महिलाओं, बालिकाओं की सुरक्षा के साथ उनकी शिक्षा, स्वास्थ्य को लेकर बेहद संवेदनशील है, किसी भी व्यक्ति द्वारा किसी महिला का शोषण न हो, पीड़ित महिला अपनी समस्या बताने में संकोच न करें, इसके लिए प्रत्येक थाने पर महिला हेल्प-डेस्क की स्थापना की गई है। उन्होने कहा कि प्रदेश सरकार महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और सशक्तीकरण के लिए निरतंर प्रयासरत् है, महिलाओं के सर्वागींण विकास, आत्मनिर्भर बनाने के लिए संचालित तमाम योजनाओं में महिलाओं को केन्द्र बिन्दु रखा गया है, पीडित महिलाओं की समस्याओ के त्वरित निस्तारण हेतु प्रदेश सरकार द्वारा उन्हें न्याय दिलाने के उददेश्य से जनपद स्तर पर महिला जन-सुनवाई कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। सदस्य महिला आयोग ने ऑगनबाड़ी केन्द्र मोहनपुर का औचक निरीक्षण करने पर पाया कि गांव में संचालित 02 ऑगनबाड़ी केन्द्रों पर 62 बच्चे पंजीकृत हैं, मौके पर 42 बच्चे उपस्थित पाये गये, उन्होने उपस्थित बच्चों से भावगीत, कविता सुनी, ब्लैकबोर्ड पर हिन्दी के अक्षर लिख बच्चों से पूछा, बच्चों ने ठीक उत्तर दिये। उन्होने मौके पर उपस्थित बाल विकास परियोजना अधिकारी से कहा कि जनपद के सभी ऑगनबाड़ी केन्द्र समय से खुलें, पंजीकृत सभी बच्चे नियमित रूप से विद्यालय आएं, पुष्टाहार वितरण में किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाये। उन्होने जिला कारागार के निरीक्षण के दौरान महिला बैरक में साफ-सफाई के बेहतर प्रबन्ध पाये जाने पर संतोष व्यक्त करते हुये कहा कि जो महिलाएं सिलाई-कड़ाई का कार्य जानती हैं, उनके लिए सिलाई मशीन की उपलब्धता सुनिश्चित करायी जाये ताकि वह अन्य महिलाओं को भी सिलाई सिखा सकें।


**उत्तर रेलवे**

सख्याः सी/123–1–एटीवीएम/24/कुंभ 2025/एसवी दिनांक:27.11.2024

**लखनऊ मंडल के 03 स्टेशनों पर 01–01–2025 से 10–03–2025 की अवधि के लिए फैसिलिटेटर की नियुक्ति हेतु आवेदन आमंत्रण सूचना**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, उत्तर रेलवे, लखनऊ मंडल, लखनऊ, भारत के राष्ट्रपति की ओर से, उत्तर रेलवे के सेवानिवृत रेलवे कर्मचारियों और आम जनता से लखनऊ मंडल के निम्नलिखित रेलवे स्टेशनों पर एटीवीएम के माध्यम से अनारक्षित टिकट वितरित करने के लिए एक सौ छह (106) सुविधाकर्ताओं की नियुक्ति के लिए आवेदन आमंत्रित करते हैं। चयनित आवेदक को एटीवीएम सुविधाकर्ता के रूप में नियुक्ति के आधार पर रेलवे में रोजगार का कोई दावा नहीं होगा। रेलवे द्वारा कोई पारिश्रमिक/वेतन/मजदूरी का भुगतान नहीं किया जाएगा।

लखनऊ मंडल में यात्रियों को टिकट जारी करने के लिए सुविधाकर्ताओं और स्वचालित टिकट वेंडिंग मशीनों (एटीवीएम) की आवश्यकता वाले स्टेशनों की सूची निम्नानुसार है:

| एस.एन. | स्टेशन | स्टेशनों की श्रेणी | फैसिलिटेटर रिक्ति |
|---|---|---|---|
| 1. | प्रयागराज संगम | एनएसजी–3 | 18 |
| 2. | प्रयाग | एनएसजी–4 | 47 |
| 3. | फाफामऊ | एनएसजी–5 | 41 |
| कुल | | | 106 |

www.indianrailways.gov.in पर उपलब्ध है। सेवानिवृत्त रेलवे कर्मचारी और आम जनता जो एटीवीएम के माध्यम से टिकट जारी करने के लिए सुविधाकर्ता के रूप में काम करने में रुचि रखते हैं, उन्हें आवेदन में सभी कॉलम को विधिवत भरकर और अधिसूचना के सभी पृष्ठों पर हस्ताक्षर करके अपना आवेदन जमा करना चाहिए। आवेदन पर "—————— रेलवे स्टेशन पर एटीवीएम सुविधाकर्ता के लिए आवेदन" लिखा होना चाहिए और इसे एक सीलबंद लिफाफे में वरिष्ठ मंडल वाणिज्यिक प्रबंधक, उत्तर रेलवे, लखनऊ मंडल, लखनऊ को 18–12–2024 को 14.00 बजे या उससे पहले जमा करना चाहिए।

| | | |
|---|---|---|
| 1. | भरे हुए आवेदन पत्र इस कार्यालय द्वारा प्राप्त किए जाएंगे | 28–11–2024 को 10.00 बजे से |
| 2. | आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि | 18–12–2024 को 14.00 बजे तक |
| 3. | आवेदन प्रस्तुत करने का स्थान | वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, उत्तर रेलवे, लखनऊ मंडल, |

नोटः– आवेदन पत्र उपरोक्त वेबसाइट से 28–11–2024 तक डाउनलोड किए जा सकते हैं। 3670/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


## जिलाधिकारी के आदेशों को दर किनार कर करा दिया अवैध कब्जा



**सुल्तानपुर।** जिले के थाना कुड़वार के अंतर्गत ग्रामसभा सरैया पूरे विशेन का प्रकरण बताया जा रहा है। जहाँ मो0 रफीक पुत्र अताउल्ला निवासी सरैया पूरे विशेन थाना कुड़वार का गाटा संख्या 1017 नक्शा फाइल में बनी आकृति खेतौनी में अंकित क्षेत्रफल से छोटी बनी है। जिसको लेकर मो0 रफीक पुत्र अताउल्ला धारा 30 अधिनियम उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता 2006 के अंतर्गत नक्शा दुष्टिकारण कराने की उच्च अधिकारि के यहाँ अपील की। जिसको देखते हुए जिला अधिकारी महोदय ने फरवरी माह 2023 में आदेश किया कि मानचित्र को संशोधित किया जाय। लेकिन क्या क्षत्रिय लेखपाल मो0 रईस खान को जिला अधिकारी का आदेश कोई मायने ही नहीं रखता है। बिना नक्शा दृष्टि के नापने का आदेश कौन देता है।पीड़ित ने मांग की है कि इसकी निपक्ष्य जाँच होनी चाहिए। और मामले को तुरन्त संज्ञान में लेना चाहिए।

# जिला प्रशासन उद्यमियों की समस्याओं का सर्वोच्च प्राथमिकता पर निदान करेगा: डीएम

अवधनामा संवाददाता



**मैनपुरी।** जिलाधिकारी अंजनी कुमार सिंह ने जिला उद्योग बंधु, जिला व्यापार बंधु की बैठक में उपस्थित उद्यमियों, व्यापारियों से कहा कि जिला प्रशासन उद्यमियों की समस्याओं का सर्वोच्च प्राथमिकता पर निदान करेगा, जनपदवासियों को मूल-भूत सुविधाओं की उपलब्धता कराने के साथ साफ-सफाई के बेहतर प्रबंध होंगे, नगर को अतिक्रमण मुक्त कराना भी जिला प्रशासन की प्राथमिकताओं में है, नगर स्थित ट्रांसपोर्ट नगर को पुनः संचालित कराए जाने में भी तेजी से कार्य होगा। उन्होंने उद्यमियों का आह्वान करते हुए कहा कि जिन उद्यमियों ने ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के दौरान जो एम.ओ.यू. किए गये थे, वह धरातल पर क्रियान्वित करें, किसी भी उद्यमी को कोई समस्या हो तो संज्ञान में लाएं, उद्योगों की स्थापना में आने वाली कठिनाइयों को तत्काल दूर कराया जाएगा, धारा-80 के जो भी प्रकरण लंबित हैं उनका भी सर्वोच्च प्राथमिकता पर निदान होगा। उन्होंने खंड विकास अधिकारियों, आद्याशाषी अधिकारी नगर निकाय को निर्देशित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना अंतर्गत ट्रेडवार लंबित आवेदनों को 10 दिसंबर तक सत्यापित करें, किसी भी स्तर पर योजना का कोई आवेदन लंबित न रहे।

श्री सिंह ने जानकारी करने पर पाया कि अभी नगर निकायों में 2555 आवेदन पत्र सत्यापन हेतु लंबित है, जिसमें से सर्वाधिक 1429 नगर पालिका परिषद में है, जिस पर उन्होंने अधिशासी अधिकारी नगर निकाय को निर्देशित करते हुए कहा कि टैक्स कलैक्टर के माध्यम से तत्काल प्रथम स्तर का सत्यापन कराकर अपने स्तर से द्वितीय सत्यापन करना सुनिश्चित करें। उन्होंने समीक्षा के दौरान पाया कि ग्रामीण क्षेत्र में योजना के अंतर्गत 12 हजार 100 आवेदन पत्र प्राप्त हुए थे, जिसमें से ग्राम प्रधानों द्वारा प्रथम स्टेज का सत्यापन कर 5611 आवेदन पत्र द्वितीय स्टेज के सत्यापन हेतु खंड विकास अधिकारियों को प्रेषित किए जा चुके हैं, जिसमें से 2189 आवेदन पत्रों का खंड विकास अधिकारियों द्वारा सत्यापन किया जा चुका है, अभी ग्राम प्रधान स्तर पर 06 हजार से अधिक आवेदन पत्र प्रथम सत्यापन हेतु एवं खंड विकास अधिकारियों के स्तर पर 03 हजार से अधिक आवेदन द्वितीय स्तर के सत्यापन हेतु लंबित हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, एक जनपद-एक उत्पाद, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना की समीक्षा करने पर पाया कि अभी विभिन्न बैंक शाखाओं में काफी संख्या में आवेदन पत्र स्वीकृत, ऋण वितरण हेतु अवशेष हैं, एक जनपद-एक उत्पाद में बैंक ऑफ़ बड़ौदा, कैनरा बैंक, इण्डियन बैंक, पंजाब नेशनल बैंक, यूनियन बैंक ऑफ इण्डिया द्वारा प्रेषित किसी भी आवेदन पत्र पर ऋण-वितरण नहीं किया है। उन्होंने उपस्थित बैंकर्स से कहा कि लाभार्थीपरक योजनाओं में ऋण-वितरण में विलंब न करें, कोई भी बैंकर्स अपने यहां अकारण पत्रावलियों को लंबित न रखें यदि पत्रावली में कोई कमी है तो उस पर टिप्पणी अंकित कर संबंधित विभाग को वापस करें, पूर्ण पत्रावलियों को स्वीकृत कर तत्काल ऋण-वितरण करें ताकि लाभार्थी अपना स्वतः रोजगार स्थापित कर स्वावलंबी बन सके।


**सूचना**

मैं रूद्र शंखधर (नया उपनाम) पुत्र पीयूष कुमार शर्मा निवासी वरुणा एन्क्लेव B13G8 अवध विहार योजना, शहीद पथ, लखनऊ ने अपना उपनाम शर्मा से बदलकर 'शंखधर' कर लिया है। भविष्य में मुझे रूद्र शंखधर नाम से जाना जाए।



**कार्यालय नगर निगम, शाहजहाँपुर**

पत्रांक :- 464/पी0आर0ओ0/न0नि0 शाह0/2024-25 दिनांक - 28-11-2024

**अति अल्पकालीन ई-निविदा सूचना**

नगर निगम, शाहजहाँपुर क्षेत्रान्तर्गत सर्दी एवं शीत लहर के प्रकोप से बचाव हेतु विभिन्न स्थलों पर अलाव लगवाये जाने हैं, जिसके लिए जलौनी लकड़ी की आपूर्ति मय लगवाई/जलवाई हेतु दिनांक-05.12.2024 तक अपरान्ह 03:00 बजे तक दरें निर्धारण हेतु मुहरबन्द निविदायें आमंत्रित की जाती है जो तद् दिनांक सायं 04.00 बजे निविदा समिति एवं निविदादाता के समक्ष खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र रिकार्ड कीपर से दिनांक 04.12.2024 सायं 02:00 बजे तक क्रय किये जा सकते है।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | धरोहर धनराशि | निविदा मूल्य (जी.एस.टी. सहित) |
|---|---|---|---|
| 1 | अलाव हेतु जलौनी लकड़ी की आपूर्ति मय लगवाई/जलवाई का कार्य। | 50,000.00 | 590.00 |

ई-निविदा की क्रयदारी हेतु धरोहर धनराशि नगर निगम के बैंक के खाता सं0-50265293184 आई0एफ0एस0सी0 कोड-IDIB000C632 ब्रांच इन्डियन बैंक, गोविन्दगंज, शाहजहॉपुर व निविदा शुल्क नगर निगम के बैंक के खाता सं0-50200017927485 आई0एफ0एस0सी0 कोड-HDFC0000869 ब्रांच एच0डी0एफ0सी0 बैंक, शाहजहाँपुर में जमा कराने उपरान्त मूल प्रति निविदा प्रपत्र के साथ संलग्न करनी होगी। निविदा को स्वीकृति/अस्वीकृति अथवा निरस्त करने का अधिकार सक्षम अधिकारी में निहित होगा।

**नगर आयुक्त**

# वाहन हमेशा नियंत्रित गति में चलाए

**जिम्मेदार नागरिक का फर्ज निभाए**



अवधनामा ब्यूरो

**इटावा।** यातायात माह नवम्बर-2024 के दृष्टिगत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक नगर द्वारा केकेडीसी कालेज में पहुँचकर एनसीसी कैडेट के साथ यातायात नियमों के सम्बन्ध में जागरूक करने के उद्देश्य से निकाली गयी जागरूकता रैली। एसएसपी द्वारा जनपद वासियों को वितरित किये गये हेलमेट। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार द्वारा यातायात माह-2024 के सम्बन्ध में दिये गये निर्देशों के क्रम में ट्रैफिक नियमों के सम्बन्ध में जनमानस को जागरूक करने के उद्देश्य से अपर पुलिस अधीक्षक नगर द्वारा केकेडीसी कालेज में यातायात नियम जनजागरूकता रैली को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया एवं स्वयं रैली में मार्गदर्शक के रूप में आगे चलकर सभी जनपद वासियों को यातायात नियमों के सम्बन्ध में जागरूक किया गया यह रैली पक्का तालाब से नौरंगाबाद चौराहा होती हुयी शास्त्री चौराहे पर सम्पन्न हुयी। इस रैली में यातायात माह नवम्बर-2024 की जानकारी दी गयी एवं सभी को बताया गया कि हादसों में मृत्यु दर बढ़ रही है। इसको रोकने के लिए हम सबको संकल्प लेना चाहिए कि यातायात नियमों का पालन करें। दो पहिया वाहन चालक हैलमेट लगाकर और चार पहिया चालक सेफ्टी बैल्ट लगाकर वाहन ड्राइव करें। वाहन को उचित स्थान पर पार्क करे और वाहन संबंधी सभी पेपर रखे। टैम्पों चालक ओवर लोड सवारियां न भरें। वाहन को तेज गति और शराब पीकर न चलायें साथ ही बताया कि यातायात माह मनाने का उद्देश्य जनता में जागरूकता पैदा करना है। रैली सम्पन्न होने के उपरान्त वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा स्वयं जनपद वासियों को यातायात नियमों के सम्बन्ध में जानकारी दी गयी एवं सभी हेलमेट वितरित कर यातायात नियमों को पालन करने हेतु जागरूक किया गया, साथ ही यातायात नियमो के पालन की शपथ दिलाई गयी। इस दौरान क्षेत्राधिकारी यातायात द्रविड़ कुमार सिंह, प्रभारी यातायात सुबेदार सिंह उपस्थित रहे। यातायात नियमों का पालन करें, जागरूक बनें, जागरूक करें। हेलमेट व सीटबेल्ट का प्रयोग। नम्बर प्लेट पर सही अंकन। बाइक पर तीन सवारी नहीं। शराब पीकर वाहन न चलायें। ओवर स्पीड से वाहन न चलायें। वाहन के समस्त कागजात पूर्ण हों व साथ रखें। वाहन हमेशा अपनी साइड पर ही चलायें।

# डीजीजीआई टीम का इस्पात फैक्ट्रियों में छापा

अवधनामा संवाददाता



**सुमेरपुर, हमीरपुर।** भरुआ सुमेरपुर स्थित जूही और रिमझिम इस्पात फैक्ट्री में बुधवार की रात्रि लखनऊ से आई जीएसटी की डीजीजीआई टीम की छापेमारी से हड़कंप मच गया। दस गाड़ियों में आई टीम ने रात करीब 11 बजे से फैक्ट्रियों में जांच शुरू की। रात की शिफ्ट में काम होता रहा। लेकिन सुबह की शिफ्ट में दोनों फैक्ट्रियों में पहुंचे वर्करों का प्रवेश वर्जित दिया गया। दोनों फैक्ट्रियों में बड़े पैमाने पर कर चोरी की आशंका जताई जा रही है। बुधवार की रात्रि करीब 11 बजे सुमेरपुर कस्बे स्थित जूही व रिमझिम इस्पात फैक्ट्रियों में लखनऊ से आई जीएसटी की डीजीजीआई टीम ने छापा मारा। दोनों फैक्ट्री कानपुर के योगेश अग्रवाल की हैं। रात से शुरू हुई जांच-पड़ताल दूसरे दिन भी जारी रही। दोनों फैक्ट्रियों में रात की शिफ्ट में बगैर रुके काम होता रहा, लेकिन सुबह की शिफ्ट में आने वाले वर्कर्स को गेट पर रोक दिया गया। ड्यूटी पर पहुंचे वर्कर्स का गेट पर ही जमावड़ा लगा रहा। जीएसटी टीम फैक्ट्री के टर्नओवर की पड़ताल कर रही है। दोनों फैक्ट्रियों में बड़े पैमाने पर टैक्स चोरी की संभावना जताई जा रही है। हालांकि टीम की ओर से अभी किसी तरह की कोई जानकारी साझा नहीं की गई है। छापेमारी कब तक चलेगी, कुछ कहा भी नहीं जा सकता है।

# जिलाधिकारी ने कृषि व उद्यान विभाग की योजनाओं की समीक्षा की

अवधनामा संवाददाता



**हमीरपुर।** कृषि विभाग व उद्यान विभाग की योजनाओं एवं कृषि उत्पादन संगठनों के कार्यो की समीक्षा बैठक जिलाधिकारी घनश्याम मीना की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के शत प्रतिशत लाभार्थियों को आधार से लिंक किए जाएं तथा सभी पात्र व्यक्तियों को इस योजना से आच्छादित किया जाय। किसानों को जैव उर्वरक का प्रयोग करने हेतु प्रोत्साहित किया जाय तथा जैव उर्वरक का उत्पादन व प्रयोग आदि के संबंध में प्रशिक्षण दिया जाए। स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को भी जैविक खाद के उत्पादन के बारे में प्रशिक्षण दिया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि खाद की प्राइवेट दुकानों में ओवर रेटिंग ना होने पाए वहां पर उपलब्ध स्टॉक व रेट के बारे में सूची चस्पा की जाय। बताया कि जनपद में लक्ष्य से अधिक खाद का वितरण हो चुका है। जनपद में जैविक कृषि को बढ़ावा देने हेतु प्रभावी ढंग से प्रयास किया जाए व जैविक खाद आदि की उपलब्धता भी सुनिश्चित की जाय। जिलाधिकारी ने कृषि विभाग की विभिन्न योजनाओं यथा सोलर पंप वितरण योजना ,प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, आत्मा योजना ,ऑर्गेनिक कृषि योजना की समीक्षा करते हुए जरूरी निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद में मुसम्मी का उत्पादन काफी अच्छा होता है वर्तमान में जनपद में लगभग 250 हेक्टेयर में मुसम्मी की खेती हो रही है। अतः इसके दृष्टिगत जनपद के अन्य कृषको को जागरूक करने हेतु मुसम्मी महोत्सव मनाया जाए। मुसम्मी के लिए जीआई टैग/भौगोलिक संकेतक हेतु प्रभावी ढंग से प्रयास किया जाए। इसके लिए अन्य किसानों को भी बागवानी के अंतर्गत मुसम्मी आदि के लिए प्रोत्साहित कर हमीरपुर को एक मुसम्मी हब के रूप में विकसित करने हेतु प्रयास किया जाए। इसके अलावा जनपद में कोल्ड स्टोरेज एवं राइस मिल आदि के लिए भी प्रभावी ढंग से प्रयास किया जाए। जिलाधिकारी ने उद्यान विभाग की विभिन्न योजनाओं यथा हाईटेक नर्सरी योजना, प्रधानमंत्री किसान सिंचाई योजना के अंतर्गत ड्रिप व स्प्रिंकलर सिंचाई पद्धति ,अटल भूजल योजना ,एकीकृत बागवानी विकास मिशन, नवीन उद्यान रोपण योजना, पाली हाउस योजना, प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उत्पादन योजना , पैक हाउस आदि की समीक्षा करते हुए जरूरी निर्देश दिए। इस मौके पर सीडीओ चंद्र शेखर शुक्ला, एडीएम वित्त एवं राजस्व विजय शंकर, एसडीएम राठ अभिमन्यु कुमार, एसडीएम मौदहा राजकुमार गुप्ता, उपनिदेशक कृषि हरि शंकर भार्गव, जिला उद्यान अधिकारी तथा अन्य संबंधित मौजूद रहे।

# चार दिन में हत्या आरोपी गिरफ्तार



अवधनामा संवाददाता

**मौदहा, हमीरपुर।** मौदहा कोतवाली पुलिस ने चार दिन पूर्व हुई हत्या कांड का खुलासा कर हत्यारोपी को गिरफ्तार करके आज जेल भेज दिया है। ज्ञात हो कि बीती 24 नवंबर को कोतवाली क्षेत्र के गांव चकदहा निवासी जगन्नाथ कुशवाहा 40 पुत्र खुशाली की हत्या के सम्बन्ध में मु0अ0सं0 490/2024 धारा 103 (1)/ 238 बी0एन0एस0 के तहत गांव के ही हत्यारोपी राहुल यादव उर्फ सुघर सिंह पुत्र राजबहादुर उर्फ रज्जी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था।जिसे बीती शाम मदारपुर मोड़ के नजदीक से गिरफ्तार किया गया है और इसके पास से मृतक जगन्नाथ कुशवाहा की मोटर साइकिल व मोबाइल तथा हत्या में प्रयुक्त आला कत्ल बरामद कर जेल भेज दिया गया है। पुलिस की पूछताछ में हत्यारोपी राहुल यादव ने बताया है कि 23 नवंबर को दोनों ने एक साथ शराब पी थी और नशे में सड़क पर बाइक समेत गिर गये थे जिस पर जगन्नाथ ने उसके साथ गाली-गलौच करते हुए तप्पड़ मार दिया था और इसी से नाराज़ हो उसने जगन्नाथ के सिर पर डंडे से वार कर उसकी छाती में बैठकर मौत के घाट उतार दिया था।शव को सड़क किनारे झाड़ियों में छिपा दिया था और उसका मोबाइल व मोटरसाइकिल लेकर मौके से भाग खड़ा हुआ था। कोतवाली पुलिस ने हत्यारोपी को जेल भेज दिया है।

# व्यापार मंडल ने दिया सात सूत्रीय ज्ञापन

अवधनामा ब्यूरो



**इटावा।** विघुत विभाग दारा व्यापारियों एंव आम जनमानस को हो रही समस्याओं के निदान के संबंध में गुरुवार को उघोग व्यापार प्रतिनिधि मंडल का एक डेलीगेशन अधीक्षण अभियंता मनोज गौड़ से मिला और उन्हें अपनी समस्याओं से अवगत कराया। उघोग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के जिलाध्यक्ष आलोक दीक्षित के नेतृत्व में मिले प्रतिनिधि मंडल ने बताया कि बिजली का बिल जमा होने पर भी पूरे शहर में लोगों के कनेक्शन तार बदलने के नाम पर काटे जा रहे हैं जबकि तार बदलने का काम बिजली विभाग का है तार बदलने के नाम पर आम आदमी का उत्पीड़न किया जाता है जो कि तुरंत बंद होना चाहिए। बिजली का बिल जमा न होने पर लोगों को समय न देकर तुरंत कनेक्शन काटने की कार्रवाई की जा रही है जो कि गलत है। व्यावसायिक कनेक्शन लेने वाले व्यापारियों को उनका सम्मान मिलना चाहिए और कागजों के नाम पर उनका उत्पीड़न नहीं होना चाहिए और उनको तुरंत कनेक्शन दिए जाने चाहिए। ओवरलोड के नाम पर लोगों का उत्पीड़न बंद हो। न्यूनतम बिल राशि को खत्म करके जितने यूनिट उपभोग हो उतने का ही बिल व्यापारियों का लिया जाए। सड़कों पर बेवजह लटके हुए तारों को तुरंत ठीक किया जाए एवं सड़कों के किनारो पर लगे हुए पोलो को व्यवस्थित किया जाए क्योंकि इन पोलो के कारण अतिक्रमण को बढ़ावा मिलता है। अतः इस प्रकार के खंभों को बिजली विभाग तुरंत हटाने की व्यवस्था करें। कई बार देखने में आता है कि यदि किसी व्यापारी का निवास अपने प्रतिष्ठान के ऊपर प्रथम तल पर है तो भी उसको घरेलू कनेक्शन देने में आनाकानी की जाती है जो कि पूर्णतःगलत है। उसको उसी व्यवसायिक रेट पर घर पर भी बिजली का उपयोग करना पड़ता है। अतः विभाग की और से व्यापारी साथी को अलग से घरेलू कनेक्शन भी उपलब्ध कराया जाए। उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल उपरोक्त लिखी गई मांगों पर जल्द से जल्द बिजली विभाग के सम्मानित उच्च अधिकारी गण से कार्यवाही की उम्मीद करता है। प्रतिनिधि मंडल में प्रमुख रूप से संरक्षक बृजेन्द्र यादव, कोषाध्यक्ष कामिल कुरैशी, उघोग मंच के जिलाध्यक्ष भारतेन्द्र नाथ भारद्वाज, जिला मीडिया प्रभारी इश्तियाक कुरैशी, शहर उपाध्यक्ष धर्मेंद्र यादव, हिमांड श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

# उच्च प्राथमिक विद्यालय के बच्चों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया




अवधनामा ब्यूरो

**इटावा।** बसरेहर विकास खंड के उच्च प्राथमिक विद्यालय कृपाल पुर में आयोजित खेल प्रतियोगिता में उच्च प्राथमिक विद्यालय कृपाल पुर के बच्चों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। उदघाटन समारोह में कुमारी किट्टू, कनिष्का और लक्ष्मी ने नृत्य प्रस्तुत किया तथा हैंड बॉल प्रतियोगिता में श्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए विद्यालय के विद्यार्थी गण भानु , प्राशिव, अंशुल, उदय सलिल, दिव्यांशु और कृष्ण ने भानु की कप्तानी में श्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए विजय पाई। विजेता छात्रों को मेडल पहना कर सम्मानित किया गया तथा श्रेष्ठ सांस्कृतिक कार्यक्रम करने हेतु विद्यालय की छात्राओं को नकद पुरस्कार भी प्राप्त हुआ। विजेता टीम के विद्यार्थियों के विद्यालय पहुंचने पर विद्यालय के अन्य छात्र, शिक्षक तथा ग्रामीणों ने उनकी सफलता पर शुभकामनाएं दीं। विद्यालय परिवार में प्रधान अध्यापिका प्रमिला पाठक, राम जनम सिंह तथा सुधीर यादव ने बच्चों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## जिलाधिकारी ने जनसुनवाई के दौरान सुनी जनसमस्याएं

**हमीरपुर।** जनपद के जिलाधिकारी घनश्याम मीना कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनसुनवाई के दौरान जन सामान्य की शिकायतों को सुना एवं संबंधित अधिकारियों को प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध तरीके से निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस मौके पर लगभग 101 शिकायते प्राप्त हुई जिनमें से अधिकांश का जिलाधिकारी ने त्वरित ढंग से मौके पर निस्तारण कर दिया। शेष शिकायतों के निस्तारण हेतु जिलाधिकारी ने समस्त एसडीएम , खंड विकास अधिकारी व अन्य संबंधित अधिकारियों के साथ वर्चुअल/ जूम एप के माध्यम से बैठक कर उनके तत्काल निस्तारण हेतु निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि सभी एसडीएम ,बीडीओ व अन्य संबंधित अधिकारियों द्वारा नियमित रूप से अपने कार्यालय में जनसुनवाई कर जन समस्याओं का त्वरित ढंग से निस्तारण किया जाए इसमें किसी भी तरह किसी शिथिलता न बरती जाए। जिलाधिकारी ने कहा की जनसुनवाई, आईजीआरएस व अन्य माध्यमों से प्राप्त होने वाले प्रकरणों का सभी संबंधित अधिकारियों द्वारा मौके पर जाकर गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण कर उसकी समय से आख्या दी जाए।

## राठ ब्लॉक की नौहाई गांव की गौशाला में गौवंश जी रहे नरकीय जीवन

**राठ,हमीरपुर।** सरकार द्वारा गौ वंशों के संरक्षण और संवर्धन के लिए भले ही लाखों खर्च किए जा रहे हों लेकिन धरातल पर जिम्मेदार अपनी जेब भरने के चक्कर में सरकार और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की महत्वाकांक्षी योजनाओं को पलीता लगाने में पीछे नहीं हट रहे हैं। विकास खंड राठ के नौहाई ग्राम पंचायत के जिम्मेदार भी गौवशों के नाम पर लाखों डकारने में कहीं पीछे नहीं हट रहे हैं। नौहाई ग्राम पंचायत में बनी गौशाला में गौवंश नरकीय जीवन जीने को मजबूर हैं। बताते चलें कि गौवंशों के संरक्षण और उनकी देखभाल के लिए मुख्यमंत्री प्राथमिकी कार्यक्रम के तहत तमाम योजनाएं चलाई जा रही हैं। गौवंशों के लिए गुणवत्तापूर्ण भोजन के वास्ते सरकार ने चूनी चोकर, गुड़ सहित अच्छे किस्म के भूसा के लिए खासा फंड बनाया है साथ ही गौशालाओं में गायों के लिए अच्छे किस्म की व्यवस्थाओं के लिए भी फंड दिया है। लेकिन इन सब की जमीनी हकीकत कुछ और है।

# प्रियदर्शन करेंगे उत्तर प्रदेश ताइक्कांडो टीम का प्रतिनिधित्व

अवधनामा ब्यूरो



**इटावा।** इटावा ताइक्कांडो के खिलाड़ी प्रियदर्शन शाक्य हरियाणा में आयोजित होने वाली 38 वीं सबजूनियर राष्ट्रीय प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे। यह प्रतियोगिता ताऊ देवीलाल इनडोर स्टेडियम पंचकूला (हरियाणा) में 29/11/ 2024 से 1/12/2024 तक आयोजित होगी। इटावा ताइक्कांडो के महासचिव हिमांशु यादव ने बताया की प्रियदर्शन ने उत्तर प्रदेश राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में 27 किलोग्राम भार के अंतर्गत स्वर्ण पदक जीतकर प्रदेश की सूची में अपना नाम अंकित किया था। कोषाध्यक्ष और प्रशिक्षिका नबीला ने बताया प्रियदर्शन बेहद प्रतिभावान खिलाड़ी है तथा अपने पहले ही प्रयास में राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचने में सफलता अर्जित की है। अब वह अपनी प्रतिभा की चमक राष्ट्रीय स्तर पर बिखेरने को तैयार है। प्रियदर्शन स्पर्धा में भाग लेने के लिए प्रशिक्षक श्याम जी सक्सेना के साथ रवाना हुए। इस अवसर पर इटावा ताइक्कांडो संघ के अध्यक्ष इंजीनियर हरिकिशोर तिवारी, विधिक सलाहकार डी.डी.मिश्रा, सहसचिव हरिगोविंद सिंह, प्रशिक्षक श्याम जी सक्सेना तथा जिला मीडिया प्रभारी तरुण रंजन गुप्ता ने खिलाड़ी को अनेकानेक शुभकामनाएं देकर उसका उत्साहवर्धन किया।

# एकमुश्त समाधान योजना का दिखा असर, लाभ उठा रहे लाभार्थी, बढ़ने लगा राजस्व

**150 व्यवसायिक वाहन स्वामी ले चुके योजना का लाभ, रजिस्ट्रेशन कराने का क्रम जारी**

अवधनामा ब्यूरो



**सोनभद्र।** सोनभद्र जिले के परिवहन विभाग कार्यालय में 12 दिन के अंदर 150 वाहन स्वामियों ने एक मुश्त समाधान योजना के तहत अपना बकाया जमा किया। जबकि बकाया टैक्स से 58 लाख रूपये से अधिक का परिवहन विभाग को राजस्व प्राप्त हुआ। वही इस योजना के लाभ के लिए 180 लोग आवेदन कर चुके है।

इस दौरान एआरटीओ प्रशासन धनवीर यादव ने बताया कि दो सप्ताह के भीतर ही विभाग को महत्वपूर्ण राजस्व प्राप्त हुआ है, यह उम्मीद जताई जा रही है कि आगामी दिनों में और भी वाहन स्वामी इसका लाभ उठाएंगे।

आपको बता दें कि परिवहन विभाग की एक मुश्त समाधान योजना लागू होते ही उसका असर साफ दिखने लगा है। इस योजना के तहत वाहन स्वामी अपने बकाया टैक्स को जमा करने के लिए एआरटीओ कार्यालय पहुंच रहे हैं। योजना के पहले दूसरे सप्ताह में ही 150 वाहन स्वामियों से 58 लाख रूपये से अधिक का राजस्व जमा हुआ है। परिवहन विभाग के एआरटीओ धनवीर यादव ने बताया कि वाहन स्वामियों को बकाया टैक्स जमा करने के लिए 5 फरवरी 2025 तक का समय दिया गया है। इस योजना का उद्देश्य लम्बे समय से बकाया टैक्स को वसूलना और विभाग के राजस्व को बढ़ाना है। वाहन स्वामी इस योजना का लाभ उठाकर अपने बकाया टैक्स को कम दंड शुल्क के साथ जमा कर रहे है। उन्होंने बताया कि योजना के तहत जो भी वाहन स्वामी समय सीमा के भीतर अपना बकाया टैक्स का भुगतान करेंगे, उन्हें अतिरिक्त जुर्माना नहीं देना होगा। इसका उद्देश्य टैक्स वसूली की प्रक्रिया को सरल बनाना और वाहन स्वामियों को राहत देना है। बता दें कि विभाग के करीब 1300 व्यवसायिक वाहनों पर करीब 18 करोड़ रूपये से अधिक का टैक्स बकाया था।

# बाल विवाह मुक्त भारतः निकाला जागरूकता मार्च

अवधनामा संवाददाता

**हमीरपुर।** भारत सरकार के 'बाल विवाह मुक्त भारत' के आह्वान के समर्थन में गैरसरकारी संगठन साई ज्योति संस्था ने हमीरपुर में बाल विवाह के खिलाफ 50 से अधिक गावों मे जागरूकता व शपथ ग्रहण कार्यक्रमों का आयोजन किया जिसमें समाज के हर तबके के लोग शामिल हुए। इस दौरान मशाल जुलूस और कैंडल मार्च में बाल विवाह पीड़िताओं, महिलाओं, बच्चों व पुरुषों सहित लगभग 10000 से अधिक लोगों ने बाल विवाह के खिलाफ शपथ ली और जागरूकता के प्रसार के लिए विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भागीदारी की। इस दौरान पुरोहितों, मौलवियों, हलवाइयों, रसोइयों, सजावट, बैंड बाजा वालों व शादी का कार्ड छापने वाले प्रिंटिंग प्रेस के मालिकों जैसे विवाह से जुड़े सभी हितधारकों को शपथ कार्यक्रम मे जोड़ने का प्रयास किया गया कि वे बाल विवाह संपन्न कराने में किसी भी तरह से भागीदारी नहीं करेंगे और इसकी सूचना तत्काल संबंधित अधिकारियों को देंगे। सी ज्योति 250 से भी अधिक अग्रणी गैरसरकारी संगठनों के देशव्यापी गठबंधन 'जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन' (जेआरसी) का सहयोगी है जो जिले में बाल विवाह की रोकथाम के लिए काम कर रहा है। साई ज्योति ने स्थानीय प्रशासन के साथ सहयोग व समन्वय से परिवारों एवं समुदायों को समझा-बुझा कर अकेले 2023-24 में ही जिले में लगभग 300 से अधिक बाल विवाह रुकवाए हैं। केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी द्वारा शुरू किए गए 'बाल विवाह मुक्त भारत' अभियान का पुरजोर समर्थन करते हुए गैरसरकारी संगठन सी ज्योति के निदेशक अजय श्रीवास्तव ने कहा, यह अभियान हमारे विकसित भारत के सपने को पूरा करने की दिशा में एक निर्णायक कदम है।

# समाज कल्याण विभाग में भ्रष्टाचार के खिलाफ महिला कांग्रेसियों ने फूंका पुतला

अवधनामा ब्यूरो



**सोनभद्र।** जिले में हुए सामूहिक विवाह में फर्जीवाड़े , सत्यापन के नाम पर हो रहे धांधली, और जय प्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय में आदिवासी और दलित बच्चो को मिलने वाली भोजन में गड़बड़ी, और समाज कल्याण विभाग हो रहे भ्रस्टाचार के खिलाफ महिला कांग्रेस कार्यकर्ताओं महिला जिला अध्यक्ष ऊषा चौबे के नेतृत्व में बृहस्पतिवार को प्रदर्शन कर समाज कल्याण अधिकारी का पुतला चुर्क तिराहे पर फूक कर विरोध प्रदर्शन किया गया। उनके बर्खास्तगी क़ई मांग की। इस दौरान जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष ऊषा चौबे ने कहा कि बीजेपी सरकार में भ्रष्टाचार चरम पर है, मुख्यमंत्री सामुहिक विवाह में फर्जीवाड़े में अभी तक कार्यवाही के नाम पर समाज कल्याण अधिकारी मौन है। जय प्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय में भी बच्चों ने भोजन में गड़बड़ियों की शिकायत की लेकिन मामला ठंडे बस्ते में डाल दिया गया। समाज कल्याण मंत्री के जिले में उनके विभाग में नही दिख रहा जीरो टॉलरेंस, और जिले में ब्यपक भ्रष्टाचार किया जा रहा है। आखिरकार दोषियों पर कार्यवाही कब करेंगे मंत्री। स्व कांता पांडेय को समाज कल्याण विभाग द्वारा लगभग 18 महीने पहले मृत घोषित कर उनका पेंशन और राशन बन्द कर दिया ,लगातार उन्हें चक्कर लगाने के बाद भी समाज कल्याण विभाग निद्रा में था ,आखिरकार उनकी मौत हो गई। लेकिन दोषियों पर अभी तक कार्यवाही नही की गई। सामूहिक विवाह में टेंट और भोजन सप्लाई करने भी उच्च स्तरीय जाँच कराया जाएगा तो निश्चित ही गड़बड़ियां सामने आएंगी। उन्होंने कहा कि समाज कल्याण अधिकारी को बर्खास्तगी नही की गई तो महिला कांग्रेस बड़ा आंदोलन करेगी। जिला उपाध्यक्ष शान्ति विश्कर्मा ने कहा कि समाज कल्याण मंत्री अभी तक मौन क्यों है अभी तक दोषियों पर कार्यवाही क्यों नही हुई, जिले में समाज कल्याण में लागतार फर्जीवाड़े हो रहे है और मंत्री जी मौन है उनको जबाब देना चाहिए। उक्त मौके पर मुन्नी, आरती देवी, सुशीला देवी, विमला देवी, रेखा, वबिता देवी, संतरा देवी, संतोष यादव, बसावन गुप्ता, राहुल सिंह, सोनू सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# एनटीपीसी विंध्याचल को प्लेटिनम अवार्ड से किया गया सम्मानित




अवधनामा संवाददाता

**सोनभद्र/विंध्यनगर।** एनटीपीसी विंध्याचल को सीआईआई एक्जिम बैंक बिजनेस एक्सीलेंस अवार्ड 2024 में प्रतिष्ठित प्लेटिनम अवार्ड से सम्मानित किया गया है। यह अवार्ड एनटीपीसी विंध्याचल की निरंतर उत्कृष्टता की ओर बढ़ते प्रयासों और दुनिया भर में मान्यता प्राप्त ईएफक्यूएम (àßFQM) एक्सीलेंस मॉडल पर आधारित कड़ी मूल्यांकन प्रक्रिया के परिणामस्वरूप मिला। यह अवार्ड 27 नवंबर 2024 को बेंगलुरु में आयोजित 32वें सीआईआई एक्सीलेंस समिट के दौरान प्रदान किया गया। यह पुरस्कार एनटीपीसी विंध्याचल की दुनिया भर में बेहतरीन प्रैक्टिसेज और प्रक्रियाओं को अपनाने की प्रतिबद्धता को उजागर करता है। यह सम्मान एनटीपीसी विंध्याचल की ओर से महाप्रबंधक (ग्रीन केमिकल्स और बिजनेस एक्सीलेंस) सुजय कर्माकर और अपर महाप्रबंधक (आईटी) डी सी गुप्ता ने प्राप्त किया। एनटीपीसी विंध्याचल के शीर्ष प्रबंधन की निष्ठा और कार्यकारी निदेशक (विंध्याचल) ई सत्य फणि कुमार के कुशल नेतृत्व की प्रेरणा से यह लगातार सुधार और उत्कृष्टता की संस्कृति को बढ़ावा मिला है। इस महत्वपूर्ण उपलब्धि के साथ, एनटीपीसी विंध्याचल ने परिचालन और व्यापारिक उत्कृष्टता के क्षेत्र में अपनी अग्रणी स्थिति को फिर से प्रमाणित किया है, जो ऊर्जा क्षेत्र के लिए एक आदर्श बन गया है।

# विद्यालय के बच्चों में प्रतिभा है उसे तराशने का काम शिक्षक बखूबी से कर रहे हैः सिंह

अवधनामा संवाददाता



**अनपरा/सोनभद्र।** आदित्य बिड़ला इण्टरमीडिएट कॉलेज के 47 वां वार्षिकोत्सव यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते रमन्ते तत्र देवता के थीम पर आधारित विविध कार्यक्रमो के सफल आयोजन के साथ स्थानीय प्रेक्षागृह में धूमधाम से मनाया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ बतौर मुख्य अतिथि रेनूसागर पावर डिविजन के यूनिट हेड आर.पी.सिंह एवं दिशिता महिला मण्डल की अध्यक्षा इन्दु सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन कर किया। इससे पूर्व मुख्य अतिथि आर.पी.सिंह एवं इनुदु सिंह का तिलक लगाकर एवं पुष्पगुच्छ देकर करतल ध्वनि के बीच शानदार स्वागत किया गया। विद्यालय के 47वें वार्षिक उत्सव की शुरुआत देव वंदना,अतिथि स्वागत से हुआ। रंगबिरंगे स्वरूप में जहाँ बच्चों ने भगवान शिव की सुन्दर प्रार्थना व लीला प्रस्तुत की, सभागार में मुख्य अतिथि के साथ उपस्थित सभी लोगों का स्वागत वंदन किया। इसके बाद सभी को सेफ्टी के बारे में एक सुन्दर सा विडियो दिखाया गया, जिसमें हेलमेट के महत्व को बताया गया। क्लासीकल संगीत पर आधारित छोटी सी चिरैया ने सभी का मन मोह लिया। मराठी नृत्य ने देश की संस्कृति के महाराष्ट्रीयन पक्ष को सुन्दर तरीके से प्रस्तुत किया। वहीं एकांकी भस्मासुर के अहंकार का नाश होते हुए दिखाया, साथ ही बताया कि नारी की शक्ति से ही आसुरी प्रवृत्तियों का नाश किया जा सकता है। महिला सशक्तिकरण पर आधारित नृत्य और फ्यूजन डॉस ने सभी का मन मोह लिया। महिला सशक्तिकरण पर आधारित नृत्य ने तो सभी तालियों के बीच सोचने के लिए विवश कर दिया कि अब नारी शक्ति किसी भी हाल में रूकने वाली नहीं है। इसके बाद एक एकांकी रिश्तों की डोर में सौम्या पाण्डे और ओम पाण्डे के अभिनय ने सभी की आँखों को नम करते हुए यह विचार करने पर विवश कर दिया कि माँ की महानता संसार में सर्वश्रेष्ठ है।

# विकास कार्य धरातल पर स्पष्ट रूप से नजर आये: केशव मौर्य

- पर्यावरण व जल संरक्षण के लिए हर सम्भव कदम उठायें जांय
- गांवो की श्रमशक्ति का ह्रास न होने पाए, इसलिए ग्रामीणो को प्रेरित करते रहें
- हल घर नल योजना में खोदी गयी सड़कों की मरम्मत शत प्रतिशत गुणवत्तापूर्ण होनी चाहिए
- गांवो की गलियां, ग्रामीणों का हाइवे हैं, इसलिए वह दुरुस्त और स्वच्छ रहनी चाहिए : उपमुख्यमंत्री




अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि गांवो की गलियां ,ग्रामीणों का हाइवे हैं, इसलिए वह दुरूस्त और स्वच्छ रहनी चाहिए। विकास कार्य धरातल पर स्पष्ट रूप से नजर आने चाहिए। पर्यावरण व जल संरक्षण के लिए हर सम्भव कदम उठायें जांय। गांवो की श्रमशक्ति का ह्रास न होने पाए, इसलिए अधिकारी ग्रामीणो को श्रम करने के लिए प्रेरित करते रहें। हल घर नल योजना में खोदी गयी सड़कों की मरम्मत शत प्रतिशत गुणवत्तापूर्ण होनी चाहिए। ग्राम्य विकास विभाग के अधिकारी समन्वय बनाकर गलियों की गुणवत्तापूर्ण ढंग से मरम्मत कराने में अपना योगदान दें। केशव प्रसाद मौर्य गुरुवार को इंदिरा गाँधी प्रतिष्ठान में आयोजित प्रादेशिक विकास सेवा संगठन का द्विवार्षिक अधिवेशन को बतौर मुख्य अतिथि सम्बोधित कर रहे थे।

मुख्य अतिथि केशव प्रसाद मौर्य ने विकास विभाग के सभी अधिकारियों व उनकी टीम द्वारा प्रदेश में प्रधानमंत्री आवास योजना, मनरेगा, 10 लाख, स्वयं सहायता समूह की दीदियों को आजीविका संबंधी गतिविधियों में महत्वपूर्ण स्थान हासिल करने पर बधाई दी। उप मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि बृहद स्तर पर की जाने वाली चौपालों के आयोजन की प्रभावी व ठोस रणनीति बनायी जाय। कहा कि चौपालों की गम्भीरता बनाये रखी जाय। चौपालों को भव्य स्वरूप दिया जाय। कहा कि विभाग में किसी भी स्तर भ्रष्टाचार नहीं होना चाहिए। इसके लिए प्रभावी कदम उठायें जांय। हर दृष्टिकोण से ग्राम्य विकास विभाग की योजनाओं के क्रियान्वयन में नम्बर एक पर रखना है। विभाग की स्वच्छ व पारदर्शी छवि बनाये रखी जाय। अधिकारी गांवो में विकास कार्यों की जमीनी हकीकत परखने के लिए नियमित रूप से निरीक्षण करते रहे। उन्होंने कहा कि अपने ऑफिस और कार्य क्षेत्र में महीने में कम से कम एक दिन स्वच्छता के लिए समर्पित करें। महीने में कम से कम एक दिन अमृत सरोवरों पर स्वच्छता अभियान चलायें। कहा कि हर घर नल से जल विश्व की सबसे बड़ी योजना है। इस योजना के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में सड़कों और गलियों की खुदाई करके पाइपलाइन बिछाई जाती है। खुदाई के बाद सड़कों और गलियों की रिपेयरिंग सुनिश्चित होनी चाहिए। हमारी सरकार ने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत सभी को पक्के घर के साथ-साथ शौचालय, नल से जल, बिजली कनेक्शन और गैस कनेक्शन आयुष्मान कार्ड देने का भी कार्य किया है। कहा कि सरकार के द्वारा प्रदत्त तमाम बुनियादी सुविधाओं के साथ-साथ अपने व्यक्तिगत और सामाजिक जीवन में और अधिक मेहनत करें और उन्नति की ओर आगे बढ़े। जन समस्याओं का निराकरण कराने में कोई कोर कसर बाकी न रखी जाय। उप मुख्यमंत्री द्वारा इस अवसर पर संगठन की मांगो को शीघ्र पूरा कराने का आश्वाशन दिया। उप मुख्यमंत्री द्वारा इस अवसर पर लखनऊ विकास भवन स्थित संघ भवन का वर्चुअल उद्घाटन भी किया गया।

# क्रिश्चियन डिग्री कॉलेज में काव्य पाठ का आयोजन

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** क्रिश्चियन डिग्री कॉलेज लखनऊ में स्तिथ सभागार में नारी सशक्तिकरण फेज-5 हिंदी विभाग द्वारा आयोजित काव्य पाठ का आयोजन हिंदी विभाग के विभागाध्यक्ष संगोष्ठी के आयोजक डॉ0ऋषि कुमार मिश्रा जी के नेतृत्व में हुआ। कार्यक्रम का संचालन समाजशास्त्र विभाग के आचार्य डॉ0 सरवेंद यादव द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि हिंदी जगत की प्रख्यात लेखिका कवियत्री श्रीमती सोनी मिश्रा जी और लखनऊ विश्वविद्यालय में अध्ययनरत बी.ए.प्रथम वर्ष के छात्र व युवा कवि सत्यदेव सिंह जी थे। मुख्य अतिथियो का स्वागत लखनऊ क्रिश्चियन डिग्री कॉलेज के प्राचार्य डॉ0एस.एन.सिंह जी ने पुष्प गुच्छ व अंगवस्त्र देकर किया। संचालक सरवेंद यादव ने बहुत ही सफलतापूर्वक कार्यक्रम का संचालन किया। सर्वप्रथम महाविद्यालय के छात्रछात्राओं ने काव्यपाठ में प्रतिभाग किया अधिकतर छात्र ने अपनी स्वरचित कविताओं का पाठ किया जिसमे अनुराग निगम, पार्थ श्रीवास्तव, अर्पित वर्मा, रोहित याद ,तलत रहमान , शिवांगी शोध छात्रा द्वारा काव्य पाठ किया गया। इसी कर्म में महाविद्यालय के आचार्य एवं आचार्या ने भी अपनी स्वरचित कविताओं का पाठ कर संगोष्ठी के कार्यक्रम को सफल बनाया कार्यक्रम के आयोजक डॉ 0ऋषि कुमार मिश्रा विभागाध्यक्ष (हिंदी विभाग) जी द्वारा नारी सशक्तिकरण फेज-5 पर हिंदी साहित्य जगत के प्रमुख कवियों जैसे निराला द्वारा रचित वह तोड़ती पत्थर , मैथिलीशरण गुप्त की साकेत की उर्मिला , यशोधरा सखी वो मुझसे कहकर जाते दिनकर के द्वारा स्त्रियो के जीवन पर चर्चा करते हुए समाज में नारी की स्तिथि के विषय में बताया साथ ही महाविद्यालय में ऐसे कार्यक्रम समयसमय पर होते रहने चाहिए। जिससे छात्रछात्राओं में स्वरचना करने की कला जागृत हो। जिससे और अधिक से अधिक छात्र कार्यक्रम में भाग ले सके।

# एमएसएमई विकास आधारित राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** एमएसएमई-विकास कार्यालय, कानपुर, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा दलित इण्डियन चैम्बर ऑफ कामर्स एण्ड इण्डस्ट्री, उ.प्र. के सहयोग से एमएसएमई विकास आधारित राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन होटल रेनासेंस, गोमती नगर, लखनऊ में मुख्य अतिथि असीम अरूण, राज्यमंत्री (स्वतन्त्र प्रभार), समाज कल्याण, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जाति कल्याण विभाग, उ.प्र. एवं अन्य विशिष्ट अतिथियों द्वारा उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम में डिक्की एसोसिएशन से जुड़े बनारस के उद्यमियों ने अपने स्टाल लगाकर उत्पादों का प्रदर्शन भी किया। विष्णु कुमार वर्मा, संयुक्त निदेशक, एम.एस.एम.ई. विकास कार्यालय, कानपुर ने कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्य अतिथि असीम अरूण, राज्यमंत्री (स्वतन्त्र प्रभार), समाज कल्याण, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जाति कल्याण विभाग, उ.प्र., अन्य समस्त गणमान्य व्यक्तियों का कार्यक्रम में पधारने के लिए हार्दिक स्वागत एवं अभिनन्दन किया तथा संस्थान की कार्य-विधि का विवरण एवं इस कार्यक्रम के उद्देश्य की जानकारी प्रदान की जिसमें उन्होंने यह अवगत कराया कि इस कार्यक्रम से एम.एस.एम.ई. इकाइयों तथा सरकारी एवं सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों के पारस्परिक सहयोग से एक दूसरे की आवश्यकता की पूर्ति की जा सकती है।

# प्रियंका के शपथ लेने पर कांग्रेस मुख्यालय में मनाया गया जश्न

- कार्यकर्ताओं ने प्रियंका गांधी जिंदाबाद के नारे लगाये



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी के वायनाड लोकसभा से उपचुनाव जीतने के बाद सक्रिय राजनीति में पहली बार संसद पहुंच कर सांसद के तौर पर शपथ लेने की खुशी में कांग्रेस मुख्यालय में जश्न मनाया गया। इस मौके पर पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाई और पटाखे फोड़ जश्न मनाया। प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में प्रियंका गांधी के शपथ ग्रहण समारोह के सीधा प्रसारण देखने के लिए एलईडी स्क्रीन लगाई गयी, जहां पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने शपथ ग्रहण देखा। इस मौके पर प्रदेश उपाध्यक्ष दिनेश कुमार सिंह ने पार्टी मुख्यालय में वृक्षारोपण भी किया। कार्यकर्ताओं ने प्रियंका गांधी जिंदाबाद के नारे लगाते हुए उनकी तस्वीर को भी लड्डू खिलाया और एक-दूसरे को फूल दिये। प्रदेश प्रवक्ता अंशू अवस्थी ने कहा कि देश के करोड़ों लोगों और कांग्रेस कार्यकर्ताओं की मांग थी कि प्रियंका गांधी सक्रिय राजनीति में आए। देश के लोग उनमें इंदिरा गांधी की छवि देखते हैं। उनके संघर्ष का जुझारुपन, अधिकारों के लिए लडने़ का तरीका इंदिरा गांधी की याद दिलाता है। आज हम कार्यकर्ता काफी उत्साहित हैं और निश्चित तौर पर प्रियंका गांधी के संसद पहुंचने से देश की आधी आबादी की आवाज और मजबूती से देश की संसद में गूंजेगी। इस मौके पर श्याम किशोर शुक्ल, मुकेश सिंह चौहान, जिलाध्यक्ष वेदप्रकाश त्रिपाठी, अमित श्रीवास्तव त्यागी, डॉ. शहजाद आलम, अनस रहमान, सिद्धिश्री, सुशीला शर्मा, राजेश सिंह काली, नितांत सिंह, रुद्रदमन सिंह बबलू, कैप्टन वंशीधर मिश्रा, प्रभाकर मिश्रा, प्रज्ञा सिंह, सलमान कादिर, वसीउल्लाह खान, अजय शर्मा, किरन शर्मा, जीनत परवीन, रामबरन गौतम, विजय बहादुर, सोनू पंडित सहित अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ता शामिल थे।

## उत्तर प्रदेश के विकास कुमार ने 3000 मीटर दौड़ में जीता रजत पदक

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के माध्यमिक शिक्षा विभाग द्वारा अंडर-17 आयु वर्ग के बालक-बालिकाओं की 68वीं राष्ट्रीय स्कूल एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन 26 से 30 नवंबर तक गुरु गोबिंद सिंह स्पोर्ट्स कॉलेज, कुर्सी रोड, लखनऊ में किया जा रहा है। प्रतियोगिता के तीसरे दिन महाराष्ट्र ने 05 स्वर्ण और 02 कांस्य पदकों के साथ शीर्ष स्थान बनाए रखा। हरियाणा 02 स्वर्ण, 02 रजत और 02 कांस्य पदकों के साथ दूसरे स्थान पर रहा, जबकि उत्तर प्रदेश के विकास कुमार ने 3000 मीटर दौड़ में रजत पदक जीतकर राज्य का नाम रोशन किया। प्रतियोगिता के तीसरे दिन के मुख्य अतिथि, उत्तर प्रदेश विधान परिषद के सदस्य पवन सिंह चौहान ने कहा कि खेल हमें जीवन में अनुशासन और धैर्य सिखाते हैं। हार-जीत केवल एक परिणाम है, लेकिन हमारे प्रयास और संघर्ष हमें एक बेहतर इंसान बनाते हैं। खेल के माध्यम से हम जीवन की चुनौतियों का सामना करना सीखते हैं।

## भाषा विवि के अर्श को मिला वर्ल्ड यूनिकॉर्न फोटोग्राफी पुरुस्कार



**लखनऊ।** ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय, पत्रकारिता और जनसंचार विभाग के छात्र ने फोटोग्राफी प्रतियोगिता में विश्व रिकॉर्ड बनाया है। प्लेटफ़ॉर्म यूनिकॉर्न बुक ऑफ़ वर्ल्ड रिकॉर्ड पुरस्कार में छात्र अर्श रिज़वी ने फोटोग्राफी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया है. इस प्रतियोगिता में अर्श ने भारत का प्रतिनिधित्व किया और प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस प्रतियोगिता में अर्श रिज़वी को कुल 500 वोट में से 486 वोट मिले हैं। अर्श की फोटो को 100 फ़ोटो में से इस प्रतियोगिता में चुनी गई। भाषा विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो.नरेन्द्र बहादुर सिंह ने कहा कि विश्वविद्यालय परिवार अपने छात्र की उपलब्धि पर गर्व करता है और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते है। अर्श के इस कीर्तिमान पर विश्वविद्यालय के सभी शिक्षकों और विद्यार्थियों ने शुभकामनाएं दीं।

## पाराचिनार में शियों के नरसंहार के विरोध में प्रदर्शन आज

**लखनऊ।** पाकिस्तान के पाराचिनार में शियों के नरसंहार के विरोध में जुमे की नमाज के बाद आसिफी मस्जिद के बाहर प्रदर्शन किया जाएगा। मजलिस उलमा-ए-हिन्द के महासचिव मौलाना कल्बे जव्वाद नकवी के नेतृत्व में होने वाले प्रदर्शन में उलमा और नमाजी शामिल होंगे। संगठन ने सभी मुसलमानों और उलमा से विरोध-प्रदर्शन में शामिल होकर जुल्म और आतंकवाद के खिलाफ आवाज बुलंद करने की अपील की है।

## अल्पसंख्यकों के प्रति दयालु व्यवहार इस्लाम की एक महत्वपूर्ण शिक्षा है : आयतुल्लाह सैयद हमीदुल-हसन



**लखनऊ।** धर्म गुरू आयतुल्लाह सैयद हमीदुल-हसन ने एक बयान में कहा कि बंगलादेश से आ रही खबर बेहद दुखद है. जैसा कि मैंने 8 अगस्त को वहां के मामलों पर एक बयान दिया था और यह भी चाहा था कि मेरे देश के सरकारी अधिकारी हस्तक्षेप करें और वहां की स्थिति को शांतिपूर्ण बनाने में अपनी भूमिका निभाएं। सभी संस्थानों से भी विरोध में बयान देने की अपील की गई थी। मैं एक बार फिर कहूंगा कि बंगलादेश के लोग अपने पड़ोसी हिंदू भाइयों के साथ जो कुछ कर रहे हैं, दुनिया का कोई भी धर्म इसकी इजाजत नहीं देता। निस्संदेह, आपके शासन में आपके देश में अल्पसंख्यकों पर अत्याचार करना इस्लाम के विरुद्ध है। मैं एक बार फिर हमारे देश की उन सभी संस्थाओं से अपील करूंगा जिनके बयानों का बंगलादेश में असर हो सकता है कि वे बंगलादेश में होने वाली अप्रिय घटनाओं पर अपने बयान दें ताकि बंगलादेश के लोग समझ सकें कि वे जो कुछ भी अल्पसंख्यकों के साथ कर रहे हैं। यह पूरी तरह से निंदनीय है और इसे तुरंत रोका जाना चाहिए।

## केप्री ग्लोबल ने गोल्ड लोन भुगतान और सहायता के लिए व्हाट्सएप चैटबॉट की शुरुआत की

**लखनऊ।** एक प्रमुख गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी, केप्री ग्लोबल कैपिटल लिमिटेड (केप्री लोन) ने अपने ग्राहकों के लिए गोल्ड लोन अनुभव को बेहतर बनाने के लिए एक,द्ध-सक्षम व्हाट्सएप चैटबॉट की शुरुआत की है। यह इनोवेटिव टूल सुरक्षित भुगतान सुविधाओं को एकीकृत करता है, जिससे उपयोगकर्ता व्हाट्सएप के माध्यम से अपने गोल्ड लोन खातों का प्रबंधन और भुगतान आसानी से कर सकते हैं, यह सुविधा ग्राहकों को शाखा में जाने की आवश्यकता को समाप्त करते हुए सुविधा और दक्षता को प्राथमिकता देती है। सक्रिय लोन धारकों के लिए गोल्ड लोन सेवाओं को आसान बनाने के लिए डिज़ाइन किया गया यह चैटबॉट कई सुविधाएँ प्रदान करता है, जिनमें व्यक्तिगत लोन स्टेटमेंट्स, फोरक्लोज़र वैल्यू, ब्याज बकाया, और गिरवी रखे गए सोने के डॉक्यूमेंट का विवरण शामिल है–यह सब एक ही उपयोगकर्ता-अनुकूल प्लेटफ़ॉर्म पर उपलब्ध है।

## गाजीपुर की दो परियोजनाओं के लिए 68.80 लाख मंजूर

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार ने वर्तमान वित्तीय वर्ष 2024-25 में पूर्वांचल विकास निधि (राज्यांश) के अंतर्गत जनपद गाजीपुर की दो परियोजनाओं के क्रियान्वयन के लिए 68.80 लाख रूपये मंजूर किए हैं। मंजूर की गई धनराशि मुख्य विकास अधिकारी, गाजीपुर के निवर्तन पर रखी गई है। इस संबंध में जारी शासनादेश की प्रति मुख्य विकास अधिकारी, गाजीपुर को प्रेषित कर दी गई है। शासनादेश के अनुसार गाजीपुर के अलावलपुर बरेसर से सागर पर यादव बस्ती होकर रामदरश यादव के डेरा तक संपर्क मार्ग के निर्माण कार्य हेतु 35.02 लाख रूपये तथा मौजा कटसर ग्राम बंधई विकास खण्ड वाराचवर में मुख्य मार्ग से मंदिर तक संपर्क मार्ग के निर्माण कार्य हेतु 33.78 लाख रूपये मंजूर किए गये हैं।

# लखनऊ में पाकिस्तान विरोधी प्रदर्शन

- शिया मुसलमानों के नरसंहार पर जताया आक्रोश

अवधनामा ब्यूरो




**लखनऊ।** शिया संगठन हैदरी टास्क फोर्स (एचटीएफ) ने गुरुवार को दरगाह हज़रत अब्बास (अ.स.) में पाकिस्तान के खिलाफ प्रदर्शन किया। प्रदर्शन का नेतृत्व एचटीएफ के संरक्षक मौलाना यासूब अब्बास ने किया। उन्होंने प्रदर्शनकारियों को संबोधित करते हुए पाकिस्तान को ÷आतंकवाद का गढ़÷ करार दिया और कहा कि वहां शिया मुसलमानों का दशकों से नरसंहार हो रहा है।

यह विरोध प्रदर्शन पाकिस्तान के खुर्रम क्षेत्र में 21 नवंबर को आतंकवादियों द्वारा 100 शिया मुसलमानों की बर्बर हत्या की घटना के विरोध में आयोजित किया गया। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने रूस्तम नगर इलाके में एक कैंडल मार्च निकाला और पाकिस्तान के प्रधानमंत्री का पुतला जलाकर विरोध प्रकट किया।

कैंडल मार्च से पहले शहीद हुए शिया मुसलमानों की याद में एक मजलिस का आयोजन किया गया, जिसे मौलाना यासूब अब्बास ने संबोधित किया। उन्होंने कहा कि आतंकवादियों ने अपनी क्रूरता की हदें पार करते हुए महिलाओं और बच्चों समेत करीब 100 शिया मुसलमानों को निशाना बनाया। उन्होंने सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो का हवाला देते हुए कहा कि घायल व्यक्तियों को एम्बुलेंस से बाहर निकालकर उनकी हत्या कर दी गई। मौलाना ने अफसोस जताया कि मुस्लिम समुदाय, जो फिलिस्तीन के मुद्दे पर एकजुटता दिखाता है, शिया मुसलमानों के नरसंहार पर चुप्पी साध लेता है। उन्होंने कहा, अन्याय कहीं भी हो, उसकी निंदा होनी चाहिए। मौलाना यासूब अब्बास ने कहा कि सऊदी अरब के पेट्रो डॉलर से पाकिस्तान में आतंकवाद को बढ़ावा मिल रहा है। उन्होंने शिया समुदाय पर मस्जिदों और इमामबाड़ों में हो रहे हमलों की निंदा करते हुए कहा कि ऐसे हमले दिखाते हैं कि ये आतंकवादी इस्लाम के नाम पर केवल पाखंड कर रहे हैं।

प्रदर्शन में मौजूद शिया धर्मगुरुओं जिसमें अध्यक्ष ऑल इंडिया शिया पर्सनल लॉ बोर्ड मौलाना साएम मेहंदी नक़वी, मौलाना अनवर हुसैन रिज़वी, मौलाना सैयद मो0 मुस्लिम, मौलाना रज़ा अब्बास, मौलाना अफ़ज़ल रिज़वी नजफी, ने संयुक्त राष्ट्र और मानवाधिकार संगठनों से पाकिस्तान में शिया मुसलमानों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए ठोस कदम उठाने की अपील की। उन्होंने कहा कि शिया मुसलमान 1400 वर्षों से आतंकवाद का सामना कर रहे हैं और अंतरराष्ट्रीय हस्तक्षेप अब अनिवार्य हो गया है।

## यूनानी चिकित्सा पद्धति निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसरः दयालू

**लखनऊ।** प्रदेश के आयुष राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार), खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन (एम.ओ.एस.) डॉ. दयाशंकर मिश्र दयालु ने बताया कि प्रदेश में आयुष विभाग के अंतर्गत यूनानी चिकित्सा पद्धति निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में 02 राजकीय यूनानी महाविद्यालय लखनऊ एवं प्रयागराज में संचालित है, जिनके अंतर्गत शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लिए दोनों महाविद्यालयों में भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग, आयुष मंत्रालय भारत सरकार, नई दिल्ली द्वारा बी.यू.एम.एस. एवं एम.डी./एम.एस. पाठ्यक्रमों की सीटों में वृद्धि प्रदान की गई है। उन्होंने बताया कि राजकीय यूनानी मेडिकल कालेज एवं चिकित्सालय प्रयागराज में बी.यू.एम.एस. की सीटों को 71 से बढ़कर 75 एव एम.डी./एम.एस. पाठ्क्रमों के लिए 27 से बढ़कर 37 सीटों की प्रवेश हेतु अनुमति प्रदान की गई है।

# प्रियंका गांधी छह साल में सड़कों से संघर्ष करती हुई संसद पहुंची

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी छह साल में सड़कों से संघर्ष करती हुई गुरुवार को संसद पहुंची। सक्रिय राजनीति में प्रवेश के छठे साल 28 नवम्बर को उन्होंने पहली बार संसद भवन में सांसद की शपथ ली। प्रियंका गांधी के सांसद बनने से गांधी परिवार को मजबूती मिली और गांधी परिवार संसद में मजबूत होगा। प्रियंका गांधी का सक्रिय राजनीति में प्रवेश वर्ष 2019 के लोकसभा चुनावों से पहले तत्कालीन कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी ने कांग्रेस महासचिव नियुक्त कर कराया था। राहुल गांधी ने प्रियंका गांधी को न सिर्फ कांग्रेस महासचिव बनाया था बल्कि पूर्वी उत्तर प्रदेश का प्रभारी भी नियुक्त किया था। इससे पहले प्रियंका गांधी का सक्रिय राजनीति में कोई किरदार नहीं था, लेकिन अपनी मां सोनिया गांधी और भाई राहुल गांधी के संसदीय क्षेत्रों रायबरेली व अमेठी में चुनाव प्रचार की कमान वही संभालती थी। राहुल की सीट से पहुंचीं संसद प्रियंका गांधी नेता विपक्ष राहुल गांधी के केरल की वायनाड सीट छोडने़ के बाद हुए उपचुनाव में निर्वाचित होकर संसद पहुंची। राहुल गांधी ने सोनिया गांधी के चुनावी राजनीति से दूरी बनाने के बाद रायबरेली के साथ ही केरल की वायनाड लोकसभा सीट से चुनाव लड़ा था और दोनों जगहों से जीतने के बाद वायनाड से इस्तीफा दे दिया था। इससे पहले वर्ष 2019 के चुनाव में भी राहुल गांधी ने अमेठी और वायनाड से चुनाव लड़ा था, लेकिन अमेठी से स्मृति ईरानी के हाथों चुनाव हार गये थे। मां-भाई की संभालती रही हैं चुनावी कमान चुनावी राजनीति में शामिल होने से पहले प्रियंका गांधी अपनी मां सोनिया गांधी और भाई राहुल गांधी का चुनावी प्रबंधन संभालती रही हैं। इस साल हुए लोकसभा चुनाव में अमेठी और रायबरेली की कमान प्रियंका गांधी के पास थी और दोनों ही जगहों पर कांग्रेस को शानदार जीत हासिल हुई। मां सोनिया गांधी के रायबरेली सीट छोडने़ के बाद राहुल गांधी अपनी मां सोनिया गांधी की रायबरेली सीट से जीत कर संसद पहुंचे, जबकि अमेठी से कांग्रेस परिवार के करीबी किशोरी लाल शर्मा केन्द्रीय मंत्री रहीं स्मृति ईरानी को हरा संसद पहुंचे। दोनों ही सीटों की कमान प्रियंका गांधी ने संभाली और लगभग 12 दिनों तक रह कर दिन-रात जोरदार चुनाव प्रचार किया। इसके पहले वे वर्ष 2019, 2014 और 2009 में भी मां सोनिया गांधी और भाई राहुल गांधी के लिए प्रचार कर चुकी हैं।

# उ.प्र. गो-सेवा आयोग महाकुम्भ मेला 2025 में स्टॉल लगाएगा

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश गो-सेवा आयोग महाकुम्भ मेला 2025 में स्टॉल लगाएगा। स्टॉल पर गोवंश के महत्व और पंचगव्य आधारित उत्पादों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए प्रचार-प्रसार किया जाएगा। यह निर्णय गुरुवार को गो सेवा आयोग के अध्यक्ष श्याम बिहारी गुप्त की अध्यक्षता में इंदिरा भवन स्थित सभागार में आयोजित बैठक में लिया गया। बैठक में निराश्रित गोवंशों को प्राकृतिक खेती मॉडल से समन्वित कर किसानों को साथ जोड़ गोवंशों के संरक्षण-संवर्द्धन के लिए कार्यक्रम तैयार कर क्रियान्वित करने के लिए समीक्षा हुई। बैठक में बताया कि जिला कारागारों में जल्द ही गोशालाएं खोली जाएंगी, जहां हरे चारे के उत्पादन के साथ बायो गैस संयंत्र स्थापित किये जाएंगे। आयोग ने पंचगव्य औषधियों के ड्रग लाइसेंस की प्रक्रिया सरल करने के लिए सहमति प्रदान की। प्रदेश के गांवों में ग्राम गोवंश संरक्षण समिति बनाने का प्रस्ताव सहमति से पारित हुआ और विद्युत विभाग, एमएससमई और आयुष विभाग को बोर्ड में जोडने़ की सहमति प्रदान की गयी। बैठक में हर गो आश्रय स्थल-अस्थायी गो-आश्रय स्थल को हर महीने वक्त से धनराशि उपलब्ध कराने का निर्णय लिया गया, जिससे गोवंशों को साल भर हरा चारा और संतुलित आहार मिलता रहे। गोशालाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए पंचगव्य पदार्थों जैसे कोइल, गोनाईल, अगरबत्ती, साबुन, मूर्तियां, दीपक और पंचगव्य निर्मित औषधियां बनाने के लिए जल्द ही योजना बना कर गोशालाओं को आत्मनिर्भर बनाया जाएगा और महिलाओं के स्वयं सहायता समूहों को भी इससे जोड़ा जाएगा। बैठक में आयोग उपाध्यक्ष अतुल सिंह, महेश कुमार शुक्ल, राजेश सिंह सेंगर, दीपक गोयल और रमाकांत उपाध्याय, पशुधन एवं दुग्ध विकास विभाग के प्रमुख सचिव के. रवीन्द्र नायक, निदेशक पशुपालन प्रशासन एवं विकास पी.एन. सिंह, गोसेवा आयोग के सभी पदाधिकारी व पूर्व अध्यक्ष, उपाध्यक्ष आदि मौजूद थे।

# इनोरेल प्रदर्शनी और अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन आरडीएसओ में शुरू

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** इनोरेल प्रदर्शनी और अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का छठा संस्करण 28 नवंबर 2024 को आरडीएसओ, लखनऊ में बड़े उत्साह के साथ शुरू हुआ, जो रेलवे क्षेत्र के हितधारकों को वैश्विक स्तर पर जुड़ने और सहयोग करने के लिए एक अनूठा मंच प्रदान करता है। यह प्रतिष्ठित कार्यक्रम रेलवे क्षेत्र में नवीनतम तकनीकी प्रगति, नवाचारों और सेवाओं पर प्रकाश डालता है, जबकि भारतीय रेलवे इकाइयों को अपनी भविष्य की आवश्यकताओं, दृष्टि और नवाचारों को प्रदर्शित करने का अवसर प्रदान करता है। इनोरेल की यात्रा 2014 में शुरू हुई और तब से इसे उल्लेखनीय निरंतरता के साथ हर दो साल में आयोजित किया जाता रहा है। 28 से 30 नवंबर 2024 तक आयोजित वर्तमान संस्करण में 125 से अधिक भारतीय और अंतर्राष्ट्रीय उद्योगों की भागीदारी है, जो अत्याधुनिक रेलवे उत्पादों और प्रौद्योगिकियों को प्रदर्शित कर रहे हैं। आरडीएसओ के महानिदेशक उदय बोरवणकर ने रेलवे बोर्ड के वरिष्ठ अधिकारियों और उद्योग जगत के लोगों का स्वागत किया। उन्होंने आरडीएसओ की हाल की उपलब्धियों, चल रही परियोजनाओं और भारतीय रेलवे के लिए विक्रेता आधार का विस्तार करने की पहल पर प्रकाश डाला। आरडीएसओ ने अपनी नवीनतम उपलब्धियों को प्रदर्शित करने के लिए एक प्रभावशाली स्टॉललगाया है, जिसमें पोस्टर और पैम्फलेट के माध्यम से रोलिंग स्टॉक के लघु मॉडल और तकनीकी प्रगति पर अपडेट शामिल हैं। प्रदर्शनी में हाई-स्पीड रेल शहरी जन और बुद्धिमान परिवहन, भारत में बुलेट और सेमी-हाई-स्पीड ट्रेनें, यातायात अनुकूलन के लिए आधुनिक तकनीकें, स्मार्ट रोलिंग स्टॉक जैसे विषयों पर सेमिनार और तकनीकी चर्चायें शामिल हैं। इनो-रेल 2024 एमएसएमई, लघु उद्यमियों और उद्योग जगत के लोगों को भारतीय रेलवे से जुड़ने के लिए एक बेहतरीन मंच प्रदान करता है।